# श्री महावीर प्रश्नोत्तरी

लेखक

ऐलक विज्ञान सागर

| | | |
|---|---|---|
| आशीर्वाद | : | अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्यश्री वसुनन्दी जी महाराज |
| कृति | : | श्री महावीर प्रश्नोत्तरी |
| कृतिकार | : | ऐलक विज्ञान सागर |
| प्रथम संस्करण | : | अगस्त, 2019 |
| प्रतियां | : | 1000 प्रतियां |
| उपलक्ष्य | : | चा.च.आ. श्री शांतिसागर मुनि दीक्षा शताब्दी महोत्सव |
| दान राशि | : | 60/- रुपये |
| प्रेरणा | : | माँ केसर बाई जी (क्षु. निर्वाण नंदनी जी) |
| लेखन सहयोगी | : | ब्र. नन्दिनी दीदी एवं ब्र. ऋजुता दीदी |
| प्रकाशक | : | आचार्य वसुनन्दी साहित्य सदन, मंडौला |
| प्राप्ति स्थान | : | आ.श्री वसुनन्दी संघ, 7042206609<br>अतिशय क्षेत्र जय शांतिसागर निकेतन, मंडौला, जिला-गाजियाबाद<br>शैलेश जैन, पारस गोल्ड, 20 पंथीकोठी के बाहर, मधुबन, सम्मेद शिखर जी,<br>जिला गिरडीह, झारखण्ड,<br>फोन-857808-0900/9431337362 |
| सम्पर्क सूत्र | : | 9719323429, 9690042294, 9811227718, 9311271565 |
| मुद्रक | : | के.आर. प्रिंटर्स, दिल्ली-92,<br>फोन : 9891243168, 8287626311 |

# आशीर्वाद

अहिंसा के प्रचारक, 'जिओ और जीने दो' के शुभसंदेश प्रसारक, प्राणी मात्र के हितोपदेशक, वर्तमान चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर, जिनशासन नायक और वर्तमान धर्मतीर्थ के संवाहक भगवान महावीर स्वामी की जीवन यात्रा आदर्श जीवन जीने के लिए प्रकाश-यात्रा ही है। भगवान महावीर की शिक्षाएं, उनके जीवन की अनुपम झलकियाँ और उनका व्यक्तित्व आज भी ज्ञेय, ध्येय और उपादेय है। वस्तुतः विश्व की सभी समस्याओं का निदान और समाधान भगवान महावीर के जीवन दर्शन में उपलब्ध है, इसलिए यह आज भी उनता ही प्रासंगिक और जीवंत है जितना पूर्व में था।

भगवान महावीर के जीवन वृत्त को भव्यजनों के हितार्थ जन-जन तक प्रेषित करने के उद्देश्य से संघस्थ ऐलक श्री विज्ञान सागर जी महाराज ने **'भगवान महावीर प्रश्नोत्तरी'** का सृजन कर स्व-पर सम्यग्ज्ञान-संवर्धन करने का यह जो उपक्रम किया है वह श्लाघनीय है। आपने अपनी ज्ञान-ज्योति और लेखनी के माध यम से भगवान महावीर के जीवन वृत्त को यथा संभव प्रकाशित कर आबालवृद्ध हेतु सुलभ कराया है, इससे पूर्व में भी आपने अनेक प्रश्नोत्तरी पुस्तकों के माध्यम से जिनवाणी-प्रकाशन में महनीय योगदान दिया है, अतः इस अवदान हेतु ऐलक श्री विज्ञान सागर जी महाराज को शुभाशीष और समाधिरस्तु एवं संघस्थ सभी त्यागी-व्रतियों और अन्य सहयोगी जनों को भी धर्मवृद्धि। आप इस ज्ञान-ध्यानमय साधना में लीन हो अपने चरम और परम लक्ष्य को प्राप्त करें।

**जैनं जयतुं शासनम्  धर्मो वर्द्धताम् सर्वेषां  मंगलम् भवतु**

**आचार्य वसुनंदि महाराज**
**सेक्टर 50, नोएडा**
**8/08/2019**

**यह पेज खाली है**

# भूतो न भविष्यति... ऐसा उपहार!

विश्व में यदि कोई जैन धर्म को जानता है तो वह है प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जी एवं अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर जी, इन्हीं दोनों तीर्थंकरों से विश्व में जैन धर्म को पहचान मिली है। आज भी सर्वाधिक मात्रा में यदि कोई जानता है तो वह श्री वर्द्धमान महावीर के नाम से जाने जाते हैं। वर्तमान में भगवान महावीर पर लगभग 350 पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। इस कृति में जीवन परिचय, पुरातत्व, मूर्तियां, पुराण, इतिहास, देश-विदेश, सुनी अनसुनी कहावतें, तीर्थक्षेत्र, गुरु वाक्य आदि से संकलित करके कुछ प्रश्नोत्तर को संग्रहीत किया गया है। वर्द्धमान महावीर आज सभी के मानस पटल पर ऐसे उभर कर आते हैं जैसे की अभी-अभी वर्द्धमान महावीर ने इस धरती पर जन्म लिया हो।

आज सभी के, जन-जन के श्रद्धा पात्र बने हुए हैं। आज भी सारी दुनिया उन्हें कई नामों से जानती है, वर्तमान में एक और विसंगति है कि भ. महावीर आज कई पंथों व संतों की दृष्टियों से कई रूपों में जाने जा रहे हैं और विद्वान, साधुजन व मनीषी लोग स्वयं निर्णय नहीं कर पा रहे हैं कि महावीर स्वामी की जन्मस्थली कुण्डलपुर है या वैशाली, महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावापुर है या पावाजी है। महावीर स्वामी निर्ग्रन्थ रहे हैं या वस्त्रधारी, या फिर उनका विवाह हुआ या बाल-ब्रह्मचारी थे। इन सभी चर्चाओं को लेकर आज हम सभी विवादित होते जा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि सभी अपने-अपने प्रमाण व इतिहास के पन्नों को भी दिखा रहे हैं। वैसे तो उनका जन्मस्थान कहीं न कहीं एक स्थान रहा है, लेकिन सही क्या है वह इस पुस्तक में दोनों प्रमाण देने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान युग प्रमाणों का नहीं तर्कों का युग है लेकिन हम समझ नहीं पाते हैं और अपनी स्वार्थ भावना में डूबकर अपने महापुरुषों को विवाद के कटघरे में खड़ा कर देते हैं। वर्तमान में विद्वान व पंडित कहे जाने वाले तथाकथित धन के लालच में फंसकर स्वार्थी और लोभी हो जाते हैं और किसी बड़े साधु की आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध करते रहते हैं। साधु सत्य नहीं बोल रहा और अपने आपको विद्वान कहने वाले बड़े-बड़े श्रुतआराधक, वाणी भूषण, सरस्वती पुत्र कहलाने वाले सिर्फ लिफाफा देख रहे हैं। ऐसे उन महानुभावों से हमारा कहना है कि जैन धर्म के ध्वज को अगर ऊपर न उठा पाओ तो नीचे करने का, गिराने का प्रयास तो न करो। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हम किन्हें दर्पण दिखायें, जो धर्म विरोधी उन्हें या फिर जो धर्म से नास्तिक हैं या फिर धन लोलुपि विद्वान को जो चन्द धन की आड़ में बिक रहे हैं। उन्होंने धर्म को घर का व्यापार बना लिया है। सो हम भी उन्हें एक दर्पण

लेकर आये हैं। यदि किसी को बुरा लगा हो या फिर मन में ठेस लगी हो तो मैं क्षमाप्रार्थी हूं लेकिन बात यही है। हम अपने निर्णय तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

वर्तमन में मैं देख रहा हूं साधुओं के हर मंचों पर विद्वानों व सरस्वती पुत्रों व दानवीर भामाशाहों का खुले आम खुले मंचों पर खूब स्वागत सम्मान व अभिनन्दन समारोह हो रहा है, लेकिन एक बार स्वयं सोचे कि दो शब्द धर्म के क्या सीख लिये कि पंच परमेष्ठी के सामने स्वागत करने की योग्यता आ गयी है। भगवान महावीर को जाने-पहचानें और जैन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने की पहचान मिले। हमारी यह कृति कई नई गुत्थियों को खोलेगी, इस कृति में केवल जीवन परिचय तक सीमित नहीं है, यह तो पढ़ने के बाद ही पता चलेगा।

इस कृति को लिखने में हमारे पूज्य आचार्य श्री अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी निरंतर ज्ञान-ध्यान में संलग्न रहने वाले जन-जन के प्रिय गुरुदेव, जिनका नाम बड़े ही आदर और आदर्श के साथ लिया जाता है, ऐसे परमपूज्य गुरुदेव आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज, जिनकी अनुकम्पा व आशीर्वाद से हमारे मस्तक पर जन-जन का कल्याण करने वाली मां सरस्वती हमारे मस्तक पर विराजमान हैं, उन्हें भी बारम्बार नमोस्तु करते हैं क्योंकि हे गुरुवर! आपके आशीर्वाद के बिना तो हमारा हर कार्य व हमारा जीवन अधूरा व अपूर्ण ही है, सो हम तो आपके दास हैं और आगे भी रहेंगे और हर जन्म में रहना चाहते हैं। सो हमे ऐसा आशीर्वाद दें कि हम हर जन्म में आपको पहचान सकें।

इस कृति को लिखने की प्रेरणा हमारी गृहस्थ अवस्था की माता श्री ब्र. श्री केशर बाई जी की रही। वह हर समय बोलती थीं कि महाराज जी भगवान महावीर पर भी कुछ लिखो क्योंकि उन्हें भगवान महावीर व महावीर जी से बहुत लगाव था। ऐसी ब्र. केशर बाई जी जो हमारे साथ लगभग 14/15 वर्ष रहीं और जीवन के अंत में वैराग्य को धारण करके क्षुल्लिका दीक्षा धारण करके गुरुजी के द्वारा निर्वाण नन्दनी नाम पाकर अपना कल्याण करके समाधिपूर्वक परलोक गमन किया।

जिन पूज्य मुनिराजों ने इस कृति पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया हम उनके भी ऋणी हैं जिन्होंने मुझे इस लायक समझा। अन्त में बा.ब्र. नन्दनी दीदी व बा.ब्र. ऋजुता दीदी जिनके सद्प्रयास व अथक प्रयास से इस कृति का शुभ मुहूर्त हुआ है और अंत में प्रकाशक को भी पूज्य गुरुजी का भरपूर आशीर्वाद जिनके अर्थ सहयोग से यह कार्य पूर्ण हुआ है।

**श्रावण सुदी 12**
**12/8/2019**
**सोमवार**
**वी.नि.सं. 2545**
**वि.सं. 2076**

**आपका अपना**
**ऐलक विज्ञान सागर**
**कबूलनगर, दिल्ली**

# संस्कृति प्रवर्तक युग पुरुष : भ. महावीर

**सिद्धः सिद्धार्थतो लब्ध्वा, जन्म संसारसागरम्।**
**तारिता भविनो येन वीरं तं प्रणमाम्यहं॥**

जो सिद्धार्थ महाराज से जन्म प्राप्त कर सिद्ध हुए तथा जिनके द्वारा भव्यजीव संसार सागर से पार किये गये, उन महावीर स्वामी को मैं प्रणाम करता हूं।

भगवान महावीर का नाम सुनते ही जैनधर्म की छवि स्वतः ही मानस पटल पर छा जाती है और 'जैन' शब्द सुनते ही भ. महावीर का नाम जिव्हा पर आ ही जाता है। भ. महावीर को लेकर कई दर्शन व दार्शनिक तो उन्हें जैन धर्म का संस्थापक भी मान बैठे हैं लेकिन ये केवल उनकी मान्यता है, जो सत्य नहीं हैं।

प्रत्येक अवसर्पिणी व उत्सर्पिणी काल में चौबीस तीर्थंकर होते थे, होते हैं और होते रहेंगे। तीर्थंकर प्रादुर्भाव चतुर्थ काल अर्थात् दुषमा-सुषमा काल में ही होता है। वर्तमान काल की चौबीसी में अंतिम तीर्थंकर अहिंसा के उद्घोषक भ. महावीर स्वामी हुए जिनका जन्म विदेह कुंडपुर में राजा सिद्धार्थ की रानी त्रिशला (प्रियकारिणी) की कुक्षी से हुआ था। यही विदेह कुंडपुर समय के साथ वैशाली नाम से प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ, जिसमें 42 हजार मकान थे, जिनमें एक लाख अड़सठ हजार नागरिक रहा करते थे।

आगम से प्राप्त तथ्यों के अनुसार भ. महावीर का जन्म 9 माह, 8 दिन और 12 घंटे बाद चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन हुआ था। तेजस्वी, सौम्य मुद्रा के धारी बालक न केवल भूमिगोचरी, विद्याधर आदि को ही आकर्षित करते थे अपितु सौधर्मादि देव समूह को भी आकर्षित करते थे। भ. महावीर के जन्म के साथ ही धरा पर आध्यात्मिक, तत्वज्ञान एवं आर्थिक समृद्धि सहज ही दृष्टि गोचर होने लगे। भ. महावीर ने तीस साल तक देश-विदेश में पद विहार करते हुए धर्मोपदेश दे मानव संस्कृति को जीवंत किया तथा क्रूरता से मोड़कर, प्रभुता से जोड़ने की अविस्मरणीय भूमिका निभाई थी। अंत में 71 वर्ष 3 माह 25 दिन की आयु के पश्चात् अंत समय में राजा हस्तिपाद के महल के पीछे एक बहुत बड़े सरोवर में  टीले पर योग निरोध कर कार्तिक कृ. अमावस्या को मोक्ष प्राप्त किया। इसी दिन को दीपावली पर्व के रूप में विश्वधरा पर मनाया जाने लगा।

भ. महावीर के द्वारा अहिंसामय धर्म का पुरजोर प्रचार किया गया जिससे जिनशासन की

देश-विदेश में स्थापना हुई। जिन्होंने मोक्षमार्ग प्रशस्त किया, अहिंसा-सत्यादि का प्रचार किया, समस्त जगत को प्रासंगिक शिक्षाएं दी, ऐसे अहिंसा के अवतार भ. महावीर संत, हर जन-जन के द्वारा पूज्यता को प्राप्त हुए। भ. महावीर का व्यक्तित्व बेहद विशाल व विस्तृत रहा है जिस विषय में शब्दों में लिख पाना असंभव ही जानना चाहिए।

इतना होने के वावजूद नई सोच व नई खोज करने वाले ऐलक श्री विज्ञान सागर जी महाराज ने अपने अथक प्रयासों के द्वारा भ. महावीर के जीवन चरित्र को लगभग 2550 प्रश्नोत्तर के द्वारा प्रस्तुत किया है जो अकल्पनीय है तथा जिज्ञासुओं के लिए अत्यन्त उपयोगी होंगे। सहज प्रवृत्ति वाले ऐलक जी में सहजता से ही विशाल प्रश्नकोश प्रस्तुत करने की कला अद्भुत है। प्रश्नोत्तर शैली सहज-सरल तो होती ही है अपितु आकर्षक भी होती है। जिससे विषय शीघ्रता से ग्रहण कर लिया जाता है। आज का युग प्रश्नोत्तर का युग है जो कठिन वृहद् ग्रंथों का सरलीकरण करते हुए अनेकों ग्रंथो व पुस्तकों का सार प्रस्तुत कृति **'श्री महावीर प्रश्नोत्तरी'** में ऐलक जी ने किया है वह वास्तव में सराहनीय है तथा ये उनकी भ. महावीर के प्रति श्रद्धा व रुचि का परिचायक है। यह कृति हर आम्नाय, हर वर्ग, हर पंथ व संत हर जन व मन, हर क्षेत्र, हर विचार धारा को भ. महावीर से जोड़ने में सफल हो, प्रयास सार्थक व पूर्व में रचित साहित्यों से भी अधिक प्रसिद्धि को प्राप्त हो ऐसी मंगल भावना भाते हैं तथा प. पू. अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुदेव श्री वसुनन्दी जी मुनिराज की कृपा व आशीष अनुकम्पा सदैव आप पर बरसती रहे, यही मंगल भावना।

अंत में जिन्होंने संसार रूपी वृक्ष के कारण भूत बीज रूपी कर्मों को जला दिया है एवं अपनी अनंत शक्तियों को प्रकट कर लिया है, उन भ. महावीर स्वामी के चरणों में हम अनन्तशः नमोऽस्तु करते हैं वर्तमान शासन नायक, मुक्ति वधु के अनुरागी, निस्वार्थ साधना के धनी, वे निर्ग्रन्थ तपोधन हमारे नयन पथ गामी बनें, यही कामना।

**'महावीर स्वामी नयन पथगामी भवतु में'**

**सावन शु. 11 रविवार**

**11 अगस्त, 2019**

**गुरुचरणरज, युगलमुनि**
**शिवानन्द-प्रशमानंद**
**विवेक विहार, दिल्ली**

# श्री महावीर प्रश्नोत्तरी

**1. महावीर स्वामी का जन्म जैनधर्म के अनुसार किस द्वीप में हुआ?**

उ. जम्बूद्वीप

**2. महावीर स्वामी का जीवन परिचय आर्यिका श्री अनुभूति भूषण माताजी ने कौन सी पुस्तक में दिया है?**

उ. तिरेसठ श्लाका महापुरुष

**3. महावीर स्वामी के समवशरण में कितने श्रावक थे?**

उ. एक लाख

**4. महावीर स्वामी के जीव का चक्रवर्ती की पर्याय में क्या नाम था?**

उ. प्रियमित्र

**5. महावीर स्वामी के जन्म के कितने माह पूर्व रत्नों की वर्षा हुई थी?**

उ. छह माह

**6. महावीर स्वामी के दीक्षा की अनुमोदना करने कौन से देव आते हैं?**

उ. लोकान्तिक देव

**7. महावीर स्वामी का छद्मस्थ काल कितने वर्ष रहा?**

उ. बारह वर्ष

**8. महावीर स्वामी की बुआ का नाम क्या था?**

उ. यशोदया

**9. महावीर स्वामी ने दीक्षा के समय कौन सा केशलोंच किया था?**

उ. पंचमुष्टि

**10. महावीर स्वामी पर उज्जयिनी में उपसर्ग कौन से श्मशान में हुआ था?**

उ. अतिमुक्त

**11. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के बाद शरीर स्थित जल कणों को कोमल बस्त्रों से कौन पोंछता है?**

उ. इन्द्राणी

**12. महावीर स्वामी का जीव जब सूतिका गांव में जन्मा था तब उसके माता-पिता का नाम क्या था?**

उ. गौतमी-अग्निभूत ब्राह्मण

**13. महावीर स्वामी का जन्म सात क्षेत्रों में से कौन से क्षेत्र में हुआ था?**

उ. भरत क्षेत्र

**14. महावीर स्वामी के समवशरण में क्या देखकर इन्द्रभूति ब्राह्मण का मान भंग हो गया था?**

उ. मानस्तम्भ

**15. महावीर स्वामी के प्रथम गणधर का नाम क्या था?**

उ. गौतम स्वामी

16. **महावीर स्वामी की माता ने पहले स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. हाथी

17. **महावीर स्वामी का जीव जब राजग्रह नगर में ब्राह्मण के रूप में जन्मा, तब उसका नाम क्या था?**

उ. स्थावर ब्राह्मण

18. **महावीर स्वामी का जीव जब विश्वनन्दी था तब उसके चाचा का नाम क्या था?**

उ. विशाख भूति

19. **महावीर स्वामी कौन से विमान से चयकर माता के गर्भ में आये थे?**

उ. पुष्पोत्तर विमान

20. **महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर रत्न वृष्टि किसकी आज्ञा से होती है?**

उ. कुबेर इन्द्र

21. **महावीर स्वामी के जीव प्रियमित्र चक्रवर्ती की पर्याय में कौन से पुत्र को राज्य देकर दीक्षा ली थी?**

उ. सर्वमित्र

22. **महावीर स्वामी ने केवलज्ञान के पहले कितने उपवास का नियम लिया था?**

उ. बेला (दो)

23. **महावीर स्वामी के पिता ने सोलह स्वप्नों का फल कौन से ज्ञान से बताया था?**

उ. अवधिज्ञान

24. **महावीर स्वामी की जन्म की खुशी में किस राजा ने राज्य के सारे बंदियों को मुक्त कर दिया था?**

उ. राजा सिद्धार्थ

25. **महावीर स्वामी का जन्म स्थान कुण्डग्राम और वैशाली कौन सी नदी के पूर्वी तट पर थे?**

उ. गण्डक नदी

26. **महावीर स्वामी के पिता को कौन से दिगम्बर जैन ग्रन्थ की नौवीं पुस्तक में कुण्डपुर का राजा बताया है?**

उ. षट्खण्डागम

27. **महावीर स्वामी का छत्र कहाँ पर हर दीपावली प्रातः 4 बजे घूमने लगता है, ऐसा अतिशय आज भी है?**

उ. पावापुरी (बिहार)

28. **महावीर स्वामी ने कितने कर्मों का नाश करके केवलज्ञान प्राप्त किया था?**

उ. चार

29. **महावीर स्वामी के जन्म के देश का नाम क्या था?**

उ. वैशाली

30. **महावीर स्वामी की माता की सेवा में श्री, धृति, कीर्ति आदि कितनी देवियां होती हैं?**

उ. 99

**31. महावीर स्वामी के बाल ब्रह्मचारी होने के प्रमाण कौन-कौन से दिगम्बर ग्रंथों में मिलते हैं?**

उ. 1. तिलोय पण्णत्ति (4/670)

2. पद्मपुराण (20/67)

**32. महावीर स्वामी का समवशरण म.प्र. में कहाँ पर आया था?**

उ. बरासों (भिण्ड)

**33. महावीर स्वामी को आहार चन्दनबाला ने कितने दिन बाद दिया था?**

उ. 175

**34. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन-सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'समस्त लोक में श्रेष्ठ होगा'?**

उ. वृषभ

**35. महावीर स्वामी की प्रथम शिष्या को कौशाम्बी में किसने खरीदा था?**

उ. सेठ वृषभदत्त

**36. महावीर स्वामी की मूर्ति को 'मंशापूरण' नाम से किस स्थान पर जाना जाता है?**

उ. मुरादनगर (मुनिश्री सौरभ सागर जी की प्रेरणा से)

**37. महावीर स्वामी ने दीक्षा के समय क्या बोला था?**

उ. नमः सिद्धेभ्य

**38. महावीर स्वामी के जन्म के समय भवनवासियों देवों के यहां बजता है?**

उ. शंख

**39. महावीर स्वामी का जन्म किस दिन (वार) को हुआ था?**

उ. सोमवार

**40. महावीर स्वामीने कितने वर्ष की उम्र में मुनि दीक्षा ली थी?**

उ. 30 वर्ष (तीस वर्ष)

**41. महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित संस्कृत भाषा में 'महावीर पुराण' कौन से आचार्यश्री ने लिखा?**

उ. आ. श्री सकलकीर्ति जी

**42. महावीर स्वामी के जन्म नगर का क्या नाम था?**

उ. कुण्डपुर/कुण्डलपुर

**43. महावीर स्वामी के द्वितीय गणधर का नाम क्या था?**

उ. अग्निभूति

**44. महावीर स्वामी का जीव जब भील बना था तब वह कौन से वन में रहता था?**

उ. मधु वन

**45. महावीर स्वामी के जन्म लग्न में महादशा में कौन सा ग्रह था?**

उ. वृहस्पति

**46. महावीर स्वामी के पिता को कौन से जैन पुराण में कुण्डपुर का राजा कहा है?**

उ. उत्तरपुराण (74/252)

**47. महावीर स्वामी के केवल ज्ञान की तिथि क्या है?**

उ. वैशाख शुक्ल दशमी

**48. महावीर स्वामी का संदेश क्या है?**

उ. जीओ और जीने दो

**49. महावीर स्वामी की वैशाली में बोना पोखर की मूलनायक प्रतिमा किस वर्ण की है?**

उ. काले (श्याम वर्ण)

**50. महावीर स्वामी की जन्म भूमि वासोकुण्ड में पंचकल्याणक कौन से आ. श्री व मुनिश्री के सान्निध्य में हुआ था?**

उ. एला.श्री (आ.श्री) श्रुतसागर जी महाराज एवं मुनि श्री सौरभ सागर जी महाराज

**51. महावीर स्वामी जिस झील में जलक्रीड़ा करते थे उस झील का नाम क्या था?**

उ. नरसिंह झील

**52. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय जो ऐरावत हाथी आया था, वह कितने योजन का था**

उ. एक लाख योजन

**53. महावीर स्वामी का जीव मंदिर नगर में शालकाय ब्राह्मण की पत्नी से किस नाम का पुत्र हुआ था?**

उ. भारद्वाज

**54. महावीर स्वामी के जीवन काल में कितने गणधर मुक्त हुए?**

उ. 9 (इन्द्रभूति और सुधर्म छोड़कर)

**55. महावीर स्वामी के बाल्यकाल में आभूषण कहाँ से आते थे?**

उ. स्वर्ग से

**56. महावीर स्वामी के पिता के तीन नाम कौन से श्वेताम्बर जैन ग्रंथों में दिये हैं?**

उ. कल्पसूत्र और आचारांग
(1. सिद्धार्थ, 2. श्रेयांस, 3. यशस्वी)

**57. महावीर स्वामी के साथ कितने राजाओं ने दीक्षा ली थी?**

उ. 300 राजाओं ने

**58. महावीर स्वामी के केवलज्ञान का समय क्या था?**

उ. संध्याकाल/सायंकाल

**59. महावीर स्वामी की बासोकुण्ड वैशाली में प्रतिमा किस वर्ण की है?**

उ. सफेद (शुक्ल वर्ण)

**60. महावीर स्वामी के पिता का नाम क्या था?**

उ. राजा सिद्धार्थ

**61. महावीर स्वामी का 2600वां जन्मोत्सव कब मनाया गया था?**

उ. 6 अप्रैल 2001

**62. महावीर स्वामी को कितने वर्ष की उम्र में केवलज्ञान हुआ था?**

उ. 42 वर्ष

**63. महावीर स्वामी की मौसी चेलना के कौन से दो बेटे (पुत्र) थे?**

उ. वारिषेण और कुणिक

**64. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान शिक्षा निकेतन स्कूल' दिल्ली में कहाँ पर है?**

उ. लक्ष्मीनगर (मंगल बाजार)

**65. महावीर स्वामी का जीव अग्निमित्र की पर्याय के पश्चात् यह जीव कौन से स्वर्ग में गया था?**

उ. माहेन्द्र स्वर्ग

**66. महावीर स्वामी के जन्म के कितने अतिशय थे?**

उ. दस

**67. महावीर स्वामी का जीव गर्भ में किस तारीख को आया था?**

उ. 17 जून (शुक्रवार)

**68. महावीर स्वामी के चौथे काल का कितना समय शेष रहने पर मोक्ष प्राप्त हुआ था?**

उ. तीन वर्ष साढ़े आठ माह

**69. महावीर स्वामी के वह कौन से मामा थे जा अपनी वीरता और योग्यता के कारण वैशाली गणतंत्र की सेना के सेनाध्यक्ष थे?**

उ. सिंहभद्र

**70. महावीर स्वामी की माताश्री का क्या नाम था?**

उ. त्रिशला देवी

**71. महावीर स्वामी का उपदेश जीवन्धर कुमार ने कहाँ के सुरमलय नामक उद्यान में सुना था?**

उ. राजपुर (हेमांगद देश के)

**72. महावीर स्वामी का वह भक्त कौन था जो अभयकुमार का मित्र था व ईरान का था?**

उ. आर्द्रक पारस्य

**73. महावीर स्वामी पर 'काका साहेब कालेलकर' ने सन् 1982 में कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर का जीवन संदेश युग के संदर्भ में (प्रकाशन : राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर)

**74. महावीर स्वामी के आहार पश्चात् पंचाश्चर्य किस राजा के यहां हुए थे?**

उ. राजा कूल

**75. महावीर स्वामी के जीव का जन्म जब सूतिका नामक गांव में हुआ था तब क्या नाम था?**

उ. सह

**76. महावीर स्वामी के केवलज्ञान का नक्षत्र क्या था?**

उ. हस्त और उत्तरा फाल्गुणी

**77. महावीर स्वामी के जीव ने प्रियमित्र चक्रवर्ती की पर्याय में कौन से भगवान से दीक्षा ली थी?**

उ. क्षेमंकर भगवान

**78. महावीर स्वामी का जिस दिन मोक्ष हुआ था उस दिन कौन से अवन्ती के राजा की मृत्यु हुई थी?**

उ. चण्ड प्रघोत (48 वर्ष तक राज्य किया)

**79. महावीर स्वामी के पास कहाँ के ऋषभदत्त और देवानन्दा ने दीक्षा ली थी?**

उ. ब्राह्मण कुण्ड

**80. महावीर स्वामी का कुशल समाचार सुनकर ही चम्पानगरी का कौन सा राजा भोजन करता था?**

उ. सम्राट कुणिक (श्रेणिक का बेटा)

**81. महावीर स्वामी के समय कौन छह व्यक्ति अपने आपको तीर्थंकर या अर्हत् कहते थे?**

उ. पूर्व काश्यप, मक्खली गोशालक, अजित केश कम्बर, प्रबुद्ध कात्यायन, संजय वेलट्ठि पुत्र, गौतम बुद्ध

**82. महावीर स्वामी के प्रथम (पहले) मामा का नाम क्या था?**

उ. धनदत्त

**83. महावीर स्वामी को केवलज्ञान किस ग्राम में हुआ था?**

उ. जृम्भिक

**84. महावीर स्वामी का समवशरण में कौन सा आसन था?**

उ. पद्मासन

**85. महावीर स्वामी का 'वीर जिणिदं चरिउ' अपभ्रंश भाषा का ग्रन्थ भारतीय ज्ञानपीठ से सर्वप्रथम कम प्रकाशित हुआ था?**

उ. सन् 1947

**86. महावीर स्वामी के जीवन चरित्र के बारे में जैनधर्म का प्राचीन इतिहास (भाग-1) में किसने लिखा था?**

उ. बलभद्र जैन

**87. महावीर स्वामी के केवलज्ञान कौन से वृक्ष के नीचे हुआ था?**

उ. शाल वृक्ष

**88. महावीर स्वामी के बारे में 'रामकृष्ण मठ' धंतौली (नागपुर) महा. से सन् 1994 को कौन सी पुस्तक प्रकाशित हुई थी?**

उ. भगवान महावीर की वाणी

**89. महावीर स्वामी के पिता सिद्धार्थ ने इनका नाम क्या रखा था?**

उ. वर्द्धमान

**90. महावीर स्वामी पर सन 2003 में संस्कृत भाषा में 36 छन्दों 'श्री महावीर स्तोत्र' किसने लिखा था?**

उ. ग.आ. ज्ञानमती माताजी
(प्रकाशन : जम्बूद्वीप हस्तिनापुर, उ.प्र.)

**91. महावीर स्वामी का जीव जब सहस्रार स्वर्ग में देव हुआ था, तब क्या नाम था?**

उ. सूर्यप्रभ देव

**92. महावीर स्वामी का जीव रात्रि के चाथे कौन से प्रहर में गर्भ में आया था?**

उ. मनोहर प्रहर

**93. महावीर स्वामी के प्रथम गणधर (गौतम स्वामी) की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 92 वर्ष

**94. महावीर स्वामी का 'स्वामी' शब्द कौन से शिष्य को मिला था?**

उ. गौतम स्वामी

**95. महावीर स्वामी के केवलज्ञान स्थान को 'बा. कामता प्रसाद' और 'श्री नन्दलाल डे' जृम्भक ग्राम किसे मानते हैं?**

उ. झरिया

**96. महावीर स्वामी का प्रथम नाम क्या था?**

उ. वर्द्धमान

**97. महावीर स्वामी के समवशरण का विस्तार कितने योजन था?**

उ. एक योजन

**98. महावीर स्वामी को सन्मति नाम देने वाले दोनों मुनि 'संजय और विजय' किनके शिष्य थे?**

उ. पार्श्वनाथ के

(भगवान महावीर, प्रभाकिरण जैन, पेज-17)

**99. महावीर स्वामी के जीव ने असुर देव की कितनी पर्याय प्राप्त की थी?**

उ. 30 करोड़ बार

(तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलन आ. विशाश्री पृष्ठ-15)

**100. महावीर स्वामी का निर्वाण कौन से नक्षत्र में हुआ था?**

उ. स्वाति नक्षत्र

**101. महावीर स्वामी आदि पांचों बालयतियों की ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में निर्मित मूर्तियां कहाँ हैं?**

उ. खण्डगिरी की गुफाओं में

**102. महावीर स्वामी की भक्ति में महादेव रुद्र के साथ पार्वती ने कहाँ पर नृत्य किया था?**

उ. उज्जयिनी (उज्जैन)

**103. महावीर स्वामी का जीव त्रिपृष्ठ नारायण कौन से तीर्थंकर के काल में हुए थे?**

उ. भ. श्रेयांसनाथ के

**104. महावीर स्वामी के तृतीय गणधर का नाम क्या था?**

उ. वायुभूति

**105. महावीर स्वामी ने बचपन में कौन से पागल जानवर को वश में किया था, तभी आप महावीर कहलाये थे?**

उ. हाथी (गज)

**106. महावीर स्वामी ने एक पैर पर खड़े होकर उज्जियनी में कहाँ पर ध्यान किया था?**

उ. अतिमुक्तक श्मशान में

**107. महावीर स्वामी के समवशरण में श्राविकाओं की संख्या कितनी थी?**

उ. तीन लाख

**108. महावीर स्वामी पर सन् 1992 में 'प्रणाम महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. नेमिचन्द्र जैन (प्रकाशन : हीरा भैया प्रकाशन, इंदौर, म.प्र.)

**109. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय ऐरावत हाथी के कितने मुख थे?**

उ. 32

**110. महावीर स्वामी का जन्मोत्सव राज्य में कितने दिन तक मनाया गया था?**

उ. दस दिन

**111. महावीर स्वामी का जन्म कौन सी सिद्धार्थी संवत्सर में हुआ था?**

उ. 53

**112. महावीर स्वामी का समवशरण दौ सौ बार कहाँ पर आया था?**

उ. राजग्रह (बिहार)

**113. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय ऐरावत हाथी के एक मुख में कितने दांत थे?**

उ. 4 (चार)

**114. महावीर स्वामी की माता ने तीसरे स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. सिंह

**115. महावीर स्वामी के नाम से कौन सा संवत् चल रहा है?**

उ. वीर निर्वाण संवत्

**116. महावीर स्वामी के लगभग 500 योद्धा कौन से देश के भक्त बन गय थे?**

उ. ग्रीक देश

**117. महावीर स्वामी ने श्वे. मतानुसार छहमासी अनशन तप कितनी बार किया था?**

उ. एक बार

**118. महावीर स्वामी को जाति स्मरण में कौन से स्वर्ग और कितनी आयु के दिव्य भोगोपभोग के आनन्द का स्मरण हुआ था?**

उ. 16वां स्वर्ग, 22 सागर की आयु

**119. महावीर स्वामी पर उपसर्ग के बाद महादेव नामक रुद्र ने कौन से दो नाम दिये थे?**

उ. महति और महावीर

**120. महावीर स्वामी संयम धारण करते समय कौन से गुणस्थान में स्थित थे?**

उ. सातवें (अप्रमत्त गुणस्थान में)

**121. महावीर स्वामी की दीक्षा किस ई.पू. में हुई थी?**

उ. 599 ई.पू.

**122. महावीर स्वामी के जन्म समय कौन से ग्रह की दशा चल रही थी?**

उ. शनि

**123. महावीर स्वामी का जहां विहार होता था वहां कितने वर्ष तक कोई उपद्रव, दुर्भिक्ष नहीं होते?**

उ. 50 वर्ष (पचास वर्ष)

**124. महावीर स्वामी के जीव ने इतर निगोद से निकलकर 'आक वृक्ष' के कितने भव ग्रहण किये?**

उ. 1000 (एक हजार)

**125. महावीर स्वामी की माता त्रिशला जी का दूसरा नाम क्या था?**

उ. प्रियकारिणी

**126. महावीर स्वामी के जन्म के समय व्यंतर देवों के यहां क्या बजता है?**

उ. भेरी

**127. महावीर स्वामी पर 'महावीरायण' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. पं. रतनचंद्र कोछल (मंडला वाले)

**128. महावीर स्वामी के प्रभाव से किसकी लोहे की जंजीरें (बेड़ियां) टूट गई थीं?**

उ. चंदनबाला

**129. महावीर स्वामी ने किस महामण्डलीक राजा की पर्याय में तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया था?**

उ. राजा नन्द

**130. महावीर स्वामी का तप में लीन चित्र किस देश के संविधान के प्रथम पृष्ठ पर अंकित है?**

उ. भारतीय संविधान

**131. महावीर स्वामी के मगध देश के राजग्रही वाले मौसाजी का क्या नाम था?**

उ. श्रेणिक राजा

**132. महावीर स्वामी की ननिहाल को कौन से चीनी यात्री ने वैशाली को कई मीलों तक फैली पड़ी नगरी स्वीकारा है?**

उ. ह्युन्सांग यात्री

**133. महावीर स्वामी का कौन सा संहनन था?**

उ. वज्रवृषभ नाराच संहनन

**134. महावीर स्वामी के 2600वें जन्मोत्सव के समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे?**

उ. अटल बिहारी वाजपेयी

**135. महावीर स्वामी के जिस समय मोक्ष हुआ था तब मल्ल और कोसल के कितने-कितने लिच्छवी राजा थे?**

उ. 9-9 (नौ-नौ)

**136. महावीर स्वामी की मौसी चंदनबाला ने कौन सी आर्यिका से दीक्षा ली थी?**

उ. यशस्वती आर्यिका
(उत्तरपुराण, 75वें पर्व में)

**137. महावीर स्वामी के बारे में श्वेताम्बर सम्प्रदाय में किसके द्वारा कन्धे पर देवदूष्य वस्त्र डालकर नग्नता छिपाने की कल्पना की गई है?**

उ. इन्द्र द्वारा

**138. महावीर स्वामी की दीक्षा किस तारीख को हुई थी?**

उ. 20 दिसम्बर

**139. महावीर स्वामी के जीव मारीच की बुआ का नाम क्या था?**

उ. ब्राह्मी-सुन्दरी

**140. महावीर स्वामी के समवशरण में विक्रिया ऋद्धि धारी कितने मुनिराज थे?**

उ. 900 (नौ सौ)

**141. महावीर स्वामी की दिव्यध्वनि अवसर्पिणी के चतुर्थकाल के अंतिम भाग के कितने दिन शेष रहने पर खिरी थी?**

उ. 33 वर्ष 8 माह 15 दिन

**142. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में दश अन्तःकृत केवलियों का नाम क्या है?**

उ. 1. नमि, 2. मतंग, 3. सोमिल, 4. रामपुत्र, 5. सुदर्शन, 6. यमलोक, 7. वलीक, 8. किष्कंविल, 9. पालम्ब एवं 10. अष्टपुत्र

**143. महावीर स्वामी ने चार ध्यानों में से कौन से ध्यान से मोक्ष प्राप्त किया था?**

उ. शुक्ल ध्यान

**144. महावीर स्वामी के कौन से गणधर को शंका थी कि कर्म है या नहीं?**

उ. अग्निभूति जी

**145. महावीर स्वामी के 2500वें परिनिर्वाण के उपलक्ष्य में हस्तिनापुर में जल मंदिर और महावीर भगवान की प्रतिमा को किसने बनवाया था?**

उ. हेमचन्द्र जैन सर्राफ (मेरठ) (पिता श्री जयंती प्रसाद जैन सर्राफ की पुण्य स्मृति में)

**146. महावीर स्वामी की समवशरण भूमि राजग्रही का वर्णन चीनी यात्री फाहियान ने किस सन् में किया था?**

उ. ई. सन् 400 में

**147. महावीर स्वामी का निर्वाण किस विक्रम संवत में हुआ था?**

उ. 470

**148. महावीर स्वामी के समवशरण में कितनी श्राविकायें थीं?**

उ. तीन लाख

**149. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय आभियोग्य जाति का कौन सा देव ऐरावत हाथी बना था?**

उ. बालक देव

**150. महावीर स्वामी का जीव पुरुरवा भील मांस त्याग के फल से कौन से स्वर्ग में देव हुआ था?**

उ. प्रथम स्वर्ग

**151. महावीर स्वामी के दूसरे गणधर (अग्निभूति) की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 74 वर्ष

**152. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार पांच दिन कम छहमासी तप कितनी बार किया था?**

उ. एक बार

**153. महावीर स्वामी पर दिगम्बर श्वेताम्बर तथा वैदिक सम्प्रदाय की विधारधाराओं में समन्वयवादी दृष्टि अपनाकर महाकवि अनूप शर्मा ने कौन सा महाकाव्य लिखा था?**

उ. वर्द्धमान महाकाव्य

**154. महावीर स्वामी का नाम भील की पर्याय में क्या था?**

उ. पुरुरवा भील

**155. महावीर स्वामी की माता त्रिशला देवी को कौन दि. जैन पुराण में राजा सिद्धार्थ की पटरानी बताया है?**

उ. हरिवंश पुराण (2/16)

**156. महावीर स्वामी के कितने गणधर के 300 शिष्य थे?**

उ. चार
(अकम्पित, अचलभ्राता, मेतार्य, प्रभास)

**157. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज महावीर स्वामी की जन्मस्थली कहाँ मानते हैं?**

उ. वैशाली

**158. महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य 'श्री गौतम स्वामी' का चरित्र दिगम्बर समाज में किसने लिखा है?**

उ. मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र जी

**159. महावीर स्वामी के जन्म समय जो रत्न बरसे थे वह एक दिन में कितने बरसते थे?**

उ. साढ़े सात करोड़

**160. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद में कितने सागर की आयु वाला निगोदिया बना था?**

उ. एक सागर

**161. महावीर स्वामी की माता ने सोलह स्वप्नों में वह कौन सा स्वप्न था जो दो बार देखा था?**

उ. वृषभ (बैल)

**162. महावीर स्वामी की जन्मनगरी आ.श्री बाहुबली सागर जी महाराज किसे मानते थे?**

उ. कुण्डलपुर (नालन्दा)
(शिकोहपुर में कहा था, पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-74)

**163. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय जल कहाँ से आया था?**

उ. क्षीर सागर

**164. महावीर स्वामी कौन से आसन से मोक्ष गये?**

उ. खड्गासन

**165. महावीर स्वामी की माता ने कितने स्वप्न देखे थे?**

उ. 16 (सोलह)

**166. महावीर स्वामी का 23 फुट ऊंचा 'महावीर स्तम्भ' कहाँ पर बना है?**

उ. महावीर जी (राज.)

**167. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में कौन से दो कामदेव हुए?**

उ. जीवन्धर स्वामी, जम्बूस्वामी

**168. महावीर स्वामी के ऊपर श्वेताम्बर मतानुसार किसने तेजा लेश्या छोड़ी थी?**

उ. मंक्खलि गोशालक

**169. महावीर स्वामी का जिस राजगृही में समवशरण लगा था वहां की पंच पहाड़ियों का नाम क्या था?**

उ. 1. ऋषिगिरी, 2. वैभारगिरी, 3. विपुलांचल, 4. चन्द्राचल एवं 5. पाण्डुगिरी

**170. महावीर स्वामी की गर्भकल्याणक की तिथि क्या थी?**

उ. आषाढ़ शुक्ला छट

**171. महावीर स्वामी पर सन् 1961 में 23 सर्ग व 2519 छन्दों में 'परम ज्योति' महाकाव्य किसने लिखा था?**

उ. धन्यकुमार जैन 'सुधेश'

(जैन ग्रन्थमाला इन्दौर से प्रकाशित सन् 1961 में)

**172. महावीर स्वामी के समवशरण में 11 अंग व 14 पूर्वों के ज्ञाता कितने मुनिराज थे?**

उ. 311

**173. महावीर स्वामी के कच्छदेश की रोसक नगरी के मौसा जी का नाम क्या था?**

उ. उदायन राजा

**174. महावीर स्वामी ने कौन से दो सिद्धांतों का उपदेश दिया था?**

उ. अनेकान्त और स्याद्वाद

**175. महावीर स्वामी के संबंध में इन्द्र से किसने कहा था कि मैं तुम्हें गाथा के अर्थ इस शर्त पर बता सकता हूं कि तुम गाथा का अर्थ समझकर मेरे शिष्य बन जाओगे?**

उ. इन्द्रभूति ब्राह्मण

**176. महावीर स्वामी के मोक्ष जाते ही जिस राजा पातक को अवंति का राज्याभिषेक हुआ था उसने कितने वर्ष तक राज्य किया था?**

उ. 60 वर्ष

**177. महावीर स्वामी की कितनी मौसियों ने आर्यिका दीक्षा ली थी?**

उ. पांच

1. ज्येष्ठा, 2. चंदना, 3. चेलना, 4. मृगावती, 5. प्रभावती

**178. महावीर स्वामी से वैशाली में समवशरण आने पर किसने पूछा था कि मनुष्य बलवान अच्छा है या कमजोर?**

उ. राजा चेटक

**179. महावीर स्वामी की मौसी प्रभावती का नाम सिप्रादेवी के अलावा एक और नाम क्या था?**

उ. मृगावती

**180. महावीर स्वामी की माता ने दूसरे स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. वृषभ (बैल)

**181. महावीर स्वामी की दिव्यध्वनि कितनी महाभाषा में खिरती है?**

उ. 18

**182. महावीर स्वामी के बराबर आयु उनके कौन से गणधर की थी?**

उ. अचल भ्राता

**183. महावीर स्वामी के कितने गणधर के 350 शिष्य थे?**

उ. 2 (मण्डित, मौर्यपुत्र)

**184. महावीर स्वामी के दर्शनों को नंगे पैर और राज चिन्हों से रहित चम्पानगरी में राजा श्रेणिक का कौन सा पुत्र गया था?**

उ. कुणिक अजातशत्रु

**185. महावीर स्वामी के जन्म लग्न कुण्डली में कौन से ग्रह की अन्तर्दशा चल रही थी?**

उ. बुध

**186. महावीर स्वामी की कौन सी मौसी ब्रह्मचारिणी थी?**

उ. चन्दना

**187. महावीर स्वामी को जिस दिन मोक्ष प्राप्त हुआ था, उस दिन अवन्ती के राज सिंहासन पर कौन बैठा था?**

उ. पालक राजा

**188. महावीर स्वामी की जन्मभूमि कुण्डलपुर पर 'विचार मंजूषा' नामक पुस्तक का संकलन-सम्पादन किसने किया था?**

उ. डॉ. अनुपम जैन
(सन् 2003 में, इंदौर वाले)

**189. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में 11 अंग और 10 पूर्वधारियों का काल कितने वर्ष था?**

उ. 183 वर्ष

**190. महावीर स्वामी के समय किसका मत था कि 'ज्ञान से मुक्ति नहीं होती, अज्ञान से मुक्ति होती है?'**

उ. मंक्खलि गोशालक

**191. महावीर स्वामी के कितने गणधर थे?**

उ. 11 (ग्यारह)

**192. महावीर स्वामी के बारे में भारत के कौन से महान नेता ने लिखा (कहा) था कि- भ. महावीर पुनः जैन धर्म के सिद्धान्तों को प्रकाश में लाए?**

उ. बाल गंगाधर तिलक

**193. महावीर स्वामी के प्रभाव से किसका मिट्टी का सकोरा स्वर्ण पात्र बन गया था?**

उ. चंदनबाला

**194. महावीर स्वामी ने कितने शरीरों का नाश से सिद्धत्व पर्याय प्राप्त की थी?**

उ. तीन
(औदारिक, तैजस और कार्मण)

**195. महावीर स्वामी की निर्वाण स्मृति में क्या ढाले गये थे?**

उ. सिक्के

**196. महावीर स्वामी के बारे में ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**मगध देश में कुण्डलपुर था,**
**नगर एक शोभा का धाम।**
**वीर जन्म के लिए चुना था,**
**स्वयं प्रकृति ने जिसका नाम॥**

उ. विमल कुमार सैंरया, टीकमगढ़
(डॉ. बहादुर शास्त्री अभिनन्दन ग्रंथ में, पृष्ठ-293 पर)

**197. महावीर स्वामी का जन्म स्थान कुण्डग्राम किस नगर का उपनगर था?**

उ. वैशाली

**198. महावीर स्वामी के प्रभाव से तोप से दूसरी बार गोला छोड़ने पर किसके पास गोला निर्जीव सा हो गया था?**

उ. दीवान जोधराज जी

**199. महावीर स्वामी के नाम आज पर वर्धमान नाम पर 'वर्धमान नगर' और वीर नाम पर 'वीर भूमि' नाम के नगर किस प्रांत में प्रसिद्ध हैं?**

उ. बंगाल प्रांत

**200. महावीर स्वामी का गर्भ नक्षत्र क्या था?**

उ. उत्तराषाढ़ा नक्षत्र

**201. महावीर स्वामी ने कितने कर्मों का नाश करके निर्वाण को प्राप्त किया था?**

उ. आठ कर्म

**202. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक की पाण्डुक शिला कितने योजन लम्बी थी?**

उ. 100 योजन

**203. महावीर स्वामी के जीव का जन्म जब अयोध्या में हुआ था तब उनके माता-पिता का नाम काली व कपिल वेदपाठी था तब इनका क्या नाम था?**

उ. जटिल

**204. महावीर स्वामी का उपदेश काल कितना है?**

उ. 29 वर्ष 5 मास 20 दिन

**205. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'महावीर वाणी' पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. आचार्य रजनीश

**206. महावीर स्वामी के कौन से गणधर ने 12 वर्ष तक संघ का संचालन किया था?**

उ. गौतम गणधर

**207. महावीर स्वामी का वह भक्त कौन से देश का था जो एक वणिक व्यापारी था और भगवान के संघ में मुनि बन गया था?**

उ. फणिक देश (Phoenccid)

**208. महावीर जी में महावीर स्वामी की मूर्ति किस संवत् में टीले से प्रकट हुई थी?**

उ. वि.सं. 1700

**209. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार चातुर्मासिक तप कितनी बार किया था?**

उ. नौ बार

**210. महावीर स्वामी पूर्व के तीसरे भव में क्या नाम था?**

उ. राजा नन्द

**211. महावीर स्वामी की माता ने कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'समीचीन धर्म का प्रवर्तक' है?**

उ. दो माला

**212. महावीर स्वामी दीक्षा के बाद कितने वर्ष मौन रहे थे?**

उ. 12 वर्ष 64 दिन

**213. महावीर स्वामी की जन्म तिथि क्या है?**

उ. चैत्र शुक्ल त्रयोदशी

**214. महावीर स्वामी के समय कितन ब्राह्मणों ने भगवान के श्रमण धर्म को स्वीकार किया था?**

उ. 4411 (हिन्दी के महाकाव्यों में चित्रित भगवान महावीर, पृष्ठ-54

**215. महावीर स्वामी के भक्त और मौसा जी राजा श्रेणिक के माता-पिता का नाम क्या था?**

उ. सुप्रभा-उपश्रेणिक

**216. महावीर स्वामी के कौन से भक्त ने भोजन करते समय झपटने वाले कुत्तों से अपने भोजन की रक्षा की थी?**

उ. राजा श्रेणिक

**217. महावीर स्वामी की चंदन की मूर्ति व मंदिर बनवाकर कौन सी मौसी ने विराजमान की थी?**

उ. प्रभावती

**218. महावीर स्वामी से किसने पूछा था कि क्या शासन चलाने वाले मेरे जैसे क्षत्रिय के लिए राष्ट्र रक्षा के लिए तलवार उठाना और अपराधियों को दण्ड देना अहिंसा धर्म के विरुद्ध है?**

उ. सेनापति सिंहभद्र

**219. महावीर स्वामी को किसने छल से महावीर स्वामी को अपना गुरु बताया था और उनका सारा शरीर कोयले जैसा काला हो गया था?**

उ. श्वेत संदीव

**220. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में चौबीसवें कामदेव कौन हुए थे?**

उ. जम्बूस्वामी

**221. महावीर स्वामी पर ये भजन किसके द्वार लिखित है-**

**वीरा-वीरा बोल तेरा क्या बिगड़े,**<br>**क्या बिगड़े तेरा क्या बिगड़े।**<br>**या जीवन मा दम नहीं,**<br>**क्या निकले प्राण मालूम नहीं॥**

उ. आ. श्री देवनन्दी जी महाराज

**222. महावीर स्वामी के वत्स नरेश वाले मौसाजी का नाम क्या था?**

उ. शतानीक

**223. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर और उनके सिद्धांत' नामक पुस्तक (प्रकाशित 1990) के लेखक कौन हैं?**

उ. श्री रूप कुमार गुप्ता

**224. महावीर स्वामी आदि पांचों बालयतियों की कुषाण काल में निर्मित मूर्तियां कहाँ पर हैं?**

उ. मथुरा

**225. महावीर स्वामी के विवाह की सर्वप्रथम चर्चा कौन से श्वेताम्बर ग्रन्थ में आई है?**

उ. कल्पसूत्र

**226. महावीर स्वामी पर मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज ने कौन सा स्तोत्र लिखा है?**

उ. श्री वर्धमान स्तोत्र

**227. महावीर स्वामी के जीव ने इतर निगोद से निकलकर 'सीप' के कितने भव ग्रहण किये थे?**

उ. 80,000 (अस्सी हजार)

**228. महावीर स्वामी के निर्वाण पश्चात् कौन से दो गणधरों को मोक्ष हुआ था?**

उ. गौतम स्वामी, सुधर्म स्वामी

**229. महावीर स्वामी के बारे में ये भजन की पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**
**'वंदन हम करते मंगलमय,**
**महावीर स्वामी को।**
**संघ शिरोमणि शासन नायक,**
**वर्द्धमान स्वामी को॥**

उ. सुरेश जैन 'सरल' जबलपुर

**230. महावीर स्वामी को इन्द्र ने जन्म के समय कौन से हाथी पर बिठाया था?**

उ. ऐरावत हाथी

**231. महावीर स्वामी के नाना के पिता का नाम क्या था?**

उ. केक

**232. महावीर स्वामी का जीव जब राजग्रह में जन्मा तो उसके माता-पिता का नाम क्या था?**

उ. जैनी रानी-विश्वभूति राजा

**233. महावीर स्वामी के कौन से स्त्रोत में लिखा है कि मेढ़क ने देवगति पायी?**

उ. महावीराष्टक स्तोत्र

**234. महावीर स्वामी के भक्त राजा श्रेणिक की 500 रानियों का उल्लेख बौद्धों के कौन से ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. महावग्ग

**235. महावीर स्वामी संबंधी पांचों बाल ब्रह्मचारी तीर्थंकरों के बारे में कौन से ग्रन्थ में लिखा है कि 19 तीर्थंकरों का घर में रहकर और भोग-भोगकर दीक्षित होना लिखा है?**

उ. समवायांग सूत्र (सूत्र नं. 19)

**236. महावीर स्वामी के दूसरे नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. धनभद्र

**237. महावीर स्वामी के मोक्ष प्राप्त करने के कितने वर्ष बाद 'शक' नाम का राजा हुआ, जिससे 'शक संवत' चला?**

उ. 461 वर्ष
अन्य प्रमाण : 9 हजार 725 वर्ष और पांच मास, 14 हजार सात सौ 93 वर्ष, 605 वर्ष और पांच मास

**238. महावीर स्वामी का निर्वाण किस शक सं. पूर्व हुआ था?**

उ. 607

**239. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर कितने प्रकार की सेनाएं थीं?**

उ. 7 (सात)

**240. महावीर स्वामी से राजा श्रेणिक के कौन से पुत्र ने दीक्षा ली थी, जो श्मशान में भी ध्यान करते थे?**

उ. वारिषेण जी

**241. महावीर स्वामी के समवशरण में कितनी आर्यिकाएं थीं?**

उ. 36,000 (छत्तीस हजार)

**242. महावीर स्वामी के बारे में (इंग्लैण्ड) किसने कहा है कि महावीर के वचन मानवीय आचरण की उज्ज्वलतम प्रस्तुति हैं, अहिंसा का महान सिद्धांत जिसे पश्चिम जगत में 'लॉ आफ नान वायलेंस' के नाम से जाना जाता है?**

उ. डॉ. एल्फ्रेड डब्ल्यू पार्कर

**243. महावीर स्वामी के प्रभाव से कौन से दीवान का तोप का गोला पुष्प बन गया था?**

उ. दीवान जोधराज

**244. महावीर स्वामी का प्रथम सिद्धांत क्या था?**

उ. अहिंसा

**245. महावीर जी अतिशय क्षेत्र जयपुर से कितने किलोमीटर है?**

उ. 175 किलोमीटर

**246. महावीर स्वामी पर 'भ. महावीर : जीवन एवं दर्शन' शीर्षक पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 24-25 फरवरी 2002 को कहाँ पर हुई थी?**

उ. इंदौर (म.प्र.)

**247. महावीर स्वामी के गणधर गौतम स्वामी के माता-पिता का क्या नाम था?**

उ. पृथ्वी-वसुभूति

**248. महावीर स्वामी की कौन सी दो मौसी का अपहरण हुआ था?**

उ. चेलना और चंदनबाला

**249. महावीर स्वामी के समवशरण में कौन से चोर ने सुन रखा था कि देवों की छाया नहीं पड़ती?**

उ. रोहणेय

**250. महावीर स्वामी की उपदेश स्थली राजग्रही में कौन से तीर्थंकर का समवशरण नहीं आया था?**

उ. वासुपूज्य स्वामी

**251. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में कितने श्रुतकेवली हुए?**

उ. पांच (5)
(नन्दी, नन्दीमित्र, अपराजित, गोवर्द्धन, भद्रबाहु)

**252. महावीर स्वामी के यक्ष का नाम क्या था?**

उ. ग्रह्यक देव (मातंग देव)

**253. महावीर स्वामी की माता ने पांचवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. लक्ष्मी अभिषेक

**254. महावीर स्वामी की माता के श्वेताम्बर ग्रन्थों में कौन से तीन नाम मिलते हैं?**

उ. 1. त्रिशला, 2. प्रियकारिणी, 3. विदेहदिन्ना

**255. महावीर स्वामी के वैशाली के बारे में सन् 1962 में 'ऐन अर्ली हिस्ट्री ऑफ वैशाली' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. योगेन्द्र मिश्र

(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ 11)

**256. महावीर स्वामी का मंदिर कहाँ पर देवताओं ने एक दिन में बनाया था?**

उ. बरासों

**257. महावीर स्वामी का जन्म किस ई.पू. में हुआ था?**

उ. 599 ई. पू.

**258. महावीर स्वामी के कौन से गणधर सबसे कम उम्र में मोक्ष गये थे?**

उ. प्रभास (40 वर्ष के)

**259. महावीर स्वामी के (श्वेताम्बर अनुसार) पावापुरी में कितने चातुर्मास हुए थे?**

उ. 1 (एक)

**260. महावीर स्वामी के नाना का गौत्र क्या था?**

उ. वाशिष्ट

**261. महावीर स्वामी को बौद्ध ग्रन्थों में किस नाम से जानते हैं?**

उ. निगंठ नातपुत्त

**262. महावीर स्वामी के निर्वाण के संबंध में आ.श्री जिनसेन स्वामी ने कौन से जैन ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. हरिवंश पुराण

**263. महावीर स्वामी के बारे में 'भारत वास्ये विदेह कुण्डपुरे' यह वाक्य कौन सी भक्ति से लिया गया है?**

उ. निर्वाण भक्ति (4)

**264. महावीर स्वामी के किस नाम के नगर में ई. 783 में आ.श्री जिनसेन स्वामी ने हरिवंश पुराण लिखा था?**

उ. वर्धमानपुर

(इसका वर्तमान नाम बदनावर है)

**265. महावीर स्वामी के दशार्ण देश के मौसा जी का नाम क्या था?**

उ. दशरथ

**266. महावीर स्वामी के तीसरे गणधर (वायुभूति) की आयु कितनी थी?**

उ. 70 वर्ष

**267. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में सेठ सुदर्शन ने कौन से मुनिराज से दीक्षा ली थी?**

उ. विमलवाहन

**268. महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर महावीर भगवान की सवारी को नदी तक कौन ले जाते हैं?**

उ. मीना

**269. महावीर स्वामी की मुख्य आर्यिका का नाम क्या था?**

उ. चन्दना/चन्दनबाला

**270. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'वह इन्द्रों द्वारा सुमेरू पर्वत पर अभिषेक होगा' है?**

उ. गज और अभिषिक्त लक्ष्मी

**271. महावीर स्वामी के जीव ने इतर निगोद के बाद 'नीम वृक्ष' के कितने भव ग्रहण किये थे?**

उ. 20,000 (बीस हजार)

**272. महावीर स्वामी के जीव ने जब छत्रपुर नगर में जन्म लिया था, तब क्या नाम था?**

उ. राजकुमार नन्द

**273. महावीर स्वामी के बारे में श्वेताम्बर के कौन-कौन से ग्रंथों में यशोदा के साथ विवाह और उनकी पुत्री का कोई भी उल्लेख नहीं है?**

उ. भगवती सूत्र, समवायांग, स्थानांग और आवश्यक निर्युक्ति

**274. महावीर स्वामी को कहाँ पर 'पटेल बाबा' के नाम से जाना जाता है?**

उ. साठई पिपिरिया (बिहार)

**275. महावीर स्वामी के बारे में (जर्मनी के) ये विचार किसके हैं- 'भगवान महावीर जिन्होंने भारत के विचारों को उदारता दी, आचार को पवित्रता दी, जिसने इंसान के गौर को बढ़ाया उसके आदर्श को परमात्मा पद की बुलन्दी तक पहुंचाया, जिसने इंसान और इंसान के भेदों को मिटाया, सभी को धर्म और स्वतंत्रता का अधिकारी बनाया, जिसने भारत के अध्यात्म संदेश को अन्य देशों तक पहुंचाने की शक्ति दी।**

उ. डॉ. हेल्फुयफान ग्लोजेनाप्प (जर्मनी)

**276. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर (जीवन कथा) भारतीय ज्ञानपीठ से (सन् 2017) (63 पृष्ठीय) किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. प्रभाकिरण जैन (दिल्ली)

**277. महावीर स्वामी के भक्त श्रेणिक बिम्बसार के राज्य में कितने गांव थे?**

उ. 80,000 (अस्सी हजार)

**278. महावीर स्वामी के चालीसा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी गई हैं?**
**सिद्धि प्रिया के नाथ है, महावीर भगवान।**
**सिद्धारथ सुत वीर को, मेरा कोटि प्रणाम॥**

उ. आ.श्री चंदना मति माता जी

**279. महावीर स्वामी की माता ने कौन से स्वप्न में देखा था कि वह अनन्त बल का धारक होगा?**

उ. सिंह

**280. महावीर स्वामी के जन्म से कौन सा संस्थान था?**

उ. समचतुरस संस्थान

**281. महावीर स्वामी पर 15 सर्गों व 360 पृष्ठों में सन् 1974 में 'वीरायन' नामक महाकाव्य किसने लिखा?**

उ. रघुवीर शरण मित्र
(भारतोदय प्रकाशन मेरठ द्वारा प्रकाशित)

**282. महावीर स्वामी के समय वह कौन थे जो शुद्धोधन और मायादेवी के पुत्र थे?**

उ. गौतम बुद्ध

**283. महावीर स्वामी के निर्वाण के संबंध में पावापुर के मध्य हस्तिपाल राजा के मध्य पं. आशाधर जी ने कौन से ग्रन्थ में लिखा?**

उ. क्रिया कलाप (पेज नं.-56)

**284. महावीर स्वामी का जीव जब भील था तब उसकी पत्नी का नाम क्या था?**

उ. कालिका

**285. महावीर स्वामी के समय किसके सम्प्रदाय के अनुयायियों की संख्या 80 हजार थी?**

उ. पूर्ण कश्यप

**286. महावीर स्वामी की जीवनी पर मुनि श्री समता सागर जी महाराज ने कौन-सी कृति 2600वें जन्मोत्सव पर लिखी थी?**

उ. महायोगी महावीर
(सन 2001 में, प्राञ्जल प्रकाशन, सागर)

**287. महावीर स्वामी के समय किस राजा का नाम धर्मरुचि हो गया था?**

उ. श्वेतवाहन
(चम्पानगरी का राजा)

**288. महावीर स्वामी का जिस विदेह देश में जन्म हुआ था उसको और क्या कहा जाता है?**

उ. तीर भुक्त

**289. महावीर स्वामी की प्रतिमा जो कि 4 फुट 6 इंच की है (नीचे तलहटी में) मुक्तागिरी के मंदिर में किस वीर सं. की प्रतिष्ठित है?**

उ. 2494 वीर सं.

**290. महावीर स्वामी की प्रथम शिष्या के ईर्ष्या वश किसने बाल कटवाये थे?**

उ. सुभद्रा सेठानी

**291. महावीर स्वामी का जीव ने राजा नन्द की पर्याय में जन्म लिया तब कौन से मुनिराज से दीक्षा ली थी?**

उ. प्रोष्ठिल गुरु जी

**292. महावीर स्वामी के शिष्य श्री सुधर्मा स्वामी को जिस दिन निर्वाण हुआ था उस दिन किसे केवलज्ञान हुआ था?**

उ. श्री जम्बूस्वामी जी

**293. महावीर स्वामी के तीनों अनबृहद (अनुबद्ध) केवलियों का धर्म प्रवर्तन काल कितने वर्ष था?**

उ. 62 वर्ष

**294. महावीर स्वामी का जिस ऋजुकूला नदी पर केवलज्ञान हुआ था, उसका वर्तमान में नाम क्या है?**

उ. क्विल नदी

**295. महावीर स्वामी का जन्म समय का योग क्या था?**

उ. अर्यमा योग

**296. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक की पाण्डुक शिला कितने योजन चौड़ी थी?**

उ. 50 योजन

**297. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में वह कौन थे जो पांचवें अन्तकृत केवली थे?**

उ. सुदर्शन मुनिराज
(राजवार्तिक 1/20, धवला टीका 1/104)

**298. महावीर स्वामी का (श्वे. अनुसार) अंतिम चातुर्मास कहाँ हुआ था?**

उ. पावापुरी

**299. महावीर स्वामी ने एक हजार मुनियों के साथ निर्वाण प्राप्त किया ऐसा दिगम्बर सम्प्रदाय के किस ग्रन्थ में लिखा था?**

उ. उत्तर पुराण

**300. महावीर स्वामी के तीसरे नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. उपेन्द्र

**301. महावीर स्वामी से कहाँ पर सुमनोभद्र और सुप्रतिष्ठ ने दीक्षा ली थी?**

उ. श्रावस्ती

**302. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर जन्मभूमि विदेह कुण्डपुर' नामक कौन से मुनिराज के द्वारा लिखी गई थी?**

उ. मुनिश्री विकर्ष सागर जी
(प्रकाशक : श्री कुन्दकुन्द भारती ट्रस्ट, दिल्ली, वर्तमान : आ.श्री प्रज्ञसागर जी)

**303. महावीर स्वामी पर मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने 'महायोगी महावीर' कृति का लेखन कहाँ से लिखना प्रारम्भ किया था और कहाँ पर पूर्ण किया था?**

उ. कुण्डलपुर-टीकमगढ़

**304. महावीर स्वामी के समय वह कौन थे जो यशोदा के पति व राहुल के पिता थे?**

उ. गौतम बुद्ध

**305. महावीर स्वामी की उ.प्र. में किस अतिशय क्षेत्र पर भ. महावीर जयंती एवं निर्वाण दिवस पर मेला लगता है और यहां पर 200 वर्ष पुराना जमीन के नीचे भोंयरा बना है?**

उ. करगुवां जी
(सोनागिर सिद्धक्षेत्र से 45 कि.मी.)

**306. महावीर स्वामी के पांचवें गणधर का नाम क्या था?**

उ. मौर्य (सुधर्म)

**307. महावीर स्वामी की ननिहाल वैशाली में कितने महल तांबे के कलश वाले थे?**

उ. 21,000 (इक्कीस हजार)

**308. महावीर स्वामी के कौन से गणधर के माता-पिता का नाम वारुणी और धनमित्र था?**

उ. शुचिदत्त जी (चौथे नं. के)

**309. महावीर स्वामी के शासन काल में सेठ अर्हद्दास और जिनदासी के कौन से पुत्र ने मात्र 25 वर्ष की आयु में दीक्षा ले ली थी?**

उ. श्री जम्बूस्वामी

**310. महावीर स्वामी के समवशरण में अभयकुमार के कौन से पुत्र ने दीक्षा ली थी?**

उ. मेघकुमार

**311. महावीर स्वामी के किस स्थान पर ईस्वी सन् की 13वीं शताब्दी में एक जैन सम्मेलन हुआ था?**

उ. पावापुरी

**312. श्री पार्श्वनाथ भगवान से श्री महावीर भगवान का केवलज्ञान उत्पत्तिकाल अन्तराल काल कितना है?**

उ. दौ सौ इक्यासी वर्ष, आठ मास

**313. महावीर स्वामी से कुमारी पर्वत पर किसने दीक्षा ली थी?**

उ. जितशत्रु

**314. महावीर स्वामी की जन्मस्थान नगरी कुण्डलपुर राजग्रही से कितने कि.मी. है?**

उ. 18 कि.मी.

(पु. विचार मंजूषा, पृ. 104)

**315. महावीर स्वामी का जन्म नक्षत्र क्या था?**

उ. उत्तरा फाल्गुनी

**316. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय 1008 कलशों में कितने लीटर जल भरा था?**

उ. 766 शंख, 9 पदम, 42 नील, 2 खरब, 72 अरब लीटर

**317. महावीर स्वामी का जन्म भरत क्षेत्र के किस देश में हुआ था?**

उ. विदेह देश

**318. महावीर स्वामी के वंश का नाम महापुराण ग्रन्थ में क्या लिखा है?**

उ. हरिवंश

**319. महावीर स्वामी का 'महावीर' नाम कर्मरूपी शत्रुओं के नाश करने से मिला ऐसा दि. जैन कौन से ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. वीर वर्धमान चरित्र

**320. महावीर स्वामी के बारे में 'इन्होंने अपने पैर के अंगूठे से अनायास ही सुमेरू पर्वत को कम्पित कर इन्द्र द्वारा महावीर नाम प्राप्त किया था, ऐसा कौन से दि. जैन ग्रन्थ/पुराण में लिखा है?**

उ. पद्मपुराण

**321. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर दि. जैन मंदिर, ज्योति कालोनी, दिल्ली' की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन् 1983

**322. महावीर स्वामी की ननिहाल वैशाली में कितने महल सोने के कलश वाले थे?**

उ. 7000 (सात हजार)

**323. महावीर स्वामी ने अंतिम कितने शुक्ल ध्यानों के द्वारा अघातिया कर्मों का नाशकर मोक्ष पद प्राप्त किया था?**

उ. दो

**324. महावीर स्वामी को किस तिथि को निर्वाण प्राप्त हुआ था?**

उ. कार्तिक अमावस्या

**325. महावीर स्वामी का श्वेताम्बर साहित्य में सर्वत्र कौन सा वंश वाला लिखा है?**

उ. ज्ञातृवंशी

**326. महावीर स्वामी का नाम श्वेताम्बर ग्रन्थों में नामकरण किसने किया था?**

उ. राजा सिद्धार्थ

**327. महावीर स्वामी के पक्षघर और काकघर दोनों मित्रों के नाम कौन जैन पुराण ग्रन्थ में मिलते हैं?**

उ. चामुण्डराय पुराण

**328. महावीर जी अतिशय क्षेत्र के भट्टारक जी का नाम क्या था?**

उ. श्री सुरेन्द्र कीर्ति स्वामी

**329. महावीर स्वामी की मूर्ति पावापुरी में किस ईसवी सन् में विराजमान की गई थी?**

उ. ईसवी सन् 1203

**330. महावीर स्वामी के गर्भ में आने का समय क्या था?**

उ. प्रातः काल

**331. महावीर स्वामी के निर्वाण के संबंध में आचार्यश्री वीरसेन आचार्यश्री ने किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. जय धवला (भाग-1, पृष्ठ-81)

**332. महावीर स्वामी की मूर्ति सिद्धक्षेत्र पावागढ़ में सं. 1944, वी.सं. 2414 माघ सुदी 8 के दिन तलहटी के प्राचीन मंदिर में किसने विराजमान की थी?**

उ. सेठ गौतम भाई नेमचन्द्र

**333. महावीर स्वामी के बारे में चीन के कौन से प्रो. के ये वाक्य हैं- 'अहिंसा का सिद्धांत सबसे पहले गहन रूप में भली-भांति तीर्थंकरों द्वारा प्रतिपादित एवं प्रचारित एवं प्रसारित किया गया। इसमें 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर वर्द्धमान का उल्लेखनीय योगदान है?**

उ. प्रो. तानयुन शान (चीन)

**334. महावीर स्वामी का जन्म किस गौत्र में हुआ था?**

उ. काश्यप गौत्र

**335. महावीर स्वामी के 11 गणधरों के नाम दिगम्बर सम्प्रदाय के कौन-कौन से ग्रंथों में लिखे हैं?**

उ. महापुराण, वीर वर्धमान चरित्र, हरिवंश पुराण

**336. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली छब्बीस तीर्थों के वर्णन ईस्वी सन् की 13वीं सदी के उत्तरार्द्ध में किसने किया था?**

उ. मदनकीर्ति

**337. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किस पुस्तक से ली गई हैं-**

**ऐसे संकट की बेला में,**
**कैसा शौर्य दिखाया।**
**जान हथेली पर लेकर,**
**जनता को आन बचाया॥**

उ. श्रमण भगवान महावीर चरित्र (पृष्ठ 86)

**338. महावीर स्वामी के प्रभाव से मेढ़क ने देवगति कौन से नगर में प्राप्त की थी?**

उ. राजग्रही नगर

**339. महावीर स्वामी के जन्म से कहाँ के जीवों को भी क्षणभर को शांति मिलती है?**

उ. नरक के नारकी

**340. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'तीन लोक में शांति करने वाला था'?**

उ. पूर्ण चन्द्र

**341. महावीर स्वामी का मंदिर नसियां जी के नाम पर कहाँ प्रसिद्ध है? यह राजस्थान के दौसा जिले में आता है।**

उ. बसवा

(अतिशय क्षेत्र है, राजस्थान प्रांत में)

**342. महावीर स्वामी के जीवन चरित्र का वर्णन आ.श्री गुणभद्र स्वामी ने कौन से दि. जैन ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. उत्तर पुराण

**343. महावीर स्वामी का सौधर्मेन्द्र द्वारा केवलज्ञान कल्याण मनाये जाने के कितने प्रहर बाद दिव्यध्वनि न खिरने के कारण गणधर का अभाव जाना था?**

उ. तीन प्रहर

**344. महावीर स्वामी ने छह दिन कम तीस वर्ष तक विहार करने के बाद चम्पापुरी के उद्यान में दिव्यध्वनि और योग निरोध कर प्रतिमायोग धारण किया था, ऐसा किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. वीर वर्धमान चरित्र

**345. महावीर स्वामी के पांचवें नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. सिंहभद्र

**346. 'महावीराष्टक स्तोत्र' के रचियता का नाम क्या है?**

उ. पं. भागचन्द्र जी (भागेन्दु)

**347. महावीर स्वामी के चौथे गणधर का नाम क्या था?**

उ. सुधर्म (व्यक्त)

**348. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली महापुराण और पद्मपुराण से पावापुरी के कौन से वन में लिखा है?**

उ. मनोहर वन

**349. महावीर स्वामी का जीव दूरवर्ती पैतीसवें भव में किस नाम का भील था?**

उ. पुरुरवा भील

**350. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर का जन्म स्थान' नामक पुस्तक सन् 2005 में किसने लिखी?**

उ. प्रो. (डॉ.) ऋषभचन्द्र जैन

(प्रकाशक- प्राकृत जैन शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली, बिहार)

**351. महावीर स्वामी की जन्म राशि क्या थी?**

उ. कन्या

**352. महावीर स्वामी ने जन्मोत्सव पर सात प्रकार की सेनाओं में पहली सेना किसकी थी?**

उ. हाथी

**353. महावीर स्वामी के चौथे व्यक्त गणधर की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 80 वर्ष

**354. महावीर जी अतिशय क्षेत्र सांगानेर की दूरी कितने किलोमीटर है?**

उ. 150 कि.मी.

**355. महावीर स्वामी के कौन से गुण के महात्मा गांधी पुजारी थे?**

उ. अहिंसा

**356. महावीर स्वामी के 11 गणधरों ने दीक्षा कहाँ ली थी?**

उ. राजग्रही के विपुलाचल पर्वत पर

**357. महावीर स्वामी का वह भक्त कौन सा था जो पोदनपुर राजा का भक्त था?**

उ. राजा विद्रदाज

**358. महावीर स्वामी के चौथे नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. सुदन्त

**359. महावीर स्वामी का चालीसा पावापुर के जल मंदिर में किस आर्यिका माताजी ने लिखा था?**

उ. आ.श्री चन्दना मति माताजी

**360. महावीर स्वामी के कौन से गणधर को शंका थी कि पृथ्वी आदि भूत है या नहीं?**

उ. शुचिदत्त (चौथे नं. की)

**361. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावापुरी का 'अपापा' का नाम किसने अपनी 'तीर्थकल्प' कृति में प्रकाशित किया था?**

उ. जिनप्रभ सूरि

**362. महावीर स्वामी के बारे में ये भजन पंक्तियां कौन से मुनिराज द्वारा लिखी गई है?**

**आओ आओ सुनो कहानी,**
**महावीर भगवान की।**
**सत्य अहिंसा के अवतारी,**
**राह चले निर्वाण की॥**

उ. मुनिश्री समता सागर जी महाराज

**363. महावीर जी के बारे में 'अतिशयों का भण्डार' नामक पुस्तक के लेखक हैं?**

उ. सुरेश जैन सरल
(जबलपुर, प्रथम संस्करण 2003)

**364. महावीर स्वामी के नाना राजा चेटक ने महावीर स्वामी से कहाँ पर दीक्षा ली थी?**

उ. वैशाली

**365. महावीर स्वामी के बारे में सन् 1976 ई. में 'भगवान महावीर और उनका दिव्य संदेश' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्रीकृष्ण जैन (खतौली वाले, पृ. 84)

**366. महावीर स्वामी के जीवन पर ई. सन् 1428 (वि.सं. 1740) में कौन से दि. आचार्यश्री ने संस्कृत भाषा में 'श्री महापुराण' नामक ग्रन्थ लिखा है?**

उ. आ. श्री सकलकीर्ति जी
(यह ग्रन्थ 15वीं सदी का है, इस ग्रन्थ में 3500 श्लोक हैं)

**367. महावीर स्वामी का दीक्षा के बाद आहार का प्रथम पारणा किस नगर में हुआ था?**

उ. कूल ग्राम नगर

**368. महावीर स्वामी के वैराग्य की अनुमोदना के लिए लौकान्तिक देव कौन से स्वर्ग से आये थे?**

उ. पांचवें (ब्रह्म स्वर्ग)

**369. महावीर स्वामी का जन्म किस दिन हुआ था?**

उ. बुधवार

**370. महावीर स्वामी के बारे में कौन से दि. जैन ग्रन्थ में लिखा है कि महावीर स्वामी ने छह दिन कम तीस वर्ष तक विहार किया था?**

उ. वीर वर्धमान चरित्र

**371. महावीर स्वामी के जीव ने इतर निगोद से निकलकर 'केलिवृक्ष' के कितने भव ग्रहण किये थे?**

उ. नब्बे हजार (90,000)

**372. महावीर स्वामी के (श्वे. अनुसार) वज्रभूमि में कितने चातुर्मास हुए थे?**

उ. एक (1)

**373. महावीर स्वामी के तीर्थकाल अंतिम श्रुतकेवली के पिता का नाम क्या है?**

उ. सोम शर्मा

**374. महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर अंग्रेजी भाषा में 'महावीर पुराण' कौन से मुनिराज ने लिखा है?**

उ. मुनिश्री विश्वानंद जी
(वर्तमान में- मुनिश्री सुधर्मसागर जी)

**375. महावीर स्वामी के बारे में 'वैशाली के महावीर' नामक बालकाव्य कॉमिक्स हिन्दी और अंग्रेजी में किसने लिखी है?**

उ. डॉ. प्रभाकिरण जैन
(दिल्ली निवासी, भारतीय ज्ञानपीठ से 2014 में प्रकाशित)

**376. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर ऐरावत हाथी कितने मुख वाला था?**

उ. 32 मुख

**377. महावीर स्वामी के छठवें गणधर का नाम क्या था?**

उ. मौन्द्रय (मण्डिक पुत्र)

**378. महावीर स्वामी की माता ने छठवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. पूर्णचन्द्र

**379. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक की पाण्डुक शिला कितने योजन ऊंची थी?**

उ. आठ योजन

**380. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किसके हैं- जिन तपः पूत महात्माओं पर भारत वर्ष उचित गर्व कर सकता है, जिनके उपदेश हजारों वर्ष की कालावधि के पार कर आज भी जीवन प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं उनके भगवान महावीर का अग्रण्य है। उनके पुण्य स्मरण से हम निश्चित रूप से गौरवान्वित होते हैं?**

उ. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

**381. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में उच्च स्थान (भाव) पर कितने ग्रह बैठे थे?**

उ. तीन (गुरु, शनि, मंगल)

**382. महावीर स्वामी ने श्वे. मतानुसार त्रैमासिक तप कितनी बार किया था?**

उ. दो बार

**383. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में पांचों श्रुतकेवलियों का काल कितने वर्ष रहा?**

उ. 100 वर्ष (सौ वर्ष)

**384. महावीर स्वामी के बारे में इटली के कौन से डॉ. के ये विचार हैं- 'महावीर का जीवन अनन्तवीर्य से ओत-प्रोत है। अहिंसा का प्रयोग उन्होंने स्वयं अपने ऊपर किया और फिर सत्य और अहिंसा के शाश्वत धर्म को सफल बनाया। जो काल को भी चुनौती देते हैं, ऐसे उन भगवान को जिन और वीर कहना सार्थ है। आज के लोगों को उनके आदर्श की आवश्यकता है।'**

उ. डॉ. फर्नेडो बेल्लिनी फिलिप (इटली)

**385. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर और उनके सिद्धांत' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री रूपकिशोर गुप्ता (महावीर जी)

**386. महावीर स्वामी की ननिहाल वैशाली में कितने महल चांदी के कलश वाले थे?**

उ. 14000 (चौदह हजार)

**387. महावीर स्वामी का गर्भकल्याणक का उत्सव देवों ने किसके निकट मनाया था?**

उ. सिद्धार्थ राजा - प्रियकारिणी रानी

**388. महावीर स्वामी का दीक्षा के बाद प्रथम आहार किसने दिया था?**

उ. राजा कूल

**389. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'देदीप्यमान प्रभा का धारक अत्यन्त प्रतापी' था?**

उ. सूर्य

**390. महावीर जी अतिशय क्षेत्र महुआ ग्राम से कितने किलोमीटर है?**

उ. 55 किलोमीटर

**391. महावीर स्वामी के बारे में ये किसके विचार हैं- 'जैनों के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ एक ऐतिहासिक पुरुष थे तथा महावीर से ढाई सौ वर्ष पूर्व उनका निर्वाण हुआ था। भगवान महावीर और उनके पूर्ववर्ती सभी तीर्थंकरों ने जो उपदेश दिए और जिन सिद्धांतों का प्रचार किया तथा जो देशना दी वही जैन धर्म है?**

उ. हर्मन जैकोवी (प्रसिद्ध जर्मन विद्वान)

**392. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव को 2001-2002 को किस वर्ष के रूप में घोषित किया था?**

उ. अहिंसा वर्ष

**393. महावीर स्वामी का 'कमल मंदिर' उत्तर प्रदेश के किस अतिशय क्षेत्र पर बना है?**

उ. हस्तिनापुर (जम्बूद्वीप में)

**394. महावीर स्वामी के कौन से गणधर को शंका थी कि 'शरीर और जीव भिन्न-भिन्न है या नहीं?'**

उ. वायुभूति जी

**395. महावीर स्वामी के जन्म स्थान को आ.श्री पूज्यपाद स्वामी ने 5वीं शताब्दी ई. में निर्वाण भक्ति में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर नगर (पद्य नं. 4)

**396. महावीर स्वामी के जन्मस्थान बासोकुण्ड वैशाली में किसने सन् 1955 में प्राकृत जैन शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान की स्थापना की थी?**

उ. साहू शांति प्रसाद जैन (दिल्ली निवासी)

**397. महावीर स्वामी का जन्म किस वंश में हुआ था?**

उ. नाथवंश

**398. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर सात प्रकार की सेनाओं में दूसरे नम्बर पर किसकी सेना थी?**

उ. घोड़ा

**399. महावीर स्वामी का जीव विश्वनन्दी की पर्याय से निकलकर कौन से स्वर्ग में देव हुआ था?**

उ. महाशुक्र स्वर्ग

**400. महावीर स्वामी के कौन से गणधर माता-पिता का नाम भद्दिला और धम्मिला था?**

उ. सुधर्म जी (पांचवें नं. के)

**401. महावीर स्वामी का चिन्ह क्या है?**

उ. सिंह

**402. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण शताब्दी महोत्सव का उत्तरी भारत के धर्मचक्र का समापना कहाँ हुआ था?**

उ. हस्तिनापुर (उ.प्र.)
(महामंत्री श्री सुकुमार चन्द्र जैन के प्रयासों से)

**403. महावीर स्वामी का जीव दूरवर्ती पैंतीस भवों में चौतीसवें भव में कौन से स्वर्ग में देव था?**

उ. सौधर्म स्वर्ग (प्रथम स्वर्ग)

**404. महावीर स्वामी पर 'भ. महावीर स्मृति तीर्थ' पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. राजाराम जैन (पृष्ठ 54)

**405. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी गई हैं-**

**जिससे निर्मल जैन का,**
**देश-देश में हुआ प्रचार।**
**तीर्थंकर जिस महावीर के,**
**यश अब भी गाता संसार॥**
**है पवित्रता भरी हुई,**
**इस विमल भूमि के कण-कण में।**
**मत कह क्या-क्या हुआ यहां,**
**इस वैशाली के आंगन में॥**

उ. मनोरंजन प्रसाद सिंह

**406. महावीर स्वामी के जन्मस्थान वासोकुण्ड कुण्डपुर की आ. श्री आनन्द सागर जी महाराज 'मौनप्रिय' ने किस सन् में यात्रा की थी?**

उ. सन् 2002 में

**407. महावीर स्वामी ने दीक्षा के बाद किस वस्तु का आहार लिया था?**

उ. गौदूध की खीर

**408. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के बाद याचक जनों को मुंहमांगा दान कौन देता है?**

उ. कुबेर

**409. महावीर स्वामी के छठवें नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. सुकुम्भोज

**410. महावीर स्वामी की मूर्ति (वेदी क्र. 7) सिद्धक्षेत्र मथुरा चौरासी में किस वीर निर्वाण संवत् की है?**

उ. वी.नि. सं. 2491 (वि.सं. 2021 की, सफेद संगमरमर की मूर्ति है)

**411. महावीर स्वामी के बारे में कौन से हिन्दू ग्रन्थ में लिखा है कि हे दवों के देव, वर्धमान! आप सुवीर हैं, व्यापक हैं। हम सम्प्रदाओं की प्राप्ती के लिए इस वेदी पर घृत से आपका आह्वाहन करते हैं। इसलिए सब देवता इस यज्ञ में आवें और प्रसन्न हों?**

उ. ऋग्वेद (श्लोक नं.-4)

**412. महावीर स्वामी के 2600 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल 2001 को भारत से डाक टिकट का किसने लोकार्पण किया था?**

उ. अटल विहारी वाजयेयी (प्रधानमंत्री)

**413. महावीर स्वामी जी अतिशय क्षेत्र पर मूर्ति आते समय बैलगाड़ी किसके हाथ लगाने से आगे बढ़ी थी**

उ. किरपादास (ग्वाला)

**414. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में॥ अंग के धारी पांचो आचार्यों का काल कितना था?**

उ. 220 वर्ष

**415. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में कौन से अन्तःकृत केवली ने 'कोटा भाटों' पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया था?**

उ. किष्कंबल केवली

(आहार जी म.प्र. क्षेत्र से प्राप्त संदर्भ)

**416. महावीर स्वामी 'वीरोदय महाकाव्य' जिन ब्र. भूरामल शास्त्री ने लिखा था, वह बाद में कौन से आ. श्री के नाम से प्रसिद्ध हुए?**

उ. आ. श्री ज्ञान सागर जी महाराज

(आ. श्री विद्या सागर जी महाराज के गुरु)

**417. महावीर स्वामी स्वामी की मूर्ति म.प्र. में कहाँ की बावड़ी के निकट विराजमान है?**

उ. ग्वालियर (गोपाल पर्वत पर भगवान पार्श्वनाथ के निकट)

**418. महावीर स्वामी के जीवन चित्रण पर 'वैशाली' नामक लेख जैन सिद्धांत भास्कर वर्ष-3 सन् 1936 मे पृष्ठ-48-52 पर किसने लिखा था?**

उ. बाबू कामता प्रसाद जैन

**419. महावीर स्वामी के अन्य चार नाम और कौन से हैं?**

उ. वीर, अतिवीर, वर्धमान, सन्मति

**420. महावीर स्वामी को देखकर कोन से दो मुनिराज की शंका का समाधान हो गया था?**

उ. श्री संजय और विजय मुनिराज

**421. महावीर स्वामी के समवशरण की बारह सभाएं कौन सी भूमि पर लगी थीं?**

उ. श्री मण्डप भूमि

**422. महावीर स्वामी के छठवें गणधर (मण्डिक पुत्र) की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 83 वर्ष

**423. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में 10 वें भाव में कितने ग्रह बैठे थे?**

उ. दो (मंगल-केतू)

**424. महावीर स्वामी ने श्वे. मतानुसार अढ़ाई मासिक तप कितनी बार किया था?**

उ. दो बार

**425. महावीर स्वामी के तीर्थ मे आ. श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने 'सुदर्शनोदय' ग्रन्थ में 24वां कामदेव माना है?**

उ. सुदर्शन मुनिराज

**426. महावीर स्वामी पर डॉ. भगवान दास तिवारी ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. भगवान महावीर- जीवन और दर्शन

(प्रकाशनः महावीर शिक्षण संस्थान, सोलापुर) महा.

**427. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य कौन से आ. श्री के हैं कि भगवान महावीर की जन्म भूमि कुण्डग्राम (वासोकुण्ड) कि दर्शन मैंने किए हैं और वही भगवान महावीर की जन्म भूमि है। विद्वानों, त्यागियों एवं समाज को इस विवाद में पड़कर विग्रह पैदा नही करना चाहिए और सभी को क्षेत्र के विकास में सहयोग करना चाहिए।**

उ. आ. श्री भरत सागर जी महाराज

(आ. श्री विमल सागर जी महाराज के शिष्य)

**428. महावीर स्वामी ने दीक्षा के समय कितने उपवास किये थे?**

उ. तेला

**429. महावीर स्वामी के समय किसका सिद्धांत था कि दान, यज्ञ, और हवन आदि में कोई सार नही, बुरे या अच्छे कर्मों का फल नहीं होता। इहलोक, परलोक, स्वर्ग नरक आदि कुछ भी नहीं है। मनुष्य चार भूतों से बना हुआ है।**

उ. अजित केशकम्बल

**430. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद से निकलकर 'चन्दन वृक्ष' कितनी बार बना?**

उ. 3000 (तीन हजार)

**431. महावीर स्वामी का जीव जब छत्रपुर में जन्मा था, तब उसके माता-पिता कौन थे?**

उ. रानी वीरमती-राजा नन्दिवर्धन

**432. महावीर स्वामी के समवशरण में किसे मुनि दीक्षा लेते ही आठ ऋद्धियां प्राप्त हो गई थीं?**

उ. श्री गौतम स्वामी

**433. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार भारत के किस प्रधानमंत्री के हैं कि 'भगवान महावीर के बारे में इतना अवश्य कहूंगा कि जो ब्राह्य शत्रुओं से लड़ते हैं उसे वीर पुरुष कहते हैं और जो पंचेन्द्रियों को जीतकर आत्म विकास में विजय प्राप्त कर लेता है, उसे महावीर कहते हैं?**

उ. अटल बिहारी वाजपेयी
(जैन जगत, महावीर जयंती विशेषांक, अप्रैल-94, पृ.-121)

**434. महावीर स्वामी के बारे में आ. श्री पूज्यपाद स्वामी ने निर्वाण भक्ति में कुमार काल, तप काल और देशनाकाल कितने-कितने वर्ष माना है?**

उ. 30 वर्ष, 12 वर्ष, 30 वर्ष

**435. महावीर स्वामी की जन्मस्थली वैशाली का वर्तमान में मुख्यालय कहाँ पर है?**

उ. हाजीपुर
(वासोकुण्ड : मुजफ्फरपुर और हाजीपुर से 37 किमी. उत्तर की ओर है)

**436. महावीर स्वामी का प्रथम पारणा स्थान कहाँ पर है जहां महावीर के चिन्ह और सिंह वृत्ति का प्रतीक विशाल सिंह स्तम्भ बना है।**

उ. कोल्हुआ (कूल ग्राम)

**437. महावीर स्वामी की यक्षिणी का नाम क्या था?**

उ. सिद्धायनी देवी

**438. महावीर स्वामी के जन्म के समय कुल कितने माह रत्न बरसे थे?**

उ. 15 माह

**439. महावीर स्वामी के प्रभाव से कोदों का भात सुरभित शाली चावल किसके बन गये थे?**

उ. चन्द्रबाला (चन्दना)

**440. महावीर स्वामी को कौन से दो नक्षत्रों के मध्य (बीच) में केवलज्ञान हुआ था?**

उ. चन्द्रमा- उत्तरा फाल्गुनी

**441. महावीर स्वामी की 'महावीर निर्वाण' पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं।**
**'जिस समय महावीर ने,**
**गमन कियो शिव हेत।**
**सो यह समय विचार के,**
**पूजै सुधी सुहेत॥**

उ. अज्ञात

**442. महावीर स्वामी के 'धर्म चक्र प्रवर्तन अथवा तीर्थ स्थापना' का उल्लेख कौन दि. जैन सम्प्रदाय के शास्त्र भाग एक में आया है?**

उ. षट्खण्डागम (पृ. 62-63)

**443. महावीर स्वामी स्वामी के कौन से गणधर को 'बंध मोक्ष के सम्बन्ध में शंका थी?**

उ. माण्डव जी (छठवें नं. के)

**444. महावीर स्वामी के बारे में ये किनके विचार थे 'भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत मुझे बहुत प्रिय हैं। मेरी प्रबल अभिलाषा है कि मैं मृत्यु के बाद जैन धर्मी परिवार में जन्म धारण करूं?**

उ. जार्ज बर्नाड शॉ

**445. महावीर स्वामी पर 'महावीर की जन्म भूमि कुण्डपुर' पुस्तक सन् 2003 में किसने लिखी?**

उ. डॉ. राजमल जैन

**446. महावीर स्वामी की वैशाली के बारे में जिस चीनी यात्री ह्योन शांग ने लिखा है वह किस शती (शताब्दी) का था?**

उ. सातवीं शती (7)

**447. महावीर स्वामी के साथ सह दीक्षित कितने थे?**

उ. अकेले ही दीक्षा ली

**448. महावीर स्वामी की माता के कौन से स्वप्न का फल था कि 'वह अनेक निधियों का स्वामी होगा'?**

उ. कलश युगल

**449. महावीर स्वामी के बारे में महावीर वनस्थली के उद्‌घाटन पर 18 अप्रैल 1989 के भारत के कौन से प्रधामंत्री ने भाषण में कहा था कि 'हमारी विदेश नीति महावीर के सिद्धांतों पर आधारित है?**

उ. राजीव गांधी (पूर्व प्रधानमंत्री)
(पू. जैन विरासत, पृ.-51)

**450. महावीर स्वामी का धर्मचक्र प्रवर्तन (तीर्थ स्थापना) किस तिथि को माना जाता है?**

उ. श्रावण कृष्णा प्रतिपदा

**451. महावीर स्वामी के पिता के बारे में बौद्धों के कौन से ग्रन्थ में लिखा है कि, जो साथी नरेश जैनधर्म के उपासक नहीं थे वे भी सिद्धार्थ की अहिंसा नीति का समर्थन करते थे?**

उ. दीघ निकाय-अट्‌ठकथा

**452. महावीर स्वामी के बारे में ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी गई-**
**अखिल जगत को जलयान प्रकटी वीर,**
**तुम्हारी वाणी, जग में सुधा समान।**
**अनेकांत मय स्यात्पद-लांछित,**
**नीति न्याय की खान।**
**सब कुवाद का मूल नाशकर,**
**फैलाती सत् ज्ञान॥**

उ. आचार्य जुगल किशोर मुख्तार

**453. महावीर स्वामी के बारे में 'चौबीस तीर्थंकर नामक पुस्तक वी.नि. से 2505 में कौन सी गणिनी आर्यिका ने लिखी थी?**

उ. गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माता जी

**454. महावीर स्वामी का 24 कल्पद्रुम विधान 'दिसम्बर 1999 में किस ब्र. दीदी ने लिखा था जो 189 पृष्ठीय था?**

उ. ब्र. सारिका

**455. महावीर स्वामी को देखकर दो मुनिराजों ने क्या नाम रखा था?**

उ. सन्मति

**456. महावीर स्वामी क नाम पर उत्तर प्रदेश में कहाँ पर 'तीर्थंकर महावीर यूनिर्वसिटी बनी है?**

उ. मुरादाबाद

**457. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव का सात प्रकार की सेनाओं में तीसरे पर किसकी सेना थी?**

उ. रथ

**458. महावीर स्वामी का समवशरण में एक मुख होते हुए कितने दिखाई देते थे?**

उ. चार

**459. महावीर स्वामी के पास राजग्रही नगरी के सेठ गोभद्र के कौन से पुत्र ने 32 स्त्रियों के साथ संयम धारण किया था?**

उ. शालिभद्र
(ऐसा प्रतीत होता है जैसे सुकमाल और शालिभद्र दोनों एक ही व्यक्ति थे)

**460. महावीर स्वामी के समकालीन गौतम बुद्ध का दिगम्बर मुनि का उल्लेख कौन से बौद्ध ग्रन्थ में मिलता है?**

उ. मज्झिम निकाय (महासीनाद सुत्त 1.1.2)

**461. महावीर स्वामी की जीव दूरवर्ती पैतीस भवों में तैतीसवें भव में क्या था?**

उ. मरीचि

**462. महावीर स्वामी के जीवन पर आचार्य विजयेन्द्र सूरि (श्वेताम्बर आचार्य) ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. वैशाली

**463. महावीर स्वामी के भारतीय चित्रकला पर जर्मनी (बर्लिन) ने डाक टिकट कब निकाला था?**

उ. सन् 1979

**464. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान' महाकाव्य सन् 1951 में किसने लिखा था?**

उ. महाकवि अनूप शर्मा
(एम.ए.,एल.टी. सर्ग-17,चतुष्पद छंद-1997)

**465. महावीर स्वामी के दीक्षा वृक्ष की ऊंचाई कितने हाथ थी?**

उ. 84

**466. महावीर स्वामी स्वामी के फूफा जी का नाम क्या था?**

उ. जितशत्रु राजा

**467. महावीर स्वामी का जीव किस खंड का चक्रवर्ती बना था?**

उ. धातकी खंड

**468. महावीर स्वामी के जीव में हरीषेण की पर्याय में कौन से मुनिराज से दीक्षा ली थी?**

उ. श्रुत सागर जी मुनिराज

**469. महावीर स्वामी के (श्वेताम्बर अनुसार) श्रावस्ती में कितने चातुर्मास हुए थे?**

उ. एक (1)

**470. महावीर स्वामी के कौन से भक्त ने तलवार की धार पर सिर मार अपनी आत्महत्या की थी?**

उ. राजा श्रेणिक

**471. महावीर स्वामी का दूसरा सिद्धान्त क्या था?**

उ. अनेकान्त

**472. महावीर स्वामी के इस भजन के रचियता कौन है?**

**जन्म लिया है महावीर ने,**
**उत्सव बड़ा महान है।**
**जैन जयति शासनम्,**
**ये जैन धर्मै की शान है॥**

उ. अनूप जलौटा (गायक)

**473. महावीर स्वामी स्वामी की माता त्रिशला देवी को दिगम्बर वाले चेटक की पुत्री मानते है तो श्वेताम्बर क्या मानते है?**

उ. बहिन

**474. महावीर स्वामी के जीवन वृत्त पर 'भील से भगवान' नामक पुस्तक का संग्रह किस आर्यिका माता जी ने किया?**

उ. आ. (गणिनी) श्री जिनदेवी माता जी

**475. महावीर स्वामी के जीव ने कितनी बार राजा की पर्याय प्राप्त की थी?**

उ. 50 हजार

**476. महावीर स्वामी क 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारत सरकार कितने-कितने रुपये के सिक्के जारी किये थे?**

उ. 100 रुपये और 5 रुपये

**477. महावीर स्वामी की बाल्यकाल में परीक्षा लेने कौन सा देव आया था?**

उ. संगम देव

**478. महावीर स्वामी के सातवें गणधर का नाम क्या था?**

उ. मौर्य पुत्र

**479. महावीर स्वामी की माता ने सातवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. सूर्य

**480. महावीर स्वामी के नाना चेटक राजा के बड़े भाई का नाम क्या था?**

उ. महाराजा विशाल

**481. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'नयन पथगामी भवतु' में 'सचित्र नामक पुस्तक किसने लिखी थी?'**

उ. भागचन्द्र (अनुवाद भवानी प्रसाद मिश्र)

**482. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में सातवें भाव में कौन सा ग्रह बैठा है?**

उ. शनि

**483. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार दो मासी तप कितनी बार किया था?**

उ. 6 बार

**484. महावीर स्वामी के कौन से गणधर का विश्वास था कि जो इस जनम में है वह आगामी जन्म में भी वैसा ही रहेगा?**

उ. सुधर्म जी (पांचवें नं. के)

**485. महावीर स्वामी की जन्मस्थली को आ. श्री जिनसेन स्वामी ने 8वीं शती ई. में हरिवंश पुराण में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर (2/1 एवं 5, पृ.-12)

**486. महावीर स्वामी 'तीर्थंकर भगवान महावीर और उनकी अहिंसा' पर पुस्तक किसने लिखी?**

उ. हीरालाल जैन

**487. महावीर स्वामी पर 'महावीर स्तोत्र' सन् 1921 में किसने लिखा था?**

उ. देवीलाल

**488. महावीर स्वामी की हू-ब-हू जीवन्त प्रतिमा युवा अवस्था की माता त्रिशला के कहने पर किसने बनवायी?**

उ. राजा सिद्धार्थ

**489. महावीर स्वामी के निर्वाण स्थान पावापुरी से लव-कुश का निर्वाण किसने माना है?**

उ. जिनसागर

(कारंजा के भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति के शिष्य) रचना समय सन् 1724 से 1738, पु. तीर्थ वन्दन संग्रह पृ.-103)

**490. महावीर स्वामी के प्रमुख श्रोता कौन थे?**

उ. राजा श्रेणिक

**491. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'सुखी होना' था?**

उ. मीन युगल

**492. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद के बाद 'कनेर वृक्ष' कितनी बार बना?**

उ. पांच करोड़ बार

**493. महावीर स्वामी का जीव जब नारायण त्रिपृष्ठ बना था, तब बलभद्र कौन था?**

उ. विजय बलभद्र

**494. महावीर स्वामी की एक शील ब्राह्मी लिपि की कहाँ पर उत्खनन में प्राप्त हुई जिस पर ये लिखा है- वैशाली नाम कुण्डे कुमारा मात्याधि करणस्य?**

उ. वैशाली

**495. महावीर स्वामी को जन्मकल्याणक के समय जहां सौधर्म इन्द्र ने 'आनन्द' नाटक किया था, उसका वर्तमान में क्या नाम है?**

उ. आनन्दपुर

**496. महावीर स्वामी के समय किस राजा ने यज्ञ में असंख्य पशुओं की हिंसा की थी?**

उ. राजा रतिदेव

**497. महावीर स्वामी पर सन् 1940 की वीर स्वयं ही है भगवान इस पुस्तक के मूल लेखक कौन हैं?**

उ. पुष्प जैन भिक्खु

**498. महावीर स्वामी पर इन पंक्तियों के लेखक कौन हैः**

**शुभ दया दान देने आये,**
**दुनिया को भगवन् महावीर।**
**सुख शांति सुधा बरसाने को,**
**अवतरित हुये प्रभु महावीर॥**

उ. देवेन्द्र नाथ शास्त्री साहित्याचार्य (पुः वीर स्वयं ही हैं भगवान, पृष्ठ 127 पर)

**499. महावीर स्वामी के मंदिर को कहाँ पर 'बेटगेरि बसदि' के नाम से जाना जाता है, यहां पर भगवान की तीन फुट ऊंची प्रतिमा विराजमान है?**

उ. मूडबिद्री (काशी)

(पू. जैन काशी मूडबिद्री, पृ.-7)

**500. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य कौन से आ.श्री के हैं कि 'दिगम्बर जैन आगम के अनुसार भगवान महावीर का जन्म विदेह कुण्डपुर में हुआ था! वर्तमान बड़ागांव (कुण्डलपुर) मगध क्षेत्र में स्थित है जो मगध की राजधानी राजगृही से आठ मील दूर है। यह भगवान महावीर की जन्मभूमि नहीं हो सकती क्योंकि उसका विस्तार 12 योजन होता है। विदेह- देश स्थित वासोकुण्ड- वैशाली भगवान महावीर की जन्म भूमि है।**

उ. आ.श्री सीमन्धर सागर जी

**501. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर सात प्रकार की सेनाओं में चौथे नम्बर पर किसकी सेना थी?**

उ. पैदल सैनिक

**502. महावीर स्वामी के समवशरण में प्रत्येक मंगल द्रव्य कितनी-कितनी संख्या में थे?**

उ. 108-108

**503. महावीर स्वामी का जीव दूरवर्ती पैतीस भवों में कौन से स्वर्ग में देव बना था?**

उ. ब्रह्मस्वर्ग (5वां स्वर्ग)

**504. महावीर स्वामी के चारों ओर शासन क्षेत्रपालों का नाम क्या है?**

उ. श्री कुमुद, श्री अंजन, श्री चामर, श्री पुष्पदंत

**505. महावीर स्वामी की मूर्ति 'पारसनाथ का किला' में भूगर्भ से प्राप्त किस संवत् की है?**

उ. 1063 (भारत के दि.जैन तीर्थ भाग-1, चित्रावली में)

**506. महावीर स्वामी की माता ने चौथे स्पप्न में क्या देखा था?**

उ. दो मालाएं

**507. महावीर स्वामी पर सन् 1987 में 'पंचकल्याणी महावीर' (नाटक) पुस्तक किसने लिखी?**

उ. आचार्य विमल प्रकाश जैन मूलन

**508. महावीर स्वामी से सम्बन्धित पदों पर डॉ. वीरसागर जैन दिल्ली द्वारा सम्पादित पुस्तक का नाम क्या था, जो सन् 2001 में प्रकाशित हुई थी?**

उ. महावीर- पदावली

**509. महावीर स्वामी के नाना का नाम क्या था?**

उ. राजा चेटक

**510. महावीर स्वामी के अभिषेक के लिए क्षीर सागर का जल कितनी बार लाया गया था?**

उ. दो (जन्माभिषेक-दीक्षाभिषेक)

**511. महावीर स्वामी के जीव ने विश्वनंदी की पर्याय में किनसे दीक्षा ली थी?**

उ. सम्भूत मुनिराज

**512. महावीर स्वामी महावीर स्वामी की माता श्री त्रिशला देवी को दिगम्बर वाले किस वंश का मानते हैं?**

उ. हैहय वंशीय

(वर्धमान महाकाव्य, अनूप शर्मा, पृ.-12)

**513. महावीर स्वामी के श्वेताम्बर के अनुसार बड़े भाई का नाम क्या था?**

उ. नन्दिवर्धन

**514. महावीर स्वामी पर 'हिस्टोरी ऑफ बिहार' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. प्रो. राधा कृष्ण चौधरी

**515. महावीर स्वामी का 2500वां निर्वाण महोत्सव किस सन् में मनाया गया था?**

उ. सन् 1974

**516. महावीर स्वामी की स्तुति आ. श्री समन्तभद्र स्वामी ने कौन से चौबीसी स्तोत्र में की है?**

उ. स्वयंभू स्तोत्र

**517. महावीर स्वामी के साथ वट्केशराचार्य कृत मूलाचार ग्रन्थ में कौन से तीर्थंकर 'छेदो परस्थापना संयम' में उपदेश दिया है?**

उ. वृषभदेव

**518. महावीर स्वामी और कौन से तीर्थंकर के बारे में लोगों ने तीर्थंकर अरिष्टनेमि के मुख से सुना था?**

उ. पार्श्वनाथ

(हरिवंश पुराण, पृ.-566-576)

**519. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर' नामक गुजराती पुस्तक किसने लिखी जिसका अनुवाद सरोज शाह (बी.ए.बी.टी.) ने किया?**

उ. श्री जय भिक्खु

**520. महावीर स्वामी ने मोक्ष जाने के पूर्व कितने दिन का योग निरोध किया था?**

उ. दो दिन पूर्व

**521. वह कौन थी जिसके यहां पर आहार के पश्चात पंचाश्चर्य हुए थे?**

उ. चंदना (चंदनबाला)

**522. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किसके है कि गुरु आज्ञानुसार में तो परम्परा मान्य जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालन्दा) को ही स्वीकार करता हूं?**

उ. युवामुनि आ. चैत्यसागर जी

इन्दौर में, डॉ. अनुपम जैन इन्दौर एवं रमेश कासलीवाल से चर्चा के दौरान)

**523. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किनके हैं- भगवान महावीर सत्य और अहिंसा के अवतार थे। उनकी पवित्रता ने संसार को जीत लिया था?**

उ. महात्मा गांधी

**524. महावीर स्वामी के कौन से गणधर के माता-पिता का नाम विजया देवी और धनदेव था?**

उ. माण्डव्य जी (छठवें नं. के)

**525. महावीर जी अतिशय क्षेत्र किस नदी के निकट बसा है?**

उ. गम्भीर नदी

**526. महावीर स्वामी के जीव ने देव पर्याय के कितने भव प्राप्त किये?**

उ. अस्सी लाख भव

**527. महावीर स्वामी पर पं. लाल बहादुर शास्त्री ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर दर्शन

**528. महावीर स्वामी पर 'वीर भक्तामर' सन् 1926 में किसने लिखा था?**

उ. धर्म वर्धन गणि

**529. महावीर स्वामी की आयु अगर 72 वर्ष थी तो गौतम बुद्ध की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 80 वर्ष (महावीर युग और जीवन दर्शन पृ.-80)

**530. महावीर स्वामी को पाली ग्रंथों में किस नाम से जाना जाता था?**

उ. निगण्ठ नातपुत

**531. महावीर स्वामी आदि पांच बालयतियों के मंदिर को कहाँ पर 'पंच कुमार मंदिर' कहते हैं?**

उ. अवधापुर (महा.)
(जिलाः परभणी, पु. तीर्थ वंदन संग्रह, पृ.-116)

**532. महावीर स्वामी के समवशरण में विपुलमति मनःपर्याय ज्ञानी कितने मुनि थे?**

उ. 500 (पांच सौ)

**533. महावीर स्वामी के दादाजी का नाम क्या था?**

उ. राजा सर्वार्थ जी

**534. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद के बाद 'वेश्या के भव' कितनी बार धारण किया?**

उ. 60,000 (साठ हजार)

**535. महावीर स्वामी के धर्म प्रवर्तन (तीर्थ स्थापना) किस मुहूर्त में हुई थी?**

उ. रूद्र मुहूर्त

**536. महावीर स्वामी से श्वेताम्बर सम्प्रदाय अनुसार कितने ब्राह्मणों ने निर्ग्रन्थ प्रवचन अंगीकार किया तथा भगवान के श्रामण्य धर्म को स्वीकार किया था?**

उ. 4411
(वर्द्धमान महाकाव्य, अनूप शर्मा, पृष्ठ-31)

**537. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर कैसे बने?' नामक पुस्तक कौन सी गणिनी आर्यिका माताजी ने लिखी थी?**

उ. ग.आ. ज्ञानमति माताजी

**538. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान चरित्र' (भाषा पद्य) कौन से जैन कवि ने लिखा?**

उ. नवलशाह

**539. महावीर स्वामी के निर्वाण स्थल पावापुर में भ. महावीर स्वामी के साथ और किन-किनके चरण विराजमान हैं?**

उ. गौतम स्वामी, सुधर्म स्वामी

**540. महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के कितने वर्ष बाद मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त का राज्याभिषेक हुआ था?**

उ. 155 वर्ष (एक सौ पचपन वर्ष)

**541. महावीर स्वामी पर आ.श्री सकलकीर्ति जी ने 19 सर्ग (अध्याय) संस्कृत भाषा में 'वर्धमान पुराण' किस वि.सं. में लिखा था?**

उ. 1518

**542. महावीर स्वामी की मोक्ष तिथि क्या है?**

उ. कार्तिक कृष्णा अमावस्या

**543. महावीर स्वामी के आठवें गणधर का नाम क्या था?**

उ. मैत्रेय (अकम्पित

**544. महावीर स्वामी के समवशरण में कौन सी भूमि की ऊंचाई उनके शरीर की ऊंचाई से चार गुणी होती है?**

उ. धूलिसाल भूमि

**545. महावीर स्वामी का जीव त्रिपृष्ठ नारायण की पर्याय के बाद कौन से नरक गया था?**

उ. सातवें नरक

**546. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार डेढ़ मासी तप कितनी बार किया था?**

उ. दो बार

**547. महावीर स्वामी की प्रथम देशना स्थली राजगृही में कौन से प्रतिनारायण ने राज्य किया था?**

उ. जरासंघ
(पु. तीर्थ वंदना संग्रह पृष्ठ 169)

**548. महावीर स्वामी का जीव दूरवर्ती पैंतीस भवों में इकतीसवें भव में कौन सा ब्राह्मण था?**

उ. जटिल ब्राह्मण

**549. महावीर स्वामी के जन्मस्थान को आचार्य श्री गुणभद्र स्वामी ने 9वीं शती ई. में उत्तरपुराण में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर (74/251-52 पृष्ठ 460)

**550. महावीर स्वामी के 2600वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर सन् 2001 में नेपाल सरकार ने कितने रुपये का सिक्का जारी किया था?**

उ. 250 रुपया

**551. महावीर स्वामी के नाना राजा चेटक प्रजातान्त्रिक गणतंत्र के किस पद पर सुशोभित थे?**

उ. राष्ट्राध्यक्ष

**552. महावीर स्वामी के बारे में 'अहिंसा : महावीर की दृष्टि में' पुस्तक किसने लिखी?**

उ. डॉ. हुकमचन्द्र भारिल्ल
(यह कृति हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, गुजराती भाषा में छपी है)

**553. महावीर स्वामी के समवशरण में शिक्षक मुनियों की संख्या कितनी थी?**

उ. नौ हजार नौ सौ

**554. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'एक हजार आठ लक्षण सहित वाला' था?**

उ. सरोवर

**555. महावीर स्वामी के नाम पर इंदौर म.प्र. में सुदामा नगर में 'महावीर द्वार' का शिलान्यास कब हुआ था?**

उ. 28/02/2001

(सान्निध्य- उपा. निजानन्द सागर जी महाराज)

**556. महावीर स्वामी के (श्वेताम्बर अनुसार) आलंभिका में कितने चातुर्मास हुए थे?**

उ. 1 (एक)

**557. महावीर स्वामी का वैशाली की सील के कारण एक नाम पड़ गया था। वह नाम क्या है?**

उ. वैशालिक

**558. महावीर स्वामी पर 'महावीर की साधना के रहस्य' 100 पृष्ठीय पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. श्री चन्द्रप्रभ जी

**559. महावीर स्वामी के जन्म के कितने वर्ष बाद भारत के राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद ने वैशाली के स्मारक का उद्घाटन किया था?**

उ. 2555

**560. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर का बुनियादी चिंतन' नामक 23 पृष्ठ की पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. जयकुमार जलज

(25 जनवरी 2002 को प्रकाशित हुई)

**561. महावीर स्वामी का परम पावन किस तीर्थ का सहस्राब्दी समारोह 1 फरवरी से 8 फरवरी 1998 में मनाया गया था?**

उ. महावीर जी

**562. महावीर स्वामी के कहाँ के मंदिर में छोटी प्रतिमा के बारे में मान्यता है कि प्रतिदिन लघु शांतिधारा करने से असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं?**

उ. वैशाली

(बिहार में हाजीपुर से 25 कि.मी. पर है)

**563. महावीर स्वामी को मोक्ष किस नक्षत्र में हुआ था?**

उ. स्वाति नक्षत्र

**564. महावीर स्वामी की माता ने आठवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. कलश युगल

**565. महावीर स्वामी के कौन से दो गणधरों की माता का नाम 'विजयादेवी' था?**

उ. माण्डव्य मौर्यपुत्र (छठवें-सातवें)

**566. महावीर स्वामी पर डॉ. सुपार्श्व कुमार जैन ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर वाणी

**567. महावीर स्वामी का नाम जहां 'अतिवीर' पड़ा उसका वर्तमान नाम क्या है?**

उ. अतिवीर पुर

**568. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है-**

**'अब मोहे तार लेहु महावीर।**
**सिद्धारथ नन्दन जग वन्दन,**
**पाप निकन्दन धीर॥'**

उ. द्यानतराय जी

**569. महावीर स्वामी पर संस्कृत भाषा में किस किसने महावीर चरित्र लिखे हैं?**

उ. पद्मनन्दि, केशव और वाणी वल्लभ

**570. महावीर स्वामी पर डॉ. हुक्मचन्द्र जी भारिल्ल ने चार कौन-कौन सी पुस्तक लिखी?**

उ. 1. तीर्थंकर महावीर और उनका सर्वोदय तीर्थ
2. अहिंसा : महावीर की दृष्टि में
3. तीर्थंकर भगवान महावीर
4. वीतरागी व्यक्तित्व : भगवान महावीर

**571. महावीर स्वामी की 52 पोखर तालाब से प्राप्त काले पाषाण की मूर्ति कहाँ पर विराजमान है?**

उ. बासोकुण्ड (बिहार)

**572. महावीर स्वामी की जन्मभूमि कुण्डलपुर (बिहार) में 'नंद्यावर्त महल' सन् 2003-04 में किसकी प्रेरणा से बना है?**

उ. ग.आ. ज्ञानमती माताजी
(महल मात्र 22 माह की अवधि में पूर्ण हुआ)

**573. महावीर स्वामी की नानी का नाम क्या था?**

उ. रानी सुभद्रा

**574. महावीर स्वामी के वैराग्य के बाद सर्वप्रथम पालकी सात कदम किसने उठायी थी?**

उ. भूमि गोचरी राजा

**575. महावीर स्वामी का जीव जब चक्रवर्ती बना था तब उसके माता पिता का नाम क्या था?**

उ. रानी मनोरमा-राजा सुमित्र

**576. महावीर स्वामी के जीव प्रियमित्र चक्रवर्ती ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली थी?**

उ. 1000 (एक हजार)

**577. महावीर स्वामी के सातवें नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. अकम्पन

**578. महावीर स्वामी की श्वेताम्बर अनुसार भाभी का नाम क्या था?**

उ. प्रजावती

**579. महावीर स्वामी के सन् 2002 में 2600वें जन्मोत्सव पर कोलकाता द्वारा कितनी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया था?**

उ. 26 (15 अप्रैल को, साइंस सिटी सभागार)

**580. महावीर स्वामी ने दिगम्बर के अनुसार जब 30 वर्ष की आयु में दीक्षा ली थी तब उनके माता-पिता जीवित थे, लेकिन श्वेताम्बर जैन उनकी मृत्यु कितने वर्ष की उम्र में मानते हैं?**

उ. 28 वर्ष की

**581. महावीर स्वामी का उपदेश केवलज्ञान के पहले भी कौन से जैन सम्प्रदाय के लोग मानते हैं?**

उ. श्वेताम्बर

(श्वेताम्बर प्रथम समवशरण में केवल देव ही उपस्थित थे, मनुष्य नहीं)

**582. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'वैशाली के राजकुमार तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. डॉ. नेमिचन्द्र जैन, इन्दौर

**583. महावीर स्वामी का मोक्ष का समय क्या है?**

उ. प्रत्यूष बेला (प्रातःकाल)

**584. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर सात प्रकार की सेनाओं में पांचवें नम्बर पर किसकी सेना थी?**

उ. बैल

**585. महावीर स्वामी के समवशरण में चार द्वारों का नाम क्या था?**

उ. विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित

**586. महावीर स्वामी के पांचवें गणधर सुधर्म की कितनी आयु थी?**

उ. 100 वर्ष

**587. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान चम्पू' (गद्य-पद्य) किसने लिखा?**

उ. पंडित मूलचन्द्र शास्त्री

**588. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में तीसवें भव में कौन से स्वर्ग में देव बना था?**

उ. सौधर्म स्वर्ग (प्रथम स्वर्ग)

**589. महावीर स्वामी का जीव कितनी बार घोड़ा बना?**

उ. आठ करोड़

**590. महावीर स्वामी पर 'महावीर जीवन की महिमा' नामक पुस्तक सन् 1927 में किसने लिखी है?**

उ. बेचरदास दोषी

**591. महावीर स्वामी के तीर्थ को आ.श्री समन्तभद्र स्वामी ने किस नाम से प्रतिपादित किया?**

उ. सर्वोदय तीर्थ

**592. महावीर स्वामी के चिन्हों में भारतीय पुरातत्व में कौन सा चिन्ह मिलता है, क्योंकि आदिनाथ के शीश पर त्रिशूल परक एक मुकुट सा बना होता है?**

उ. घुंघराले केशपास

**593. महावीर स्वामी की प्रथम देशना कौन सी स्थली पर ठंडे व गर्म जल के गोमुख बने हैं?**

उ. राजगृही

**594. महावीर स्वामी को किस नदी के तट पर केवलज्ञान हुआ था?**

उ. ऋजुकूला

**595. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न था जिसका फल 'पूर्णज्ञानी' (केवलज्ञानी) था?**

उ. समुद्र

**596. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है (मराठी भाषा में) महिपति सिद्धार्थ कुंडलपुरी,**

**वीर जन्मले त्रिसले च्या उदरी।**

**तीस वर्ष कुमार दीक्षा सिकारी,**

**पावापुरी मुक्ति पद्म सरोवरी॥**

उ. चिमणा पंडित

(समयः 1651-1670, पु. तीर्थ वंदन संग्रह, पृ.-89)

**597. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद से निकलकर 'शिकारी' कितनी बार बना?**

उ. पांच करोड़

**598. महावीर स्वामी की श्वेताम्बर जैनमत के अनुसार दामाद की कितनी स्त्रियां थी?**

उ. आठ (8)

**599. महावीर स्वामी की अकोटा से चंदन की लकड़ी की मूर्ति कहाँ के संग्रहालय में सुरक्षित है?**

उ. बड़ौदा

**600. महावीर स्वामी अतिशय क्षेत्र आगरा (उ.प्र.) से कितने किलोमीटर पर है?**

उ. 170 किलोमीटर

**601. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान महावीर एवं देव-शास्त्र-गुरु-पूजा' पुस्तक किसने लिखी है?**

उ. मीठीलाल जैन

**602. महावीर स्वामी के निर्वाण के कितने वी. नि.वर्ष बाद 'कुमार पाल' राजा हुए थे?**

उ. 1669 वी.नि. वर्ष बाद

**603. महावीर स्वामी के विहार प्रांत में कौन से तीर्थ को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है?**

उ. राजग्रही (राजगीर)

**604. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ पर रामकुण्ड से निकली थी?**

उ. अंकलेश्वर

(गुजरात में है, साथ में आदिनाथ-नेमिनाथ व पार्श्वनाथ भगवान की भी मुर्ति निकली थी)

**605. महावीर स्वामी का जीव जब राजग्रही नगर में राजा विश्वभूति-रानी जैनी के घर जन्मा था, तब क्या नाम था?**

उ. विश्वनन्दी

**606. महावीर स्वामी का मोक्ष स्थान कहाँ का उद्यान बना था?**

उ. पावापुर

**607. महावीर स्वामी के जनम के समय ज्योतिषी देवों के यहां क्या बजता है?**

उ. सिंहनाथ

**608. महावीर स्वामी आदि पांचों बालयतियों को श्वेताम्बरों के कौन से ग्रन्थ में 'कुमार प्रव्राजिक' लिखा है?**

उ. स्थानांग सूत्र (सूत्र नं. 479)

**609. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार दीक्षा के दिन कितने उपवास किये थे?**

उ. एक

**610. महावीर स्वामी क कौन से गणधर के माता-पिता का नाम विजयादेवी और मौर्य था?**

उ. मौर्यपुत्र जी (सातवें नं. के)

**611. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किसके हैं- 'यदि संसार को तबाही से बचाना है और कल्याण के मार्ग पर चलना है तो भगवान महावीर के संदेश और उनके बताए हुए रास्ते को ग्रहण किए बिना और कोई रास्ता नहीं है?**

उ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**612. महावीर स्वामी की सर्वज्ञता तथा सर्वदर्शीपने की चर्चा बौद्धों के किस ग्रन्थ में आई है?**

उ. मज्झम निकाय

(पु. महाश्रमण महावीर, ले. सुमेरचंद्र दिवाकर पृ.-11)

**613. महावीर स्वामी की जन्मभूमि वैशाली का वर्तमान नाम क्या है?**

उ. बसाढ़

**614. महावीर स्वामी की मूर्ति खुदाई में हरियाण प्रांत में किस अतिशय क्षेत्र पर 26.8. 1997 को प्राप्त हुई है?**

उ. कासनगांव

(यह क्षेत्र गुड़गांव से 20 किमी की दूरी पर है। खुदाई में और भी 9 प्रतिमाएं प्राप्त हुई थीं।

**615. महावीर स्वामी की दादी का नाम क्या है?**

उ. श्री श्रीमती जी (सुप्रभा)

**616. महावीर स्वामी के वैराग्य के बाद विद्याधर राजा पालकी को कितने कदम ल गये थे?**

उ. सात कदम

**617. महावीर स्वामी का निर्वाण श्वेताम्बर किस वि.सं. पूर्व मानते हैं?**

उ. 470

**618. महावीर स्वामी की अमृतवाणी पर जिनसूत्र नामक पुस्तक 180 पृष्ठ की किसके द्वारा लिखी हुई है?**

उ. श्री चन्द्रप्रभ जी

**619. महावीर स्वामी के पावापुरी जैन जल मंदिर कर्नाटक प्रांत में कहाँ पर है?**

उ. वारंग

**620. महावीर स्वामी को किस कवि ने 'दया वड्ढमाणां जिणा वड्ढमाणां' दया से वर्धमान जिनेश्वर वर्धमान के रूप में स्मरण कर अभिवंदना की है?**

उ. महाकवि पुष्पदंत

**621. महावीर स्वामी के नाम से म.प्र. में वह कौन सा अतिशय क्षेत्र है जो 1200 वर्ष पुराना है, यहां पर महावीर स्वामी समवशरण भी आया था?**

उ. बरही (वल्लभपुर)

**622. महावीर स्वामी के नाम पर महाराष्ट्र में 'महावीर ब्रह्मचर्याश्रम' (गुरुकुल) कहाँ पर बना है?**

उ. कारंजा (जिला-वाशीम)

**623. महावीर स्वामी की कहाँ के हेमाड़ पंथी के मंदिर में 5 फुट 3इंच की श्याम वर्ण की पद्मासन प्रतिमा विराजमान है?**

उ. तेर

(यह अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में उस्मानाबाद से 18 किमी. है)

**624. महावीर स्वामी का मंदिर कहाँ पर एक शिलालेख के अनुसार 1170 में पौरवाल जैन पुरखों ने बनवाया था जो मुगल राजाओं के आक्रमण से नष्ट हो गया?**

उ. नरायना

(यह क्षेत्र फुलेरा से 11 किमी व दूधू से 14 किमी है)

**625. महावीर स्वामी कौन से आसन से मोक्ष पधारे थे?**

उ. कायोत्सर्ग आसन

**626. महावीर स्वामी ने दीक्षा किससे ली थी?**

उ. वह स्वयं दीक्षित होते हैं।

**627. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में उन्तीसवें भव में किस नाम का ब्राह्मण था?**

उ. पुण्यमित्र ब्राह्मण

**628. महावीर स्वामी के पूर्व भव के जीव राजा नन्द ने कितने राजाओं के साथ मुनि दीक्षा ली थी?**

उ. 10 हजार (10000) वर्धमान चरित्र

**629. महावीर स्वामी  की जन्मभूमि वैशाली में 'वैशाली महोत्सव' में डॉ. ए. आर. किदवई (राज्यपाल बिहार) कब आये थे?**

उ. 24 अप्रैल 1994

**630. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सन् 2001 में पंजाब सरकार ने कितने ग्राम का शुद्ध सोने का सिक्का जारी किया था?**

उ. 10 ग्राम

**631. महावीर स्वामी पर पंक्तियां किसके द्वारा लिखी है?**

**'वीर महा महावीर जिनेसुर,**
**गौतम मान धनेसुर नाए।**
**बालक चाल में सील धरेसुर,**
**चंदना देखत बन्ध खुलाए॥**

उ. द्यानतराय जी

**632. महावीर स्वामी की म.प्र. में वह मुर्ति कहाँ पर विराजमान है जो 12 फुट 6 इंच ऊंची पद्मासन मुद्रा में है, पहले यह भगवान महावीर की समझी जाती थी जो कि अब आदिनाथ के रूप में पूजी जाती है?**

उ. कुण्डलपुर

**633. महावीर स्वामी की तमिलनाडु में ढाई फुट की पद्मासन मुद्रा में कहा पर विराजमान है यह आ. कुन्दकुन्द स्वामी की तपोभूमि भी है?**

उ. पौन्नूर मलें

**634. महावीर स्वामी के कौन से ज्ञान के समय दो नक्षत्र थे?**

उ. केवलज्ञान

**635. महावीर स्वामी के मंदिर सिद्धक्षेत्र सोनागिरि जी में कौन-कौन से नम्बर के मंदिर हैं?**

उ. 16 नं., 52 नं., 62 नं., 67 नं., 74 नं, 77 नं.

**636. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल जग 'जगद्गुरु होकर साम्राज्य प्राप्त करेगा?'**

उ. सिंहासन

**637. महावीर स्वामी के जीव ने सिंह की पर्याय में कौन से पर्वत पर अणुव्रत धारण किये थे?**

उ. सिंहगिरि पर्वत

**638. महावीर स्वामी जीव का नाम जब कन्कोज्वल था तब इनके माता पिता का क्या नाम था?**

उ. कनकवती, कनकपुंख

**639. महावीर स्वामी का जन्म किस तारीख को हुआ था?**

उ. 27 मार्च सोमवार

**640. महावीर स्वामी के (श्वेताम्बर मतानुसार) भद्दिया नगरी में कितने चातुर्मास हुए थे?**

उ. दो (2)

**641. महावीर स्वामी के समवशरण में चन्दनबाला का आर्यिका दीक्षा के दिन कौन सी उपाधि (पद) से सुशोभित किया गया था?**

उ. गणिनी

**642. महावीर स्वामी के शासनकाल में किसने ई.पू. 465 में मोक्ष प्राप्त किया था?**

उ. श्री जम्बूस्वामी

**643. महावीर स्वामी का तीसरा सिद्धांत क्या था?**

उ. अपरिग्रह

**644. महावीर स्वामी के समान और कौन से तीर्थंकर ने 30 वर्ष की अवस्था में संयम धारण किया था?**

उ. श्री पार्श्वनाथ जी
(उत्तरपुराण, आ. गुणभद्र स्वामी कृत)

**645. महावीर स्वामी के वह कौन भक्त थे जो नगर में आग पर लगाने पर सिंहासन, छत्र चंवर, आदिराज चिन्हों को सिर पर रखकर बाहर आये थे?**

उ. राजा श्रेणिक (राज.)

**646. महावीर जी अतिशय क्षेत्र किस जिले में आता है?**

उ. सवाई माधोपुर (राज.)

**647. महावीर स्वामी के कितने शिष्य सौधर्म स्वर्ग से लेकर उर्ध्व ग्रैवेयक तक गये?**

उ. 800 (आठ सौ)

**648. महावीर स्वामी की माता ने नौवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. मीन युगल

**649. महावीर स्वामी के समवशरण में वापिकाओं में कितने भव दिखाई देते थे?**

उ. सात (7)

**650. महावीर स्वामी की दिव्यध्वनि कुल कितनी भाषाओं में खिरती थी?**

उ. 718

**651. महावीर जी अतिशय क्षेत्र में महावीर स्वामी की मूर्ति किस गांव में प्रकट हुई थी?**

उ. चांदनपुर

**652. महावीर स्वामी की जन्म कुंडली में छठवें भाव में कौन सा ग्रह बैठा था?**

उ. चन्द्र

**653. महावीर स्वामी की मूर्ति जबलपुर जिले के किस तीर्थ पर खेत में हल जोतते हुए मिली थी?**

उ. कोनी जी
(प्रतिमा जी चार फुट ऊंची और सवा दो फुट चौड़ी)

**654. महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य गौतम स्वामी का निर्वाण किस ई.पू. में हुआ था?**

उ. 503

**655. महावीर स्वामी का जीव कितनी बार बिल्ली बना?**

उ. 20 करोड़

**656. महावीर स्वामी पर जैन तीर्थंकर और भ. महावीर नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. मोहन सिंह

**657. महावीर स्वामी कीर नौ टन पीतल की विश्व प्रसिद्ध ग्यारह फुट ऊंची खड्गासन की मूर्ति कहाँ पर विराजमान है?**

उ. सागर (म.प्र.) मंगलगिरि

**658. महावीर स्वामी की मूर्ति के साथ तमिलनाडु में वह कौन सा स्थान है जहां पार्श्वनाथ व अंबिकादेवी की मूर्ति है, यहां के मंदिर में ही अकलंक स्वामी का बौद्धों से शास्त्रार्थ हुआ था?**

उ. श्री मुनिगिरि तीर्थ
(यह क्षेत्र कांचीपुरम से 20 किमी है)

**659. महावीर स्वामी के नाना कहाँ के राजा थे?**

उ. वैशाली

**660. महावीर स्वामी के समवशरण में किसे दीक्षा लेते ही मनः पर्याय ज्ञान प्राप्त हो गया था?**

उ. गौतम स्वामी

**661. महावीर स्वामी पर मित्रसेन जैन ने कौन सा नाटक लिखा था?**

उ. महावीर नाटक

**662. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद के बाद कितनी बार 'हाथी' बना?**

उ. 20 करोड़

**663. महावीर स्वामी की स्तुति में ये पंक्तियां किनके लिखित है?**

**'श्रीमते वर्धमानाय, नमो नमित-विद्विषे। यज्ज्ञानान्तर्गतं भूत्वा, त्रैलोक्यं गोप पदायते॥**

उ. श्री गौतम स्वामी जी (चैत्यभक्ति में)

**664. महावीर स्वामी की भूगर्भ प्राप्त मूर्ति म. प्र. में कहाँ पर प्राप्त हुई थी, इस क्षेत्र की खोज सन् 1935 में हुई थी?**

उ. ऊन (पावागिरि)

**665. महावीर स्वामी समवशरण मंदिर महाराष्ट्र के किस अतिशय क्षेत्र पर बना है?**

उ. कुम्भोज बाहुबली
(कोल्हापुर से 30 किमी है)

**666. महावीर स्वामी की खड्गासन में कहाँ के पद्म सरोवर में 15 फुट ऊंचे कमल पर 21 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित है?**

उ. अणिन्दा पार्श्वनाथ

**667. महावीर स्वामी की प्रतिमा कहाँ पर सन् 1982 में 21 फुट ऊंची खड्गासन मे विराजमान हुई थी?**

उ. चूलगिरि, खानियां जी

**668. महावीर स्वामी की प्रतिमा ग्वाले को कहाँ पर मिली थी, यहां पर जयपुर से भट्टारक नियुक्त होते रहे हैं?**

उ. महावीर जी

**669. महावीर स्वामी की अहिंसा के बारे में ये किसके विचार हैं कि 'यदि मुझे गौहत्या बंदी और स्वराज में से किसी एक को चुनने के लिए कहा जाए तो मैं पहले गौहत्या बंदी को चुनूंगा?'**

उ. महात्मा गांधी
(संस्कार सागर, जनवरी-2000, पृ.-47)

**670. महावीर स्वामी का समवशरण यहां पर कई बार आया है वह कौन सा स्थान है जिसका वर्तमान में सहेठ-महेट नाम है और एक तीर्थंकर की जन्मस्थली है?**

उ. श्रावस्ती

**671. महावीर स्वामी के कितने शिष्य अनुत्तर विमान में गये थे?**

उ. 8800

**672. महावीर स्वामी के नौवें गणधर का नाम क्या था?**

उ. अकम्पन (अचल भ्राता)

**673. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में अट्ठाइसवें भव में कौन से स्वर्ग में देव बना था?**

उ. सौधर्म स्वर्ग (प्रथम स्वर्ग)

**674. महावीर स्वामी पर सन् 1929 में 'महावीर वीर चरित्र' किसने लिखा था?**

उ. जिल वल्लभ

**675. महावीर स्वामी के समवशरण में 3919 जीव आत्माओं से सहित किसको तारण पंथ वाले मानते हैं?**

उ. मंडलाचार्य जी महाराज साहब

**676. महावीर स्वामी की मूर्ति तमिलनाडु में कहाँ पर त्रैलेक्यनाथ स्वामी के नाम से अर्द्ध पद्मासन में है, जो कि लगभग 5 फुट की है?**

उ. श्री जिनकांची तीर्थ

(ईसा 7वीं सदी में चीनी यात्री ह्युनसांग ने भी उल्लेख किया, इसके अनुसार यहां 80 जैन मंदिर थे)

**677. महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर कहाँ 4 नवम्बर 2003 को 'अनेकांत वाचनालय' की स्थापना की गई थी?**

उ. डाबी (राज.)

(मुनि श्री ब्रह्मानन्द जी एवं क्षु. देवानन्द के सान्निध्य में)

**678. महावीर स्वामी के नाम पर मुजफ्फरनगर के किस अतिशय क्षेत्र पर 'महावीर बाल वाटिका बनी है?**

उ. वहलना जी

**679. महावीर स्वामी के नाम आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर कहाँ पर 'भगवान महावीर धर्मार्थ चिकित्सालय' बना है?**

उ. मंगलायतन

**680. महावीर स्वामी की प्रतिमा भारत के किस राष्ट्रपति के कक्ष में रखी थी। उस समय चीन के प्रधानमंत्री चर्चारत थे?**

उ. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**681. महावीर स्वामी की बड़ी (पहली) मौसी का नाम क्या था?**

उ. मृगावती

**682. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल 'स्वर्ग से अवतीर्ण' था?**

उ. देव विमान

**683. महावीर स्वामी पर 'महावीर या महाविनाश' पुस्तक किसने लिखी?**

उ. आ. रजनीश (ओशो)

**684. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी हैं-**

**महावीर महावीर जीवाजीव छीर-नीर,**
**पाप ताप नीर-तीर धरम की घर है।**
**आस्रव स्रवत नांहि बंधन न बंध मांहि,**
**निर्ज्जरा निर्जरत संवर के घर है॥**

उ. द्यानतराय जी

**685. महावीर स्वामी पर 'श्री चांदनगांव के महावीर स्वामी चरित्र कीर्तन' नामक पुस्तक 54 पृष्ठ की किसने लिखी थी?**

उ. लाला गुलशन राय जैन
(खतौली वाले, मूल्य : 20.00 रु.)

**686. महावीर स्वामी का महाराष्ट्र प्रांत में वह कौन सा स्थान है जहां पर पांच फुट पांच इंच वाली मूर्ति विराजमान है। यहीं पर ब्रह्मचारी महती सागर जी की समाधि भी बनी है?**

उ. दहिगांव

**687. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ पर सुमेरू पर्वत पर 9 फुट ऊंची पद्मासन में विराजमान है?**

उ. अणिन्दा पार्श्वनाथ (राज.)

**688. महावीर स्वामी कहाँ के शंकर मुख उद्यान में स्थानावस्थित रहे थे, यहीं पर आदिनाथ भगवान के केवलज्ञान प्रकट किया था?**

उ. श्री पुरिमताल

(यह क्षेत्र उ.प्र. में इलाहाबाद, प्रयाग के निकट है।)

**689. महावीर स्वामी के कितने शिष्य मोक्ष जाने से पहले मोक्ष गये?**

उ. 4400

**690. महावीर स्वामी की माता ने सोलह स्वप्न देखने के बाद मुख में प्रवेश करते हुए क्या देखा था?**

उ. हाथी

**691. महावीर स्वामी के समवशारण में प्रत्येक नाट्यशाला में कितनी रंगभूमियां होती हैं?**

उ. 32

**692. महावीर स्वामी के अहिंसा सिद्धांत को जीवन में अपनाकर भूदान यज्ञ का प्रवर्तन किसने किया था?**

उ. आचार्य विनोबा भावे (संस्कार सागर पत्रिका, अप्रैल 2003, पेज-16, लेख-सुरेशचन्द्र जैन बारौलिया, आगरा)

**693. महावीर स्वामी के सातवें गणधर (मौर्यपुत्र) की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 95 वर्ष

**694. महावीर स्वामी ने श्वेताम्बर मतानुसार पक्षोपवास कितनी बार किया था?**

उ. 72 बार

**695. महावीर स्वामी के कौन से गणधर के माता-पिता का नाम जयंति और देव था?**

उ. अकम्पन जी (आठवें नं. का)

**696. महावीर स्वामी के बारे में ये किसके विचार हैं- अहिंसा के महान प्रचारक केवल भगवान महावीर ही थे। उन्होंने साढ़े बारह वर्ष के तप, ध्यान और त्याग के बाद सारे विश्व को यदि अहिंसा का जन संदेश न दिया होता तो संसार में अहिंसा का नामोनिशान न होता।**

उ. धर्मानन्द कौशाम्बी

**697. महावीर स्वामी का जीव धोबी कितनी बार बना?**

उ. 9 लाख

**698. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सन् 2001 में पंजाब सरकार ने कितने ग्राम का शुद्ध चांदी का सिक्का जारी किया था?**

उ. 50 ग्राम

**699. भ. पार्श्वनाथ की उत्पत्ति के पश्चात् कितने वर्ष बाद महावीर स्वामी हुए?**

उ. 278 वर्ष

**700. महावीर स्वामी पर 'महावीर निर्वाण भूमि पावा : एक विमर्श' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. भगवती प्रसाद खेतान

**701. महावीर स्वामी के दीक्षा के केश इन्द्र कौन से सागर में प्रवाहित करता है?**

उ. क्षीर सागर

**702. महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के समय कौन से फूफा जी आये थे?**

उ. जितशत्रु

**703. महावीर स्वामी के आठवें नम्बर के मामा का क्या नाम था?**

उ. पतंगक

**704. महावीर स्वामी के समकालीन वह कौन थे जिनका मत था कि सात पदार्थ किसी के द्वारा बनाये हुए नहीं हैं, वे कूटस्थ और अचल हैं। वे एक-दूसरे को सुख-दुःख नहीं देते, एक दूसरे पर प्रभाव नहीं डालते?**

उ. प्रक्रुद्ध कात्यायन
(सात पदार्थ- पृथ्वी, अप, तेज, वायु, सुख, दुःख, जीव)

**705. महावीर स्वामी का बोधि वृक्ष कौन सा था?**

उ. शाल

**706. महावीर स्वामी का विदेह देश में विहार होने के कारण प्रान्त का नाम पड़ गया?**

उ. बिहार

**707. महावीर स्वामी के नाम पर कार्तिक सुदी एकम से कौन सा संवत् शुरू होता है?**

उ. वीर संवत्

**708. महावीर स्वामी के साथ अजितनाथ व पार्श्वनाथ की मूर्तियां जो हिसार (हरियाणा) में विराजमान हैं, वह किस शताब्दी की हैं?**

उ. 15वीं शताब्दी

**709. महावीर स्वामी का समवशरण महाराष्ट्र में ब्रह्मज्ञान सागर के अनुसार यहां आया था और यहां पर मंदिरों के खण्डारों से प्राप्त कुछ ईंटें पानी पर तैर जाती हैं?**

उ. तेर (यह अतिशय क्षेत्र उस्मानाबाद से 18 कि.मी. दूरी पर है)

**710. महावीर स्वामी के साथ कितने मुनिराज अकेले मोक्ष गये?**

उ. कोई नहीं (अकेले ही गये)

**711. महावीर स्वामी के समवशरण में किसने क्षायिक सम्यग्दर्शन प्राप्त किया था?**

उ. राजा श्रेणिक

**712. महावीर स्वामी की माता ने दसवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. सरोवर

**713. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में चौथे भाव में कौन से दो ग्रह बैठे हैं?**

उ. गुरु, राहु

**714. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में सत्ताइसवें भव में किस नाम का ब्राह्मण था?**

उ. अग्नि सह ब्राह्मण

**715. महावीर स्वामी की एक तीन फुट की बलुए पाषाण की मूर्ति कहाँ मिली थी, वर्तमान में इसे पारसनाथ का किला कहते हैं?**

उ. ढापुर

(यह स्थान उ.प्र. में बिजनौर-हस्तिनापुर से 18 कि.मी. है)

**716. महावीर स्वामी के मित्र चलघर, काकधर व पक्षधर कुमार इन तीनों का नाम कौन से कन्नड़ भाषा ग्रन्थ में आये हैं?**

उ. वर्द्धमान पुराण

(सेनापति चामुण्डराय कृत. पृष्ठ 291 पर)

**717. महावीर स्वामी का समवशरण उड़ीसा में कहाँ पर आया था, यहां से जदरथ राजा के 500 पुत्र मोक्ष गये थे, इसलिए यह सिद्धक्षेत्र भी है?**

उ. खण्डगिरी-उदयगिरी

**718. महावीर स्वामी का मंदिर जापान में कहाँ बना है?**

उ. कोवी (महावीर जैन टैम्पल, कोवी, जापान)

**719. महावीर स्वामी के साथ ब्रिटिश म्यूजियम लंदन में (W.C.I.B-3D.G) कौन से तीर्थंकर की जुड़वां मूर्ति है?**

उ. आदिनाथ जी

**720. महावीर स्वामी के नाम पर पश्चिम बंगाल में कौन सा जिला है?**

उ. वर्धमान

**721. महावीर स्वामी के समवशरण में कितने अवधिज्ञानी मुनिराज थे?**

उ. एक हजार तीन सौ (1300)

**722. महावीर स्वामी का मूलनायक मंदिर गाजियाबाद में कहाँ पर है?**

उ. संजय नगर (गाजियाबाद)

**723. महावीर स्वामी का समवशरण कौन सी मणि से निर्मित था?**

उ. नीलमणि

**724. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद से निकलकर 'गधा' कितनी बार बना?**

उ. 60 करोड़

**725. महावीर स्वामी के जीव की जन्म धातकी खण्ड के पूर्व विदेह की पुष्कलावती देश की पुण्डरीकिणी नगरी में हुआ था, तब क्या नाम था?**

उ. प्रियमित्र चक्रवर्ती

**726. महावीर स्वामी की माता के श्वेताम्बर कितने स्वप्न मानते हैं?**

उ. 14 (चौदह)

(हस्ती, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी, पुष्पमाला, चन्द्र, सूर्य, ध्वजा, कलश, पद्म, सरोवर, क्षीर समुद्र, देव विमान, रत्नराशि, निर्धूम अग्नि)

**727. महावीर स्वामी पर मंगलसेन जैन ने कौन सा नाटक लिखा था?**

उ. महावीर नाटक (चांदनगांव)

**728. महावीर स्वामी 'वीरायन' नामक महाकाव्य किसने लिखा?**

उ. रघुवीर शरण 'मिश्र'

**1123. महावीर स्वामी ने वैशाली से सूसुमारपुर की ओर विहार करते हुए अशोक वृक्ष के नीचे कौन सा तप किया था?**

उ. कायोत्सर्ग तप

**1124. महावीर स्वामी के जन्म स्थान को आचार्य श्री सकलकीर्ति जी ने 15वीं शती ई. में वर्धमान चरित्र ग्रन्थ में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डलपुर नगर (7/2, पृष्ठ-10)

**1125. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा रचित हैं-**

**नमो नमो जै श्री महावीर अंतिम तीर्थंकर।**
**अघहर प्रभु जाके गौतम, गणधर धीर॥**

उ. जगराम जी

**1126. महावीर स्वामी के 10 मंदिर मध्य प्रदेश के किस शहर जिला में हैं?**

उ. इन्दौर

**1127. महावीर स्वामी की जिस दिन वाणी खिरी थी उसे किस पर्व के रूप में जानते हैं?**

उ. वीर शासन जयंती

**1128. महावीर स्वामी का जीव जब अयोध्या नगरी में जन्मा था तब उसका क्या नाम था?**

उ. जटिल

**1129. महावीर स्वामी की पुत्री का नाम श्वेताम्बर सम्प्रदाय में क्या आया है?**

उ. प्रियदर्शना

**1130. महावीर स्वामी की जन्मभूमि वैशाली में वैशाली महोत्सव में श्री जयचन्द्र विद्यालंकार इतिहासकार कब आये थे?**

उ. 10 अप्रैल 1946

**1131. महावीर स्वामी पर 'श्याम मनोहर पाण्डेय' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. भगवान महावीर

**1132. महावीर स्वामी के शासनकाल से पूर्व का म.प्र. में वह कौन सा अतिशय क्षेत्र है जहां पर सन् 1998 में बहुत सारी मूर्तियों के सर काटकर चोर ले गये थे?**

उ. गोलाकोट

**1133. महावीर स्वामी के बारे में ये किसके वाक्य हैं- 'महावीर स्वामी ने जन्म-मरण की परम्परा पर विजय प्राप्त की थी, उनकी शिक्षा विश्व मानव के कल्याण के लिए थी। अगर आपकी शिक्षा संकीर्ण रहती तो जैनधर्म अरब आदि देशों तक न पहुंच पाता।'**

उ. आचार्य नरेन्द्र देव

**1134. महावीर स्वामी पर किस दि. जैनाचार्य श्री ने 'महावीर या महाविकास' नामक पुस्तक लिखी है?**

उ. आ.श्री पुष्पदन्त सागर जी महाराज

**1135. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्यश्री ने 'धर्म, जैन धर्म एवं महावीर भगवान' नामक पुस्तक (कृति) लिखी है?**

उ. आ.श्री कनकनन्दी जी महाराज

**1136. महावीर स्वामी के शरीर का वर्ण कैसा था?**

उ. स्वर्ण वर्ण

**1137. महावीर स्वामी के समवशरणा में कितने मानस्तम्भ थे?**

उ. चार

**1138. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद के बाद कितनी बार 'गर्भपात' हुआ?**

उ. साठ लाख

**1139. महावीर स्वामी के (श्वेताम्बर मतानुसार) चम्पा और पृष्ठ चम्पा में कितने चातुर्मास किये?**

उ. तीन

**1140. महावीर स्वामी के मोक्ष जाते समय पावापुर में राजा श्रेणिक उपस्थित थे, ऐसा दि. सम्प्रदाय के किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. हरिवंश पुराण (66/20)

**1141. महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य श्री गौतम स्वामी से लोहार्य पर्यंत काल कितने वर्ष है?**

उ. 683 वर्ष

**1142. महावीर स्वामी पर कोल्हापुर, महाराष्ट्र से 'हिन्दी के महाकाव्यों' में चित्रित भगवान महावीर' विषय पर पीएच.डी. उपाधि प्राप्त की थी?**

उ. सुषमा गुणावन्त रोटे

**1143. महावीर स्वामी के वह यूनान के कौन राजा अत्यन्त भक्त थे जिन्होंने आत्मध्यान के लिए तीर्थंकर महावीर की मूर्ति की स्थापना अपने यहां की थी?**

उ. राजा डेमेट्रियस

**1144. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य की 'मेरे महावीर' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई है?**

उ. आ.श्री पुष्पदन्त सागर जी

**1145. महावीर स्वामी का जन्म किस भवन में हुआ था?**

उ. नंद्यावर्त भवन

**1146. महावीर स्वामी की माता ने सोलहवें स्वप्न में क्या देखा था?**

उ. निर्धूम अग्नि

**1147. महावीर स्वामी के पूर्वभव के पिता और गुरु का नाम क्या था?**

उ. प्रोष्ठिल (पिता और गुरु)

**1148. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में शुक्र और चन्द्रमा 120 अंश के अंतराल पर स्थित हैं, यह क्या दर्शाता है?**

उ. सर्वज्ञता और वीतरागता

**1149 महावीर स्वामी ने 12 वर्ष 6 माह 15 दिन के मुनि जीवन के काल में कितने दिन उपवास किया था?**

उ. 12 वर्ष 1 माह 22 दिन

**1150. महावीर स्वामी के कौन से गणधर को आत्मा और मुक्ति के विषय में संदेह था?**

उ. प्रभास जी (11वें नं. के)

**1151. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में पन्द्रहवें भव में कौन से स्वर्ग में गया था?**

उ. महाशुक्र स्वर्ग

**1152. महावीर स्वामी के बारे में ये किस मुस्लिम व्यक्ति के विचार हैं- 'भगवान महावीर ने अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत और सहिष्णुता का मार्ग हमें बताया। भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलकर ही हम अपनी कठिनाइयों का समाधान कर सकते हैं?'**

उ. फखरूद्दीन अली अहमद

**1153. महावीर स्वामी का जीव कितनी बार नीम का वृक्ष बना?**

उ. 20,000 (बीस हजार)

**1154. महावीर स्वामी पर सन् 1938 में 'महावीर स्वामिनों अंतिम उपदेश' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**

उ. गोपाल दास पटेल

**1155. महावीर स्वामी ने अपने पैर के किस अंग से सुमेरू पर्वत की पाण्डुक शिला को दबा दिया था?**

उ. अंगूठे

**1156. महावीर स्वामी पर 'महावीर रास' ईस्वी सन् 1952 में किसने लिखा था?**

उ. महाकवि पद्म

**1157. महावीर स्वामी को मोक्ष जाने से पूर्व कौन से पांच अक्षरों के बराबर समय लगा था?**

उ. अ, इ, उ, ऋ, लृ

**1158. महावीर स्वामी के जन्मस्थान को पंडित आशाधर जी ने 13वीं शती ई. में त्रिपष्टि स्मृति शास्त्र में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर नगर (24/24, पृष्ठ 153)

**1159. महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के बाद किस ई.पू. मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त का राज्याभिषेक हुआ था?**

उ. 322 ई.पू.

**1160. महावीर स्वामी पर कन्नड़ भाषाा में 'वीर वर्धमान पुराण' किसने लिखा?**

उ. नागवर्म (इसमें 16 सर्ग हैं, काल 1042 सन् है)

**1161. महावीर स्वामी के नाम पर अतिशय क्षेत्र म.प्र. के जिला राजगढ़ में कहाँ पर है?**

उ. सारंगपुर

**1162. महावीर स्वामी पर ये वाक्य किसके हैं- जैन फिलासफरों ने जैसा पदार्थ के सूक्ष्मतत्व का विचार किया है, उसको देखकर फिलासफर बड़े आश्चर्य में पड़ जाते हैं। वे कहते हैं कि महावीर स्वामी आजकल की साइंस के सबसे पहले जन्मदाता हैं?**

उ. पं. माधवाचार्य

**1163. महावीर स्वामी से साठ हजार प्रश्न किसने पूछे थे?**

उ. राजा श्रेणिक

**1164. महावीर स्वामी के समवशरण में मानस्तम्भ की ऊंचाई कितने धनुष थी?**

उ. 21 धनुष

**1165. महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर 'वनराज से जिनराज' कृति किसने लिखी है?**

उ. एला. (आ.) श्री प्रज्ञसागर जी महाराज

**1166. महावीर स्वामी की जन्मभूमि वैशाली साहू शांति प्रसाद जी के सद्प्रयास प्रेरणा से प्रथम वैशाली महोत्सव किस सन् में आयोजित किया गया था?**

उ. सन् 1945

**1167. महावीर स्वामी पर 'देवेन्द्र कुमार शास्त्री' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर महावीर

**1168. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**विपुलाचल पर जिनवर आये,**
**सुनत श्रवण नृप श्रेणिक धाये।**
**समवसरा सुर धनद बनाये,**
**जासु रुचिरता त्रिभुवन छाये॥**

उ. देवीदास जी

**1169. महावीर स्वामी पर सन् 1994 में 'हिन्दी के महावीर प्रबन्ध काव्यों का आलोचनात्मक अध्ययन' विषय पर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी?**

उ. साध्वी दिव्यगुणा जी

**1170. महावीर स्वामी के युग के भारत में मानव धर्म तथा संस्कृति के महान प्रचारक व प्रसारक कौन हुए?**

उ. गौतम बुद्ध

**1171. महावीर स्वामी के समवशरण में विद्वान वादी मुनिराज कितने थे?**

उ. 400 (चार सौ)

**1172. महावीर स्वामी के नाम पर एक दिगम्बर जैनाचार्य का नाम क्या है, जो कि 18 भाषाओं के ज्ञाता थे?**

उ. आ.श्री महावीर कीर्तिजी

(आ.श्री विमल सागर जी महाराज के दीक्षा गुरु)

**1173. महावीर स्वामी के जन्मकल्याण का प्रथम कलश कौन करता है?**

उ. सौधर्म इन्द्र

**1174. महावीर स्वामी का जीव पहले नरक से निकलकर कौन से पर्वत पर सिंह हुआ?**

उ. हिमवान पर्वत

**1175. महावीर स्वामी के कर्ण कुण्डल खुदाई में कहाँ प्राप्त हुए थे?**

उ. कुण्डग्राम, वैशाली

**1176. महावीर स्वामी का मोक्ष किस तारीख को हुआ था?**

उ. 15 अक्टूबर (मंगलवार)

**1177. महावीर स्वामी के उपदेश 'वीर देशना' नामक का अंग्रेजी रूपान्तर किसने किया? यह कृति सन् 2003 की है?**

उ. प्राणनाथ पंकज

**1178. महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर टीले पर दूध झिराने वाली गाय का नाम क्या था?**

उ. धौरी गाय (दूसरी गाय का नाम कबरी था)

**1179. महावीर स्वामी पर (श्वेताम्बर मतानुसार) मोराक और वाचला ग्राम के रास्ते पर कौन से सर्प ने फुफकार मारी थी?**

उ. चण्डकौशिक सर्प

**1180. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में कौन से पांच आचार्य 11 अंग और 14 पूर्वों के एकदेश धारक हुए?**

उ. नक्षत्र, जयपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन, कंस

**1181. महावीर स्वामी का समवशरण महाराष्ट्र में कहाँ पर आया था, यहां पर पार्श्वनाथ भगवान की पद्मासन मुद्रा में 9 टन की मूर्ति है?**

उ. नेमगिरी (जिंतूर, यह क्षेत्र परभणी से 43 कि.मी. है)

**1182. महावीर स्वामी की छठवीं व छोटी मौसी का नाम क्या था?**

उ. चन्दना

**1183. महावीर स्वामी के समवशरण में सबसे पहले रत्नों के चूर्ण से निर्मित कौन सा परकोटा था?**

उ. धूलिसाल

**1184. महावीर स्वामी का जीव जब विश्वनन्दी था तब उसकी चाची का नाम क्या था?**

उ. लक्ष्मणा

**1185. महावीर स्वामी की दिव्य ध्वनि कितनी लघु भाषाओं में खिरती थी?**

उ. 700

**1186. महावीर स्वामी के कौन से तीन गणधर आपस में भाई थे?**

उ. इन्द्रभूति, अग्निभूति, वायुभूति

**1187. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में चौदहवें भव में क्या बना था?**

उ. त्रिपृष्ठ चक्रवर्ती

**1188. महावीर स्वामी पर 'वर्द्धमान से महावीर' पुस्तक किसने लिखी है?**

उ. मनोहर जी

**1189. महावीर स्वामी के शासनकाल से पूर्व का म.प्र. में वह कौन सा क्षेत्र है जहां कभी समाज के दूदायू गौत्र के 700 घर तथा 900 कुएं 89 बाबड़ियां थीं?**

उ. गोलाकोट

**1190. महावीर स्वामी की शिक्षाओं का प्रभाव फिलिस्तीन के कौन से महात्मा पर कहा जाता है?**

उ. मूसा

**1191. महावीर स्वामी के बारे में ये किस मुस्लिम डॉ. के विचार हैं कि आज संसार हिंसा से तंग आ चुका है और अहिंसा पर आधारित एक नए जीवन आदर्श की खोज में है, जिसमें प्रेम और समता के भाव हों। अतः अहिंसा और भ्रातृभाव का संदेश जो भगवान महावीर ने दिया वह परस्पर जूझती हुई दुनिया को सिखाना चाहिए।**

उ. डॉ. सय्याद हुसैन

**1192. महावीर स्वामी के समवशरण में कितने पूर्वधारियों की संख्या थी?**

उ. 300 (तीन सौ)

**1193. महावीर स्वामी का जन्म जानकर कौन अपने सिंहासन से उतरकर सात कदम आगे जाकर 'जिनेन्द्र भगवान की जय हो' कहते हैं?**

उ. सौधर्म इन्द्र

**1194. महावीर स्वामी का जीव इतर निगोद के बाद 'देव पर्याय' कितनी बार ग्रहण की?**

उ. अस्सी लाख

**1195. महावीर स्वामी के शिष्य जम्बूस्वामी ने बौलखेड़ा (कामां, भरतपुर, राजस्थान) में कितने वर्ष तक तप किया?**

उ. 22 वर्ष

**1196. महावीर स्वामी (श्वेताम्बरानुसार) ने अपना प्रथम चातुर्मास कहाँ किया था?**

उ. अस्थिग्राम

**1197. महावीर स्वामी की ये आरती किसके द्वारा लिखित है-**

**ॐ जय महावीर प्रभो,**<br>
**स्वामी जय महावीर प्रभो।**<br>
**कुण्डलपुर अवतारी,**<br>
**त्रिशलानंद विभो॥**

उ. सुरेश जैन 'सरल', जबलपुर

**1198. महावीर स्वामी के जन्मस्थान को विबुध श्रीधर ने 'वड्ढमाण चरिउ' ग्रन्थ में 12वीं शती ई. में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर नगर (9/1, पृष्ठ 198-99)

**1199. महावीर स्वामी के नाम पर राजस्थान में कहाँ पर 'श्री महावीर सेकेण्डरी स्कूल' बना है?**

उ. लाडनूं, जिला नागौर

**1200. महावीर स्वामी का राजा श्रेणिक से क्या संबंध था?**

उ. मौसाजी का

**1201. महावीर स्वामी का जीव मरीचि मरकर कौन से स्वर्ग गया था?**

उ. ब्रह्म स्वर्ग

**1202. महावीर स्वामी ने कितने वर्ष की उम्र में अणुव्रत धारण किये थे?**

उ. आठ वर्ष

**1203. महावीर स्वामी ने 12 वर्ष 6 माह 15 दिन के मुनि जीवन काल में कितने दिन आहार किया था?**

उ. 4 माह 23 दिन

(छद्मस्थ काल में 145 दिन ही आहार किया)

(एक कथन के अनुसार 349 दिन आहार किया)

**1204. महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य गौतम स्वामी का निर्वाण किस वी.नि. संवत् में हुआ था?**

उ. 24

**1205. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय किसे शंका हुई थी?**

उ. इन्द्र को

**1206. महावीर स्वामी पर ऐलक विज्ञान सागर जी महाराज ने भक्ति परक कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर पुष्पाञ्जलि

**1207. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा रचित हैं-**

**बधाई भई है महावीर,**
**हो जी म्हारै, नैनन लखि हरषाय।**
**बनि आई सब मौज री,**
**मुख कहिन न जाय॥**

उ. कविवर बुधजन

**1208. महावीर स्वामी के बारे में ये किस पुरातत्व वेत्ता के विचार हैं- महावीर ने एक ऐसी संस्था का निर्माण किया, जिसकी भित्ति पूर्ण अहिंसा पर निर्धारित थी। उनका अहिंसा परमो धर्मः का सिद्धांत सारे संसार में 2500 वर्षों तक अग्नि की तरह व्याप्त हो गया?**

उ. टी.एस. रामचन्द्रन, अध्यक्ष पुरातत्व विभाग

**1209. महावीर स्वामी की माता ने वह कौन सा स्वप्न देखा था जिसका फल था 'जग प्रधान तीर्थंकर को माता ने धारण कर लिया है?**

उ. वृषभ

**1210. महावीर स्वामी का जीव सिंह पर्याय के बाद कौन से नरक गया था?**

उ. पहले नरक

**1211. महावीर स्वामी के शरीर में कितने शुभ लक्षण थे?**

उ. एक हजार आठ

**1212. महावीर स्वामी के माता-पिता के बारे में कौन से श्वेताम्बर ग्रन्थ में लिखा है कि श्रमण महावीर के माता-पिता पार्श्वापत्य सम्प्रदाय के श्रमणोपासक थे?**

उ. आचारांग सूत्र

**1213. महावीर स्वामी पर कितने दिन तक उपसर्ग हुआ?**

उ. सात दिन तक

**1214. महावीर स्वामी की जब दीक्षा हुई थी तब चन्द्रमा कौन से दो नक्षत्र के मध्य था?**

उ. हस्त और उत्तरा फाल्गुनी

**1215. महावीर स्वामी के समय किस देश के विद्वान बैकटिया में जैन मुनियों का होना सिद्ध करते हैं?**

उ. यूनान

**1216. महावीर स्वामी पर संस्कृत भाषा में आचण्ण ने (सही नाम वाणी वल्लभ) कौन सा ग्रन्थ लिखा जिसका काल लगभग सन् 1195 है?**

उ. वर्द्धमान पुराण

**1217. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर ऐरावत हाथी कितने किलोमीटर लम्बा था?**

उ. 12,000 किलोमीटर

**1218. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के कलश उदर कितने योजन चौड़ा था?**

उ. चार योजन

**1219. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में कौन सा योग था?**

उ. चन्द्रचूड़ योग

**1220. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में तेरहवें भव में कौन से नरक गया था?**

उ. सातवें नरक

**1221. महावीर स्वामी पर कवि विष्णु कुमार ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. महावीर दर्शन

**1222. महावीर स्वामी की उत्तर भारत की प्रथम ईंट चूने से निर्मित तीन फुट की पद्मासन प्रतिमा कहाँ विराजमान है?**

उ. बीना बारहा

**1223. महावीर स्वामी पर 'सन्मति संदेश' नामक मासिक पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?**

उ. दिल्ली

**1224. महावीर स्वामी का समवशरण मंदिर राजस्थान में कहाँ पर है?**

उ. नौगामा, बांसवाड़ा

**1225. महावीर स्वामी का कांच का मंदिर राजस्थान में कहाँ पर है?**

उ. नावासिटी, नागौर

**1226. महावीर स्वामी की जन्म नगरी वैशाली के एक भाग को वासुकुण्ड कहते हैं तो दूसरे भाग को क्या कहते हैं?**

उ. बानियग्राम

**1227. महावीर स्वामी के युग में ईरान देश में कौन मानव धर्म व संस्कृति के महान प्रचारक व प्रसारक हुए हैं?**

उ. जरथुस्त्र

**1228. महावीर स्वामी के बारे में कौन से दि. जैन मुनि ने कहा था कि भगवान महावीर को अब मंदिरों से मैं बीच चौराहे में लाऊंगा?**

उ. मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज

**1229. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर ऐरावत हाथी कितने कोश लम्बा था?**

उ. 2000 कोश

**1230. महावीर स्वामी पर सन् 1983 में 'महावीर दर्शन का आलोचनात्मक अध्ययन' विषय पर पूना से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी?**

उ. एस.वी. आन्ने

**1231. महावीर स्वामी का जन्माभिषेक कौन सी शिला पर हुआ था?**

उ. पाण्डुक शिला

**1232. महावीर स्वामी के जीव का जन्म जब स्थूणागार नगर में हुआ था तब उनका क्या नाम था?**

उ. पुष्यमित्र ब्राह्मण

**1233. महावीर स्वामी के बारे में श्वेताम्बरों के ऐसा कौन से ग्रन्थ में लिखा है कि वृद्ध ब्राह्मण ने बालक महावीर के साथ हुए प्रश्नोत्तरों का संग्रह करके 'ऐन्द्र व्याकरण' की रचना की थी?**

उ. आवश्यक चूर्णि (भाग-1)

**1234. महावीर स्वामी की मूर्ति के साथ-साथ शीतलनाथ व पुष्पदंत भगवान की स्वर्णमयी प्रतिमा कहाँ पर विराजमान हैं?**

उ. इन्दौर

**1235. महावीर स्वामी ने जब अनार्य देश में विहार किया था तब कितने माह का उपवास किया था?**

उ. छह माह

**1236. महावीर स्वामी के जीवन पर असग कवि ने 'वर्द्धमान चरित्र' ग्रन्थ ई. की किस शताब्दी में लिखा था?**

उ. 10वीं

**1237. महावीर स्वामी की जन्मस्थली को दामनन्दि ने 11वीं शती ई. में पुराणसार संग्रह में कहाँ माना है?**

उ. कुण्डपुर नगर
(भाग-2, वर्धमान चरित्र में थी 4/1 पृष्ठ-188)

**1238. महावीर स्वामी को चन्दना ने किस नगरी में आहार दिया था?**

उ. कौशाम्बी नगरी

**1239. महावीर स्वामी के बारे में डॉ. एस. राधाकृष्णन ने कौन सी पुस्तक में लिखा है कि वर्द्धमान महावीर का जन्म ई.पू. 599 में वैशाली में हुआ था?**

उ. इण्डियन फिलॉसफी (भाग-1)

**1240. महावीर स्वामी का जीव जब मारिचि बना था तब उसकी माता का क्या नाम था?**

उ. अनंतमती (धारिणी)

**1241. महावीर स्वामी की पत्नी का श्वेताम्बर ग्रन्थों में क्या नाम आया है?**

उ. यशोदा (कल्पसूत्र)

**1242. महावीर स्वामी को केवलज्ञान किस तारीख को हुआ था?**

उ. 26 अप्रैल (रविवार)

**1243. महावीर स्वामी पर 'कुसुमदत्त (महू) ने कौन से पुस्तक लिखी थी?**

उ. वर्धमान महावीर

**1244. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा रचित हैं-**

**जय श्री वीर जिनेन्द्र चन्द्र,**
**शत इन्द्र वन्द्य जग तारे।**
**सिद्धारथ कुल कमल अमल रवि,**
**भव भूधर पवि भारं॥**

उ. दौलतराम जी

**1245. महावीर दि. जैन कुन्दकुन्द स्वाध्याय जैन मंदिर कहाँ बना है?**

उ. दुर्ग (छत्तीसगढ़)

**1246. महावीर स्वामी के नाम पर लंदन में जैन मंदिर कहाँ पर बना है?**

उ. हर्रो

**1247. महावीर स्वामी पर सन् 2001 में 'भगवान महावीर की परम्परा एवं समसामायिक सन्दर्भ' पर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है?**

उ. त्रिलोकचन्द्र कोठारी, दिल्ली

**1248. महावीर स्वामी के मंदिर कर्नाटक प्रांत में कहाँ-कहाँ पर हैं?**

उ. मोलवाड़ (बेलगांव), ऐनापुर (बेलगांव), कुड़ची (बेलगांव), नसलापुर (बेलगांव), भोड़वाल (बेलगांव), सिरघुन सुई (बेलगांव), चिक्का बागेवाड़ी (बेलगांव), हुनगुंद (बागलकोट), चिकपेट क्रास (बैंग्लौर), विमानपुरा (बैंग्लौर), हिरहोनी हाल (धाड़वाड़), गुलबर्गा, मलखेड़ा (गुलबर्गा), मान्याखेर (गुलबर्गा)

**1249. महावीर स्वामी को सौधर्म इन्द्र ने कौन से दो नाम दिये थे?**

उ. वीर, अतिवीर

**1250. महावीर स्वामी का जन्म हो गया है, यह सबसे पहले किसे पता चलता है?**

उ. सौधर्म इन्द्र

**1251. महावीर स्वामी के जीव का जन्म जब स्थूणागार नगर में हुआ तब उनके माता-पिता का नाम क्या था?**

उ. पुरुषदत्ता-भरद्वाज ब्राह्मण

**1252. महावीर स्वामी को कलाचार्य के पास अध्ययन करने के लिए भेजा था, ऐसा श्वेताम्बर के कौन से ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. आवश्यक चूर्णि (भाग-1)

**1253. महावीर स्वामी का परिनिर्वाण महोत्सव कितने गण राजाओं ने मनाया था?**

उ. 36 गण राजाओं ने

**1254. महावीर जी अतिशय क्षेत्र की मूर्ति निकालने वाले किरपादास के बेटे का नाम क्या था?**

उ. भोलू

**1255. महावीर स्वामी से विवाह करने वाली यशोदा ने जिस कुमारी पर्वत में तपस्या की थी वह किस प्रांत में है?**

उ. उड़ीसा प्रान्त

**1256. महावीर स्वामी की दीक्षा पालकी जिस षण्ड नामक वन में गई थी उसका दूसरा नाम क्या था?**

उ. ज्ञातृखण्ड

**1257. महावीर स्वामी का विहार आ. जिनसेन स्वामी ने भारत के बाहर कहाँ-कहाँ माना है?**

उ. यवन श्रुति, क्वाथतोयं, सुरभीरू, तार्ण, कार्ण (हरिवंश पुराण, पृष्ठ 18)

**1258. महावीर स्वामी का समवशरण कितने कोस था?**

उ. चार कोस

**1259. महावीर स्वामी के जीव ने भील की पर्याय में कौन से मुनिराज से मद्य-मांस-मधु का त्याग किया था?**

उ. सागरसेन मुनिराज

**1260. महावीर स्वामी के समकालीन वह कौन थे जो कहते थे कि 'संतान परम्परा की समाप्ति ही उसका निर्वाण कहलाता है?'**

उ. गौतम बुद्ध

**1261. महावीर स्वामी के कौन से दो गणधर भाई-भाई थे?**

उ. माण्डव्य और मौयपुत्र

**1262. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में बारहवें भव में क्या बना था?**

उ. सिंह

**1263. महावीर स्वामी का जीव कितनी बार सीप बना?**

उ. 80,000 बार (अस्सी हजार)

**1264. महावीर स्वामी पर 'शोभानाथ पाठक' ने कौन सी पुस्तक लिखी?**

उ. महावीर कथा

**1265. महावीर स्वामी पर पद्म कवि ने संस्कृत भाषा में 1527 सन् में 12 संधियों वाला सांगत्य छन्द में कौन सा चरित्र लिखा था?**

उ. वर्द्धमान चरित्र

**1266. अंकलेश्वर (गुजरात) में मुख्य मंदिर कौन से तीर्थंकर का है?**

उ. महावीर स्वामी

**1267. महावीर स्वामी का समवशरण महाराष्ट्र के किस क्षेत्र पर आया था, वह सिद्धक्षेत्र और अतिशय क्षेत्र दोनों है?**

उ. कुण्डल

(यह क्षेत्र सांगली से 45 कि.मी. है)

**1268. महावीर स्वामी के नाम पर महाराष्ट्र में 'महावीर जैन विद्यालय' कहाँ पर बना है?**

उ. मुम्बई (26, गोवालियां टैंक रोड, मुम्बई-26)

**1269. महावीर स्वामी की परीक्षा लेते समय संगम देव ने सर्प की पर्याय में अपनी कितनी जिव्हा बनायी थीं?**

उ. 100

**1270. गणिनी आर्यिका श्री जिनदेवी माताजी ने महावीर स्वामी का जीवन परिचय कौन सी पुस्तक में लिखा है?**

उ. 63 श्लाका पुरुष

**1271. महावीर स्वामी का जन्माभिषेक कौन से पर्वत पर हुआ था?**

उ. सुमेरूपर्वत

**1272. महावीर स्वामी का जीव सातवें नरक से निकलकर कौन से पर्वत पर सिंह बना था?**

उ. सिंहगिरी पर्वत

**1273. महावीर स्वामी का जीव जब त्रिपृष्ठ नारायण था तब इनके माता-पिता का नाम क्या था?**

उ. रानी मृगावती-राजा प्रजापति

**1274. महावीर भगवान की मूर्ति को 'चांदनपुर वाले बाबा' कहाँ पर कहते हैं?**

उ. महावीर जी (राज.)

**1275. महावीर स्वामी के नाना की माता का नाम क्या था?**

उ. यशोमति

**1276. महावीर स्वामी के उपदेश को 'वीर देशना' नाम से कौन से मुनिराज ने पुस्तक का संकलन किया?**

उ. मुनिश्री अजितसागर जी

(प्रथम संस्करण 2003, नई दिल्ली से)

**1277. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में 10 अनुत्तरोपपादिक मुनियों के नाम क्या हैं?**

उ. ऋषिदास, धन्य, सुनक्षत्र, कार्तिक, आनन्द, नन्दन, शालीभद्र, अभय, वारिषेण और चिलातपुत्र

1278. महावीर स्वामी की पांचवें नं. की मौसी का नाम क्या था?

उ. ज्येष्ठा

**1279. महावीर स्वामी के अंतिम गणधर का नाम क्या था?**

उ. प्रभास

**1280. महावीर स्वामी की माता ने सोलह स्वप्नों में प्रथम व अंतिम में क्या देखा था?**

उ. हाथी और निर्धूम अग्नि

**1281. महावीर स्वामी के ग्यारहवें गणधर (प्रभास) की आयु कितने वर्ष थी?**

उ. 40 वर्ष

**1282. महावीर स्वामी जब विहार करते हुए नालन्दा पधारे थे तब चतुर्थ मास के प्रारम्भ में पुनः कितने मास का उपवास का संकल्प किया था?**

उ. एक मास

**1283. महावीर स्वामी के शिष्य गौतम स्वामी का निर्वाण कहाँ से हुआ था?**

उ. पावापुर/गुणावां

**1284. महावीर स्वामी के तीर्थकाल में 12 वर्ष का महादुर्भिक्ष कौन से श्रुतकेवली के समय पड़ा था?**

उ. श्री भद्रबाहु जी

**1285. महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर भगवान महावीर की सवारी को नदी से लौटाकर कौन लाते हैं?**

उ. गूजर

**1286. महावीर स्वामी के बारे में भगवान की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी गई हैं-**
**करुणा के भण्डार, हमारे महावीरा,**
**हर दुःख मेटन हार, हमारे महावीरा।**
**शरण जो आते हैं, भजन जो गाते हैं,**
**उन पुण्यवानों के, भाग्य जग जाते हैं॥**

उ. रविन्द्र जैन (गीतकार, संगीतकार, बम्बई)

**1287. महावीर स्वामी का गर्भकल्याणक किस ई.पू. का है?**

उ. 599 ई.पू.

**1288. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर कॉलेज' बिहार में कहाँ पर बना है?**

उ. पावापुर, बिहार

**1289. महावीर स्वामी की पाषाण की सबसे बड़ी खड्गासन प्रतिमा (20 फुट ऊंची) कहाँ पर विराजमान है?**

उ. चूलगिरी (खानिया जी, जयपुर)

**1290. महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के पश्चात् कितने श्रुत केवली हुए?**

उ. पांच (नन्दी, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन, भद्रबाहु)

**1291. महावीर स्वामी के प्रमुख भक्त राजा श्रेणिक का वंश क्या था?**

उ. शिशुनाग वंशी

**1292. महावीर स्वामी के श्वेताम्बरों के अनुसार कितने चातुर्मास हुए?**

उ. 42

**1293. महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर तीन शिखरों वाला मंदिर किसने बनवाया था?**

उ. अमरचन्द्र बिलाला (वसवा निवासी)

**1294. महावीर स्वामी की जन्म कुण्डली में भाग्येश कौन से ग्रह में स्थित था?**

उ. बुध ग्रह

**1295. महावीर स्वामी का विवाह (श्वे. के अनुसार) अपनी बेटी के साथ किसने तय कर लिया था?**

उ. जितशत्रु राजा

**1296. महावीर स्वामी के गणधर श्री सुधर्मा स्वामी ने कितने वर्ष तक संघ का संचालन किया था?**

उ. 12 वर्ष

**1297. महावीर स्वामी पर डॉ. कामता प्रसाद ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. भगवान महावीर

**1298. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां कहाँ से ली गई हैं-**

**प्रभु महावीर की वाणी से,**
**कविताओं को मिलता प्रकाश,**
**स्वाधीन देश के फूलों में,**
**तीर्थंकर का खिलता प्रकाश।**
**गांधी जी के सिद्धान्तों में,**
**प्रभु महावीर की वाणी थी,**
**जन-जन के हित लिए मित्र,**
**जिन की वाणी कल्याणी थी॥**

उ. वीरायन से (पृ. 349)

**1299. महावीर स्वामी की स्मृति में वज्जियों और लिच्छिवियों ने कहाँ पर एक सिंह का स्तम्भ बनवाया था, जो आज अशोक स्तम्भ के नाम से प्रसिद्ध है?**

उ. कूलग्राम (वर्तमान कोल्हुआ)
(भगवान महावीर ने दीक्षा के उपरान्त प्रथम आहार यहीं किया था)

**1300. महावीर स्वामी के केवलज्ञान के समय पावापुर में एक वृहद् यज्ञ चल रहा था, कौन सो विद्वान ब्राह्मण उसका यजमान था?**

उ. सोमिलाचार्य
(इस यज्ञ में देश-देशान्तर से बड़े-बड़े ब्राह्मण आये थे)

**1301. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'भगवान महावीर : जीवित और उपदेश' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. विपिन जारोली

**1302. महावीर स्वामी की पन्ना (म.प्र.) में जो गुप्तकालप की मूर्ति विराजमान है, वह किस शताब्दी की है?**

उ. छठी शताब्दी

**1303. महावीर स्वामी पर ये विचार कौन से दिगम्बर जैनाचार्य के हैं कि 'हमारा विश्वास है, भगवान महावीर ने जिन सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, उनका उन्होंने स्वयं सफल प्रयोग किया था। वे वर्तमान सन्दर्भ में भी उतने ही उपयोगी हैं, जितने ढाई हजार वर्ष पूर्व थे।'**

उ. आ.श्री विद्यानंद जी महाराज
(जैन जगत, महावीर जयंती विशेषांक, अप्रैल-94, पृष्ठ 121)

**1304. महावीर स्वामी के बारे में किसने लिखा है कि 'कल्पसूत्र (श्वे. ग्रन्थ) के पूर्ववर्ती किसी सूत्र में महावीर के गृहस्थाश्रम का अथवा उनकी भार्या यशोदा का वर्णन हमारे दृष्टिगोचर नहीं हुआ।'**

उ. श्री कल्याण विजय
(श्रमण भगवान महावीर, पृष्ठ-14)

**1305. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर जो 15 माह तक रत्न बरसे थे वह कितनी बार रत्नवृष्टि हुई थी?**

उ. 1371 (पु. मुक्ति की ओर, पृष्ठ-460)

**1306. महावीर स्वामी की पावापुर सिद्धक्षेत्र पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं?**

**जिहिं पावापुर छित अद्यति,**
**हत सन्मति जगदीश।**
**भये सिद्ध शुभ थान सो,**
**जजों नाथ निज शीश॥**

उ. कवि श्री दौल जी

**1307. महावीर स्वामी के 2600वें जन्मोत्सव पर भारत के प्रधानमंत्री ने 100 करोड़ रु. खर्च करने की घोषणा की थी?**

उ. अटल बिहारी वाजपेयी

**1308. महावीर स्वामी पर ये 'अर्घ' किनके द्वारा लिखित है?**

**कुण्डलपुर के तुम अवतारी,**
**पाव्पुर निर्वाण लिये,**
**हम सब पूजा करने आये,**
**जल चंदन का थाल लिये।**
**पंचम गति को पाने आये,**
**अष्ट अर्घों को दूर करो,**
**वंदन करते महावीर का,**
**हम सबका स्वीकार करो॥**

उ. ऐलक विज्ञान सागर महाराज
(अतिशय क्षेत्र जय शांतिसागर निकेतन, मंडौला वाले)

**1309. महावीर स्वामी को जो लौकान्तिक देव सम्बोधन करते आते हैं, उनकी कुल संख्या कितनी है?**

उ. 47,806 (सैंतालिस हजार आठ सौ छह)

**1310. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर चालीसा' की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं?**

**सिद्ध समूह नमो सदा, अरू सुमरूं अरहन्त।**
**निर आकुल निर्वाच्छ हो, गए लोक के अंत॥**
**मंगलमय मंगल करन, वर्धमान महावीर।**
**तुम चिंतत चिंता मिटे, हरो सकल भवपीर॥**

उ. पूरनमल जैन

**1311. महावीर स्वामी का प्रथम आहार स्थल कुण्डपर किस दि. जैन ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. हरिवंश पुराण
(आ. जिनसेन स्वामी कृत, सर्ग-60, गाथा-243)

**1312. महावीर स्वामी का निर्वाण 'शिलालेख संग्रह' नामक पुस्तक में राईस (Rice) विद्वान विक्रम से कितने वर्ष पूर्व हुआ मानते हैं?**

उ. 605 वर्ष
(पु. महाश्रमण महावीर, ले. सुमेरचन्द्र दिवाकर, पृष्ठ-315)

**1313. महावीर स्वामी पर सन् 1975 'वर्धमान रूपायन' (तीन नाट्य रूपक) कृति किसके द्वारा लिखित है?**

उ. कुन्था जैन (प्रकाशन : भारतीय ज्ञानपीठ)

**1314. महावीर स्वामी पर 'जिनेन्द्र महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. डॉ. निजामुद्दीन

**1315. महावीर स्वामी के इस चालीसा के लेखक कौन हैं-**

**जय महावीर दयालु स्वामी,**
**वीर प्रभु तुम जग में नामी,**
**वर्धमान है नाम तुम्हारा,**
**लगे हृदय को प्यारा-प्यारा।**
**शांति छवि और मोहनी मूरत,**
**शान हंसीली सोहनी सूरत,**
**तुमने भेष दिगम्बर धारा,**
**कर्म शत्रु भी तुमसे हारा॥**

उ. चन्द्र कुमार जी

**1316. महावीर स्वामी के अलावा और कौन से दो तीर्थंकर पुष्पोत्तर विमान से चयकर आये थे?**

उ. अनन्तनाथ, श्रेयांसनाथ

(ति.प. गा. 514, अ. 4)

**1317. महावीर स्वामी की जन्मभूमि कुण्डपुर को कौन से दि. जैन ग्रन्थ में 'सुख रूपी जल से परिपूर्ण कुण्ड तुल्य' कहा है?**

उ. हरिवंश पुराण

(सर्ग : 3, गाथा : 36, आ. जिनसेन स्वामी)

**1318. 'महावीर स्वामी की सातों मौसी स्वर्ग से चयकर आयी थी' ऐसा किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. वृहत्कथा कोष

(हरिषेणाचार्य कृत, गाथा 17, पृष्ठ-83)

**1319. महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के समय जिस सुमेरू पर्वत पर अभिषेक हुआ था, उस समय क्षीरसागर का जल कितने योजन की दूरी से आया था?**

उ. छह करोड़ पचास हजार योजन

(पु. महाश्रमण महावीर, ले. सुमेरूचन्द्र दिवाकर, पृष्ठ 149)

**1320. महावीर स्वामी पर सन् 2012 में 'तीर्थंकर महावीर की अर्थनीति' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. डॉ. निर्मल जैन (जज)

(मेहा प्रकाशन, सरिता विहार, दिल्ली-76)

**1321. महावीर स्वामी पर जैन स्थानक के कौन से साधु ने 'श्री महावीराष्टक स्तोत्र' संस्कृत व हिंदी पद्यानुवाद को आठ छन्दों में लिखा था?**

उ. मुनि रामकृष्ण जी

**1322. महावीर स्वामी के सन् 2002 में 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'आदर्श शिक्षक' की उपाधि से किसे सम्मानित किया था?**

उ. विजय दादा आवटी (कोल्हापुर)

(राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त)

**1323. महावीर स्वामी की 'जन्म कल्याणक' महोत्सव सन् 2017 को दिल्ली दूरदर्शन डीडी-1 चैनल पर कार्यक्रम कब आया था?**

उ. 6 अप्रैल, 2017 (शाम 4.30 बजे, रविवार)

**1324. महावीर स्वामी के सन् 1975 में कौन से निर्वाण वर्ष पर 'जैन प्रतीक चिन्ह' के रूप में तीन लोक का नक्शा घोषित किया था?**

उ. 2500वां

**1325. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां कौन से तेरापंथी श्वेताम्बर साधु के द्वारा लिखित हैं-**

**महावीर प्रभु के चरणों में,**
**श्रद्धा के कुसुम चढ़ायें हम।**
**उनके आदर्शों को अपना,**
**जीवन की ज्योति जगायें हम॥**

उ. आ. तुलसी

(जिनेन्द्र भ. महावीर विशेषांक, अप्रैल 2002, पृष्ठ-5)

**1326. महावीर स्वामी की अहिंसा पर आ.श्री अमृतचन्द्र जी ने कौन सा ग्रन्थ (शास्त्र) लिखा?**

उ. पुरुषार्थ सिद्धियुपाय

**1327. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान महावीर और उनका तत्व दर्शन' नामक पुस्तक कौन दि. जैनाचार्य के द्वारा लिखी है?**

उ. आ.श्री देशभूषण जी महाराज

**1328. महावीर स्वामी की दो प्रतिमाएं ऊन में किस संवत् की हैं?**

उ. 1218, 1252 संवत्

(म.प्र. के खरगौन जिले में हैं, पु. सर्वतीर्थ संग्रह पृष्ठ-122)

**1329. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**सिद्धार्थ दुलारे, त्रिशलानन्दन,**
**कुण्डलपुर में लिया जन्म,**
**पंचनाम धारी श्री जिनवर,**
**अंतिम शासक तुम्हें नमन।**
**भक्ति भाव अब आया उर में,**
**करूं आज मैं आह्वानन,**
**उर कमलासन मेरे पधारो,**
**होउ सन्निकट हे भगवन॥**

उ. पं. पवन कुमार शास्त्री 'दीवान' मुरैना

**1330. महावीर स्वामी के बारे में दिल्ली में महावीर जयंती पर भाषण में किसने कहा था कि 'भारतीय संविधान में धर्म निरपेक्षता की (secular) नीति निर्धारण में जैन धर्म का स्याद्वाद मार्गदर्शक रहा है?**

उ. राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन

पु. महाश्रमण महावीर, ले. सुमेरचन्द्र दिवाकर पृष्ठ-19)

**1331. महावीर स्वामी की अहिंसा पर 'अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रह्म परमम्' ये शब्द कौन से दिगम्बराचार्य के द्वारा लिखित हैं?**

उ. आ.श्री समन्तभद्र स्वामी

(वृहत्स्वयंभू स्तोत्र)

**1332. महावीर स्वामी के सिद्धक्षेत्र सोनागिर जी में कितने मंदिर हैं?**

उ. छह

**1333. महावीर स्वामी के 2600वें जन्मोत्सव पर 'बचाओ बचाओ..... भगवान महावीर को बचाओ' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. पद्मचन्द सिंधी
(जयपुर, आई.ए.एस. सेवानिवृत्त, वर्तमान-अहमदाबाद)

**1334. महावीर स्वामी को छींक आने से सुमेरू पर्वत कम्पित हो गया था, ऐसा किस (शास्त्र) ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. वर्धमान चरित्र (सर्ग-17, गाथा-82)

**1335. महावीर स्वामी पर कविता की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**
**सत्य अहिंसा के अवतारी,**
**वात्सल्य करुणा के धारी।**
**सिद्धारथ सुत त्रिशलानन्दन,**
**महावीर मेरे जीवन में॥**
**महावीर आ जाओ मन में॥**

उ. मुनि (आ.) श्री सुनील सागर जी महाराज

**1336. महावीर स्वामी के आठ संदेश कौन से जैन स्थानकवासी साधु ने कहे हैं?**

उ. श्री ज्ञान मुनि जी म.सा.
(आगम रत्नाकर बहुश्रुत पंजाब केसरी)
आठ संदेश- 1. जो धर्म शास्त्र नहीं सुना उसे सुनो, 2. जो सुना है उसे याद रखो, 3. नवीन कर्मों को रोकना, 4. पूर्वकृत कर्मों का नाश, 5. जिसका कोई नहीं उसके तुम बनो, 6. अशिक्षितों को शिक्षित करो, 7. रोगियों की ग्लानि रहित सेवा करो, 8. निष्पक्ष होकर क्लेश को मिटाओ।

**1337. महावीर स्वामी के माता-पिता (श्वेताम्बर जैन धर्म के अनुसार) कौन से स्वर्ग गये?**

उ. माहेन्द्र स्वर्ग
(जिनेन्द्र भगवान महावीर विशेषांक अप्रैल-2002, पृष्ठ 290)

**1338. महावीर स्वामी के 'वर्धमान चरित्रम्' कवि पद्मनन्दि कृत की दो प्रतिमा कहाँ-कहाँ रखी हैं?**

उ. 1. बूंदी (दि. जैन आदिनाथ मंदिर)
2. ईडर (दि. जैन शास्त्र भण्डार)
(ईस्वी सन् 14वीं शताब्दी का 359 पद्य में, संस्कृत भाषा में)

**1339. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक कौन ब्रह्मचारी ने लिखी थी?**

उ. ब्र. हरिलाल जैन

**1340. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**
**अज्ञानमय इस लोक में, आलोक सा छाने लगा,**
**होकर मुदित सुरपति नगर में, रत्न बरसाने लगा।**
**उदित बालक की प्रभा, ज्ञान ज्योति प्रगट होने लगी,**
**नभ की निशा कालिमा, अभिनव उषा धोने लगी॥**
**द्वार-द्वार पर सज उठे, तोरण वन्दनवार।**
**कुण्डलपुर नगरी में हुआ, वीर प्रभु अवतार॥**
**प्राची दिशा के अंक में, नूतन दिवाकर आ गया।**
**सत्य अहिंसा का आलोक, पुनः जग में छा गया॥**

उ. श्री कृष्ण जैन
(पु. भगवान महावीर और उनका दिव्य संदेश)

**1341. महावीर स्वामी पर गोकुल चन्द्र जैन ने 'हिन्द पॉकेट बुक्स' से कौन सी पुस्तक प्रकाशित हुई थी?**

उ. भगवान महावीर

(शाहदरा दिल्ली, 1996 को प्रकाशित)

**1342. महावीर स्वामी को आ.श्री कुन्दकुन्द स्वामी ने कौन से ग्रन्थ के मंगलाचरण में इस प्रकार किया है-**

**एस सुरासुर मणुसिंद वंदिदं, घोद घाई कम्म मलं।**

**पणमामि वड्ढमाणं, तित्थ धमस्य कत्तारं॥**

उ. प्रवचनसार

**1343. महावीर स्वामी पर सन् 2002 में 'भगवान महावीर मुक्ति का सम्यक् पथ' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. श्री प्रभा जैन (आरा, बिहार निवासी)

**1344. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय ऐरावत हाथी कितने योजन लम्बा था?**

उ. एक लाख योजन

**1345. महावीर स्वामी की जन्मभूमि कुण्डलपुर में नद्यावर्त महल की प्रथम प्रतिष्ठापना समारोह किस सन् में हुआ था?**

उ. सन् 2004 (माघ सुदी 11 को)

**1346. महावीर स्वामी का 'वीर जिणिदं चरिउ' अपभ्रंश भाषा का ग्रन्थ भारतीय ज्ञानपीठ से सर्वप्रथम कब प्रकाशन हुआ था?**

उ. सन् 1974 में

**1347. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**त्रिशला नंदन, शत-शत वंदन,**

**शत-शत वंदन, तब चरणों में।**

**हम भक्तिभाव से अंजलि कर,**

**प्रभु शीश झुकाते चरणों में॥**

उ. ग.आ. ज्ञानमती माताजी

**1348. महावीर स्वामी को जैन धर्म का संस्थापक किनने अपनी 'प्राचीन भारत' पुस्तक में माना है?**

उ. प्रो. रामशरण शर्मा (इतिहासकारक)

(प्रकाशन : सन् 1972)

**1349. महावीर स्वामी का वार्षिक मेला चैत्र सुदी बारस से चौदस तक कहाँ पर मनाया जाता है?**

उ. कुण्डलपुर (पु. भ. महावीर, लेखिका : आ. चंदनामती, पृष्ठ : 123)

**1350. महावीर स्वामी के नाना राजा चेटक के बारे में कौन से दि. जैन पुराण में लिखा है कि स्वर्ग लोक से आकर वैशाली के सोमवंश में जन्म लिया था?**

उ. उत्तरपुराण (आ. गुणभद्र स्वामी कृत)

**1351. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान महावीर की सूक्तियां' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. राजेन्द्र मुनि शास्त्री

**1352. महावीर स्वामी की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**आदिनाथ से महावीर तक,**
**करुणा और अहिंसा का स्वर,**
**अनेकांत से आलोकित था,**
**भारत का इतिहास निरन्तर।**
**जीवन को सम्पूर्ण सत्य को,**
**हर पहलू में महावीर ने,**
**सोचा समझा सुलझाया था,**
**हर उलझन को महावीर ने॥**

उ. डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी
(कविता : महावीर का अर्थशास्त्र, पु.-जिनेन्दु विशेषांक अप्रैल 2002, पृष्ठ-36)

**1353. महावीर स्वामी की अहिंसा (दया) के बारे में मुस्लिम सम्प्रदाय में किसने फरमाया है कि हे मानव! तू पशु-पक्षियों की कब्र अपने पेट में मत बना?**

उ. हजरत अली
(मुहम्मद साहब के उत्तराधिकारी)

**1354. महावीर स्वामी के नाम पर सन् 1975 में किसने अमेरिका में 'अंतर्राष्ट्रीय महावीर मिशन' की स्थापना की थी, जिसे सिद्धांचल के नाम से जाना जाता है?**

उ. आचार्य सुशील मुनि

**1355. महावीर स्वामी के पिता महाराजा सिद्धार्थ को प्रतापी भूप किस दि. जैन पुराण में कहा है?**

उ. हरिवंश पुराण (आ. जिनसेन स्वामी कृत, सर्ग-2, गाथा-13)

**1356. महावीर स्वामी पर ये भजन की पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**जयश्री वीर जिनवीरं जिनचन्द्र,**
**कलुष निकंद मुनि हृद सुखकंद।**
**सिद्धारथ नंद त्रिभुवन को दिनेन्द्र चंद्र,**
**जा बच किरन भ्रम तिमिर निकंद॥**

उ. कविवर दौलतराम जी

**1357. महावीर स्वामी के बारे में किसने प्रभु के चरित्र को विकृत करते हुए भगवान के नाथवंश का नटवंश मानकर उन्हें नटपुत्र कहने की असत् चेष्टा की थी?**

उ. शे.रा. राजपाड़े
(नादसीय सूक्त के भाष्य-पूर्वार्ध, पृष्ठ-186)

**1358. महावीर स्वामी की मूर्ति सोनागिर में कौन से मंदिर की प्रतिष्ठा संवत् 1838 में हुई थी?**

उ. 74 नं.
(इस मंदिर में 7 वेदियां हैं, महावीर स्वामी की मूर्ति तीन फुट की है)

**1359. महावीर स्वामी पर कौन से इतिहासकार ने "JAINISM IN BIHAR" नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. पी.सी. राय चौधरी
(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-25)

**1360. महावीर स्वामी के सन् 2002 पर '2600वें जन्म जयंती महोत्सव' पर कोलकाता द्वारा साहित्यकार की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. सुरेखा सी. शहा (सोलापुर)

**1361. महावीर स्वामी पर 'महावीर वंदना' पुस्तक सन् 2013 में कहाँ से प्रकाशित हुई है?**

उ. महावीरजी, राजस्थान (जैन विद्या संस्थान द्वारा, मूल्य 50/- रु. पृष्ठ-542)

**1362. महावीर स्वामी पर 'स्याद्वाद सूक्ति मणि दर्पण वर्द्धमान' ये पंक्तियां कौन से स्त्रोत से ली गई हैं?**

उ. सुप्रभात स्तोत्रम्
(शार्दूल विक्रीड़ित छन्द में)

**1363. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर के हजार उपदेश' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. गणेश मुनि शास्त्री
(प्रकाशक-अमर जैन साहित्य, उदयपुर, राज.)

**1364. महावीर स्वामी पर किसने उत्तराध्ययन सूत्र के दसवें अध्ययन का सरस पद्यानुवाद किया है, जिसका शीर्षक 'भगवान महावीर की अंतिम वाणी' था?**

उ. मुनिश्री मांगीलाल 'मुकुल'

**1365. महावीर स्वामी के महावीराष्टक स्तोत्र का भावार्थ कौन से क्षुल्लक जी ने किया है?**

उ. क्षु. शीतलसागर जी महाराज

**1366. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**
**'महावीर भगवान, तिष्ठों यहां पर आय के।**
**आह्वानन मैं करूं, संवोंषट्र हरषाय के॥'**

उ. श्रीमती लीलादेवी (महाराष्ट्र)

**1367. महावीर स्वामी का कौन सा मंत्र दीक्षा देते समय दीक्षा विधि में प्रयोग किया जाता है?**

उ. वर्धमान मंत्र

**1368. महावीर स्वामी की कहाँ पर कर्ता-कर्म-करण-सम्प्रदान-अपादान-संबंध-अधिकरण और संबोधन आठ विभिक्तियों का प्रयोग करते हुए अलंकार पूर्ण स्तुति की है?**

उ. वीर भक्ति (प्रतिक्रमण में)

**1369. महावीर स्वामी पर वैद्य चुन्नीलाल धामी ने एक उपन्यास किस भाषा में लिखा था?**

उ. गुजराती (इसका अनुवाद हिन्दी भाषा में भी हो चुका है)

**1370. महावीर स्वामी पर 'ज्योति पुरुष महावीर' नामक संगीत नाटक किसने लिखा था?**

उ. ध्यानसिंह तोमर

**1371. महावीर स्वामी 'आत्मजयी भगवान महावीर' पर निबंध किसने लिखा था?**

उ. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

**1372. महावीर स्वामी पर मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने कौन सा स्तोत्र लिखा है?**

उ. श्री वर्धमान स्तोत्र

**1373. महावीर स्वामी की (श्वेताम्बरानुसार) बड़ी बहन का क्या नाम था?**

उ. सुदर्शना
(पु. जिनेन्द्र, भ. महावीर विशेषांक, अप्रैल 2002, पृष्ठ-290)

**1374. महावीर स्वामी की एक प्रतिमा दशपुर (आधुनिक मन्दसौर, म.प्र.) में प्रतिष्ठित करने के लिए बारह सौ ग्राम दान में किसने दिए थे?**

उ. चण्डप्रद्योत (उज्जयिनी नरेश)
(अनेकान्त पत्रिका, 1975, पृष्ठ-127)

**1375. महावीर स्वामी की माता ने 14 स्वप्न देखे थे, ऐसा श्वेताम्बर परम्परा में किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. भगवती सूत्र

**1376. महावीर स्वामी के कौन से ग्रन्थ में रइधू कवि ने बारह भावनाओं का बहुत सुंदर एवं विस्तृत वर्णन किया है?**

उ. महावीर चरित्र

**1377. महावीर स्वामी के 108 नामों की स्तुति कौन से दि. जैन ग्रन्थ में 50 श्लोकों में लिखी है?**

उ. वीर वर्धमान चरित्र
(भट्टारक आ. सकलकीर्ति जी, संस्कृत भाषा में)

**1378. महावीर स्वामी का निर्वाण पावापुर के बाहर अवस्थित सरोवर के मध्य उच्च स्थान पर कौन मानते हैं, दिगम्बर या श्वेताम्बर?**

उ. दिगम्बर

**1379. महावीर स्वामी का जन्मस्थान नगरी पं. आशाधर जी ने 'महावीर स्तवन' (संस्कृत) में किसे माना है?**

उ. कुण्डलपुरी (छन्द नं. 4)

**1380. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान महावीर-जीवन और सिद्धांत' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. प्रेम सागर जैन

**1381. महावीर स्वामी को स्मरण करते हुए यह किस जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है?**

**णमिऊण वड्ढमाणं, परप्याणं जिणं ति सुद्धेण।**
**वोच्छमि रयणसारं, सायारण यार धम्मीणं॥**

उ. रयणसार
(आ.श्री कुन्दकुन्द स्वामी कृत, गा.सं. -167 है)

**1382. महावीर स्वामी पर रेडियो रूपक 'मान स्तम्भ' नामक नाटक किसने लिखा था?**

उ. कुन्था जैन, दिल्ली

**1383. महावीर स्वामी के शासनकाल के पूर्व में पिहितास्रव मुनि से पलासनगर में सरयू नदी के निकट किसने दीक्षा ली थी?**

उ. गौतम बुद्ध

**1384. महावीर स्वामी के 'महावीर रास' श्री कुमुदचन्द्र ने कौन से आचार्यश्री के कथानक पर लिखा था?**

उ. आचार्यश्री सकलकीर्ति जी
(महावीर चरित्र से)

**1385. महावीर स्वामी की मूर्ति सोनागिर जी के कौन-से मंदिर की प्रतिष्ठा संवत् 1851 में हुई थी?**

उ. 68 नं.

**1386. महावीर स्वामी के 'श्री वीर जिनेश्वर' स्तुति की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**वीर जिनेश्वर अब तो मुझको,**
**मुक्ति मार्ग बतलाओ।**
**निज को भूल बहुत दुःख पाये,**
**अब मत देर लगाओ॥**

उ. ब्र. रवीन्द्र जी आत्मन्
(पु. अध्यात्म पाठ मंजूषा, पृ. 203)

**1387. महावीर स्वामी के 'वर्धमान चरित्र' को तीन हजार श्लोक प्रमाण की रचना संवत् 910 में भावकीर्ति मुनि के पादमूल में बैठकर किसने की थी?**

उ. असग कवि
(इन्होंने आठ ग्रन्थों की रचना की है)

**1388. महावीर स्वामी की जन्म जयंती और मुस्लिम की बकरीद दोनों एक साथ कब पड़ी थीं?**

उ. 29 मार्च 1999

**1389. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में 'भगवान महावीर केन्द्र' की भूमि प्रदान किसने की थी?**

उ. श्रीमती इंदिरा गांधी
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय-1999, पृ. 76)

**1390. महावीर स्वामी के नाम पर नेपाल में कहाँ पर 'भगवान महावीर जैन निकेतन' बना है?**

उ. कमल पोंखरी (काठमाण्डू)

**1391. महावीर स्वामी की अहिंसा पर इंग्लैण्ड की शाहजहां मस्जिद के कौन से भूतपूर्व इमाम ने 'जानवरों के बारे में इस्लामी नजरिया' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. अल हाफिज बशीर अहमद माजरी
(कुराने पाक से 100 से अधिक एवं हदीस से 150 जुमलों के माध्यम से)

**1392. महावीर स्वामी की ''महावीर जयंती स्मारिका'' पत्रिका सन् 1962 से राजस्थान जैन सभा किसकी प्रेरणा से प्रकाशन का निर्णय लिया था?**

उ. पं. चैनसुखदास जी

**1393. महावीर स्वामी के समकालीन वैशाली के वाणिज ग्राम के किस सेठ के पास चार करोड़ मुद्राएं रिजर्व थीं, इतनी ही ब्याज पर दी थीं और इतनी राशि व्यापार में लगाई थी?**

उ. आनन्द सेठ
(महावीर जयंती स्मारिका-1977, पृष्ठ-1-59)

**1394. महावीर स्वामी पर 'ज्योतिर्मय महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. रमेश जैन 'अरुण'

**1395. महावीर स्वामी की सोने की मूर्ति दिल्ली के कौन से मंदिर में विराजमान है?**

उ. भोगल (जैन मंदिर)

**1396. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**आओ दिखाएं जीवन झांकी,**
**महावीर भगवान की,**
**सिद्धारथ के राज दुलारे,**
**त्रिशला मां के प्राण की।**
**क्षत्रिय नाथवंश प्राची के,**
**दिनकर श्री महावीर थे,**
**कुण्डलपुर में जन्म लिया था,**
**जन्मजात अतिवीर थे॥**
**चैत्र शुक्ल तेरस के दिन की,**
**शोभा सीम निराली थी,**
**राजमहल पुरजन परिजन के,**
**मुख पर छाई लाली थी॥**

उ. ताराचन्द्र जैन शास्त्री
(पु. जीवन झांकी तीर्थंकर महावीर के प्रथम पद्य में)

**1397. महावीर स्वामी के गर्भ-जन्म कल्याणक पर 15 माह में कितने रत्नों की रत्नवृष्टि हुई थी?**

उ. 47 अरब, 98 करोड़, 50 लाख रत्न
(पु. मुक्ति की ओर, पृष्ठ-460)

**1398. महावीर स्वामी का जीव श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार देवनन्दा ब्राह्मणी के गर्भ में कितने दिन रहे?**

उ. 82 दिन
(दि. परम्परा में गर्भ और जन्मदात्री त्रिशला देवी थीं)

**1399. महावीर स्वामी के बारे में सन् 1997 को दिल्ली के कुन्दकुन्द भारती में ये किन मुख्यमंत्री का वक्तव्य था कि 'आज अशांति और बेचैनी भरे जीवन में भ. महावीर के आदर्श ही एकमात्र उपाय हैं जिनका पालन कर सुख-शांति प्राप्त की जा सकती है। हमें मानव के साथ-साथ अन्य जीव-जन्तुओं के प्रति भी सद्भावना रखनी चाहिए।**

उ. श्रीमती शीला दीक्षित
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय, 1999, पृष्ठ-74)

**1400. महावीर स्वामी के नामान्तरों पर ये पंक्ति कहाँ से ली गई-**

**सन्मति र्महति र्वीरो, महावीरोऽन्त्य काश्यपः।**
**नाथोन्वयो वर्धमानो, यत्तीर्थ मिह साम्प्रतम॥**

उ. धनञ्जय नाममाला (पद्य नं. 115)

**1401. महावीर स्वामी के बारे में कौन से श्वेताम्बर साधु के ये विचार हैं कि 'मेरा स्पष्ट मत है कि आगम सम्मत एवं परम्परा में कुण्डलपुर (नालन्दा) ही जन्मस्थली मान्य की जानी चाहिए?**

उ. श्वे. जैन आ. सुयशसूरि महाराज
(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-78)

**1402. महावीर स्वामी के काल में अतिशय क्षेत्र उमता (गुजरात) का नाम क्या था?**

उ. वर्धमानपुरम
(पु. टीले के भगवान, पृष्ठ-4)

**1403. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**स्वयं प्रतीक बन महावीर ने,**
**जग को सद् उपदेश दिया था,**
**केवल परिग्रह त्याग कराने,**
**नग्न दिगम्बर वेष किया था।**
**भरता नहीं घाव वाणी का,**
**वाणी पर अनुशासन रक्खो,**
**बारह वर्ष मौन व्रत रखकर,**
**यही मूक संदेश दिया था॥**

उ. हास्य कवि श्री हजारी लाल जैन

(पो. सकरार, जिला झांसी, उ.प्र.)

**1404. महावीर स्वामी की मूर्ति पर अतिशय क्षेत्र महावीर जी (राज.) में कौन सी आर्यिकाश्री ने पौने दो किलो का सन् 2017 में सोने का छत्र लगवाया था?**

उ. आ. श्री सृष्टि भूषण माताजी

**1405. महावीर स्वामी के नाम पर महाराष्ट्र प्रांत में कहाँ पर 'श्री वर्धमान जैन आगम तीर्थ' बना है?**

उ. कटराज (पूना)

**1406. महावीर स्वामी के पिता 'णातृं' वंश के क्षत्रिय थे, णातृ (नाथ) शब्द किस भाषा का है?**

उ. प्राकृत भाषा

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-285)

**1407. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में वैशाली के राजकुमार तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. नेमिचन्द्र जैन

**1408. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं?**

**आपके दर्शन कर प्रभु,**
**मिटे उर अज्ञान,**
**निरख अनुपम आपकी छवि,**
**हृदय हर्ष महान।**
**भव उदधि के तीर्थ हैं,**
**जग पूज्य विश्व ललाम,**
**हे अहिंसा स्थल विराजित,**
**महावीर प्रणाम॥**

उ. श्रीमती प्रभादेवी जैन

**1409. 'भ. महावीर दिव्य देशना सम्मान' सन् 2004 मुनि श्री प्रसन्न सागर जी महाराज की उपस्थिति में असम के राज्यपाल ले. ज. अजयसिंह द्वारा किसे प्राप्त हुआ था?**

उ. कवि चन्द्रसेन जैन, भोपाल

**1410. 'महावीर ज्योति रथ' का 19 अक्टूबर सन् 2004 को राजस्थान के बागीदौरा में कौन से मुख्यमंत्री ने स्वागत किया था?**

उ. श्रीमती वसुंधरा राजे

(ग.आ.श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से रथ निकला)

**1411. महावीर स्वामी पर 'महावीर की महत्ता और वर्तमान युग में महावीर के उपदेशों की सार्थकता' विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. डॉ. प्रभाकर माचवे

**1412. महावीर स्वामी के 'वीर स्तवनम्' की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**अगाधे भवाब्धौ पतन्तं जनं यः**
**समुद्धिश्य तत्वं सुखाढ्यं चकार।**
**दयाब्धिः सुखाब्धिः सदा सौख्य रूपः,**
**स वीरः प्रवीरः प्रमोदं प्रदद्यात्॥1॥**

उ. डॉ. पन्नालाल साहित्याचार्य, सागर, म.प्र.

**1413. महावीर स्वामी के सोनागिर के कौन से नं. मंदिर के प्रतिष्ठाकारक मऊरानीपुर की जैन पंचायत है?**

उ. 62 नं.

**1414. महावीर स्वामी पर यह महावीर स्तवन किनके द्वारा लिखित है-**
**सन्मति-जिनपं सरसिज-वदनं,**
**संजनि ताखिल कर्म कमथनं।**
**पद्‌म सरोवर-मध्य गतेन्द्रं,**
**पावापुरि महावीर जिनेन्द्रं॥**

उ. पं. आशाधर सूरि

**1415. महावीर स्वामी को कौन से दिगम्बराचार्य ने ज्ञातवंश का चन्द्रमा लिखा है?**

उ. आ.श्री पूज्यपाद स्वामी
(संस्कृत भाषा की चरित्र भक्ति में)

**1416. महावीर स्वामी का जन्म 'गौतम गणधर चरित्र' में किस स्थान पर लिखा है?**

उ. कुण्डलपुर (चौथे अध्याय में)

**1417. महावीर स्वामी के निर्ग्रन्थ धर्म द्वारा मनु स्तुष्टि करने का आग्रह पांच सौ युनानियों ने किस राजा से किया था, बाद में वह राजा जैन धर्म में दीक्षित हो गया था?**

उ. राजा मनेन्द्र
(साभार : वीर वर्ष 2, पृष्ठ 446-449)

**1418. महावीर स्वामी के बारे में जन्म वृत्तान्त का विवेचन मथुरा के कंकाली टीला के कौन से नं. की प्लेट में हैं?**

उ. 18

**1419. महावीर स्वामी पर 'महावीर ने कहा' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. आचार्य तुलसी

**1420. महावीर स्वामी का नरेन्द्रं फणेन्द्रं तर्ज पर ये 'वीराष्टक' किसके द्वारा लिखित है-**
**हे ईश जग में जो आप ध्याता,**
**सुख सम्पदा वह परिपूर्ण पाता।**
**महिमा तुम्हारी को गा सकेगा,**
**गुण सिन्धु की थाह को पा सकेगा॥**
**सो इन्द्र पूजित त्रैलोक्य न्यारे,**
**भक्त जनों के हो तुम सहारे।**
**केवल तुम्हारा ही नाम भाता,**
**हे वीर सन्मति त्रैलोक्य दाता॥**

उ. आ.श्री सन्मति सागर जी महाराज (बड़ेगांव वाले)

**1421. महावीर स्वामी पर छन्द नृत्य नाटिका 'दिव्य ध्वनि' किसने लिखा था?**

उ. कुन्था जैन

**1422. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर ऐरावत हाथी पर बैठकर कौन आता है?**

उ. सौधर्म इन्द्र
(वीर वर्धमान चरित्र, आ. सकलकीर्ति कृत)

**1423. महावीर स्वामी का मंदिर संवत् 1473 में जैसलमेर (राज.) में किसने बनवाया?**

उ. सा. दीपा बरड़िया

(महावीर जयंती स्मारिका- 1997, पृष्ठ- 2-3, खण्ड-2)

**1424. महावीर स्वामी की मूर्ति 13 फुट अवगाहना की अतिशय क्षेत्र थूबौन जी में किस मंदिर में विराजमान है?**

उ. सात नं. (7)
(इस मूर्ति की प्रतिष्ठा भवानीदास ने बुन्देल वंशी राय मनोहरदास के राज्य में हुई थी)

**1425. महावीर स्वामी के सन् 2002 में 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर 'कोलकाता द्वारा चिकित्सा वैज्ञानिक' की उपाधि से सम्मानित किया गया था?**

उ. डॉ. धर्मचन्द्र जैन (लखनऊ)

**1426. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'महावीर : व्यक्तित्व, उपदेश और आचार मार्ग' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. रिषभदास रांका

**1427. महावीर स्वामी से रुष्ट होकर पार्श्वनाथ की शिष्य परम्परा में किसने बुद्ध दर्शन चलाया था और शुद्धोधन के पुत्र बुद्ध को परमात्मा कहा था?**

उ. मौडिलायन तपस्वी
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ-47)

**1428. महावीर स्वामी के बारे में बौद्धों के कौन से ग्रन्थ में निर्ग्रन्थ ज्ञात पुत्र भगवान महावीर को सर्वज्ञ, समदर्शी तथा सम्पूर्ण ज्ञान और दर्शन का ज्ञाता स्वीकार किया है?**

उ. मज्झिमनिकाय

**1429. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**इधर चलती कषायें, उधर चलती हाथ में माला,**
**है मन में और कहते और,**
**करते और कुछ लाला।**
**अरे महावीर के अनुयायियों,**
**अब तो जरा चेतो,**
**तुम्हारे आचरण ने धर्म को,**
**बदनाम कर डाला॥**

उ. काका बुन्देलखण्डी
(महावीर जयंती स्मारिका-1977, खण्ड-2, पृ.-2-6)

**1430. महावीर स्वामी की निर्वाण स्मृति में हरियाणा प्रांत में पावापुर की रचना कहाँ बनी है?**

उ. रोहतक

**1431. महावीर स्वामी की अहिंसा के बारे में मुस्लिम धर्म के किस ग्रन्थ में लिखा है कि 'अल्लाह ताला फरमाते हैं- जानवर को जीने व दुनिया में रहने का बराबर व पूरा हक है। जो भी खुदा की पैदा की हुई चीजों, प्राणियों के साथ रहम करता है, वह अपने पर रहम करता है।'**

उ. कुरान मजीद
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय-1999, पृ. 93)

**1432. महावीर स्वामी के शासनकाल में किस सेठ के पास चार गोकुलों में दस-दस हजार गौएं थीं और पांच सौ हलों की खेती थी, फिर अणुव्रत धारण किया था?**

उ. आनन्द सेठ
(वैशाली के पास वाणिज ग्राम का सेठ था)

**1433. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**
**देवेन्द्रार्चित पाद पंकज युगः,**
**पावापुरे पापहा।**
**श्रीमद् वीर जिनः स रक्षतु,**
**सदा दिग्वाससां शासनम्॥**

उ. मदन कीर्ति
(शासन चतुस्त्रिंशिका, पद्य नं.-19, तीर्थ वंदन संग्रह, पृ.-30)

**1434. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय कलश का मुख कितने किलोमीटर का था?**

उ. 12 किलोमीटर (1 योजन)

**1435. महावीर स्वामी पर 'इतिहास पुरुषों की श्रृंखला में महावीर' विषय पर निबन्ध किसने लिखा था?**

उ. कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर'

**1436. महावीर स्वामी के तीर्थकाल किनके प्रवचनों का संकलन 'धम्म पद' (धर्म पद) के नाम से प्रसिद्ध है?**

उ. गौतम बुद्ध
(इसे बुद्ध गीता के नाम से भी जाता जाता है)

**1437. महावीर स्वामी को अगर ज्ञातपुत्र कहते थे तो गौतमबुद्ध कौन से पुत्र कहलाते थे?**

उ. शाक्य पुत्र

**1438. महावीर स्वामी पर 'तीर्थंकर महावीर' पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. मुक्ता प्रसाद पटैरिया

**1439. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**महावीर वन्दन करूं, मैं पूजों धरि ध्यान,**
**निरख आपकी छवि को, होता हर्ष महान।**
**गुण अनन्त की खान प्रभु, तुम हो समतावान,**
**जो आवे तुम शरण में, करे आत्म कल्याण॥**

उ. अखिल बंसल

**1440. महावीर स्वामी पर मंच नाटक 'वीतराग' किसके द्वारा लिखा है?**

उ. कुन्था जैन

**1441. महावीर स्वामी के समकालीन भ. गौतम बुद्ध का जन्म किस गणराज्य में हुआ था?**

उ. शक्य

**1442. महावीर स्वामी की कौन सी शिष्या दूसरे पूर्वभव में कनकलता नाम की राजपुत्री थी?**

उ. चन्दनबाला (महापुराण)

**1443. महावीर स्वामी की मूर्ति दिल्ली संग्रह में किस क्रमांक नं. की है?**

उ. 48413

**1444. महावीर स्वामी के समकालीन बौद्ध धर्म में कितने प्रकार का दान बताया है?**

उ. तीन

(भ. महावीर एवं त्रिकाल जैन तत्व दर्शन, पृ.-472)

**1445. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. गोकुलचन्द्र जैन

**1446. महावीर स्वामी पर 'आत्मजयी महावीर' नामक मंच नाटक किसके द्वारा लिखित था?**

उ. वीरेन्द्र कुमार जैन

(अनुत्तर योगी नामक पुस्तक से)

**1447. महावीर स्वामी के बारे में कौन से दि. जैन ग्रन्थ में लिखा है कि 66 दिन तक दिव्य ध्वनि नहीं खिरने पर भी भगवान भूतल पर विहार करते रहे?**

उ. वर्धमान काव्य (जयमित्र हल्ल कृत)

**1448. महावीर स्वामी की प्राचीन प्रतिमा दिल्ली में कौन से मंदिर में विराजमान है जिनकी मूर्ति के नीचे वेदी में चांदी के पतरे पर सोने का सिंह बना चिन्ह रखा है?**

उ. खण्डलेवाल जैन मंदिर, कनॉट प्लेस (C.P.)

**1449. महावीर स्वामी के बारे में मथुरा के कंकाली टीले की खुदाई में किस नं. की प्लेट पर वर्धमान के साधुत्व जीवन पर प्रकाश पड़ता है?**

उ. 17 नं. (XVII)

**1450. महावीर स्वामी पर 'तजलियात वीर' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. पंडित बृजमोहन, देहली

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ.-566)

**1451. महावीर स्वामी की मूर्ति आठ फुट अवगाहना वाली खड़गासन में अशोकनगर (म.प्र.) की एक वृद्धा महिला ने कौन से नं. के मंदिर में विराजमान की थी?**

उ. 21 नं.

**1452. महावीर स्वामी का जीवन चरित्र कवि परमेष्ठी ने कौन सा पुराण लिखा?**

उ. वागर्थ संग्रह

(इनके इसी ग्रन्थ के आधार से जिनसेन ने महापुराण लिखा)

**1453. महावीर स्वामी पर 'ऐतिहासिक काल के तीन तीर्थंकर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. आ. हस्तिमल जी

**1454. महावीर स्वामी के सन् 2002 को 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर किस रोबोट निर्माता को 'बाल वैज्ञानिक' की उपाधि से सम्मानित किया गया?**

उ. नितिन जैन, सहारनपुर

**1455. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर स्तवन' की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**श्रीमान् वीरोऽतिवीरः त्रिभुन महितः सौख्यराशिं जिनेन्द्रः।**

**यो जातः कुण्डलाख्ये भुवि प्रथितपुरे सोऽस्ति सिद्धार्थ पुत्रः॥**

उ. ग.आ. श्री ज्ञानमती माताजी

**1456. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के समय ईशानेन्द्र किस वाहन पर बैठकर आये थे?**

उ. अश्ववाहन (घोड़ा)
(वीर वर्धमान चरित्र, आ. सकलकीर्ति कृत)

**1457. महावीर स्वामी की लगभग 53 ई.पू. की मूर्ति कहाँ के कंकाली टीले से मिली है?**

उ. मथुरा (उ.प्र.)

**1458. महावीर स्वामी के जन्म से ही 1008 शुभ लक्षण थे, तो भ. गौतम बुद्ध के कितने शुभ लक्षण थे?**

उ. बत्तीस

**1459. महावीर स्वामी पर वृजकिशोर नारायण ने किस नाम से साहित्यिक नाटक लिखा था?**

उ. वर्द्धमान महावीर

**1460. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान की मानवता' (काव्य) नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. हुक्मचन्द्र 'अनिल'

**1461. महावीर स्वामी को नमस्कार करते हुए यह कौन से जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है-**

**गुणानां विसतरं वक्ष्ये, स्वभावनां तथैव च।**

**पर्यायावां विशेषेण, नत्वा वीरं जिनेश्वरम्॥**

उ. आलाप पद्धति
(आ.श्री देवसेन जी कृत, 228 सूत्र हैं)

**1462. महावीर स्वामी की श्री वीर शासन जयंती पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**वर्धमान अतिवीर प्रभु,**
**सन्मति महावीर स्वामी,**
**वीतराग सर्वज्ञ जिनेश्वर,**
**अंतिम तीर्थंकर नामी।**
**श्री अरिहंत देव मंगलमय,**
**स्व पर प्रकाशक गुणधामी,**
**सकल लोक के ज्ञाता दृष्टा,**
**महापूज्य अन्तर्यामी॥**

उ. राजमल जी पवैया, भोपाल

**1463. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर वूमेन पॉलिटीकल कॉलेज' कहाँ पर बना है?**

उ. गुड़गांव, हरियाणा

**1464. महावीर स्वामी के अतिशय क्षेत्र थूबौन जी में कौन-कौन से नं. के मंदिर हैं?**

उ. 7 नं. और 21 नं.

**1465. महावीर स्वामी पर सन् 1768 में कवि नवल शाह ने कौन सा पुराण लिखा था?**

उ. वर्द्धमान पुराण (प्रकाशित-दिल्ली से)

**1466. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर के पांच सिद्धांत' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. ज्ञानमुनि जी महाराज

**1467. महावीर स्वामी का यह चालीसा किसके द्वारा लिखित है-**

**वीतराग विज्ञान को, नमन अनन्ते बार।**

**चालीसा जिन वीर का, संकट मोचन हार॥**

उ. आ.श्री सन्मति सागर जी महाराज (बड़ेगांव वाले)

**1468. महावीर स्वामी के समकालीन गौतम बुद्ध के बौद्ध शास्त्रों में बुद्धों की संख्या कितनी है?**

उ. 24 (चौबीस)

**1469. महावीर स्वामी पर 'तौसीफे महावीर' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. श्री लम्भूराम, जोश मलस्यानी

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-565)

**1470. महावीर स्वामी की मूर्ति म.प्र. में किस क्षेत्र की गुफा नं.-1 में अनन्तनाथ पार्श्वनाथ पद्मप्रभु और संभवनाथ के साथ विराजमान है?**

उ. खन्दारगिरी

**1471. महावीर स्वामी पर 'आधुनिकता बोध और महावीर का धर्म दर्शन : आज के संदर्भ में' विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. वीरेन्द्र कुमार जैन

**1472. महावीर स्वामी के समकालीन महात्मा गौतम बुद्ध का विशलेषण नाम क्या था?**

उ. सिद्धार्थ

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-472)

**1473. महावीर स्वामी पर ये आरती की पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**त्रिशला उर अवतार लियो,**

**प्रभु सुर नर हर्षाये।**

**पन्द्रह मास रतन कुण्डलपुर,**

**धनपति वर्षाये॥**

**ॐ जय सन्मति देवा॥**

उ. शिवराज

**1474. महावीर स्वामी पर राजकुमार वर्मा ने साहित्यिक नाटक किस नाम से लिखा है?**

उ. जय वर्धमान

**1475. महावीर स्वामी का स्मरण करते हुए यह किस जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है-**

**सद्दृष्टि ज्ञान वृत्तात्मा, मोक्षमार्गः सनातनः।**

**अविश सीद्यतो वन्दे, तमहं वीर मुच्युतम्॥**

उ. लघु तत्वार्थ सूत्र

(आ.श्री प्रभाचन्द्र स्वामी कृत.अ. 10 सूत्र)

**1476. महावीर स्वामी के 'श्री वीर शासन दशक' की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**वीरनाथ का मंगल शासन,**
**जग में नित जयवंत रहे।**
**स्वानुभूतिमय श्री जिन शासन,**
**जग में नित जयवंत रहे॥**
**श्री जिन शासन के आधार,**
**भव सागर से तारणहार।**
**वीतराग सर्वज्ञ जिनेश्वर,**
**जग में नित जयवंत रहे॥**

उ. ब्र. रवीन्द्र जी आत्मन्
(पु. अध्यात्म पाठ मंजूषा, पृष्ठ-204)

**1477. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'आधुनिक बोध और महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. वीरेन्द्र कुमार जैन

**1478. महावीर स्वामी पर 'महावीर के उपासक', 'सचित्र महावीर कथा' एवं 'तीर्थंकर महावीर' नामक तीने पुस्तकें लिखी थीं?**

उ. आ. सुभद्र मुनि
(जैन स्थानक वासी साधु

**1479. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर और हम' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. डॉ. देवेन्द्र कुमार शास्त्री

**1480. महावीर स्वामी पर 'चितेरों के महावीर' नामक उपन्यास किसने लिखा था?**

उ. डॉ. प्रेम सुमन जैन (सन् 1975 में)

**1481. महावीर स्वामी की ग्वालियर जिले में सन् 2017 में 13 मूर्तियां भू-गर्भ से प्रकट हुई थीं, उसमें से एक मूर्ति भ. महावीर स्वामी की थी?**

उ. पनिहार (ग्वालियर शिवपुरी रोड पर, ग्वालियर से 20 कि.मी.)

**1482. महावीर स्वामी के निर्वाण लाभ के पश्चात म. गौतम बुद्ध कितने वर्ष तक जीवित रहे थे?**

उ. पांच वर्ष
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-492)

**1483. महावीर स्वामी के अतिशय क्षेत्र पपौरा जी में कौन-कौन से नं. के मंदिर हैं?**

उ. 5 नं., 24 नं.

**1484. महावीर स्वामी पर हजारीमल ने कौन सी पुस्तक लिखी?**

उ. त्रिशलानन्दन महावीर
(प्रकाशन : साहित्य सदन, झांसी उ.प्र.)

**1485. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'भगवान महावीर के प्रेरक संस्मरण' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. महेन्द्र कुमार कमल

**1486. महावीर स्वामी पर लिखा उपन्यास अनुत्तर योगी तीर्थंकर महावीर' का प्रथम खण्ड किस नाम से प्रकाशित है?**

उ. वैशाली का विद्रोही राजकुमार
(अनुत्तर योगी के लेखक वीरेन्द्र कुमार जैन हैं)

**1487. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर सानत कुमार इन्द्र कौन से वाहन पर बैठकर आता है?**

उ. मृगेन्द्र वाहन

**1488. महावीर स्वामी की शिष्या चन्दनबाला (चंदना) वर्तमान में कौन से स्वर्ग में है?**

उ. अच्युत स्वर्ग

**1489. महावीर स्वामी के सन् 2002 को 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर किसे कोलकाता द्वारा पुरातत्व की उपाधि से सम्मानित किया था?**

उ. डॉ. श्री जवाहरलाल (हैदराबाद)

**1490. महावीर स्वामी पर 'बदलते संदर्भों में महावीर की भूमिका' विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. यशपाल जैन

**1491. महावीर स्वामी के 'भगवान महावीर केन्द्र' दिल्ली का शिलान्यास किसने किया था?**

उ. श्री मोरारजी देसाई
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय-1997, पृष्ठ 76)

**1492. महावीर स्वामी के नाम पर 'वर्धमान महावीर मेडीकल कॉलेज' कहाँ के सफदरजंग और प्रीतमपुरा ऐसे दो स्थानों पर है?**

उ. दिल्ली

**1493. महावीर स्वामी पर 'महावीर वाणी नामक पुस्तक का संकलन यिा था?**

उ. चन्दनमल 'चांद'

**1494. महावीर स्वामी पर (महावीर वाणी का प्रामाणिक ग्रन्थ) 'समणसुत्तं' नामक पुस्तक के लेखक कौन वर्णी जी थे?**

उ. श्री जिनेन्द्र वर्णी जी

**1495. महावीर स्वामी का मंदिर सिद्धक्षेत्र आहार जी में कौन से नं. का है?**

उ. 2 नं. का
(प्रतिमा जी एक फुट की है व सं. 1713 की प्रतिष्ठित है)

**1496. महावीर स्वामी पर सन् 1986 ई. में माणिक चन्द्र ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. जय महावीर
(प्रकाशन : बीकानेर, राज.)

**1497. महावीर स्वामी पर सन् 1974 में 'अनुत्तर योगी : तीर्थंकर महावीर' (उप.) लिखा था?**

उ. वीरेन्द्र कुमार जैन

**1498. महावीर स्वामी की अहिंसा (शाकाहार) के बारे में इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन के कौन से प्रतिनिधि ने मांसाहार को कुरान के कानून का स्पष्ट उल्लंघन बतलाया है?**

उ. डॉ. ए.एम. कालमे
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय 1999, पृष्ठ-93)

**1499. महावीर स्वामी पर 'अकीदते वीर' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. श्री जनेश्वर प्रसाद देहली
(भ. महावीर एवं त्रिकाल जैन विश्व तत्व दर्शन, पृष्ठ-565)

**1500. महावीर स्वामी पर 'महावीर : अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य' विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. डॉ. नेमिचन्द्र

**1501. महावीर स्वामी के जन्म के कितने वर्ष पूर्व महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था?**

उ. तीन वर्ष
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-492)

**1502. महावीर स्वामी के समकालीन गौतम बुद्ध ने कितनी पारमिताओं का पालन किया था?**

उ. 30 (तीस)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-472)

**1503. महावीर स्वामी को स्मरण करते हुए यह किस जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है-**
**पणमिय सिरसा णेमिं,**
**गुण रयण विभूसणं महावीरं।**
**सम्मत्त-रयण णिलयं,**
**पयडिय मुक्कित्तणं वोच्छं॥**

उ. गोम्मटसार कर्मकाण्डम्
(आ.श्री नेमिचन्द्र जी कृत 972 गाथाएं हैं)

**1504. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर वनस्थली पार्क' कहाँ पर बना है?**

उ. दिल्ली

**1505. महावीर स्वामी का खजुराहो में कौन-कौन से नं. का मंदिर है?**

उ. 2 नं., 16 नं.

**1506. महावीर स्वामी पर 'बयान खाना दिल वीरा जरमे चश्म' नामक कविता फारसी भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. लाला भोलानाथ साहब
(म्युसपल कमिशनर, बुलन्दशहर)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-564)

**1507. महावीर स्वामी पर सन् 1974 में 'तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. पद्मचन्द्र शास्त्री

**1508. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के समय माहेन्द्र किस वाहन पर बैठकर आता है?**

उ. वृषभ वाहन (बैल)

**1509. महावीर स्वामी के समकालीन गौतम बुद्ध ने कहाँ पर मुनि दीक्षा धारण की थी?**

उ. पलाश नगर
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन दर्शन, पृष्ठ-477)

**1510. महावीर स्वामी पर 1976 ई. में कवि डॉ. छैल बिहारी गुप्त कृत कौन सी पुस्तक है?**

उ. तीर्थंकर महावीर (प्रकाशन : इन्दौर)

**1511. महावीर स्वामी के साथ भ. आदिनाथ की मूर्ति उड़ीसा से प्राप्त कहाँ के प्रिन्स अल्वर्ड एण्ड विक्टोरिया संग्रहालय में विराजमान है?**

उ. लंदन
(महावीर जयंती स्मारिका : 1977, खण्ड-2, पृष्ठ-234)

**1512. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर : आधुनिक संदर्भ में' नामक पुस्तक का सम्पादन किया था?**

उ. नरेन्द्र भानावत

**1513. महावीर स्वामी पर ये कविता किनके द्वारा लिखित हैं-**

**बिछा हुआ पग-पग पर,**
**शापों षड्यंत्रों का जाल,**
**पड़ी पाण्डुलिपि मानवता की,**
**कटी-फटी बेहाल।**
**हिंसा हत्या छल प्रपञ्च का,**
**बिछा हुआ है जाल,**
**मानवता को निगल गई है,**
**दानवता विकराल॥**
**रामराज्य में पनप रहा,**
**रावण का व्यवधान।**
**महावीर ने किया,**
**महामानव का आह्वान॥**

उ. कल्याण कुमार जैन 'शशि'
(पु. जिनेन्दु भ. महावीर विशेषांक, अप्रैल-2002, पृष्ठ-340)

**1514. महावीर स्वामी के नाम पर 'भ. महावीर कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च हॉस्पिटल' कहाँ बना है?**

उ. जयपुर (जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर-17)

**1515. महावीर स्वामी की जो प्रतिमा खजुराहो के संग्रहालय में विराजमान है, वह किस संवत् की है, जिस पर मूर्तिकार का नाम कुमार सिंह अंकित है?**

उ. 1212 संवत्

**1516. महावीर स्वामी पर सन् 1999 में 'मंगलमूर्ति महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. विमल जैन 'अंशु' चण्डीगढ़
(प्राप्ति : श्रेयांस पब्लिकेशन्ज, 1833, सैक्टर 22-बी, चण्डीगढ़)

**1517. महावीर स्वामी के सन् 2002 में 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा टिकिट संग्राहक पर सम्मानित किया गया था?**

उ. सुधीर जैन, सतना

**1518. महावीर स्वामी पर 'वीर स्वामी के जन्म से दर खुला निर्वाण का' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. बाबू शुगनचन्द्र साहब 'रोशन' एडवोकेट पानीपत
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-564)

**1519. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में 'वर्द्धमान जीवन कोश' (प्रथम खण्ड) नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. मोहन लाल बांठिया

**1520. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है-**
**माता त्रिशला सुत जाये,**
**सुर नर रतन गिराये।**
**सुरपति सज सैन्य गंभीर,**
**आये कुण्डलपुर के तीर॥**
**शचि नाभि प्रसूति गृह जाय,**
**नाथ को ल्याय मोद हर्षाये॥**

उ. श्री दुर्गासिंह जी
(राग असावरी में रचित गजल में)

**1521. महावीर स्वामी पर लिखा उपन्यास 'अनुत्तर योगी : तीर्थंकर महावीर' का द्वितीय खण्ड किस नाम से प्रकाशित है?**

उ. असिधारा पथ का यात्री

**1522. महावीर स्वामी की 2600वीं जन्म जयंती पर सन् 2001 को ये वाक्य कौन से दि. जैनाचार्य के हैं- धर्म बहुत व्यापक है। उसे जाति, सम्प्रदाय अथवा पंथ से नहीं जोड़ा जा सकता। भगवान महावीर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करे, यही उसका धर्म है। धर्म मंगल स्वरूप होता है, अहिंसा संयम और तप उसके मुख्य अंग हैं। विचारों में अनेकान्तवाद, आचार में अहिंसा, वाणी में स्याद्वाद तथा समाज में अपरिग्रहवाद भगवान महावीर का मुख्य उपदेश है।**

उ. राष्ट्रसंत आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज
(वीर पत्रिका, मार्च द्वितीय-1999, पृष्ठ-75)

**1523. महावीर स्वामी की मूर्ति म.प्र. में कहाँ के बस अड्डे के पास सरकारी संग्रहालय में विराजमान है?**

उ. खजुराहो (यहां जैन कक्ष में कुल 12 मूर्तियां सुरक्षित हैं)

**1524. महावीर स्वामी जब 69 वर्ष के थे, तब महात्मा बुद्ध कितने वर्ष के थे?**

उ. 72 वर्ष

**1525. महावीर स्वामी पर 'भगवान से महावीर तक' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. सुरेश सरल (जबलपुर)

**1526. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में 'महावीर मार्ग' कहाँ पर है?**

उ. रोहिणी

**1527. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ के भारत कला भवन में क्र.नं. 161 में संग्रहीत है?**

उ. वाराणसी
(नवनीत मासिक बम्बई, जून 1973, पृष्ठ-78)

**1528. महावीर स्वामी के समकालीन महात्मा गौतम बुद्ध के भी पूर्वभवों की कथाएं कौन से बौद्ध साहित्य में हैं?**

उ. जातक कथाओं

**1529. महावीर स्वामी का सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरी पर कौन से नं. का मंदिर है?**

उ. 14 नं.
(1 फुट 11 इंची, प्रतिष्ठित सं. 2011 की)

**1530. महावीर स्वामी पर सन् 1975 ई. में विद्याचन्द्र सूरि ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. चरम तीर्थंकर श्री महावीर (प्रकाशन, राजगढ़)

**1531. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर के संदेशों में लोक मंगल' विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. बाबूलाल पाटोदी, इन्दौर

**1532. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर दी याद' नामक कविता पंजाबी की उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. अज दीवाने वतन श्री हरिचन्द्र साहब (नाहन, हचून दोआबा)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल जैन विश्व तत्व दर्शन, पृष्ठ-563)

**1533. महावीर स्वामी पर 'अप्रतिम योगी भगवान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. मुनि महेन्द्र कुमार

**1534. महावीर स्वामी के जीव ने भोगभूमियां की कितनी पर्याय प्राप्त की थीं?**

उ. 60 करोड़ बार
(तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलन-आ. विशाश्री, पृष्ठ-15)

**1535. महावीर स्वामी पर 'आधुनिक बोध और महावीर' पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. वीरेन्द्र कुमार जैन

**1536. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर' (राजस्थानी भाषा में) उपन्यास किसने लिखा था?**

उ. नृसिंह राज पुरोहित

**1537. महावीर स्वामी के नाम पर उमता (पूर्व नाम वर्धमानपुरम) में कितने आभूषण के स्वर्ण आभूषण मिले थे?**

उ. दो किलो छह सौ ग्राम
(पुस्तक टीले के भगवान, पृष्ठ-7)

**1538. महावीर स्वामी का मंदिर किस सिद्धक्षेत्र पर एक विशाल सरोवर (जल मंदिर) के मध्य व भ. पार्श्वनाथ के समवशरण के पास बना है?**

उ. नैनागिर जी
(प्रतिष्ठा : वी.सं. 2482 में हुई)

**1539. महावीर स्वामी की स्तुति करते हुए यह पद्य कहाँ से लिया गया है-**

**''वीराः सर्व-सुरा सुरेन्द्र-महितो,**
**वीरं बुधाः संश्रिता,**
**वीरेणा भिहतः स्व कर्म निचयो,**
**वीराय भक्त्या नमः।**
**वीरात् तीर्थ-मिदं प्रवृत्त-मतुलं,**
**वीरस्य घोरं तपो,**
**वीरे श्री घुति कांति-कीर्ति धृतयो,**
**हे वीर भद्र् त्वयि॥''**

उ. वीर स्तुति
(प्रतिक्रमण से)

**1540. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के समय ब्रह्मेन्द्र इन्द्र किस वाहन पर बैठकर आता है?**

उ. सारस वाहन

(वीर वर्धमान चरित्र, आ. सकलकीर्ति कृत)

**1541. महावीर स्वामी के स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर गवर्मेन्ट म्यूजियम' बना है?**

उ. कड़पा (आन्ध्र प्रदेश में)

**1542. महावीर स्वामी के निर्वाण के 605 वर्ष 5 माह के बाद कौन सा राजा हुआ था?**

उ. शक राजा

(ति.प.गा.-81 आज से 1500 वर्ष का है)

**1543. महावीर स्वामी का मंदिर कहाँ पर 'मामा-भांजे' के नाम से प्रसिद्ध है?**

उ. बीना बारहा

**1544. महावीर स्वामी पर सन् 1976 ई. में कवि अभय कुमार यौधेय कृत कौन सी पुस्तक है?**

उ. श्रमण भगवान महावीर चरित्र

(जैन नगर, मेरठ से प्रकाशित)

**1545. महावीर स्वामी पर 'बंधन टूटे' उपन्यास का हिन्दी रूपान्तरकार कौन है?**

उ. मुनि दुलहराज

(इस उपन्यास के तीन भाग और 759 पृष्ठ हैं)

**1546. महावीर स्वामी पर 'महावीर स्वामी-महावीर स्वामी' नामक कविता उर्दू भाषा में लिखी थी?**

उ. पंडित वंशीलाल जी शर्मा, मलेर कोटला

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-563)

**1547. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक पर 'विश्ववंद्य महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. श्री सुभद्र मुनि (विद्या वाचस्पति)

**1548. महावीर स्वामी पर सन् 1976 में 'अंतिम तीर्थंकर महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. व्यथित हृदय

**1549. महावीर स्वामी के कौन से अतिशय क्षेत्र पर कमला बाई जी एवं कृष्णा बाई जी नामक दो आश्रम बने हैं?**

उ. महावीर जी (राजस्थान)

**1550. महावीर स्वामी पर 'ऐतिहासिक महापुरुष तीर्थंकर वर्धमान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. जयकिशन प्रसाद खण्डेलवाल

**1551. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर राजस्थान के कौन से राज्यपाल सदस्य थे?**

उ. निर्मलचन्द्र जैन

**1552. महावीर स्वामी को नमस्कार करते हुए यह किस जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है-**

**पणमिय वीर जिणिदं,**
**तियसिंदणमसियं विमल णाणं।**
**वोच्छं परमत्थ पदं,**
**जंगम पइट्ठायणं सुद्धं॥**

उ. क्रियासार
(आ.श्री भद्रबाहु स्वामी कृत, 80 गाथा सहित)

**1553. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर यूजेकेशन फाउंडेशन कहाँ बना है?**

उ. सूरत (गुजरात)

**1554. महावीर स्वामी की मूर्ति मथुरा के कंकाली टीला में तेईस तीर्थंकरों से घिरी मूर्ति किस नं. की है?**

उ. प्लेट नं. XCIV

**1555. महावीर स्वामी के समकालीन महात्मा गौतम बुद्ध वेस्सन्तर भव में देवलोक के तुसित विमान में सन्तुतुसित नामक देव हुए थे, तब वहां कितने वर्ष तक रहे थे?**

उ. 57 कोटि, 60 लाख वर्ष
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-473)

**1556. महावीर स्वामी की मूर्ति म.प्र. के लखनादौन में जुलाई 1971 में खेत जोतते समय किसको मिली थी?**

उ. श्री शारदा प्रसाद हरदिया
(प्रतिष्ठा-मार्च 1974, मूर्ति मध्यकालीन है)

**1557. महावीर स्वामी पर 'महावीर के पावन प्रसंग' नामक कथा पुस्तक का संकलन किसने किया?**

उ. श्री रमेश मुनि

**1558. महावीर स्वामी पर 'महावीर स्वामी महावीर स्वामी' नामक कविता उर्दू भाषा में कौन से मुनि (श्वे. साधु) ने लिखी थी?**

उ. त्याग मूर्ति श्री चन्दन मुनि जी महाराज
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-562)

**1559. महावीर स्वामी पर 'वीर वर्धमान चरित्र' (संस्कृत में) नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. आ. श्री सकलकीर्ति जी
(हिन्दी अनुवाद : हीरालाल शास्त्री)

**1560. महावीर स्वामी पर ये प्राचीन आरती की पंक्तियां कहाँ से ली गई थीं?**

**त्रिशला नंदन है वीर महावीर,**
**मुक्ति के स्थल की,**
**कुण्डलपुर में जन्म हुआ,**
**कण-कण पवित्र हुआ।**
**सिद्धार्थ के दरबार, हां सिद्धार्थ के दरबार॥**

उ. जम्बूद्वीप पूजांजली
(पृष्ठ-547 पर, प्राचीन आरती)

**1561. महावीर स्वामी पर गुजराती भाषा में 'बंधन छूटे' नामक उपन्यास किसने लिखा था?**

उ. वैद्य चुन्नीलाल धामी
(इस उपन्यास के तीन भाग और 759 पृष्ठ हैं)

**1562. महावीर स्वामी के सन् 2001 में राष्ट्रीय स्तर पर उमता के टीले का खोदने का कार्य कौन से दिगम्बराचार्य के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ था?**

उ. आ. श्री निर्भय सागर जी महाराज

**1563. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ के छत्रसाल पार्क में रखी है जो कि छठवीं शताब्दी का है?**

उ. पन्ना, म.प्र.

**1564. महावीर स्वामी पर डॉ. रामकृष्ण शर्मा कृत कौन सी पुस्तक है?**

उ. भगवान महावीर

(सरस्वती सदन प्रकाशन, भरतपुर, राजस्थान)

**1565. महावीर स्वामी के प्रथम देशना स्थल राजगृही में सोन भण्डार नाम की गुहा (गुफा) का निर्माण चौथी सदी में कौन से मुनि ने कराया था?**

उ. मुनि वैरदेव
(पु. तीर्थ वंदन संग्रह, पृष्ठ-169)

**1566. महावीर स्वामी के 2002 में 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'बाल जादूगर' की उपाधि से सम्मानित किया गया था?**

उ. पल्लवी जैन कासलीवाल, नासिक

**1567. महावीर स्वामी के निर्वाण के कितने समय बाद कल्कि हुआ था?**

उ. 394 वर्ष 7 महीना (ति.प. गाथा-850)

**1568. महावीर स्वामी पर 'श्रमण भगवान महावीर' (लेख संग्रह) नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. मोहनलाल बांठिया

**1569. महावीर स्वामी की अहिंसा पर मुस्लिम धर्म के कौन से धर्म ग्रन्थ में स्पष्ट लिखा है कि 'न तो पशुओं का मांस और न ही उनका रक्त खुदा तक पहुंचता है। खुदा तक पहुंचता है, तो सिर्फ मनुष्य का त्याग और रहम।'**

उ. कुरआने हकीम
(सूरत अलहज 32:32 में)

**1570. महावीर स्वामी के नाम पर भगवान महावीर आई.टी.आई. कॉलेज कहाँ पर बना है?**

उ. बुर्ज (राजस्थान प्रांत में)

**1571. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ के संग्रहालय मे प्लेट नं. XC में तीन तीर्थंकरों के मध्य सिंह प्रतीक है?**

उ. मथुरा (कंकाली टीला)

**1572. महावीर स्वामी की मूर्ति हरियाणा प्रांत में कहाँ के महावीर पार्क के मंदिर में विराजमान है?**

उ. गुड़गांव

**1573. महावीर स्वामी पर आचार्य श्री हस्तिमल जी महाराज ने कौन सी पुस्तक का संकलन किया है?**

उ. धार्मिक कहानियां

**1574. महावीर स्वामी पर 'स्वतंत्र भारत को कराया वीर स्वामी ने' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. जनाब मास्टर सीतराम साहब (माहर पानीपत) (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-562)

**1575. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में 'महावीर श्री ओलखाण' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. शान्ता भानावत

**1576. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के समय लान्तव इन्द्र किस वाहन पर बैठकर आते हैं?**

उ. हंस वाहन (वीर वर्धमान चरित्र, आ. सकलकीर्ति कृत)

**1577. महावीर स्वामी की मूर्ति पिसनहारी मढ़िया (जबलपुर) में कौन-कौन मंदिर में विराजमान है?**

उ. 4 नं., 5 नं., 13 नं. (प्रतिष्ठा हुई 5 नं. की वी.सं. 2484, 13 नं. की वी.सं. 2484)

**1578. महावीर स्वामी पर 'कवि नाथूलाल त्रिवेदी' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर चरित्रामृत

**1579. महावीर स्वामी पर 'महावीर वाणी' (जिनवाणी संकलन) नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. प्रो. सुपार्श्व कुमार जैन

**1580. महावीर स्वामी के नाम पर 'भ. महावीर स्वामी इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी' कहाँ पर बना है?**

उ. जगदीशपुर, हरियाणा

**1581. महावीर स्वामी के निर्वाण के कितने वर्ष बाद विक्रम राजा का जन्म हुआ था?**

उ. 470 वर्ष (आर्य विद्या सुधाकर में लिखा है)

**1582. महावीर स्वामी के पावापुर के विषय में किसने विविध तीर्थ कल्प में एक कल्प लिखा है?**

उ. जिनप्रभ सूरि (पृष्ठ-34, श्वेताम्बर साधु)

**1583. महावीर स्वामी के सन् 2002 में 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा भारत के सबसे कम उम्र के 'तबला वादन' के लिए सम्मानित किया था?**

उ. स्नेहा गांधी, सोलापुर

**1584. महावीर स्वामी पर 'जैन कहानियां भाग-1 से 25' किसने संकलन किया था?**

उ. मुनिश्री महेन्द्र कुमार जी, प्रथम

**1585. महावीर स्वामी पर 'कहाँ फिर गम रहे गर वीर सा गमख़्वार हो जाये' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. जनाब मौलवी मोहम्मद अयूब साहब, एडवोकेट सहारनपुर (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-561)

**1586. महावीर स्वामी पर 'वर्द्धमान पुराण' (कन्नड़ में) किसने लिखा था?**

उ. आचण्ण
(अनुवाद : टी.एस. शामराव, पं. नाग राजैया)

**1587. महावीर स्वामी के महावीराष्टक स्तोत्र के पद्यानुवाद की ये पंक्तियां किनके द्वारा रचित हैं-**

**चेतन-अचेतन तत्त्व जेते,**
**हैं अनन्त जहान में,**
**उत्पाद व्यय ध्रुवमय मुकुटवत,**
**लसत जाके ज्ञान में।**
**जो जगत दरशी जगत में,**
**सन्मार्ग दर्शक रवि मनो,**
**ते वीर स्वामी जी हमारे,**
**नयन पथ गामी बनो॥**

उ. पं. गजाधर लाल

**1588. महावीर स्वामी का मंदिर 'दिलशाद गार्डन एक्स-1, दिल्ली' की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन् 2001

**1589. महावीर स्वामी पर 'महावीर युग की प्रतिनिधि कथाएं' नामक पुस्तक का संकलन किसने किया था?**

उ. देवेन्द्र मुनि शास्त्री

**1590. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर' (जीवन और उपदेश) नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. विपिन जाटोली

**1591. महावीर स्वामी पर 'महावीर का अन्तस्तल' नाम से आत्मकथा किसने लिखी?**

उ. श्री सत्य भक्त

**1592. महावीर स्वामी के 'भगवान महावीर केन्द्र' का दिल्ली में उद्घाटन किसने किया था?**

उ. श्री अटल बिहार वाजपेयी, प्रधानमंत्री
(सन् 2001 को 2600वीं जन्म जयंती पर)

**1593. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति' सन् 1975 में कहाँ बना है?**

उ. जयपुर, राजस्थान
आर.डी. मेहता द्वारा)

**1594. महावीर स्वामी पर कवि राजधर जैन केवलारी कृत कौन सा चरित्र है?**

उ. वीर चरित्र

**1595. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर के प्रेरक संस्मरण' पद्य में किसने लिखे हैं?**

उ. मुनिश्री महेन्द्र कुमार 'कमल'

**1596. महावीर स्वामी पर 'जिसने की तक्लीद तेरी वीर कामिल हो गया' नामक कविता उर्दू भाषा में लिखी है?**

उ. हकीम मदन लाल साहब 'मदन' देहली
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-560)

**1597. महावीर स्वामी पर 'वीर शासन के प्रभावक आचार्य' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. विद्याधर जोहरापुर
डॉ. कस्तूरचन्द्र कासलीवाल

**1598. महावीर स्वामी का यह 'सन्मति स्तवन' किनके द्वारा लिखित है-**

**सिद्धारथ के नन्दन, तुमको शत-शत वन्दन।**
**हो हमारा, जो जो आया शरण में है तारा॥**

उ. आ.श्री सन्मतिसागर जी महाराज (बड़ेगांव वाले)

**1599. महावीर स्वामी की कौन सी शिष्या का तीसरे पूर्वभव में सोमिला नाम की ब्राह्मणी थी?**

उ. चन्दनबाला

**1600. महावीर स्वामी पर 'महावीर की कहानी, वर्धमान की जुबानी' नामक पुस्तक लिखी है?**

उ. नन्दलाल जैन

**1601. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर हरिण वनस्थली' (काले हरिण का स्थान) बनी है?**

उ. हैदराबाद (आ.प्र.)

**1602. महावीर स्वामी पर 'आज के युग में भगवान महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. गोविन्द लाल सरावगी

**1603. महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर कहाँ 15 नवंबर 2003 को 'अनेकान्त वाचनालय' की स्थापना हुई थी?**

उ. बरौदिया कलां
(जिला : सागर म.प्र.)

**1604. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के समय शुकेन्द्र किस वाहन पर बैठकर आये थे?**

उ. गरुड़ वाहन (वीर वर्धमान चरित्र, आ. सकलकीर्ति कृत)

**1605. महावीर स्वामी पर सं. 2016 में यति मोती हंस जी ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर वर्द्धमान

**1606. महावीर स्वामी के बारे में कौन सी श्वेताम्बर जैन साध्वी के ये विचार हैं कि- एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि कुण्डलपुर (नालन्दा) या वैशली। आगम सम्मत तो कुण्डपुर सदैव रहा है। वैशाली कभी तीर्थ नहीं बन पाई।**

उ. श्वेताम्बर जैन साध्वी अणिमाता जी
(जयपुर 22/01/2002 में पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-78)

**1607. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 500 से तैराकी पुरस्कार कर्ता को सम्मानित किया था?**

उ. पारसनाथ उपाध्ये, बेलगांव

**1608. महावीर स्वामी पर 'वीर बनकर खुदखुदा दिल में नाजिल हो गया' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी है?**

उ. बाबू भोलानाथ साहब दरख़शां
(म्यूनिस्पल कमिशन, बुलन्दशहर)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-560)

**1609. महावीर स्वामी पर 'महावीर गीतिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. राम भारद्वाज

**1610. महावीर स्वामी पर 'महावीर : मेरी अनुभूतियों में' नामक गद्य काव्य किसने लिखा है?**

उ. सोहनलाल कोठारी

**1611. महावीर स्वामी पर 'महावीर ज्ञात 'कितने अज्ञात' विषय पर निबन्ध लिखा था?**

उ. जमनालाल जैन

**1612. महावीर स्वामी के नाम पर 'भगवान महावीर लाइब्रेरी' हरियाणा प्रांत में कहाँ पर बनी है?**

उ. रोहतक

**1613. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर स्वामी और दिव्य जीवन' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. पन्यास श्री फणानिन्द विजयश्री (कुमार श्रमण)

**1614. महावीर स्वामी के समवशरण में किसकी गणधर पद पर नियुक्ति न होने से रुष्ट होकर श्रावस्ती में आकर आजीवकों के सम्प्रदाय के नेता बन गये और अपने आपको तीर्थंकर बताने लगे हैं?**

उ. मक्खलि गोशाल (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-469)

**1615. महावीर स्वामी पर 'चतुर महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. स्वामी सत्यभक्त

**1616. महावीर स्वामी पर 'महावीर ने क्या कहा?' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. मुनि जयन्त विजय मधुकर

**1617. महावीर स्वामी पर श्री हरि जी ने कौन सा काव्य लिखा है, जो अभी तक अप्रकाशित है?**

उ. महावीर काव्य (हिन्दी के महाकाव्यों में चित्रित भगवान महावीर पृष्ठ-45)

**1618. महावीर स्वामी पर 'टूटी कश्ती का मेरी बस वीर ही साहिल हुआ' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी है?**

उ. सय्यद आरिफ हुसैन साहब आरिफ रईस, सहारनपुर (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-559)

**1619. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान रूपायन' (तीन नाट्य रूपक) नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्रीमती कुन्था जैन

**1620. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के समय शतारेन्द्र किस वाहन पर बैठकर आये थे?**

उ. मयूर आसन (वीर वर्धमान चरित्र, आ.सकलकीर्ति कृत)

**1621. महावीर स्वामी की मूर्ति बिना सिर की कहाँ के संग्रहालय में प्लेट नं. LXXXVI है?**

उ. मथुरा, कंकाली टीला

**1622. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर : एक अनुशीलन' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री देवेन्द्र मुनि

**1623. महावीर स्वामी के नाम पर उत्तर प्रदेश में 'भगवान महावीर म्यूजियम' कहाँ पर बना है?**

उ. आगरा (नव टाईम्स, 13/6/2003)

**1624. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**जम्बूद्वीप मनोह सारा,**
**भरतक्षेत्र इह अति सुखकार।**
**आरज खण्ड विदेह सुदेश,**
**बसै सुजन सब उत्तम भेष॥**

**कुण्डलपुर नगरी इक बसै,**
**अति अद्‍भुत सुन्दरता लसै।**
**सिद्धारथ नामा भूपती,**
**राज करे राजा समकिती॥**

**त्रिसला पटरानी मनहार,**
**गुन गर्भित सुभ लच्छन धार।**
**नई सित नारी पति जदा,**
**इन्द्र अवधि करि जानो तदा॥**

उ. कवि मनसुख सागर

**1625. महावीर स्वामी पर 'Lord Mahavira and toher Tirthankaras' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. R.P. Hingordni

**1626. महावीर स्वामी के केवलज्ञान के कितने समय पूर्व पार्श्वनाथ भगवान को केवलज्ञान हुआ था?**

उ. 281 वर्ष 8 मास

**1627. महावीर स्वामी पर मूलदास मोहनदास ने कौन सा महाकाव्य लिखा?**

उ. वीरायन
(गुजराती भाषा में हिन्दी अनुवाद सहित, 1952 में प्रकाशित)

**1628. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'कथक नृत्यांगना' (शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में) पर सम्मानित किया गया था?**

उ. श्रीमती अर्चना पाटनी, जयपुर

**1629. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर की साधना का रहस्य' एवं 'श्रमण महावीर' नामक दो पुस्तकें लिखी थीं?**

उ. मुनि श्री नथमल

**1630. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान चरित्र' (कन्नड़ में) किसने लिखा था?**

उ. पद्‍म कवि
(सम्पादक : बी.एस.सन्नैया)

**1631. महावीर स्वामी पर 'हिन्दी को जन्नते निशां आकर बनाया वीर ने' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी है?**

उ. लाला बूलचन्द्र साहब 'नादां'

(जर्नलिस्ट अम्बालवी)

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-559)

**1632. महावीर स्वामी पर ये आरती की पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं?**

**सिद्धारथ नृप नंद दुलारे, त्रिसला के जाये।**

**कुण्डलपुर अवतार लिया,**

**प्रभु सुर नर हर्षाये॥**

उ. नत्थोदेवी

(पु. सरल जैन भजन संग्रह, पृष्ठ-30 पर)

**1633. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय कलश की गहराई कितने किलोमीटर थी?**

उ. 96 किलोमीटर (8 योजन)

**1634. महावीर स्वामी के नाम पर 'वर्धमान टेक्सटाइल' (ऊन-धागा व कपड़ा) की स्थापना पंजाब में कहाँ पर है?**

उ. लुधियाना

**1635. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में Life and Teachings of Lord Mahavira नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. कैलाशचन्द्र जैन

**1636. महावीर स्वामी का जीवन चरित्र खुशालचन्द्र काला ने कौन से जैन पुराण के नाम पर पद्यानुवाद किया?**

उ. उत्तरपुराण

**1637. महावीर स्वामी के बारे में आ.श्री यतिवृषभ ने तिलोय पण्णत्ति ग्रन्थ में कितने वर्ष पूर्व लिखा था?**

उ. 2 हजार वर्ष पूर्व

**1638. महावीर स्वामी पर 'मुनि कल्याण विजय जी' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. श्रमण भगवान महावीर

**1639. महावीर स्वामी पर 'महावीर और उनका अपरिग्रह' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. नीरज जैन, सतना

**1640. महावीर स्वामी पर 'दर्द को हमदर्द बन जाना सिखाया वीर ने' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी है?**

उ. सय्यद इक्बाल अहमद साहब

(अदीब, जर्नलिस्ट, अम्बाला शहर)

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-558)

**1641. महावीर स्वामी का निर्वाण स्थान को पपौर कौन मानता है?**

उ. राहुल सांकृत्यायन

(ज्ञातृपुत्र महावीर की जन्मभूति : वैशाली, पृष्ठ-18)

(यह परडौना के पास माना है)

**1642. महावीर स्वामी के बारे में कहाँ के श्वेताम्बर मंदिर में 300-400 वर्ष प्राचीन भ. महावीर के कल्याणक की पेन्टिंग्स हैं?**

उ. बड़ागांव

(बिहार में नालन्दा जिले से 3 कि.मी. की दूरी पर)

**1643. महावीर स्वामी 'भ. महावीर का दिव्य जीवन' एवं 'भगवान महावीर के शिक्षा पद' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. मधुकर मुनि

**1644. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में 'श्री वर्धमान एस.एस. जैन संघ स्थानक' कहाँ बना है?**

उ. पश्चिम विहार

**1645. महावीर स्वामी पर 'Lord Mahavira Life and Philosophy' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. राजेन्द्र मुनि

**1646. महावीर स्वामी पर कवि बुधजन ने छन्दोबद्ध में कौन से पुराण का अनुवाद किया था?**

उ. वर्द्धमान पुराण

**1647. महावीर स्वामी पर आचार्यश्री देवेन्द्र मुनि जी महाराज ने कौन-सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर : एक अनुशीलन

**1648. महावीर स्वामी पर 'उत्तरपुराण' (संस्कृत) के लेखक कौन हैं?**

उ. आ.श्री गुणभद्र स्वामी

**1649. महावीर स्वामी पर गीत की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं?**

**जब हिंसा के अंधकार ने,**
**सारे जग को घेरा था,**
**शिव मग भटक गया था मानव,**
**छाया घोर अंधेरा था।**
**धर्म समझकर तब अधर्म से,**
**करता मानव प्यार था,**
**प्रतिदिन लाखों पशु यज्ञों में,**
**झोंक रहा संसार था॥**
**फिकर नहीं थी जरा किसी को,**
**बेगुनाह की जान की।**
**पच्चीस सौवीं साल सफल हो,**
**महावीर भगवान की॥**

उ. हजारी लाल 'काका'
(सकरार, झांसी, उ.प्र.)
(जिनेन्दु भ. महावीर विशेषांक, अप्रैल 2002, पृष्ठ-203)

**1650. महावीर स्वामी की स्तुति में यह पंक्तियां कहाँ से ली गई हैं-**

**यः सर्वाणि चरा चराणि विधिवद्,**
**द्रव्याणि तेषां गुणान्,**
**पर्याया नपि भूत-भावि-भवितः,**
**सर्वान् सदा सर्वदा।**
**जानीते युगपत-प्रतिक्षण-मतः,**
**सर्वज्ञ इत्युच्यते,**
**सर्वज्ञाय जिनेश्वराय महते,**
**वीराय तस्मै नमः॥**

उ. वीर स्तुति (प्रतिक्रमण)

**1651. महावीर स्वामी के नाम पर राजस्थान में कहाँ पर 'श्री महावीर गौशाला एवं रक्षा समिति' बनी है?**

उ. राजा जी का करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा

**1652. महावीर स्वामी पर 'श्रमण भगवान महावीर का आत्म विज्ञान' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. केशरचन्द्र धूपिया

**1653. महावीर स्वामी के नाम पर राजस्थान प्रांत में 'श्री वर्धमान महावीर केन्द्र' कहाँ पर बना है?**

उ. माऊण्ट आबू

**1654. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**प्रश्न ऐसा है नहीं, जिसका कि कोई हल न हो,**
**क्या करेगा वो भला, जिसमें आत्म बल न हो।**
**सत्य को पहचानना ही, भावना का सार है,**
**देखो दिगम्बर जैन आगम, वही पूर्ण आधार है॥**
**तो उठो साथियो जागो, सोचो, समझो विचार करो,**
**महावीर की जन्मभूमि, कुण्डलपुर का उद्धार करो॥**

उ. उषा जैन पाटनी, इन्दौर
(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-160)

**1655. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'विद्वता' के क्षेत्र में सम्मानित किया था?**

उ. डॉ. भागचन्द्र जी 'भागेन्दु', दमोह

**1656. महावीर स्वामी पर सन् 1969 में 'Teachings og Lord Mahavira' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. गणेश लालवानी

**1657. महावीर स्वामी पर 'श्वेताम्बर जैनाचार्य विजयेन्द्र सूरि' ने भाग 1-2 में कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर महावीर

**1658. महावीर स्वामी पर सं. 1307 में 'महावीर रास' किसने लिखा था?**

उ. उपाध्याय अभयतिलक

**1659. महावीर स्वामी पर 'पद्मपुराण' (संस्कृत में) नामक जैन ग्रन्थ किसने लिखा था?**

उ. आ.श्री रविषेण जी

**1660. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां कौन से जैन स्थानकवासी साधु के द्वारा लिखित हैं-**

**हे ज्योतिपुंज जयवीर,**
**सत्य का ज्ञाता दृष्टा तू,**
**हे महाप्राण! मूच्छित,**
**जनमन का जीवन सृष्टा तू।**
**हे जिन प्रभात तू,**
**सघन तमस से घिरती संसृति का,**
**हे निर्विकार परिशोधक,**
**मानवता की संस्कृति का॥**

उ. उपाध्याय अमर मुनि
(पुस्तक जिनेन्दु भ. महावीर विशेषांक, अप्रैल 2002, पृष्ठ-184)

**1661. महावीर स्वामी की 'महावीर स्वामी नयन पथगामी भवतु में' ये पंक्ति कौन से स्तोत्र से ली गई हैं?**

उ. महावीराष्टक स्तोत्रम्

(रचियता : कविवर भागचन्द्र, छन्द : शिखरणी)

**1662. महावीर स्वामी पर 'वैशाली के राजकुमार' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. नेमीचन्द्र जैन

**1663. महावीर स्वामी पर श्वेताम्बर जैन परम्परा में गुणभद्र सूरि ने कौन सा ग्रन्थ लिखा था?**

उ. महावीर चरियं

**1664. महावीर स्वामी पर 'महावीर :अहिंसा और सह-अस्तित्व' विषय पर निबन्ध लिखा था?**

उ. मानकचन्द्र कटारिया

**1665. महावीर स्वामी पर 'अमन का पैगाम आलम को सुनाया वीर ने' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी है?**

उ. डॉक्टर मोहम्मद अली साहब शाकिर अम्बाल्वी

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-558)

**1666. महावीर स्वामी पर सन् 1956 में 'Kahavira His Times and His Philosophy of Life' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. ए.एन. उपाध्याय

**1667. महावीर स्वामी 'भगवान महावीर की विश्व को देन' 'तीर्थंकर भगवान श्री महावीर' एवं 'भगवान महावीर और उनका तत्व दर्शन' नामक तीन पुस्तकों के लेखक कौन हैं?**

उ. मुनिश्री यशोविजय जी

**1668. महावीर स्वामी के परिवार के बारे में किसने लिखा कि 'महावीर के पिता सिद्धार्थ कुण्डल ग्राम अथवा वैशाली नगर के कोल्लाग नाम के मोहल्ले में बसने वाली नाम जाति के क्षत्रियों में प्रमुख सरदार थे?**

उ. डॉ. हार्नले (विदेश विद्वान)

**1669. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर की 1008 सूक्तियां' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री राजेन्द्र मुनि

**1670. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. विराट

**1671. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के समय पुष्पक विमान में बैठकर कौन-कौन से देव आये थे?**

उ. आनतेन्द्र, प्राणतेन्द्र, आरणेन्द्र, अच्युतेन्द्र (वीर वर्धमान चरित्र, आ.श्री सकलकीर्ति कृत)

**1672. महावीर स्वामी पर श्वे. जैन परम्परा में देवभद्र गणि कृत कौन सी पुस्तक है?**

उ. महावीर चरियं

**1673. महावीर स्वामी पर कविता की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**जब महावीर का जी चला स्वर्ग से,**
**लगा कोसने स्वर्ग दुर्भाग्य को।**
**त्रिसला के सपनों को सुनकर सुफल,**
**भू ने सराहा निज सौभाग्य को।**
**मनुष-पशु-खगों की कहें क्या खुशी,**
**लता-वृक्ष भी खिलके हंसने लगे।**
**जब महावीर भू पर उतरने लगे॥**

उ. पं. लालचन्द्र जैन 'राकेश', गंज बासौदा

**1674. महावीर स्वामी पर सन् 1953 में 'Lordd Mahavira' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. अमरचन्द्र

**1675. महावीर स्वामी के बारे में क्या-क्या अवर्णवाद है?**

उ. भ. महावीर का गर्भान्तरण, विवाह, कवलाहार, त्रिशला को राजा चेटक की बहन कहना, दूसरा भाई भी था, पुत्री का नाम बताना।

**1676. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**वर्धमान श्री वीर है, अंतिम है तीर्थेश,**
**महावीर जिन को नमो, सन्मति हरे क्लेश।**
**कुण्डलपुर में जन्म लिया, पावापुर निर्वाण,**
**अतिवीर को नित नमो, हो सबका कल्याण॥**

उ. ऐलक विज्ञान सागर महाराज मंडौला वाले (पु. दीपावली पूजन, सन् 2016, पृष्ठ-12)

**1677. महावीर स्वामी पर डॉ. गोकुल चन्द्र जैन ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर भगवान महावीर

**1678. महावीर स्वामी का सर्वप्रथम जीवन परिचय संस्कृत भाषा में किस दि. जैन ग्रन्थ में प्रकाशित हुआ?**

उ. उत्तर पुराण
(आ.श्री गुणभद्र स्वामी कृत)

**1679. महावीर स्वामी का श्री महावीर दि. जैन मंदिर बलबीर नगर एक्स. शाहदरा, दिल्ली की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन् 1977

**1680. महावीर स्वामी के कहाँ के मंदिर में ऐसा प्रतीत होता है जैसे चन्द्रप्रभ भगवान महावीर भगवान की गोद में बैठे हैं?**

उ. बीना बारहा (म.प्र.)
(इस मंदिर का निर्माण गाढ़ाघाट के सिं. सेवकराम ने कराया था)

**1681. महावीर स्वामी की दोहित्री (श्वेताम्बर मतानुसार) का नाम क्या था?**

उ. शेषवती

**1682. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में 'चित्तेरों के महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. प्रेमसुमन जैन

**1683. महावीर स्वामी के मंदिर म.प्र. के कुण्डलपुर में कौन-कौन से नं. के हैं? (बड़े बाबा के अलावा)**

उ. 13 नं., 19 नं., 52 नं, 56 नं, 60 नं

**1684. महावीर जी अतिशय क्षेत्र से चमत्कार जी सवाई माधोपुर की दूरी कितने कि.मी. है?**

उ. 125 कि.मी.

**1685. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'भाषा विद' के किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. डॉ. चन्द्रकुमार जैन

**1686. महावीर स्वामी पर डॉ. प्रद्युम्न जैन ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर : जीवन दर्शन

**1687. महावीर स्वामी पर 'कैलाशे वृषभस्य निर्वृति मही, वीरस्य पावापुरे' ये पंक्तियां कौन से स्तोत्र से ली गई हैं?**

उ. मंगलाष्टक स्तोत्र

**1688. महावीर स्वामी पर सन् 1953 में 'Lord Mahavira' नामक पुस्तक लिखी?**

उ. Puran Chand Samsookha

**1689. महावीर स्वामी पर श्वेताम्बर जैन परम्परा में 'महावीर स्वामी चौढालियों' नामक ग्रन्थ किसने लिखा?**

उ. रामचन्द्र

**1690. महावीर स्वामी पर 'जैन धर्म का तात्कालिक भविष्य : नया पुरुषार्थ और भगवान महावीर का सर्वधर्म कुटुम्ब' नामक विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. आचार्य काका कालेलकर

**1691. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में 'महावीर की कहानी - वर्द्धमान की जुबानी' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. प्रो. नन्द लाल जैन

**1692. महावीर स्वामी पर श्वेताम्बर मुनि श्री रत्नप्रभ ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. श्रमण भगवान महावीर

**1693. महावीर स्वामी की स्तुति में ये पंक्तियां किस जैन स्तोत्र की हैं?**

**कीर्त्या भुवि भासि तया वीर!**
**त्वं गुण समुच्छया भासितया।**
**भासोडु-सभा-सितया सोम इव।**
**व्योम्नि कुन्द-शोभा-सितया॥**

उ. वृहत् स्वयं भू स्तोत्र

**1694. महावीर स्वामी पर सन् 1998 में 'हिन्दी के महावीर प्रबन्ध काव्यों का आलोचनात्मक अध्ययन नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. दिव्य गुणाश्री
(प्रकाशन : विचक्षण स्मृति, अहमदाबाद, गुजरात)

**1695. महावीर स्वामी को बैलों के खिलौनों से खिलवाकर वर्द्धमान को धर्म और नीति में पारंगत किसने बनाया था?**

उ. महाराज चेटक
(भगवान महावीर की जन्मभूमि, डॉ. वीरसागर, दिल्ली, पृष्ठ-15)

**1696. महावीर स्वामी पर कविता की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**परम पुनीत भूमि कुण्डलपुर,**
**महावीर प्रभु ने जन्म लिया।**
**ज्ञान ज्योति के प्रबल दीप से,**
**अंधकार का हरण किया।**
**सुख हुए जब जीव जगत के,**
**सबका मन है हर्षाया।**
**बुधन मुक्त हुए प्राणी सब,**
**मनवांछित फल है पाया॥**

उ. ज्ञानचन्द्र जैन (सागर, म.प्र.)

**1697. महावीर स्वामी को स्मरण करते हुए यह किस जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है-**

**वन्दो वीर सुधीर को, महावीर गम्भीर।**
**वर्धमान सन्मति महा, देव देव अतिवीर॥**

उ. चौबीस दण्डक
(पं. दौलतराम जी कृत 58 छन्द हैं)

**1698. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर : अपने समय से महावीर तक' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. कैलाशचन्द्र जैन

**1699. महावीर स्वामी के कुण्डलपुर वाले मंदिर में सं. 1757 के शिलालेख में भगवान के बारे में क्या लिखा है?**

उ. श्री वर्द्धमानस्य और श्री सन्मतेः
(शिलालेख के श्लोक नं. 2 तथा 10 में)

**1700. महावीर स्वामी पर दिगम्बर जैन परम्परा में पद्मनन्दि कृत कौन सा काव्य है?**

उ. वर्द्धमान काव्य

**1701. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर स्मृति ग्रन्थ' किनके द्वारा सम्पादित है?**

उ. डॉ. ज्योति प्रसाद जैन

**1702. महावीर स्वामी की जन्मभूमि बिहार सरकार के गजेरियर में किस स्थान को मान्यता प्राप्त है?**

उ. कुण्डलपुर
(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-44)

**1703. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर आध्यात्मिक हित बोध' एवं 'हित शिक्षाएं' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. आनन्द मल चौरड़िया

**1704. महावीर स्वामी का म.प्र. के कुण्डलपुर में 'बड़े बाबा' का मंदिर कौन से नं. का था?**

उ. 11 नं. (बड़े बाबा की अवगाहना 12 फुट 6 इंच की है)

**1705. महावीर स्वामी के बारे में ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**वीर हिमालय तैं निकसी,**
**गुरु गौतम के मुखकंड ढरी है।**
**मोह महातम भेद चली,**
**जग की जड़ता तप दूर करी है॥**

उ. पं. महाकवि भूधरदास जी
(जैन शतक, पद्य नं.-15)

**1706. महावीर स्वामी पर 'महावीर दर्शन' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. विष्णु कुमार राठी

**1707. महावीर स्वामी के अतिशय क्षेत्र पटनागंज (जिला-सागर) में कितने मंदिर हैं?**

उ. दो

(6 नं. व 9 नं. प्रतिष्ठा सं. 1835 व 1842 की हैं)

**1708. महावीर स्वामी के बारे में 1911 में किस बहुचर्चित ने अपने पत्र में कुण्डलपुर (नालंदा) को महावीर जन्मभूमि स्वीकारा है?**

उ. हर्मन जैकोबी

(पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-44)

**1709. महावीर स्वामी पर 'काल्पनिक महावीर' (तीन खण्ड) नामक पुस्तक किनके द्वारा लिखित है?**

उ. बुद्धि सागर सूरि (श्वेताम्बर)

**1710. महावीर स्वामी पर दि. जैन परम्परा में मेरूतुंग ने कौन सा पुराण लिखा?**

उ. महापुराण चरित्र

**1711. महावीर स्वामी पर सन् 1973 में 'ऐतिहासिक वर्द्धमान महावीर हिन्दी साहित्य की प्रवृत्तियां' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. जयकिशन प्रसाद खण्डेलवाल

(प्रकाशन वीर निर्वाण भारती, तीरगरान ट्रस्ट, मेरठ-2)

**1712. महावीर स्वामी पर 'भूरचन्द्र जैन' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. भगवान महावीर की कहानी

**1713. महावीर स्वामी के समकालीन अपने आप को तीर्थंकर मानने वाले मोग्गलान (मोद्गलायन) के गुरु का नाम क्या था?**

उ. मुनि संजय वैरत्थी पुत्र

(महावीर स्वामी को सन्मति नाम देने वाले)

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-470)

**1714. महावीर स्वामी के किस नाम पर म.प्र. के कुण्डलपुर क्षेत्र के तालाब का नाम क्या है?**

उ. वर्धमान सागर तालाब

**1715. महावीर स्वामी के बारे में ये कहाँ लिखा है कि- 'बौद्ध ग्रन्थों में भगवान महावीर को ज्ञातपुत्र वर्द्धमान और जिन कहा है। बुद्ध की तरह उन्होंने कभी भी किसी गुरु को शिष्यत्व ग्रहण नहीं किया। महावीर जिस परम्परा में जन्मे, उसके प्रति वे सच्चे रहे और प्राचीन धर्म मार्ग के लिए उन्होंने नई ख्याति प्राप्त की। न तो उन्होंने किसी नए संघ की स्थापना की और न नए सिद्धांतों को जन्म दिया। बौद्धों के ऐतिहासिक ग्रन्थों से ये सिद्ध है कि भगवान महावीर जैन तीर्थंकरों की परम्परा में प्राचीन थे, न कि पहले तीर्थंकर।'**

उ. फिलॉसफी ऑफ इंडिया

(223-224 स्व. डॉ. हेनरिक जिम्मर, जर्मनी)

**1716. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में तीर्थंकर वर्द्धमान' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. कु. विद्युतलता शहा

**1717. महावीर स्वामी पर जयमितहल (जय मित्रहल्ल) ने कौन सा काव्य लिखा?**

उ. वड्ढमाण कव्व

(अपभ्रंश भाषा में दि. ग्रन्थ है) (वर्द्धमान काव्य)

**1718. महावीर स्वामी की मूर्ति को कहाँ के मंदिर नं. 22 में 'बड़े देव' के नाम से जाना जाता है?**

उ. पटनागंज

(यह मूर्ति 13 फुट 7 इंच की है, जिला सागर म.प्र.)

**1719. महावीर स्वामी के बारे में अंग्रेजी भाषा में 'Life of Mahavir' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री माणिकचन्द्र जैन 'बी.ए.'

(सन 1908 में इलाहाबाद से प्रकाशित है)

**1720. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किसके हैं- 'चाहे कुछ भी हुआ हो, इतना निश्चित है कि महावीर प्रव्रज्या लेने के साथ अचेल अर्थात् नग्न हो गये तथा मृत्यु पर्यन्त नग्न ही रहे एवं किसी भी रूप में अपने शरीर के लिए वस्त्र का उपयोग नहीं किया।'**

उ. डॉ. मोहनलाल मेहता

(पु. जैन आचार पृष्ठ-153)

**1721. महावीर स्वामी की आरती की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**जय महावीर प्रभो, स्वामी जय महावीर प्रभो।**
**कुण्डलपुर अवतारी, त्रिशलानन्द विभो॥**

उ. हरिप्रसाद जी

**1722. महावीर स्वामी पर 'तीर्थंकर महावीर और धर्मतीर्थ' पुस्तक लिखी थी?**

उ. ग.आ.श्री ज्ञानमती माताजी

**1723. महावीर स्वामी के 2600वे जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'बाल प्रवचन' से किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. आकृति जैन, बिलासपुर

**1724. महावीर स्वामी की मूर्ति नौ इंच ऊंची एक पीठिका पर प्रतिमा क्र. 2126 कहाँ पर विराजमान है?**

उ. मथुरा (कंकाली टीला संग्रहालय में)

**1725. महावीर स्वामी के जीव ने चाण्डाल की कितनी पर्याय प्राप्त की थी?**

उ. पांच करोड़

(तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलन-आ.विशाश्री, पृष्ठ-15)

**1726. महावीर स्वामी पर 'महावीर जन्मभूमि' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**

उ. आ.श्री चन्दनामती माताजी

**1727. महावीर जी अतिशय क्षेत्र से जयपुर कितने कि.मी. है?**

उ. 140 कि.मी.

**1728. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**जन मानव को वीर प्रभु ने,**
**सत् कर्त्तव्य सिखाया था,**
**ऊंची नीच अरु जाति पांति का,**
**भेद भाव बिसराया था।**
**मानव पशुओं तक में,**
**निज पर प्रेम जगाया था,**
**वंदन ऐसे वीर प्रभु को,**
**जिनने शिवपथ दिखलाया था॥**

उ. प्रो. सुरेशचन्द्र जैन, सोनगीर, महाराष्ट्र (संस्कार सागर, अप्रैल 2002 पृष्ठ-31)

**1729. महावीर स्वामी पर 'महावीर श्री चित्र शतक' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. कुमुद जी पुष्पेन्द्र

**1730. महावीर स्वामी के अहिंसा धर्म पर सम्राट अकबर ने कहाँ पर स्पष्ट लिखा है कि-'सभी प्रकार की पशु हिंसा पाप है'?**

उ. दीन ए इलाही (सन् 1518 में)

**1731. महावीर स्वामी के नाम पर उ.प्र. में 'लॉर्ड महावीरा' स्कूल कहाँ-कहाँ पर बने हैं?**

उ. सहारनपुर, बड़ौत

**1732. महावीर स्वामी की मूर्ति जो श्रावस्ती में भूगर्भ से प्राप्त हुई था जो कि लखनऊ म्यूजियम में है, वह किस शताब्दी की है?**

उ. दसवीं
(भारत के दि. जैन तीर्थ भाग-1 चित्रावली, चित्र-56)

**1733. महावीर स्वामी की 'महावीर पूजाञ्जलि' पुस्तक कहाँ से प्रकाशित हुई थी?**

उ. महावीर जी (अतिशय क्षेत्र)

**1734. महावीर स्वामी की स्तुति में यह पद्य किस स्तोत्र से लिया गया है-**

**भवार्णवे जन्तु-समूह मेन,**
**माकर्षया मास-हि-धर्म पोतात्।**
**मज्जन्त-मुद्वीक्ष्य य येन सापि,**
**श्री वर्द्धमान प्रणमाम्यहं ते॥**

उ. लघु स्वयं भू स्तोत्र

**1735. महावीर स्वामी का निर्वाण पावानगरी में राजा हस्तिपाल के रज्जुग सभा-भवन में कौन मानता है, दिगम्बर या श्वेताम्बर?**

उ. श्वेताम्बर

**1736. महावीर स्वामी पर 'वीतरागी व्यक्तित्व भगवान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. डॉ. हुकमचन्द्र भारिल्ल

**1737. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में ग्यारहवें भव में कौन से नरक गया था?**

उ. प्रथम नरक

**1738. महावीर स्वामी पर 'महावीर का जन्म कल्याण' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. चौथमल महाराज

**1739. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**जय शिव कामिनि कान्त,**
**वीर भगवन्त अनन्त सुखाकर हैं।**
**विधि-गिर-कञ्जन बुध-मन रञ्जन,**
**भ्रम तम भञ्जन भाकर हैं॥**

उ. दौलतराम जी

**1740. महावीर स्वामी पर 'महावीराष्टक विधान' कौन सी माताजी ने लिखा था?**

उ. आ.श्री स्वस्ति भूषण जी

**1741. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर 'वर्धमान वनस्थली उद्यान' और 'महावीर मेमोरियल' कहाँ बना है?**

उ. दिल्ली, सरदार पटेल रोड पर

**1742. महावीर स्वामी के 2600वे जन्मोत्सव पर 'माता त्रिशला के अनोखे सपने' नामक नाटक किसने लिखा था?**

उ. आ.श्री चन्दना मती माताजी

**1743. महावीर स्वामी की जन्मनगरी कुण्डलपुर बिहार के किस जिले में है?**

उ. नालन्दा

**1744. महावीर स्वामी के नाम पर आ.श्री सन्मति सागर जी महाराज (बड़ेगांव वाले) ने कौन सी कथा की व्याख्या की थी?**

उ. वीर कथा

**1745. महावीर स्वामी की मूर्ति त्रिपुरी (तेवर) के संग्रहालय में किस शताब्दी की है?**

उ. 10वीं शताब्दी

(यह स्थान जबलपुर से 9 कि.मी. दूरी पर है)

**1746. महावीर स्वामी पर सन् 1942 में 'वीर स्पूर्त' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. आत्माराम जी

**1747. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय कलश कितने किलोमीटर चौड़ा था?**

उ. 48 किलोमीटर (4 योजन)

**1748. महावीर स्वामी के अस्तित्व काल में श्रमणों के कितने सम्प्रदाय थे, जिसमें प्रभावशाली पांच थे?**

उ. चालीस

(जैन दर्शन : मनन और मीमांसा, मुनि नथमल, पृष्ठ-44)

**1749. महावीर स्वामी के यूनान के वह कौन से भक्त थे जिन्होंने अपने यहां आत्म ध्यान साधना के लिए स्थापना की थी?**

उ. राजा डेमेट्रियस

(तीर्थंकर महावीर डॉ. देवेन्द्र कुमार नीमच, पृष्ठ-130)

**1750. महावीर स्वामी की जन्मभूमि वैशाली (कुण्डग्राम) में 23 अप्रैल 1956 को बिहार प्रांत के मुख्यमंत्री कौन थे?**

उ. डॉ. श्री कृष्ण सिंह

**1751. महावीर स्वामी का मान-स्तम्भ राजस्थान के किस अतिशय क्षेत्र पर बना है?**

उ. महावीर जी

**1752. महावीर स्वामी पर 'भगवान तीर्थंकर' नामक पुस्तक कौन से वर्णी जी ने लिखी थी?**

उ. पार्श्वकीर्ति वर्णी

**1753. महावीर स्वामी की मूर्तियों में यक्ष-यक्षिणी का अंकन किस शती ई. में प्रारम्भ हुआ?**

उ. नौंवी शती के लगभग

(डॉ. कुमुदगिरी : जैन महापुराणः कलापरक अध्ययन पृष्ठ-106)

(उदाहरण- मथुरा, देवगढ़, ग्यारसपुर एवं खजुराहो)

**1754. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य ने 'भ. महावीर और उनका दिव्य संदेश' नामक पुस्तक लिखी है?**

उ. आ.श्री कनकनन्दी जी महाराज

**1755. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान चरित्र-परिशीलन' नामक पुस्तक सन् 2007 में किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. पूनम शुक्ला

**1756. महावीर स्वामी के जीव पुरुरवा भील का श्वेताम्बर ग्रन्थों में क्या नाम आता है?**

उ. नयसार भिल्लराज

**1757. महावीर स्वामी के बारे में ये विचार किसके हैं-'भगवान महावीर किसी एक देश और एक समाज के न होकर पूरी मानव जाति के गौरव के रूप में प्रतिष्ठित हुए। मनुष्यों के प्रति ही नहीं, मूक प्राणियों के प्रति भी महावीर की करुणा दृष्टि अपार एवं अगाध थी, उन्होंने सम्पूर्ण विश्व में अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत के माध्यम से शोषण और तनाव को समाप्त किया।'**

उ. डॉ. वीरेन्द्र डी. हेगड़े (धर्मस्थल कर्नाटक)

**1758. महावीर स्वामी की सर्वाधिक प्रतिमाएं ईसा की प्रथम शताब्दी की कहाँ पर उपलब्ध हैं?**

उ. मथुरा (उ.प्र. हिन्दी के महाकाव्यों में चित्रित भगवान महावीर, पृष्ठ-13)

**1759. महावीर स्वामी पर शीतलप्रसाद जी ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर चरित्र

**1760. महावीर स्वामी के संबंध में एक उनके निर्वाण के 84 वर्ष पश्चात् राजस्थानमें कहाँ पर एक अभिलेख प्राप्त हुआ था?**

उ. बड़ली

**1761. महावीर स्वामी के 'नातपुत्त' किस भाषा का शब्द है?**

उ. पालि भाषा

**1762. महावीर स्वामी के नाम पर हरियाणा प्रांत में कहाँ पर अतिशय क्षेत्र महावीर पार्क बना है? यह द्रोणाचार्य की नगरी है?**

उ. गुड़गांव

**1763. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर सन् 1975 में 'तीर्थंकर महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. डॉ. देवेन्द्र कुमार शास्त्री, नीमच वाले

**1764. महावीर स्वामी के श्वेताम्बरों के कौन से दो ग्रन्थों में कुमार (ब्रह्मचारी) लिखा है?**

उ. स्थानांग सूत्र (5,471) आवश्यक निर्युक्ति (221, 222)

**1765. महावीर स्वामी से गौतम बुद्ध कितने वर्ष छोटे थे? (प्रचलित बुद्ध निर्वाण सं. और वी.नि.सं. के आधार पर)**

उ. तीस वर्ष

**1766. महावीर स्वामी को श्वेताम्बर स्थानक ग्रन्थ के कौन से ग्रन्थ में अचेल धर्म का प्रतिपादक कहा है?**

उ. उत्तराध्ययन

**1767. महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात् कितने वर्ष तक अंगज्ञान प्रचलित रहा था?**

उ. 683 (ई. सन् 156)

**1768. महावीर स्वामी पर प्राकृत भाषा में किसने 'महावीर थव' प्रसिद्ध स्तोत्र लिखा था?**

उ. नन्द सूरि
(हिन्दी के महाकाव्यों में चित्रित भगवान महावीर, पृष्ठ-32)

**1769. महावीर स्वामी को क्या कहा जायेगा यदि गणधर को ग्रन्थ कर्ता कहा जाता है तो?**

उ. अर्थकर्ता

**1770. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के अहिंसास्थल में किस पाषाण की बनी है?**

उ. ग्रेनाइट

**1771. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर के हजार उपदेश' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. श्री गणेश मुनि जी, जैन स्थानक वाले

**1772. महावीर स्वामी के मंदिर नं.-4 का अतिश्य क्षेत्र कोनी जी जीणोद्धार किसने कराया था?**

उ. सि. रतनचन्द्र पाटन
(यह क्षेत्र जबलपुर जिले में आता है)

**1773. महावीर स्वामी पर सन् 1082 में12025 श्लोक सति प्राकृत भाषा में 'महावीर चरियं' ग्रन्थ किसने लिखा था?**

उ. गुणचन्द्र गणि

**1774. महावीर स्वामी पर सन् 2010 ई में 'श्री महावीरार्चन पुंज' नामक कृति का संकलन एवं संपादन किस विद्वान ने किया था?**

उ. पं. पवन कुमार जैन शास्त्री 'दीवान' (मुरैना वाले)
(इस कृति में 38 पूजनों का संकलन है, कुल पृष्ठ 210 हैं)

**1775. महावीर स्वामी के वीर शासन महोत्सव के अवसर पर कलकत्ता में कब 'विद्वत्परिषद' की स्थापना हुई थी?**

उ. 2 नवंबर 1944 (सन् 1970 में पंजीकृत हुई)

**1776. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखी हुई हैं-**
**स्वार्थ और हिंसा की ज्वाला,**
**अखिल विश्व में छाई थी,**
**मिथ्या मोह महामद पीकर,**
**मानवता गहराई थी।**
**उसी समय अवतार आप लख,**
**भव्यों को संतोष मिला,**
**सन्मति मन मंदिर में राजो,**
**जन-जन का शिव सुधा पिला॥**

उ. आ.श्री सन्मति सागर 'ज्ञानानंद जी' (त्रिलोकतीर्थ, बड़ेगांव वाले)

**1777. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के अहिंसा स्थल में किस सन् में विराजमान हुई थी?**

उ. 1980

**1778. महावीर स्वामी पर सन् 1945 में 'महावीर चरित्र' किसने लिखा था?**

उ. हर्षचन्द्र

(हिन्दी अनुवाद : जी.एन. शाह)

**1779. महावीर स्वामी पर 'वर्धमान पुराण' किसने लिखा, जिनका समय ई. 1190-1220 था?**

उ. अकन्ना

(वर्धमान चरित्र-परिशीलन, पृष्ठ-5)

**1780. महावीर स्वामी की आरती की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**करौं आरती वर्द्धमान की, पावापुर निरवान थान की।**

**राग बिना सब जग जन तारे, द्वेष बिना सब कर्म विदारे॥**

उ. कवि द्यानत राय जी

**1781. महावीर स्वामी पर सन् 1985 में 'चान्दन के बाबा' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. प्रवीण चन्द्र छाबड़ा जयपुर

**1782. महावीर स्वामी का 2500वां निर्वाण महोत्सव कब मनाया गया था?**

उ. 174 नवम्बर 1974

**1783. महावीर स्वामी की मूर्ति को राजस्थान प्रांत के किस अतिशय क्षेत्र पर आदिनाथ भगवान की मूर्ति मानी जा रही है?**

उ. चांदखेड़ी जी

(धर्मचक्र एवं भगवान महावीर परिचय पुस्तक की चित्रावली में)

(लेखक-पं. बाबूलाल जैन, जमादार, बड़ौत)

**1784. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के कौन से मंदिर में व्यंतर देव ने मात्र 15-20 मिनट में विराजमान की थी?**

उ. मेरू मंदिर (धर्मपुरा चांदनी चौक में)

**1785. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज की प्रेरणा से 'वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति' की स्थापना हुई थी?,**

उ. इंदौर, म.प्र.

**1786. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य ने 'बसो मेरे नयनों में महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. आ.श्री आनन्द सागर जी महाराज 'मौनप्रिय'

**1787. महावीर स्वामी के पश्चात 84 वर्ष पीछे पश्चात् कौन से राजा ने मज्झमिका नामक नगरी में एक लेख लिखवाया था?**

उ. शालामालिनी राजा

(वर्तमान में यह शिलालेख अजमेर म्यूजियम में है)

**1788. महावीर स्वामी के अंतिम चातुर्मास के समय में किस ग्रन्थ में संग्रहीत किये थे?**

उ. उत्ताध्ययन (श्वे. जैन स्थानकवासी ग्रन्थ)

**1789. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर चालीसा' की पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**जय श्री वीर दयालु स्वामी,**
**तुम हो घर-घर अन्तर्यामी।**
**मैं हूं याचक तुम हो दानी,**
**तुम हो लोकालोक के ज्ञानी॥**

उ. श्रीमती अरुणा जैन, दिल्ली

**1790. महावीर स्वामी का बचपन में कंधे पर बिठाकर नृत्य किया था?**

उ. संगम देव
(तीर्थंकर वर्धमान, विद्यानन्द मुनि पृष्ठ-45)

**1791. महावीर स्वामी के बारे में पं. नाथूलाल शास्त्री इन्दौर ने आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज की कौन सी पुस्तक में ये वाक्य लिखे थे कि-'भगवान महावीर हिंसा के विरोधी थे, न कि वेदों के। उन्होंने अहिंसा रूपी शास्त्र से भटके हुए प्राणियों का हृदय परिवर्तन किया। हमें भी भावात्मक एकता की बात करनी चाहिए।'**

उ. तीर्थंकर महावीर
(प्रकाशन : अक्टूबर, 1973 प्राक्कथन में)

**1792. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के अहिंसा स्थल में कितने टन (वजन) की है?**

उ. तीस टन

**1793. महावीर स्वामी के नाम से कहाँ का महावीर जिनालय 'अध्यात्म तीर्थ' के नाम से जाना है?**

उ. दिल्ली
(दिल्ली से 25 कि.मी., घेवरा मोड़ पर)

**1794. महावीर स्वामी पर सन् 1948 में अंग्रेजी भाषा में 'लार्ड महावीरा' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. भूलचन्द्र जैन

**1795. महावीर स्वामी की दीक्षा के समय शिला पर रत्नचूर्ण से स्वस्तिक की कलापूर्ण रचना किसने की थी?**

उ. इन्द्राणी
(तीर्थंकर वर्द्धमान, विद्यानन्द मुनि, पृष्ठ-51)

**1796. महावीर स्वामी के समवशरण में सभा मण्डप में कितने कोट और द्वार थे?**

उ. 3-4

**1797. महावीर स्वामी का विहार कश्मीर-केरल आन्ध्र प्रदेश में हुआ था, ऐसा किस ग्रन्थ में लिखा है?**

उ. प्रतिष्ठा पाठ (9/6 पृष्ठ)

**1798. महावीर स्वामी का जन्म ई.पू. 599 में हुआ था, तो महात्मा गौतम बुद्ध का जन्म कब हुआ था?**

उ. ई.पू. 582

**1799. महावीर स्वामी पर कौन से क्षुल्लक जी ने 'वीर स्तुति कला निकुंज' (विविध चित्रादि 108 अलंकारों से अलंकृत) पुस्तक लिखी थी?**

उ. क्षु. ध्यान भूषण जी

(शिष्य- आ.श्री सन्मति सागर जी महाराज, बड़े गांव वाले)

**1800. महावीर स्वामी को चंदनबाला ने कितने दिन बाद आहार दिया था?**

उ. 175 दिन

(5 माह 25 दिन बाद)

**1801. महावीर स्वामी पर 'भ. महावीर : एक परिचय' नामक पुस्तक कौन से जैन स्थानक साधु ने लिखी थी?**

उ. श्री गणेश मुनि जी

**1802. महावीर स्वामी का मंदिर बड़वानी (चूलगिरी) में (मंदिर नं. 19) किसने बनवाया?**

उ. श्री गुमानीराम सदालाल, इन्दौर

**1803. महावीर स्वामी की प्रथम देशना को षट्खण्डागम भाग-1, पृष्ठ-62-63 पर किसी उपमा दी गई है?**

उ. तीर्थ प्रवर्तन

**1804. महावीर स्वामी का 1 जुलाई 557 ई.पू. शनिवार के दिन क्या हुआ था?**

उ. प्रथम देशना खिरी

(श्रावण कृष्ण प्रतिपदा)

**1805. महावीर स्वामी के बारे में किस पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष के विचार हैं कि महावीर ने एक ऐसी संस्था का निर्माण किया, जिसकी भित्ति पूर्ण अहिंसा पर निर्धारित थी। उनको 'अहिंसा परमो धर्मः' का सिद्धांत सारे संसार में 2500 वर्षों तक अग्नि की तरह व्याप्त हो गया। अंत में हमने नव भारत के पिता महात्मा गांधी को अपनी ओर आकर्षित किया। यह कहना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं है कि अहिंसा के सिद्धांत पर ही महात्मा गांधी ने भारत का निर्माण किया।**

उ. टी.एन. रामचन्द्रन

(तीर्थंकर वर्द्धमान, ले. आ.विद्यानन्द मुनि)

**1806. महावीर स्वामी के श्वेताम्बर के अनुसार लगातार दो चातुर्मास कहाँ पर हुए थे?**

उ. मद्धिया नगरी (पांचवां और छठवां)

**1807. महावीर स्वामी पर सन् 1945 में 'महावीरना युगनी मह देविओ' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. सुशील

**1808. महावीर स्वामी की एक अति सुंदर व प्राचीनतम मूर्ति सम्भवतः 53ई.पू. की कहाँ पर मिली थी?**

उ. कंकाली टीला, मथुरा

**1809. महावीर स्वामी पर प्राकृत भाषा में 'वीर चरित्र स्तवन' (स्तुति-स्तोत्र) किसने लिखा था?**

उ. देवेन्द्र सूरि

**1810. महावीर स्वामी का जीवन चरित्र प्राकृत गद्य में वि.सं. 925 में 'चउपन्न महापुरिस चरियं' नाम से लिखा था?**

उ. शीलांक कवि

**1811. महावीर स्वामी के प्रमुख भक्त राजा श्रेणिक के भाई का नाम क्या था?**

उ. चिलात पुत्र
(पुस्तक : मुक्ति की ओर, पृष्ठ-528)

**1812. महावीर स्वामी पर पं. पद्मचन्द्र शास्त्री ने अपनी 'तीर्थंकर वर्धमान महावीर' नामक पुस्तक कौनल से दिगम्बराचार्य की प्रेरणा से लिखी थी?**

उ. आ. श्री विद्यानन्द जी महाराज

**1813. महावीर स्वामी के साथ और से तीर्थंकर की ऐतिहासिक जानकारियां ठीक रूप में उपलब्ध हैं?**

उ. पार्श्वनाथ
(संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, वाचस्पति गैरोला, पृष्ठ-247)
(चौखम्बा, विद्या भवन, वाराणी, 1960)

**1814. महावीर स्वामी के जीव ने कितनी बार नींबू की पर्याय में जन्म लिया?**

उ. 20 करोड़ बार
(तीर्थंकर वर्धमान, संकलन-आ.विशाश्री पृष्ठ-15)

**1815. महावीर स्वामी पर कौन से राष्ट्रसंत दि. जैनाचार्य ने 'वीर प्रभु' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज

**1816. महावीर स्वामी को कौन से दो दिगम्बरों जैन ग्रन्थों में कुमार (ब्रह्मचारी) लिखा है?**

उ. तिलोयपण्णत्ति (4670)
पद्मपुराण (2067)

**1817. महावीर स्वामी के जीव पुरुरवा से लेकर महावीर होने तक दि. जैन परम्परा में 33 भवों का वर्णन मिलता है तो श्वेताम्बर परम्परा में कितने भवों का वर्णन मिलता है?**

उ. 27 भवों का
(वर्धमान चरित्र- परिशीलन डॉ. पूनम शुक्ला, पृष्ठ-52)

**1818. महावीर स्वामी का जन्म कौन से काल में हुआ था?**

उ. चौथे काल में (सुषमा-दुःखमा)

**1819. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के अहिंसा स्थल पर कर्नाटक प्रांत के किस स्थान से बनकर आयी थी?**

उ. कर्कला (कारकल)

**1820. महावीर स्वामी पर सन् 2009 में 'समणसुतं भगवान महावीर देशना' (हिन्दी काव्य) नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. रामचन्द्र जैन, आंवली
(आंवली प्रकाशन, दिल्ली-92)

**1821. महावीर स्वामी के समय वैशाली गणराज्य में शासकों की सभा को क्या नाम दिया था?**

उ. गणसन्निपात
(तीर्थंकर वर्धमान महावीर, ले. पद्चन्द्र जैन शास्त्री पृष्ठ-20)

**1822. महावीर स्वामी के जीव ने कुल कितने भव धारण किये थे?**

उ. 5 शंख, 37 क. 4 लाख 71 हजार 23 (तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलन आ. विशाश्री पृष्ठ-16)

**1823. महावीर स्वामी के महावीर के अध्यात्म सूत्रों पर 'हंसा तो मोती चुगे' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. महोपाध्याय चन्द्रप्रभ सागर

**1824. महावीर स्वामी का कहाँ पर श्वेताम्बर मंदिर सैक्टर-28 डी में बना है?**

उ. चण्डीगढ़

**1825. महावीर स्वामी पर सन् 1958 में अंग्रेजी भाषा में 'महावीर एण्ड जैनिज्म' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. जे.पी. जैन

**1826. महावीर स्वामी के बारे में किसकी पुस्तक श्री एल.ए. फल्टेज साहब ने ज्योतिष की दृष्टि से भी यही सिद्ध किया कि भगवान महावीर का विवाह नहीं हुआ बल्कि वे ब्रह्मचारी थे?**

उ. मुनि चौथमल जी

(भगवान महावीर का आदर्श जीवन, पृष्ठ-561)

**1827. महावीर स्वामी जन्म से कितने ज्ञान के धारी थे?**

उ. तीन (मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान)

**1828. महावीर स्वामी पर (कश्मीर के प्रधानमंत्री) ये किसके विचार हैं कि 'विश्व में शांति स्थापना के लिए अपने प्रयत्नों के परिणामस्वरूप भारत की इस समय जो स्थिति है वह अद्वितीय है। भारत में नेताओं में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा प्रेम के उपदेश का अनुसरण किया जो किसी जाति एवं समुदाय विशेष के लिए नहीं बल्कि समस्त विश्व के लिए था। महावीर ने सदियों पहले अहिंसा का पाठ पढ़ाया। महात्मा गांधी ने भी ऐसे संदेश दिए। अब आवश्यकता उन सिद्धांतों पर अमल करने की है।'**

उ. बक्शी गुलाम मुहम्मद

(तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलन-आ.विशाश्री, पृष्ठ-69)

**1829. महावीर स्वामी पर 'भ. महावीर का अनेकान्तवाद' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री गणेश मुनिश्री

**1830. महावीर स्वामी विषयक अनेक शिलालेख प्राप्त हुए हैं। उनके एक पर 'नमो अरहतो वर्द्धमानस' लिखा है। ऐसा शिलालेख कहाँ पर रखा है?**

उ. मथुरा, कंकाली टीला में

**1831. महावीर स्वामी के श्रीमाल नगर में आने का उल्लेख 1277 ई. का कहाँ पर एक शिलालेख जयकूप झील के उत्तरी किनारे पर है?**

उ. भीनमाल

(द गजेटियर ऑफ द बम्बई प्रेसीडेन्सी भाग-1, खण्ड-1, पृष्ठ-480)

**1832. महावीर स्वामी पर संस्कृत भाषा में 'वर्धमान चम्पू' किसने लिखा?**

उ. पं. मूलचन्द्र शास्त्री, न्यायतीर्थ

(प्रकाशक- जैन विद्या संस्थान, महावीर जी अध्याय-18)

**1833. महावीर स्वामी की स्तुति 'स्वयंभू स्त्रोत-दोह युति' में ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**नीर निधि से धीर हो, वीर बने गम्भीर।**
**पूर्ण बैर कर पा लिया, भव सागर का तीर॥**
**अधीर हूं मुझ धीर दो, सहन करूं सब पीर।**
**चीर-चीर कर चिर लिखूं, अन्तर की तस्वीर॥**

उ. आ. श्री विद्यासागर जी महाराज

**1834. महावीर स्वामी को जन्म देकर मनुष्य-देव और तिर्यंचों को बहुत प्रेम प्राप्त होने से माता त्रिशला का क्या नाम पड़ गया था?**

उ. प्रियकारिणी

(जैन पुराण कोश, पृष्ठ-288)

**1835. महावीर स्वामी पर सन् 1942 में 'वर्धमान महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. जगदीश चन्द्र जैन

**1836. महावीर स्वामी की प्रतिमा कहाँ के संग्रहालय में क्र. 48-4/3 की है?**

उ. दिल्ली

(महावीर जयंती स्मारिका, राजस्थान जैन सभा, जयपुर 1963, पृष्ठ 21)

**1837. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां कहाँ से ली गई हैं-**

**'भूपाल-मौलि-माणिक्यः, सिद्धार्थो नमा भूपतिः।**
**कुण्ड ग्राम पुरस्वामी, तस्य पुत्रो जिनोऽवतु॥**

उ. काव्य शिक्षा

**1838. महावीर स्वामी के शरीर का खून (रक्त) किसके समान सफेद था?**

उ. दुग्ध (दूध, क्षीर)

**1839. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर दि. जैन मंदिर निर्माण विहार, मधुबन रोड, दिल्ली-92 की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन् 2000

**1840. महावीर स्वामी के बारे में आ.श्री पूज्यपाद स्वामी ने निर्वाण भक्ति में किस सदी ई. में लिखा था?**

उ. 5वीं सदी ई.

**1841. महावीर स्वामी की मौसी ज्येष्ठा ने कौन सी आर्यिका से दीक्षा ली थी?**

उ. यशस्वती आर्यिका

(उत्तरपुराण, 75वें सर्ग में)

**1842. महावीर स्वामी की जन्मनगरी कुण्डलपुर को आ.श्री अभिनंदन सागर जी महाराज ने सितम्बर 2002 को कहाँ कहा था?**

उ. सलुम्बर

(डॉ. अनुपम जैन इंदौर से चर्चा में, पु. विचार मंजूषा, पृष्ठ-74)

**1843. महावीर स्वामी पर कौन सा सिद्धांत चक्रवर्ती दि. जैनाचार्य ने 'तीर्थंकर विर्द्धमान' नामक पुस्तक प्रकाशित है?**

उ. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज (प्रथम जैन दि. राष्ट्रसंत)

**1844. महावीर स्वामी के बारे में किसने लिखा है कि-**

**सर्वप्रथम मथुरा में कुषाण काल में महावीर की स्वतंत्र मूर्तियों का निर्माण प्रारम्भ हुआ।**

उ. डॉ. कुमुदगिरी

(जैन महापुराण : कलापरक अध्ययन, शोध प्रबन्ध)

**1845. महावीर स्वामी के सिंह लांछन का अंकन किस शती में प्रारम्भ हुआ?**

उ. छठी शती लगभग

(भारत कला भवन वाराणसी, क्र. 161)

**1846. महावीर स्वामी की मूर्ति मुक्तागिरी सिद्धक्षेत्र पर मंदिर क्र. 24 में किस वीर संवत की प्रतिष्ठित है?**

उ. 2500 वीर संवत्

**1847. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**हे वीर! प्रभो महावीर प्रभो!**
**हमको सद्राह दिखा जाओ,**
**यह भक्त खड़ा है आश लिये,**
**प्रभु आशीष दो उर में आओ।**
**तुम तीन लोक में पूज्य हुए,**
**हम पूजा करने को आए,**
**हम पूजा करने को भगवन,**
**यह भाव सुमन कर में लाए॥**

उ. आ. श्री विशद सागर जी महाराज

**1848. महावीर स्वामी की जन्म नगरी आ. श्री धर्मसागर जी महाराज कहाँ मानते थे?**

उ. कुण्डलपुर

(विचार मंजूषा, पृष्ठ 122)

**1849. महावीर स्वामी पर सन् 1908 में 'Life of Mahaveer' (महावीर चरित्र) नामक पुस्तक लिखी?**

उ. माणिकचन्द्र बी.ए.

(खण्डवा निवासी)

**1850. महावीर स्वामी की पावापुरी के नाम परदिल्ली में कहाँ पर 'अतिशय क्षेत्र भरत क्षेत्र पावापुरी' बनी है?**

उ. नजफगढ़

**1851. महावीर स्वामी पर सन् 1975 में अंग्रेजी भाषा में 'महावीर इन द आईज आफ फॉनर्र' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. अक्षय कुमार जैन

**1852. महावीर स्वामी को प्रथम आहार देने वाले राजा का नाम बकुल राजा कौन से ग्रन्थ में आया है?**

उ. वरांग चरित्र

(पृष्ठ 273, चामुण्डराय कृत, वर्धमान पुराण, पृष्ठ 29)

**1853. महावीर स्वामी को श्वेताम्बर के अनुसार छः मास बाद एक वृद्धि के घर पर कहाँ आहार हुआ था?**

उ. वज्रग्राम

**1854. महावीर स्वामी के बारे में 'सामायिक पाठ' में ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**सिद्धारथ नृपचन्द्र द्वन्द, दुःख दोष मिटावन, दुरित दवानल ज्वलित ज्वाल, जग जीव उधारन।**

**कुण्डलपुर करि जन्म जगत, जिय आनन्द कारन,**

**वर्ष बहत्तर आयु पाय सब ही दुःख टारन॥**

उ. कविवर पूरनमल
(पंचम वन्दना क्रम में)

**1855. महावीर स्वामी की 11 फुट की खड़गासन प्रतिमा ग.आ.श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से कहाँ पर विराजमान है?**

उ. कुण्डलपुर (नंद्यावर्त महल)

**1856. महावीर स्वामी के 14 चातुर्मास 'दि. जैन तीर्थ निर्देशिका के अनुसार' कहाँ हुए हैं?**

उ. राजगृही राजगिर (पृष्ठ-16)

**1857. महावीर स्वामी पर 'विश्व ज्योति महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री गणेश मुनि जी

**1858. महावीर स्वामी के समय संगम देव ने कौन से जानवर का मुख बनाया था?**

उ. बकरे

(वर्द्धमान पुराण, चामुण्डराय कृत, पृष्ठ-291)

**1859. महावीर स्वामी पर सन् 1977 में 'जीवन झांकी महावीर की' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. ताराचन्द्र जैन शास्त्री

(विचार मंजूषा, पृष्ठ-141)

**1860. महावीर स्वामी के नाम पर किस अतिशय क्षेत्र का पूर्व नाम 'वर्द्धमानपुर' था, यहां खुदाई से 74 मूर्तियां प्राप्त हुई थीं?**

उ. उमता (गुजरात)

**1861. महावीर स्वामी की मूर्ति 'महावीर तपोभूमि' उज्जैन (म.प्र.) में किसके द्वारा प्रदत्त (दातार) है?**

उ. नवीन कुमार जैन
(गा.बाद, वर्तमान इंदौर में)

**1862. महावीर स्वामी के तीर्थकाल के कौन से केवली सिद्धक्षेत्र आहार जी, म.प्र. से निर्वाण प्राप्त किया?**

उ. बिस्कवल केवली (आठवें नं. के)
दि. जैन तीर्थ निर्देशिका, इन्दौर, पृष्ठ-54)

**1863. महावीर स्वामी की वाणी को प्रतिपादित करके किसने पांच भागों में 14 ग्रन्थों की रचना की?**

उ. श्री मंडलाचार्य (तारण-तरण वाले)

**1864. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक के अवसर पर भारत सरकार ने कहाँ से कहाँ तक की सड़क के लिए 32 लाख का अनुदान दिया था?**

उ. नरवर से उदवाह तक
(जिला शिवपुरी म.प्र. में)

**1865. महावीर स्वामी पर सन् 1946 में 'वीर स्तुति' किसने लिखी थी?**

उ. अमरचन्द्र

**1866. महावीर स्वामी की प्रतिमा नौ इंच ऊंची एक पीठिका पर क्र. नं. 2126 की सुशोभित है, इसके पादपीठ पर 'वर्धमान नाम स्पष्ट है, किन्तु समय निश्चित नहीं है। वह प्रतिमा कहाँ विराजमान है?**

उ. मथुरा संग्रहालय
(नवनीत प्रत्रिका, जून-1973 पृष्ठ-78)

**1867. महावीर स्वामी ने अगर पंच महाव्रत का उपदेश दिया था तो महात्मा गौतम बुद्ध किसका उपदेश दिया था?**

उ. पंचशील

**1868. महावीर स्वामी का कहाँ पर समवशरण आया था वहां 13 मुनियों की दीक्षा हुई थी?**

उ. बरासों (जिला-भिण्ड, म.प्र.)

**1869. महावीर स्वामी की सुमेरू पर्वत पर कहाँ 9 फुट की पद्मासन मूर्ति सन् 1996 में स्थापित हुई है?**

उ. अड़िन्दा पार्श्वनाथ
(चांदखेड़ी 250 कि.मी. बिजोलिया पार्श्वनाथ से 165 कि.मी.)

**1870. महावीर जी अतिशय क्षेत्र से तिजारा जी अतिशय क्षेत्र की दूरी कितने कि.मी. है?**

उ. 200 कि.मी. या 205 कि.मी.

**1871. महावीर स्वामी की निर्वाण भूमि पावानगर, उ.प्र. में किस विद्वान ने मानी है, यहीं पर गौतम बुद्ध का अंतिम आहार हुआ था?**

उ. कनिंघम कार्लाइल
(दि. जैन तीर्थ निर्देशिका, इन्दौर, पृष्ठ-224)

**1872. महावीर स्वामी पर आ.श्री अभिनन्दन सागर जी महाराज ने कौन सी पुस्तक लिखी?**

उ. ऋषभदेव और महावीर
(शिष्य- आ.श्री धर्मसागर जी महाराज, शेषपुर वाले)

**1873. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में दसवें भव में क्या बना था?**

उ. सिंह

**1874. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य की 'अहिंसा : विश्वधर्म' नामक कृति प्रकाशित है?**

उ. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज

**1875. महावीर स्वामी का चैत्यालय कौन से अतिशय क्षेत्र पर बना है जहां 'कांच का मंदिर' एवं भट्टारक यशकीर्ति भवन व गुरुकुल बना है?**

उ. ऋषभदेव (केशरिया जी)
(जिला उदयपुर, राज.) में

**1876. महावीर स्वामी का समवशरण कहाँ पर आया था, यहां से श्री मृगध्वज एवं नागध्वज मुनिराज मोक्ष पधारे थे?**

उ. श्रावस्ती (सहेठ-महेठ)
(अयोध्या से 125 कि.मी. जिला श्रावस्ती, उ.प्र.)

**1877. महावीर स्वामी के नाम पर मूड़बिद्री (जैन काशी) कर्नाटक में 'श्री वीर वाणी विलास जैन सिद्धांत भवन' का निर्माण किसने कराया है?**

उ. पं. लोकनाथ जी शास्त्री
(पुस्तक- जैन काशी मूड़बिद्री, पृष्ठ-15)

**1878. महावीर स्वामी के 2600वें जन्मोत्सव पर भारत सरकार ने कितने मूल्य का डाक टिकट निकाला था?**

उ. तीन रुपये का
(तीन लोक के नक्शे का टिकट है)

**1879. महावीर स्वामी पर आ.श्री विज्ञानमती माताजी ने कौन सा विधान लिखा है?**

उ. श्री वर्द्धमान महावीर विधान
(सन् 2017 में धर्मोदय साहित्य प्रकाशन, सागर, म.प्र.)

**1880. महावीर स्वामी पर 'प्रथम एवं अंतिम तीर्थंकर ऋषभ एवं महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. दशरथ जैन

**1881. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली चांदनी चौक में कहाँ पर 'महावीर दि. जैन मंदिर' बना है?**

उ. वैद्यवाड़ा गली

**1882. महावीर स्वामी पर अंग्रेजी भाषा में 'महावीर मैसेज एण्ड मॉर्डन बर्ड' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. सी.एन. जिप्सी

**1883. महावीर स्वामी पर यह गाथा (प्राकृत में) किसके द्वारा लिखित है?**
**'तिलोए सव्व जीवाणं, हिदं धम्मो वदेसिणं।**
**वड्ढमाण महावीरं, वंदे हं सव्व वेदिणं॥**

उ. पं. पद्मचन्द्र शास्त्री
(तीर्थंकर वर्धमान महावीर, पृष्ठ-1)

**1884. महावीर स्वामी के नाम पर 'महावीर ग्रन्थ अकादमी, शोध संस्थान राजस्थान में कहाँ बना है?**

उ. जयपुर

**1885. महावीर स्वामी की सात फुट अवगाहना वाली श्वेत पाषाण की पद्मासन प्रतिमा कमलासन पर चन्द्रवाड़ फिरोजाबाद, उ.प्र. में कहाँ विराजमान है?**

उ. जैन नगर
(श्री छिदामी लाल जैन परमार्थिक ट्रस्ट की ओर से)

**1886. महावीर स्वामी पर मुनि (आ.) श्री पुण्यसागर जी महाराज ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. मेरे महावीर

**1887. महावीर स्वामी के नाम पर फाजिलनगर-सठिगांव डीह में किनके प्रयत्न से 'पावानगर महावीर इण्टर कॉलेज' की स्थापना हुई?**

उ. बाबा राघवदास
(भारत के दि. जैन तीर्थ, भाग-1, पृष्ठ-178)

**1888. महावीर स्वामी पर आ.श्री वसुनन्दी जी महाराज का 'महावीर जयंती प्रवचन' किस पुस्तक के नाम पर प्रकाशित है?**

उ. सीप का मोती

**1889. महावीर स्वामी का मंदिर कहाँ पर 'महावीर जयंती भवन' के नाम से जाना जाता है?**

उ. मेरठ, उ.प्र.

**1890. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**
**हे वीर जिनेश्वर हे जगदीश्वर!**
**हम तेरा यशगान करें।**
**हम करें वंदना रोज तुम्हारी,**
**जिनवर तब गुणगान करें।**
**अन्तर्मन में स्थापन कर हम,**
**तेरी महिमा गाएंगे,**
**है वांछा मेरी ऐ जिनवर,**
**तुम जैसा शिवपद पाएंगे॥**

उ. आ. श्री गुप्तिनंदी जी महाराज

**1891. महावीर स्वामी का निर्वाण पावापुरी (बिहार) में हुआ, ऐसा दि. जैन सम्प्रदाय के किन-किन ग्रन्थों में आया है?**

उ. तिलोयपण्णत्ति, निर्वाणकाण्ड, निर्वाण भक्ति, हरिवंश पुराण, जयधवला, उत्तर पुराण

**1892. महावीर स्वामी का दक्षिणाभिमुख मंदिर किस अतिशय क्षेत्र पर बना है?**

उ. देवगढ़ (मंदिर नं.-20)
(भारत के दि. जैन तीर्थ, भाग-1, पृष्ठ-184)

**1893. महावीर स्वामी का मंदिर दिल्ली में 'दिल्ली केण्ट' के मंदिर का शिलान्यास कौन से आ.श्री के सान्निध्य में हुआ था?**

उ. आ.श्री देशभूषण जी महाराज
(16/03/1966, लाला खुशीराम जुगल किशोर, रेवाड़ी वाले)

**1894. महावीर स्वामी का 2500वां निर्वाण महोत्सव समिति का मुख्य कार्यालय कहाँ था?**

उ. दिल्ली

**1895. महावीर स्वामी पर सन् 1933 में अंग्रेजी भाषा में 'निर्ग्रन्थ प्रवचन ऑफ रीजिंग ऑफ लॉर्ड महावीरा' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. चौथमल जी

**1896. महावीर स्वामी की छह फुट ऊंची मूर्ति फाल्गुन शुक्ल 6 सं. 1688 की उत्तर प्रदेश में कहाँ पर मोदीमढ़ में विराजमान है?**

उ. मदनपुर

(भारत के दि. जैन तीर्थ, भाग-1, पृष्ठ-205)

**1897. महावीर स्वामी की मूर्ति (भूगर्भ से प्राप्त) को बलवन्त नगर, झांसी के पेशवा बाजीराव द्वितीय ने घोड़े की जीत पर किसे आठ एकड़ जमीन दी थी?**

उ. नन्हे जू सिंघई

(250 वर्ष पूर्व आप सम्मान प्राप्त दरबारी थे)

**1898. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य की प्रेरणा से 'महावीर भक्ति गंगा' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई थी?**

उ. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज

**1899. महावीर स्वामी भगवान की मूर्ति दिल्ली के अहिंसा स्थल पर कितने फुट व इंच की है?**

उ. 13 फुट 6 इंच

**1900. महावीर स्वामी के नाम पर 'महावीर' नाम हिन्दुओं में कौन से भगवान का आता है?**

उ. हनुमान

**1901. महावीर स्वामी की दो मूर्तियां अतिशय क्षेत्र बरासों, भिण्ड किस-किस संवत की हैं?**

उ. 1205 (ई. 1148), 1207 (ई. 1150)

(जैन शिलालेख संग्रह, भाग-2, पृष्ठ-12)

**1902. महावीर स्वामी पर 'जैन दर्शन और न्याय : एक परिशीलन महावीर का जीवन संदेश तथा न्याय भूमिका' नामक कृति लिखी थी?**

उ. डॉ. दरबारी लाल जी कोठिया, बीना

**1903. महावीर स्वामी के नाम पर 'महावीर दिगम्बर जैन संस्कृत महाविद्यालय' कहाँ पर बना है?**

उ. साढूमल, उ.प्र.

**1904. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ 15 नवम्बर 2002 को 'तीर्थंकर महावीर चौक' का लोकार्पण उपा. श्री ज्ञानसागर जीम महाराज के सान्निध्य में हुआ था?**

उ. मेरठ (रेलवे रोड, चौपाला पर)

**1905. महावीर स्वामी के नाम पर उ.प्र. के मुजफ्फरनगर जिले के किस अतिशय क्षेत्र पर 'महावीर वाटिका' बनी है?**

उ. वहलना

**1906. महावीर स्वामी की कहाँ की गुफा में 12 मूर्तियां विराजमान हैं?**

उ. एलोरा

(6 मूर्तियां, गुफा नं. 30, 4 मूर्तियां गुफा नं. 32, 2 मूर्तियां गुफा नं. 33)

**1907. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**
**आ जाओ वीर पुनः जग में,**
**फिर आज अहिंसा रोती है,**
**करुणामयी चीख पुकार रही,**
**हर ओर ये हिंसा होती है।**
**मानव को मानव भूल रहा,**
**ये कैसी अनहोनी होती है,**
**मार काट चल रही सदा,**
**हर ओर तबाही होती है॥**

उ. लक्ष्मीचन्द्र जैन 'लकी' शिक्षक, खुरई
(संस्कार सागर, अप्रैल 2000, पृष्ठ 9)

**1908. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'चित्रकला' में किसे सम्मानित किया था?**

उ. सुरेश चन्द्र जैन (दिल्ली)

**1909. महावीर स्वामी की जन्म नगरी वैशाली से 3 कि.मी. पर किसका स्तंभ बना है?**

उ. अशोक स्तम्भ
(संस्कार सागर, मार्च 2001, पृष्ठ-21)

**1910. महावीर स्वामी पर ये वाक्य कौन से आचार्यश्री के हैं कि 'यदि भारत को समृद्ध बनाना है और विश्व में शांति स्थापित करना है तो महावीर के सिद्धांतों पर चलकर ही शांति स्थापित हो सकेगी, यदि अहिंसा नहीं तो राष्ट्र भी सुरक्षित नहीं हो सकता।**

उ. आ.श्री विद्यासागर जी महाराज
(भोपाल के 2002 के लाल परेड ग्राउंड पर महावीर जयंती के सुअवसर पर, संस्कार सागर, जून 2002, पृष्ठ-57)

**1911. महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा पर सन् 2002 में आ.श्री विद्यानंद जी महाराज एवं मुनि श्री शिवमुनि जी के सान्निध्य में भारतीय जैन मिलन द्वारा विशाल स्तर पर कहाँ पर 'अहिंसा शिखर सम्मेलन' हुआ था?**

उ. नई दिल्ली
(सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम, खेलगांव में)

**1912. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में 'महावीर वाटिका' कहाँ बनी है?**

उ. दरियागंज

**1913. महावीर स्वामी पर सेनापति चामुण्डराय ने कन्नड़ भाषा में कौन सा ग्रंथ लिखा था?**

उ. वर्द्धमान पुराणम्

**1914. महावीर स्वामी के प्रमुख भक्त राजा श्रेणिक को 21 वर्ष की उम्र में कब राज्य प्राप्त हुआ था?**

उ. ई.पू. 579
(पु. मुक्ति की ओर, पृष्ठ-529)

**1915. महावीर स्वामी की उपसर्ग स्थली पर और किस पर उपसर्ग हुआ था और वह स्वर्ग गये थे?**

उ. श्री सुकुमाल जी मुनिराज
(सयालिनी द्वारा उपसर्ग, जिनसेन सूरि से दीक्षा ली)

**1916. महावीर स्वामी पर सन् 1949 में 'महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. रत्तीलाल शाह

**1917. महावीर स्वामी के किस स्थान पर आठ फुट ऊंचा टीला है, यहां पर खुदाई में कई पुरातन सामग्रियां प्राप्त हुई हैं और 1000 से अधिक मुहरें, मिट्टी की मूर्तियां तथा अन्य वस्तुएं भी मिली थीं?**

उ. वैशाली (बिहार प्रांत)
(संस्कार सागर, मार्च-2001)

**1918. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**
**जियो ओर जीने दो सबको,**
**महावीर संदेश है,**
**सत्य-अहिंसा-दया धर्म ही,**
**जिनवर का उपदेश है।**
**सभी आत्मा बन सकती है,**
**इस जग में परमात्मा,**
**लेकिन करना होगा मन से,**
**राग द्वेष का खात्मा॥**
**पाप-पुण्य ये दोनों ही,**
**संसार भ्रमण का क्लेश है,**
**जियो और जीने दो सबको,**
**महावीर संदेश है॥**

उ. अरुणा जैन 'भारती' दिल्ली
(संस्कार सागर, जून-2001, पृष्ठ)

**1919. महावीर स्वामी को श्वेताम्बर के अनुसार किसके खेत में केवलज्ञान हुआ था?**

उ. श्यामा नामक किसान
(पु. मुक्ति की ओर, पृष्ठ-508)

**1920. महावीर स्वामी का मूलनायक मंदिर कहाँ पर बना है, यहां से सात बलभद्र मोक्ष गये हैं?**

उ. गजपंथा
(महाराष्ट्र प्रांत के नासिक जिले में)

**1921. महावीर स्वामी के किस नाम से खजुराहो (म.प्र.) में ग्रंथालय बना है, जिसमें 5000 ग्रन्थ विराजित हैं। इसमें हस्तलिखित ग्रन्थ भी हैं?**

उ. वर्धमान ग्रन्थालय

**1922. महावीर स्वामी के कौन से अतिशय क्षेत्र पर 'महावीर स्तूप' एवं छत्री बनी है?**

उ. महावीर जी (राज. के करौली जिला में)

**1923. महावीर स्वामी के नाम पर सन्मति मासिक पत्रिका 'कुंभोज बाहुबली' से कौन सी दो भाषा में प्रकाशित होती है?**

उ. मराठी और कन्नड़
(जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र में)

**1924. महावीर स्वामी पर सन् 2004 में 'भगवान महावीर स्वामी' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. डॉ. राजीव जैन
(संगीता पब्लिकेशन, दिल्ली-2)

**1925. महावीर स्वामी की 'ॐ जय महावीर प्रभो, स्वामी जय महावीर प्रभो। कुण्डलपुर अवतारी, त्रिशला नन्द प्रभो॥' यह आरती किनके द्वारा लिखित है?**

उ. हरिप्रसाद

**1926. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में अहिंसा स्थल में मूर्ति की प्रतिष्ठा कब और कौन से पंडित जी ने करायी थी?**

उ. सन् 1990 पं. नाथलाल शास्त्री, इंदौर

**1927. महावीर स्वामी के 33 पूर्वभवों का वर्णन दि. परम्परा के किस ग्रन्थ में आया है?**

उ. वर्धमान चरित्र (18वें सर्ग में)

**1928. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'अंतिम तीर्थंकर महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. व्यथित हृदय

**1929. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी हुई हैं-**
**हे वर्धमान! अतिवीर वीर,**
**महावीर सन्मति दायक,**
**शिवपथ परिचायक सुखदायक,**
**जय वर्तमान शासन नायक।**
**तुम धीर-वीर हम हैं अधीर,**
**मम हरो पीर मुक्ति दायक,**
**भव सिन्धु तीर दो कर्मवीर,**
**तुम सम हम बन जायें ज्ञायक॥**

उ. आ.श्री विमर्श सागर जी महाराज

**1930. महावीर स्वामी का 'सिद्धक्षेत्र श्री महावीर स्वामी पावापुर जी वंदनाष्टक' किनने लिखा है?**

उ. पं. पवन कुमार जैन शास्त्री, दीवान
(पु. तीर्थक्षेत्र पर्वादि वंदनाष्टक शतक, पृष्ठ-37)

**1931. महावीर स्वामी की आरती की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**
**पावापुर महावीर मुनीस,**
**गिरि कैलाश नमो आदीस।**

उ. कविवर द्यानतराय जी
(मंगल आरती के नाम से)

**1932. महावीर स्वामी के पावापुरी जैसा उ.प्र. में कहाँ पर 'जल मंदिर' बना है?**

उ. हस्तिनापुर

**1933. महावीर स्वामी के जीव ने मछली की पर्याय कितनी बार प्राप्त की?**

उ. तीन करोड़ बार
(तीर्थंकर वर्द्धमान, सम्पादन- आ. विशाश्री पृष्ठ-15)

**1934. महावीर स्वामी का ये भजन किसके द्वारा लिखित है-**
**'हे वीर तुम्हारे द्वारे पर, एक दरस भिखारी आया है,**
**प्रभु दर्शन भिक्षा पाने को, दो नयन कटोरे लाया है।**

उ. त्रिलोक चन्द्र जी

**1935. महावीर स्वामी के निर्वाण पर ये पंक्तियां कहाँ से ली गई हैं-**
**अट्ठावयम्मि उसहो,**
**चंपाए वासुपुज्य जिणणाहो।**
**उज्जंते णेमि जिणो,**
**पावाए णिव्वुदो महावीरो॥**

उ. प्राकृत निर्वाण काण्डम्
(छन्द नं. 1 आ.श्री कुन्दकुन्द स्वामी कृत)

**1936. महावीर स्वामी पर सर्वप्रथम रास सं. 1307 में 'महावीर रास' के नाम से किसने लिखी?**

उ. उपाध्याय अभय तिलक

**1937. महावीर स्वामी पर काव्य शैली में 'जन-जन के महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्रीमती अरुणा जैन, दिल्ली
(मॉडल टाउन, दिल्ली)

**1938. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर जैन धर्म सार-संगीति का नई दिल्ली में आयोजन किनकी प्रेरणा से हुआ था?**

उ. आचार्य विनोबा भावे

**1939. महावीर स्वामी पर कौन से दि. जैनाचार्य की प्रेरणा से 'वीर निर्वाण विचार और सेवा' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई है?**

उ. आ.श्री विद्यानन्द जी महाराज

**1940. महावीर स्वामी की किस उपसर्ग स्थली पर जैनधर्म श्वेताम्बर और दिगम्बर दो पंथों में बंटा था?**

उ. उज्जैन (अवन्तिका नगरी)

**1941. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**'पुष्पोत्तर तज थान ठये त्रिशला उरे,**
**जन्म समय 'गिर' जाय न्हवन सुरपति करे।**
**बाल वयस तप धार, हानि विधि शिव लियो,**
**ऐसे वीर जिनेश बार त्रय थापियों॥**

उ. अमरचन्द्र कविवर

**1942. महावीर स्वामी पर 'महावीर मार्क्स और गांधी' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. मुनिश्री रूपचन्द्र जी

**1943. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर कहाँ के विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा द्वि दिवसीय 'भारतीय संस्कृति को भगवान महावीर की देन' पर संगोष्ठी हुई थी?**

उ. उज्जैन, म.प्र.

**1944. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर कौन सी वर्णी जी का जन्म शताब्दी महोत्सव भी मनाया गया था?**

उ. गणेश प्रसाद जी वर्णी

**1945. महावीर स्वामी की उज्जैन (म.प्र.) में जीवन्त प्रतिमा किसने बनवायी थी?**

उ. चण्डप्रद्योत राजा
(अनेकांत पत्रिका, 1974, भगवान महावीर विशेषांक, पृष्ठ-127)

**1946. महावीर स्वामी पर सन् 1949 में 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. गोकुल दास कपाड़िया

**1947. महावीर स्वामी के बारे में 7 फरवरी 2002 को म.प्र. के किस मुख्यमंत्री के ये विचार हैं कि 'समाज में हताशा और आतंक के माहौल में भगवान महावीर के संदेश और विचार अधिक प्रासंगिक और सामयिक हैं जिसे हमें जन-जन तक विशेषकर युवाओं तक पहुंचाना होगा।'**

उ. दिग्विजय सिंह
(संस्कार सागर, मार्च 2002 पृष्ठ-59)

**1948. महावीर स्वामी की मौसी चंदनबाला हाट (बाजार) में कितनी अशर्फियों में बिकी थीं?**

उ. दो हजार
(भ. महावीर का जीवन दर्शन, उपा. कामकुमार नंदी, पृष्ठ-63)

**1949. महावीर स्वामी पर 'महावीर और मूल्य संकट' नामक विषय पर निबंध लिखा?**

उ. डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय

**1950. महावीर स्वामी के महावीराष्टक स्तोत्र का यह पद्यानुवाद किनके द्वारा किया गया है-**

**जिनके चेतन में दर्पण सम्,**
**चित्त अचितार्थ झलकते हैं,**
**ध्रौव्यनाश उत्पाद् सहित जो,**
**अन्त रहित सब लसते हैं।**
**जग प्रत्यक्ष सूर्य सम प्रगटित,**
**करे मोक्ष मग नामी हो,**
**महावीर स्वामी मेरे प्रभु,**
**तुम्हीं नयन पथ गामी हो॥**

उ. ऐलक (आ.) उदार सागर जी महाराज

**1951. महावीर स्वामी की मूर्ति मुजफ्फरनगर जिले में कहाँ पर भूगर्भ से प्रतिमा प्राप्त हुई थी?**

उ. गढ़ी पुक्ता (उ.प्र.)

**1952. महावीर स्वामी के गर्भ कल्याणक पर कुल कितने दिन रत्न बरसे थे?**

उ. 540 दिन (15 माह)

**1953. महावीर स्वामी पर 'महेन्द्र कुमार फुसकेले ने कौन से पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर महावीर : एक अध्ययन

**1954. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर नई दिल्ली के मंच पर कौन से दो महान दिगम्बराचार्य विराजमान थे?**

उ. आ. श्री देशभूषण जी एवं आ.श्री धर्मसागर जी महाराज

**1955. महावीर स्वामी की मूर्ति फिरोजाबाद (छिदामी लाल के मंदिर) में किस सन् में प्रतिष्ठित हुई थी?**

उ. 1961
(10 फुट ऊंची, पद्मासन मुद्रा में)

**1956. महावीर स्वामी की स्तुति पर ये पंक्तियां किस जैन ग्रन्थ से ली गई हैं?**

**सो जयई जस्य केवल,**
**णणुज्जवल दप्पणम्मि लोया-लायं।**
**पढ़ पदिबिंब दीसइ वियसिस,**
**सयवत्तगब्भग उरोवीरों॥**

उ. कसाय पाहुड़ (जयधवल)

**1957. महावीर स्वामी का प्रथम समवशरण कहाँ आया था, यहां एक तीर्थंकर की चार कल्याणक भूमि भी है?**

उ. श्रावस्ती

**1958. महावीर स्वामी का सिद्धांत अगर स्याद्वाद था, तो गौतम बुद्ध का सिद्धांत क्या था?**

उ. क्षणिकवाद

**1959. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 60,000 से अधिक मोतियाबिन्द के ऑपरेशन करने वाले कौन से डॉ. को सम्मानित किया गया था?**

उ. डॉ. प्रमोद गोहरे

**1960. महावीर स्वामी पर उपा. (आ.) श्री कामकुमार नंदी जी महाराज ने कौन सी पुस्तक लिखी है?**

उ. भगवान महावीर का जीवन दर्शन

**1961. महावीर स्वामी के समय गौतम बुद्ध का मुनि अवस्था में क्या नाम था?**

उ. बुद्धकीर्ति
(आ.श्री देवसेन कृत दर्शनसार में, गाथा नं. 8-9)

**1962. महावीर स्वामी के काल में भारत में प्रायः कितने राज्य थे?**

उ. साठ (कम्बोज, गंधार आदि)
(अनेकांत पत्रिका भ. महावीर विशेषांक, 1975 पृष्ठ-183)

**1963. महावीर स्वामी की सन् 2017 की जन्म जयंती पर गोरखपुर (उ.प्र.) में किसने रथ खींचा था?**

उ. योगी आदित्यनाथ जी

**1964. महावीर स्वामी के साथ और कितने तीर्थंकरों को जाति स्मरण हुआ था?**

उ. आठ (5वें, 6वें, 12वें, 16वें, 17वें, 20वें, 21वें, 23वें)

**1965. महावीर स्वामी के साथ उत्तराषाढ़ नक्षत्र में और कौन से तीर्थंकर का जन्म हुआ था?**

उ. श्री नेमिनाथ जी

**1966. महावीर स्वामी की मूर्ति दिल्ली-मेरठ रोड पर किस तीर्थ पर खुले आसमान में विराजमान है?**

उ. ज्ञानस्थली
(मेरठ से 12 कि.मी., परतापुर के पास)

**1967. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी हुई है-**

**महावीर अतिवीर जिन, सन्मति वीर जिनेश,**
**वर्द्धमान भगवान को, वन्दे मुनि सुरेश।**
**पावापुर उद्यान से, पाए शिवपुर थान,**
**पावापुर पूजा करें, पाने पद निर्वाण॥**

उ. आ. श्री योगीन्द्र सागर जी महाराज

**1968. महावीर स्वामी पर मनोज पब्लिकेशन्स दिल्ली से 'भगवान महावीर' कॉमिक्स के लेखक कौन है?**

उ. डॉ. महेन्द्र मित्तल
(176, मेन रोड, बुराड़ी दिल्ली-84, से प्रकाशन)

**1969. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर कहाँ पर 'वर्तमान समस्याओं के संदर्भ में भगवान महावीर का संदेश' नामक विषय पर संगोष्ठी हुई थी?**

उ. दिल्ली

**1970. महावीर स्वामी की जो नौ फुट ऊंची प्रतिमा यमुना नदी से उपलब्ध हुई थी वह वर्तमान में कहाँ के संग्रहालय में संरक्षित है?**

उ. मथुरा

(अनेकांत पत्रिका भ. महावीर विशेषांक 1975 पृष्ठ-128)

**1971. महावीर स्वामी के जन्म स्थान कुण्डग्राम की तुलना स्वर्ग से किस दि. जैन ग्रन्थ में की गई है?**

उ. हरिवंश पुराण

(सर्ग-2, आ.श्री जिनसेन स्वामी कृत)

**1972. महावीर स्वामी पर सन् 1950 में 'महावीर जीवन विस्तार' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री सुशील जी

**1973. महावीर स्वामी के 'श्री महावीर स्वामी जिनालय' एफ ब्लॉक, प्रीतविहार, दिल्ली-92 की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन् 1999

**1974. महावीर स्वामी के श्वेताम्बरों में कहाँ-कहाँ समवशरण बना है?**

उ. नरोड़ा (अहमदाबाद), भावनगर (गुजरात)

**1975. महावीर स्वामी की स्तुति में यह मंगलाचरण किस जैन ग्रन्थ से लिया गया है-**

**स्व राजय कर्त्रे शिव सौख्य भर्त्रे,**
**स्वातंत्र्य दात्रे परतन्त्र हर्त्रे।**
**वीराय भव्याम्बुज भास्कराय,**
**सत्सौख्य सिहसै हि नमस्करोमि॥**

उ. निजात्म शुद्धि भावना

(मुनिराज कुन्थुसागर कृत, ऐनापुर वाले)

**1976. महावीर स्वामी के पहले कितने तीर्थंकर ने अपरान्ह काल में दीक्षा धारण की थी?**

उ. सत्रह

(1, 2, 3, 6, 8, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 20, 21, 22वें)

**1977. महावीर स्वामी की पद्मासन मुद्रा में 11 फुट ऊंची प्रतिमा ऋषभांचल (गा.बाद) किस सन् में प्रतिष्ठित हुई थी?**

उ. सन् 2015

(ब्र. कौशल जी की प्रेरणा से, सफेद पाषाण की)

**1978. महावीर स्वामी के तैंतीस भवों में 'अ' अक्षर वाले भवों के कितने नाम हैं?**

उ. दो

(अग्निसह ब्राह्मण व अग्निमित्र ब्राह्मण)

**1979. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी हैं-**

**जय श्री वीर जिनवीर जिनचन्द्र,**
**कलुष निकन्द मुनिहृद सुखकन्द।**
**सिद्धारथ नन्द त्रिभुवन को दिनेन्द्र चन्द्र,**
**जा वच-किरन भ्रम-तिमिर निकन्द।**

उ. दौलतराम जी

**1980. महावीर स्वामी का सन् 1200 के लगभग सैंतीस छंदों में एक लघु खण्ड काव्य 'चंदनबाला रास' में चित्रण किया गया है?**

उ. आसुग कवि (जालौर)

**1981. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर ये किसके विचार थे- 'भगवान महावीर ने अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया था। आधुनिकता और विज्ञान की नई रोशनी में भी जीवन में स्थाई शांति और विश्व कल्याण के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी उतने ही मूल्यवान हैं।**

उ. श्रीमती इंदिरा गांधी, प्रधानमंत्री
(17 नवम्बर 1974 को दिल्ली में)

**1982. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर 'सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष के सफल सेनानी' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. प्रेमचन्द दिवाकर

**1983. महावीर स्वामी की 'वर्द्धमान पुराण' कवि नवल शाह कृत की कृति आ.श्री देशभूषण जी महाराज को दिल्ली के किस मंदिर में मिली थी?**

उ. जैन खण्डेलवाल मंदिर, वैदवाड़ा
(भ. महावीर और त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, प्रस्तावना)

**1984. महावीर स्वामी की उ.प्र. में किस अतिशय क्षेत्र की पहाड़ी पर साढ़े ग्यारह फुट की मूर्ति स्थापित है?**

उ. करगुआं जी (झांसी)

**1985. महावीर स्वामी पर 'अनन्त ज्योति महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. प्रेमचन्द्र जैन 'विद्यार्थी'

**1986. महावीर स्वामी की मूर्ति म.प्र. में 23 फुट ऊंची पद्मासन मुद्रा में कहाँ पर विराजमान है?**

उ. टीकमगढ़
(महावीर बाल संस्कार, स्कूल में)

**1987. महावीर स्वामी पर ये वाक्य किन महाकवि के द्वारा लिखित हैं कि- दया वड्ढमाणं जिन वंड्ढमाणं' अर्थात् दया के द्वारा वर्द्धमान महावीर?**

उ. महाकवि पुष्पदंत
(अपभ्रंश भाषा के महाकवि)

**1988. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य किन दि. जैनाचार्य के हैं कि 'महावीर केवल एक व्यक्ति नहीं थे। व्यक्ति की एक सीमा होती है, वे असीम थे, उनका व्यक्तित्व असीम था, वह देश, काल जाति आदि की क्षुद्र संकीर्णताओं से अतीत विराट था। उन्हें समझना हो तो उनके तत्व दर्शन को समझना चाहिए?**

उ. आ.श्री देशभूषण जी महाराज
(भ.महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन से)

**1989. महावीर स्वामी की 'महावीर जयंती' एवं 'अनन्त चतुर्दशी' को पश्चिम बंगाल में कहाँ पर मेले लगते हैं?**

उ. चिन्सुरा
(जिला-हुगली, जोगीपाड़ा का जैन मंदिर)

**1990. महावीर स्वामी की लगभग दो मीटर अवगाहना वाली मूर्ति कहाँ के जैन नगर मंदिर में विराजमान है। यहां पृष्ठ भाग में एक म्यूजियम और जैन डिग्री कॉलेज बना है?**

उ. फिरोजाबाद

**1991. महावीर स्वामी के अलावा और कौन से तीर्थंकर ने अकेले दीक्षा ली थी?**

उ. कोई नहीं

**1992. महावीर स्वामी की स्तुति में चौबीस वन्दना माला में ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं-**

**रमणिक ने सुरम्य किया, सेवा से संसार।**
**भगवान महावीर ने दिया, हम सबको संस्कार॥**

उ. आ.श्री कुशाग्रनन्दी जी महाराज

(पु. ऋषिक्रिया कोश, 7 छन्द हैं, पृष्ठ-198)

**1993. महावीर स्वामी पर 'चौबीसवें तीर्थंकर दिगम्बर महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. डॉ. विद्याधर जोहरापुरकर

**1994. महावीर स्वामी की वंदना को ईरान के बाद शाह कुरुष (554-530 ई.पू.) का कौन सा राजकुमार भगवान की सर्वज्ञता सुनकर 500 मित्रों के साथ आया था?**

उ. राजकुमार आर्द्रक

(अनेकांत पत्रिका, भ. महावीर विशेषांक, 1975, पृष्ठ-196)

**1995. महावीर स्वामी सहित वह कौन से चार तीर्थंकर हैं जिनके जन्म का क्रमांक मिला देने पर संख्या 100 बन जाती है?**

उ. वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ

(12 + 19 + 22 + 23 + 24=100)

**1996. महावीर स्वामी पर सन् 1950 में 'भगवान महावीर की अहिंसा और महात्मा गांधी' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. पृथ्वी राज जैन

**1997. महावीर स्वामी का जीव तैंतीस भवों में ब्राह्मण किस-किस नाम से बना था?**

उ. जटिल, पुष्यमित्र, अग्निसह, अग्निमित्र, भारद्वाज, स्थावर

**1998. महावीर भगवान के साथ आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पाण्डुक शिला पर दिल्ली में कहाँ पर सोने की मूर्ति विराजमान है?**

उ. दिल्ली गेट का मंदिर

**1999. महावीर स्वामी की स्फटिक मणि 500 वर्ष प्राचीन प्रतिमा दिल्ली के किस मंदिर में विराजमान है?**

उ. वैदवाड़ा जैन मंदिर

(20 मार्च 2018 को मुनि सहजानंद जी आ. सृष्टि भूषण, क्षु. भक्ति भूषण-पूजा भूषण के साथ दर्शनों के लिए गये थे)

**2000. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय सौधर्म इन्द्र की सेना कितने किलोमीटर लम्बी थी?**

उ. 30 करोड़ किलोमीटर

**2001. महावीर स्वामी की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं-**

**ओ महावीर के अनुयायी,**
**तुम मानवता मत छोड़ो रे**
**ओ जन्म जाति से जैन अरे,**
**आचरण जैन सा कर लो रे।**
**तुम दानी बनो कर्ण भामा से,**
**वैभव के सुख भोगे सारे,**
**किन्तु दान वैभव के हित,**
**शोषण के पथ मत खोलो रे॥**

उ. सुदेश जैन (खुरई)
(संस्कार सागर, अप्रैल-2000 पृष्ठ-12)

**2002. महावीर स्वामी के बारे में हिन्दुओं के कौन से ग्रन्थ की ये गाथा (श्लोक) है-**

**देव बर्हिर्वर्धमानं सुवीरं स्तीर्ण,**
**राये सुभरं वेद्यस्याम्।**
**घृतेना वक्तम् वसवः सीदतेदं,**
**विश्वेदेवा आदित्याय ज्ञियासः॥**

**हे देवों के देव वर्धमान। आप सुवीर (महावीर) हैं, व्यापक हैं। हम सम्पदाओं की प्राप्ति के लिए इस वेदी पर घृत से आपका आह्वाहन करते हैं। इसलिए सब देवता इस यज्ञ में आयें और प्रसन्न हों॥**

उ. ऋग्वेद 2-3-4
(साभार : भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-284)

**2003. महावीर स्वामी पर श्रावण लखमण चौपाई में कौन सी पुस्तक लिखी ?**

उ. महावीर चरित्र

**2004. महावीर स्वामी के अलावा और कौन से तीर्थंकर ने 12 वर्ष तक तप किया था?**

उ. श्री अजितनाथ जी

**2005. महावीर स्वामी के कौन से भक्त का नाम बिम्बसार था?**

उ. राजा श्रेणिक

**2006. महावीर स्वामी की जयपुर के निकट कहाँ पर विशाल हॉल में साढ़े ग्यारह फुट की मूर्ति विराजमान है?**

उ. नागल्या

**2007. महावीर स्वामी के जीव दया, अहिंसा, करुणा के प्रर्वतक किस वकील की 24 अप्रैल 2002 को महावीर जयंती के एक दिन पूर्व गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी?**

उ. ललित जैन
(भिवंडी, ठाणे महा. आप बजरंग दल भिवंडी शाखा के प्रमुख थे) संस्कार सागर, जून 2002 पृष्ठः 57)

**2008. महावीर स्वामी की मूर्ति है ऐसा दमोह के कुण्डलपुर की ऐसा महावीर जयंती स्मारिका राजस्थान जैन सभा की किस सन् में प्रकाशित है?**

उ. 1977 (खण्ड-2, पृष्ठ 2-34)

**2009. महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के कितने दिन बाद भारत वर्ष में संवत्सर की प्रवृत्ति हुई थी?**

उ. 805

**2010. महावीर स्वामी का स्मरण श्रवणबेलगोला की किस बस्ती के स्तम्भ लेख में किया गया है?**

उ. सिद्धरवस्ती

**2011. महावीर स्वामी के समय तमिल साहित्य मणि मेंखले में वह कौन सा स्वतंत्र सम्प्रदाय था जो बाद में दिगम्बर सम्प्रदाय में समाविषट हो गया था?**

उ. आजीविका सम्प्रदाय
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठः 427)

**2012. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है?**

**मां त्रिशला के लाडले, सिद्धारथ के लाल।**
**कुण्डलपुर में जन्म ले, धरती करी निहाल॥**
**अंतिम तीर्थंकर प्रभो, नाथ वंश के नाथ।**
**अह्वानन थापन करूं, हे प्रभु दीनानाथ॥**

उ. आ. श्री गुप्तिनंदी जी महाराज

**2013. महावीर स्वामी के कौन से शिष्य ने श्रावस्ती में पार्श्वनाथ के शिष्य केशी से भेंट की थी?**

उ. गौतम स्वामी (श्वेताम्बर जैन धर्में के अनुसार)

**2014. महावीर स्वामी पर 'महावीर क्या थे? भगवान के सिद्धांत' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. मुनि नथमल जी

**2015. महावीर स्वामी ने अगर तीस वर्ष की उम्र में दीक्षा ली थी तो गौतम बुद्ध कितने वर्ष की उम्र में प्रव्रज्या धारण की थी?**

उ. बीस वर्ष की

**2016. महावीर स्वामी के समय किस राजा का नियम था कि अपनी पुत्रियों का विवाह अजैन में नहीं करुंगा?**

उ. राजा चेटक
(अनेकांत पत्रिका भ. महावीर विशेषांक, 1975,पृ. 189)

**2017. महावीर स्वामी के शरीर के सौन्दर्यता की तुलना हाथी गुम्फा में किसके शरीर में की गई है?**

उ. सम्राट खारवेल (JBORS, VOL XIII, 1927,P.-224 K.P.J)

**2018. महावीर स्वामी पर जयपुर निवासी केशरी सिंह ने कौन सा पुराण लिखा था?**

उ. वर्धमान पुराण
(महावीर जयंती स्मारिका- 1977 खण्ड-2 पृ. 2-79)

**2019. महावीर स्वामी पर सन् 1950 में 'वरुमान महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. व्रज किशोर नारायण

**2020. महावीर स्वामी का दीक्षा से केवलज्ञान का समय कितने दिन है?**

उ. 4578 (12 वर्ष, 6 माह, 15 दिन)

**2021. महावीर स्वामी के भजन की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**

**पाये-पाये जी वीर के, दर्शन जिया हरषाये।**
**सब टरे हमारे पातक, पुण्य कमाये॥**

उ. सौभाग्य सागर जी

(पु. महावीर वन्दना, महावीर जी से पृष्ठ-510)

**2022. महावीर स्वामी पर ये पंक्ति किनके द्वारा लिखित है-**

**सत्य को आपने जान लिया,**
**मन के सब दूर विकार हटाये।**
**जग कंटक काट दिए तुमने,**
**इस बाग के फूल ने शूल चुभाए॥**
**वीर रहे अरु धीर रहे,**
**अरु त्याग से ही महावीर कहाए।**
**जिनके पग धूल से फूल खिले,**
**उनके चरणों सब शीश नवाएं॥**

उ. प्रकाश प्रलय (कटनी, म.प्र.)

**2023. महावीर स्वामी का मंदिर किस राजा की रानी ने लगभग 1209 ई. में असाध्य रोग से मुक्ति पाने के लिए बनवाया था?**

उ. लक्ष्मीदेव की

(रानी चन्द्रिका देवी, इन्सक्रप्सन्स इन नार्दर्न कर्णाटक पृ.-15)

**2024. महावीर स्वामी पर ये वाक्य किसके हैं- मैं कबूल करता हूं कि मुझ पर गीता का गहरा असर है। उस गीता को छोड़कर महावीर से बढ़कर किसी का असर मेरे चित्त पर नहीं है?**

उ. आचार्य विनोबा भावे

(महावीर जयंती स्मारिकाः 1977, खण्ड-3, पृ.-3-21)

**2025. महावीर स्वामी की प्रतिमा दिल्ली के विश्वास नगर (रामगली) में किसकी ओर से विराजमान हुई थी?**

उ. सुमेर चन्द्र जैन

(सन् 2002 में प्रतिष्ठा हुई थी)

**2026. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में नौवें भव में कौन सा देव बना था?**

उ. सिंहकेतु देव

**2027. महावीर स्वामी के 2500 वें निर्वाण महोत्सव सोसायटी के अध्यक्ष कौन थे?**

उ. साहू श्री शांति प्रसाद जी जैन (दिल्ली)

**2028. महावीर स्वामी को वैशाली में कौन सी जाति अपना पूर्वज मानती है?**

उ. जथरियां जाति

(संस्कार सागर, मार्च 2001, पृष्ठ-21)

**2029. महावीर स्वामी के नाम पर 'तीर्थंकर महावीर चेरिटेबल हॉस्पिटल' जिला- गाजियाबाद (उ.प्र.) में कहाँ बना है?**

उ. वसुन्धरा

**2030. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं**

**अच्युत-स्वर्ग जो कुण्डलपुर,**
**जन्में सिद्धारथ-घर-आय।**
**त्रिसला दे माता की सुर-तिय,**
**सेव करें उर हर्ष बढ़ाय॥**
**कनक-वरन तन तुंग सात कर,**
**केहरि वर्ष बहत्तर आय।**
**ऐसे वीर नाथ वंदन कूं,**
**थापत हौं मैं शीश नवाय॥**

उ. कविवर चुन्नीलाल जी

**2031. महावीर स्वामी की कलचुरि कालीन कारी तलाई से प्राप्त प्रतिमा तीन फुट पांच इंची प्रतिमा कहाँ के संग्रहालय में संरक्षित है?**

उ. रायपुर
(कलचुरि काल में जैन धर्म-शिव कुमार नामदेव) अनेकांत पत्रिका, जुलाई-अगस्त-1972

**2032. महावीर स्वामी के समकालीन गौतम बुद्ध के मज्झिम निकाय ग्रन्थ का अर्थ क्या है?**

उ. मध्यम मार्ग

**2033. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ पर स्थापित है जहां पर 55 जिनबिम्ब उत्कीर्ण है, यहां पर आदिनाथ भगवान की अतिशयकारी मूर्ति है?**

उ. चांदखेड़ी (खानपुर)

**2034. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य किसके हैं कि- 'वे (भगवान महावीर) एक अगाध सागर थे। उनमें मानव प्रेम की तरंगे ही ऊंची उठती थी। केवल मानव ही क्यों जीव मात्र की भलाई के लिए उन्होंने सब कुछ न्यौछावर कर दिया?**

उ. महात्माशिव शिवव्रत लाल जी बर्मन, एम. ए. (अनेक पत्रों के सम्पादक तथा वेदांत कल्पद्रुम आदि अनेक ग्रन्थों के लेखक)

**2035. महावीर स्वामी पर समरचन्द्र ने कौन सा स्तवन लिखा था?**

उ. महावीर स्तवन

**2036. महावीर स्वामी पर 'मार्ग दृष्टा महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. रतन कुमार जैन

**2037. महावीर स्वामी विषयक शिलालेख राजस्थान में कहाँ पर काशीप्रसाद जायसवाल ने 374 ई. पू. का माना है?**

उ. बाड़ली
(जर्नल आंव दी विहार एंड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी भाग-16, सन् 1930)

**2038. महावीर स्वामी का निर्वाण स्थल मुनि श्री कल्याण विजयगणी (श्वेताम्बर) कौन सा पावा मानते है?**

उ. बिहार शरीफ
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.- 517)

**2039. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ पर 'पावानगर महावीर इंटर कॉलेज है, वह 2500वें निर्वाणोत्सव के उपलक्ष्य में श्री भगवान महावीर महाविद्यालय' की स्थापना हुई थी?**

उ. पावानगर (जिला-कुशीनगर, उ.प्र.)

**2040. महावीर स्वामी के बारे में आ. श्री वीरसेन ने षट्खण्डागम की धवला टीका में किस शती ई. में लिखा था?**

उ. 8वीं शती ई.
(नौवीं पुस्तक में चतुर्थ खण्ड)

**2041. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर इस वर्ष को अहिंसा वर्ष की घोषणा भारत के किस केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने की थी?**

उ. अनन्त कुमार
(6 अप्रैल 2001 को दिल्ली में)

**2042. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है-**
**मनायें निज घर पर्व महान,**
**धर्महित चला करें कुछ दान,**
**महावीर का मूलमंत्र था,**
**जियो और जीने दो सबको।**
**क्षणिक सम्पदा को पाकर के,**
**भूलें न हम अपने रब को,**
**सजग करें कोने हृदय के,**
**हो आतम का ज्ञान॥**

उ. अशोक कुमार जैन 'वीर' (बेगमगंज)

**2043. महावीर स्वामी का किस अतिशय सिद्धक्षेत्र पर समवशरण आया था, यहां पर सन् 1142 नें नन्दी संघ के आ.श्री महानंदी का ससंघ आगमन हुआ था?**

उ. कुंडलपुर (म.प्र.)
(संस्कार सागर, लेख सुरेश चंद्र जैन बारोलिया, आगरा, मार्च-2001, पृ. 19)

**2044. महावीर स्वामी पर सन् 1950 में 'भ. महावीर की साधना' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. मधुकर मुनि

**2045. महावीर स्वामी क 2600 वें जनम जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा किसे ड्राइंग शिक्षक के लिए सम्मानित किया गया था?**

उ. डी. एन. अक्की
(गुलबर्गा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त)

**2046. महावीर स्वामी का जन्म पंडित जुगल किशोर मुख्तार कहाँ मानते थे?**

उ. कुण्डलपुर
(पु. भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ.-285)

**2047. महावीर स्वामी के नाम पर दिल्ली में 'तीर्थंकर महावीर वर्ड (पक्षी) चेरिटि 'कहाँ बना है?**

उ. शांती मौहल्ला (दिल्ली)

**2048. महावीर स्वामी का इंदौर (म.प्र.) नगर में महावीर जयंती की रथ यात्रा किस मंदिर से प्रारंभ हुई थी?**

उ. कांच मंदिर से

**2049. महावीर स्वामी का महावीर जयंती 29.3.2018 को कहाँ पर लगभग एक करोड़ की लागत के रथ पर विराजमान किया था, लेकिन चक्का (पहिया) टूट जाने से प्रभु की यात्रा पुराने रथ पर ही निकली थी?**

उ. महावीर जी (अतिशय क्षेत्र)

**2050. महावीर स्वामी पर गणेश ललवानी ने कौन सी पुस्तक लिखी थी, जिसका हिन्दी रूपांतरण राजकुमार बेगानी ने किया था?**

उ. वर्धमान महावीर
(जैन भवन, कोलकाता से 1993 को प्रकाशित हुई)

**2051. महावीर स्वामी पर 'आसमानों से भी ऊंचा है सिंहासन वीर का' नामक कविता उर्दू में किसने लिखी थी?**

उ. मिस्टर पी. सैन साहब 'गौहर' पानीपती
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ. 556)

**2052. महावीर स्वामी की जन्म नगरी वैशाली में जैनों ने 'वैशाली कुण्डलपुर' तीर्थ प्रबंधक कमेटी की स्थापना कब की थी?**

उ. सन् 1951 में

**2053. महावीर स्वामी के जन्मकल्याण के पहले कुल कितने रत्न बरसे थे?**

उ. 75 अरब 60 करोड़

**2054. महावीर स्वामी के नाम पर 'महावीर वाटिका' का दिल्ली में 11 जनवरी 1987 को उद्घाटन किसने किया था?**

उ. हरिकिशन लाल भगत जी
(लालकिला व लाल मंदिर के पास)

**2055. महावीर स्वामी की स्तुति की ये पंक्तियां किस भक्ति से ली गई हैं-**
**'नमो नमः सत्व हितंकराय,**
**वीराय भव्याम्बुज भास्कराय।**
**अनन्त-लोकाय सुरार्चिताय,**
**देवाधि-देवाय नमो जिनाय॥**

उ. अर्हद भक्ति (आ. श्री पूज्यपाद स्वामी कृत, छन्द नं.-7)

**2056. महावीर स्वामी के किस दि. जैन ग्रन्थ में लगभग 400 अनेक रंग युक्त चित्र हैं?**

उ. वर्धमान पुराण
(कवि नवलशाह सं. 1825 सन् 1768 का लिखा)

**2057. महावीर स्वामी का दिल्ली में 6500 वर्ष पुराना कौन सा मंदिर है?**

उ. वैदवाड़ा (चांदनी चौक के पास, दिल्ली)

**2058. महावीर स्वामी की प्रतिमा 500 वर्ष पुरानी दिल्ली के किस मंदिर में विराजमान हैं, प्रतिमा जी स्फटिक मणी की है?**

उ. वैदवाड़ा का मंदिर

**2059. महावीर स्वामी के नाम पर महाराष्ट्र प्रांत में 'महावीर रिसर्च सेंटर' कहाँ पर बना है?**

उ. सोलापुर
(प्राकृत विद्या अप्रैलः 1989 पृ.-63)

**2060. महावीर स्वामी की जन्म जयंती एवं निर्वाण दिवस राजस्थान में विशेष समारोह के साथ कहाँ मनाया जाता है, यहां कमला बाई जी का कांच मंदिर भी बना है?**

उ. महावीर जी

**2061. महावीर स्वामी पर मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने कौन सा अष्टक लिखा है?**

उ. वीराष्टकम्

**2062. महावीर स्वामी पर पंडित पूर्णाचन्द्र विजय व जगजीवन दास कस्तूर शाह ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. भगवान महावीर स्वामी का दिव्य जीवन

**2063. महावीर स्वामी पर 'महावीर और कबीर की अहिंसा दृष्टि' नामक आलेख लिखा था?**

उ. डॉ. निजामुद्‌दीन
(अध्यक्ष- हिन्दी विभाग इस्लामिया कॉलेज, श्री नगर कश्मीर-190002)
(महावीर जयंती-स्मारिका जयपुर, 1986, कुद-कुंद भारती, अप्रैल 1989 पृ.सं. 45)

**2064. महावीर स्वामी के नाम पर 'महावीरस्य आागम-पहो' 'महावीर का आगम पथ' का हिन्दी काव्यानुवाद किसने किया?**

उ. डॉ. हरीराम आचार्य

(प्राकृत विद्या- अप्रैल 1989 दिल्ली से प्रकाशित पृ.51)

**2065. महावीर स्वामी के निर्वाण के वारे में ये पंक्तियां कहाँ से ली गई है?**

**मागध देश विशाल नयर पावापुर जाणो।**
**जिनवर श्री महावीर तास निर्वाण बखाणो॥**

उ. तीर्थवंदना संग्रह (भ. श्री भूषण कृत पृष्ठ-63)

**2066. महावीर स्वामी पर 'महावीर हिज लाइफ एण्ड टीचिंगस' लंदन नामक पुस्तक सन् 1937 में किसने लिखी थी?**

उ. बी. सी. ला

(प्राकृत विद्या. जन.-जून 2002 पृष्ठ-31

**2067. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ पर अंग्रेजों (सन्1858) ने भट्‌टे से निकालकर विराजमान की थी?**

उ. दिल्ली (छोटा बाजार का मंदिर)

**2068. महावीर स्वामी पर सन् 1951 में 'बुद्ध और महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. मशरूवाला (अनु. जमनालाल जैन)

**2069. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखी हुई है?**

**एजी पद इंद्र की जब सुरग सोल में,**
**आयु छः मास की शेष में रहि गई।**
**तभी इन्दर की आज्ञा से जा धनपती,**
**नगर कुंडल की रचना तुरत करि दई॥**

उ. मुनि श्री श्रुतसागर जी महाराज (मुरैना वाले)

**2070. महावीर स्वामी के किस उपसर्ग स्थली से 'रक्षाबंधन' कथा जुड़ी है?**

उ. उज्जैन

**2071. महावीर स्वामी पर सकलचन्द्र उपाध्याय ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. वीर वर्धमान जिनबेलि

**2072. महावीर स्वामी के अलावा और कौन से तीर्थंकर को शाल वृक्ष के नीचे केवलज्ञान हुआ था?**

उ. श्री संभवनाथ जी

**2073. महावीर स्वामी को लक्ष्यकर कहाँ के कीर्तिवर्मा प्रथम के शिलालेख मे मंगलाचारण किया गया है?**

उ. आड्रर (धारवाड़)

('नमो अरहन्तों वर्धमानम्' जैन शिलालेख संग्रह भाग-2)

**2074. महावीर स्वामी के नाम पर महाराष्ट्र प्रांत में कहाँ पर 'महावीर नगर' के मंदिर के पास' महावीर उद्यान बना है?**

उ. नागपुर (महा.)

**2075. महावीर स्वामी के 2500वें महापरिनिर्वाण के उपलक्ष्य में राजस्थान जैन सभा जयपुर की स्थापना किस सन् में हुई थी?**

उ. सन 1952

**2076. महावीर स्वामी का जीव तैंतीस भवों में कितनी बार नरक गया?**

उ. दो बार

(20वें भव में सातवें नरक में, 22वें भव में पहले नरक में)

**2077. महावीर स्वामी पर 'वीर जैसा कौन त्यागी दूसरा पैदा हुआ' नामक कविता उर्दू में किसने लिखी थी?**

उ. अज़ ममताज उल शायर मुंशी प्यारे लाल साहब रौनक देहलवी

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-551)

**2078. महावीर स्वामी की ये पंक्तियां किस मासिक पत्रिका में प्रकाशित है कि**

**'संसार दावानलं मेघनीरं**
**सम्मोह धूली हरणे समीरम्।**
**माया रसा दारण सार सीरं,**
**नमामि वीरं गिरिराज धीरम्॥**

उ. प्राकृत विद्या

(जन-जून 2002 पृ.-119)

**2079. महावीर स्वामी पर लिखित इन पंक्तियों के रचियता कौन है?**

**'अखिल जग तारन को जलयान प्रकटी, वीर।**

**तुम्हारी वाणी, जग में सुधा समान॥**

उ. पं. जुगल किशोर मुख्तार 'युगवीर'

**2080. महावीर स्वामी की कौन सी शिष्या का पूर्वभव में पद्मलता नाम की राजपुत्री थी?**

उ. चन्दनबाला (महापुराण)

**2081. महावीर स्वामी पर लिखी कृति 'स्वयं शास्ता महावीर' के लेखक कौन हैं?**

उ. सत्यदेव संवितेन्द्र

**2082. महावीर स्वामी पर 'महावीर रेखा' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. पद्मचन्द्र शास्त्री

**2083. महावीर स्वामी का निर्वाण स्थान महा पंडित राहुल सांस्कृत्यायन कहाँ के पावापुर को मानते हैं?**

उ. गोरखपुर के पपउर ग्राम को
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-517)

**2084. महावीर स्वामी पर सन् 2010 में डॉ. राजेन्द्र रत्नेश ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. वर्धमान
(राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली से)

**2085. महावीर स्वामी के नाम पर एक टी.वी. चैनल का नाम बताओ?**

उ. महावीरा चैनल

**2086. महावीर स्वामी पर ये वाक्य किनके हैं कि 'महावीर ने एक ऐसी साधु संस्था का निर्माण किया, जिसकी भित्ति पूर्ण अहिंसा पर निर्धारित थी। उनका 'अहिंसा परमो धर्मः का सिद्धांत सारे संसार में 2500 वर्षों में अग्नि की तरह व्याप्त हो गया?**

उ. श्री टी.एन. राम चन्द्रन्
(प्रसिद्ध पुरातत्व वेत्ता)
(प्राकृत विद्या, जनवरी-मार्च 1966, पृष्ठ-14)

**2087. महावीर स्वामी पर 'सन् 1996 में 'भगवदो महावीरस्य जीवण-दंसणं' नामक लेख प्राकृत भाषा में लिखा था?**

उ. डॉ. उदयचन्द्र जैन
(प्राकृत विद्या, जन-मार्च 1996 पृ.18)

**2088. महावीर स्वामी की महावीर जयंती एवं दीपावली पर म.प्र. में किस अतिशय क्षेत्र पर मेला लगता है?**

उ. कुण्डलपुर

**2089. महावीर जी अतिशय क्षेत्र से पद्मपुरा अतिशय क्षेत्र की दूरी कितने कि.मी. है?**

उ. 175 कि.मी.

**2090. महावीर स्वामी के कौन से अतिशय क्षेत्र पर शांति वीर नगर बना है?**

उ. महावीर जी (राज.)

**2091. महावीर स्वामी की स्तुति में किनके 'चतुर्विंशति स्तुति' की ये पंक्तियां हैं?
वर्धमान के चरण बढ़े, मोक्ष हेतु धर्मार्थ।
मम मति सन्मति हो विभु,
सकल करो सिद्धार्थ॥**

उ. आ. श्री देवनन्दी जी महाराज
(प्रज्ञा श्रमण, णमोकार तीर्थ प्रणेता)

**2092. महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में सातवें भव में कौन से स्वर्ग में देव बना था?**

उ. सातवें स्वर्ग

**2093. महावीर स्वामी पर सन् 1953 में 'भगवान महावीर और उनका साधना मार्ग' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. ऋषभदास रांका

**2094. महावीर स्वामी पर कौन जैन स्थानक वासी के मुक्तकों को बड़ी लोक प्रियता मिली?**

उ. मुनि चौथमल जी

**2095. महावीर स्वामी के नाम पर 13 जनवरी 1918 को कहाँ पर 'लार्ड महावीर फिजियोथेरेपी सेंटर' का लोकार्पण हुआ था?**

उ. अम्बाला (हरियाणा)

**2096. महावीर स्वामी की जन्म नगरी वैशाली में प्रथम बार महावीर जयंती कब मनायी गई थी?**

उ. 21 अप्रैल 1948

**2097. महावी स्वामी के बारे में आ. श्री जिनसेन ने हरिवंश पुराण में किस शती ई. में लिखा था?**

उ. 8वीं शती ई.

**2098. महावीर स्वामी पर राजस्थान जैन सभा में सन् 1962 में सर्व प्रथम 'महावीर जयंती स्मारक' का सम्पादन किसने किया था?**

उ. चैनसुख दास न्यायतीर्थ

**2099. महावीर स्वामी के अलावा कितने तीर्थंकरों ने तीन भक्त (तेला) (तीन दिन के बाद पारणा किया) किया?**

उ. 10 तीर्थंकर
(6, 7, 9, 11, 14, 15, 17, 18, 21, 22)

**2100. महावीर स्वामी पर ये वाक्य किसके मुख्य पृष्ठ पर लिखा है कि 'भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत के आधार पर ही इस देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई है?**

उ. भारत के गणराज्य के संविधान से
(प्राकृत विद्या जन.-मार्च 1996 पृ.-14)

**2101. महावीर स्वामी की दोनों स्थली पावापुर से वैशाली तक नई सड़कें बनवाने का वादा सन् 2013 में कौन से मुख्यमंत्री ने किया था?**

उ. श्री नितीश कुमार

**2102. महावीर स्वामी का पावापुर का जल मंदिर कितने वर्ग गज है?**

उ. 104 वर्ग गज

**2103. महावीर स्वामी पर 'श्रमण महावीर' और महावीर का अर्थशास्त्र 'नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. आ. महाप्रज्ञ जी

**2104. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है?**

**'मैं भाव पूजा द्रव्य से,**
**करने का मन भाव ले,**
**आह्वाहन आदि कर करा,**
**श्री वीर प्रभु का चाव से।**
**हे वीर श्री महावीर प्रभुवर,**
**है तुम्हें शत्-शत् नमन,**
**पूजता तेरे चरण पाने को,**
**पावन शिव सदन॥**

उ. मुनि श्री प्रज्ञासागर जी महाराज

**2105. महावीर स्वामी को दीक्षा के बाद कौन सा ज्ञान प्राप्त हुआ था?**

उ. मनः पर्याय ज्ञान

**2106. महावीर स्वामी के उपसर्ग स्थान से कौन से मुनिराज मोक्ष पधारे?**

उ. अभय घोष मुनिराज
(अंतकृत केवली, उज्जैन से)

**2107. महावीर स्वामी का मूलनायक मूर्ति कहाँ पर है जहां चौबीसी छह फुट ऊंची है, यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश का अतिशय क्षेत्र है?**

उ. सैरोन जी
(भारत के दि. जैन तीर्थ, भाग-1, पृ. -196)

**2108. महावीर स्वामी के किस तीर्थक्षेत्र पर मानस्तम्भ और कीर्तिस्तंभ 71 फुट का बना है, जिसमें 24 तीर्थंकरों की रत्नों की 1008 जिन प्रतिमाएं विराजमान हैं?**

उ. वासोकुंड, वैशाली (बिहार)

**2109. महावीर स्वामी पर कविता की पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**
**वीर प्रभु की पावन धरती पर,**
**मना रहे हैं जन्म दिन महावीर का।**
**मगर क्या यह धरती पावन है,**
**जन्म दिन मनाने के काबिल है॥**

उ. सौ. ज्योति सुखानंद कासलीवाल (खामगांव) (संस्कार सागर, अप्रैल 2000, पृ.-33)

**2110. महावीर स्वामी पर सन् 1998 में 'Mahavira and his Philosophy of life' नामक पुस्तक के लेखक कौन है?**

उ. डॉ. कमल चंद सौगानी
(प्रकाशक- जयपुर प्रिंटर प्राईवेट लिमिटेड)

**2111. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य किसके थे- 'महावीर के सिद्धांत में बताये गये स्याद्वाद को कितने ही लोग संशयबाद कहते हैं, इसे मैं नही मानता। स्याद्वाद संशयवाद नहीं है, किन्तु वह एक दृष्टि-बिन्दु हमको उपलब्ध करा देता है। विश्व का किस रीति से अवलोकन करना चाहिए यह हमें सिखाता है।**

उ. श्री प्रो. आनन्द शंकर बाबू भाई ध्रुव
(तीर्थंकर वर्धमान, विद्यानंद मुनि, पृष्ठ 94)

**2112. महावीर स्वामी पर 'हयाते वीर' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. श्रीमान भोलानाथ साहब दरखशां
(म्युसिपल कमीश्नर बुलन्दशहर, उ.प्र.)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ. 551)

**2113. महावीर स्वामी के श्री वर्धमान स्तोत्र पर मुनि श्री प्रणम्य सागर कृत स्तोत्र में कितने छंद हैं?**

उ. 64 छंद

**2114. महावीर स्वामी पर सन् 1951 में 'महावीर का जीवन दर्शन' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

उ. ऋषभदास रांका

**2115. महावीर स्वामी के 2500 वें निर्वाण महोत्सव पर कौन सा रथ पूरे भारत में चलाया गया था?**

उ. धर्मचक्र
(1974 में, चौपड़ा मोटर्स के द्वारा डिजाइनिंग तैयार हुआ)

**2216. महावीर स्वामी के 2600 वे जन्म जयंती महोत्सव का कोलकाता द्वारा जैन ध्वज गीत के रचनाकार में किसे 'अध्यात्मिक कवि' से सम्मानित किया गया था?**

उ. मिश्रीलाल जैन, एडवोकेट (गुना)

**2117. महावीर स्वामी पर बुधजन ने किस पुराण का अनुवाद किया था?**

उ. वर्धमान पुराण

**2218. महावीर स्वामी का श्याम बलुआ पाषाण से निर्मित '4-4X16' आकार वाली प्रतिमा कहाँ के फिल्डेलफिया म्यूजियम ऑफ आर्ट में सुरक्षित है?**

उ. जबलपुर (म.प्र.) (अनेकांत पत्रिका, भ. महावीर विशेषांक 1975, पृ.-130)

**2119. महावीर स्वामी के नाम पर 'श्री महावीर जैन संस्कृत महाविद्यालय कहाँ बना है?**

उ. साढूमल

**2120. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावा को बौद्ध साहित्य कुछ विद्वान किस देश की राजधानी मानते है?**

उ. मलय देश
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृष्ठ-517)

**2121. महावीर स्वामी भगवान का मूलनायक मंदिर पंजाब में कहाँ है?**

उ. लुधियाना

**2122. महावीर स्वामी पर सन् 1951 में 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. दलसुख मालवणिया

**2123. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**

**शुभ नगर कुण्डलपुर,**
**सिद्धारथ राय के त्रिसला लिया।**
**तजि पुष्प उत्तर तासु कुक्ष्या,**
**वीर जिन जन्मन लिया॥**
**कर सात उन्नत कनक सा,**
**तनु वंश वर इक्ष्वाकु हैं।**
**है अधिक सत्तरि वर्ष आयुष,**
**सिंह चिन्ह भला कहे॥**

उ. कविवर मनरंग लाल जी

**2124. महावीर स्वामी की जन्म नगरी आ. श्री देश भूषण जी महाराज किसे मानते थे?**

उ. कुण्डलपुर
(विचार मंजूषा, पृष्ठ-122)

**2125. महावीर स्वामी की ये आरती किसके द्वारा लिखित है-**
**ॐ जय महावीर प्रभो,**
**स्वामी जय महावीर प्रभो।**
**तपो भूमि में आप विराजे-2,**
**आनंदकंद विभो॥**

उ. मुनि श्री प्रज्ञासागर जी महाराज

**2126. महावीर स्वामी का महाराष्ट्र में कहाँ समवशरण आया था? यहां पौराणिक आख्यानों के अनुसार नल और नील तथा राजा करकुण्ड का भी आगमन हुआ था?**

उ. तेर (जिला- उस्मानाबाद में)

**2127. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है?**
**सब मिल देखों हेली म्हारो,**
**हे त्रिशला बाल वंदन रसाल।**
**आये जुत समवसरन कृपाल,**
**विचरत अभय व्याल मराल॥**

उ. दौलतराम जी

**2128. महावीर स्वामी का गौतम गणधर का उल्लेख कहाँ के शिलालेख में है कि 1103 ई. चालुक्य सान्तार देव तैल, जो कि भगवान पार्श्व के वंशज में जन्में थे?**

उ. दानसाले के (वर्धमान स्वामिगत तीर्थ वृत्ति. पूर्व पृ. 361-370)

**2129. महावीर स्वामी की मूर्ति के दर्शन कहाँ पर पांच सौ सीढ़ी चढ़ने पर पहली गुफा में होते हैं?**

उ. कुण्डलपुर (म.प्र.

**2130. महावीर स्वामी पर 'गरीबी हटाओ के सन्दर्भ में महावीर का तत्वज्ञान' विषय पर निबन्ध लिखा था?**

उ. वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री

**2131. महावीर स्वामी की ये पंक्तियां कौन से जैन स्तोत्र से ली गई है?**
**'श्री पार्श्वेश महावीरौ,**
**पातां मां हों सुमानदौ।**
**ॐ हीं श्रीं च तथा भूं क्लीं हां हः श्रां श्रः**
**युतौ जिनौ॥**

उ. जैन रक्षा स्तोत्र (छन्द नं.-13)

**2132. महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पूर्व यदि एक रत्न एक इँच लम्बा-चौड़ा व मोटा होगा तो उन रत्नों को रखने के लिए 9X9 के 9 फुट लम्बे और चौड़े ऐसे कितने कमरे की आवश्यकता पड़ेगी?**

उ. 60,690

**2133. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**
**श्रीमत वीर हरैं भव पीर,**
**भरे सुख सीर अनाकुलताई,**
**कहरि अंक अरी अरदंक,**
**नये हरि पंकति मौली सुआई।**
**मैं तुमको इत थापतु हो प्रभु,**
**भक्ति समेत हिये हरषाई,**
**हे करुणा धन धारक देव,**
**यहां तिष्ठहु शीघ्रहि आई॥**

उ. श्री वृन्दावन जी

**2134. महावीर स्वामी पर सन् 1951 में 'महामानव-महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. रघुवीर शरण दिवाकर

**2135. महावीर स्वामी की जन्म नगरी आ.श्री वर्धमान सागर जी महाराज (शिष्य, आ. श्री धर्मसागर जी महाराज) ने कुण्डलपुर कहाँ कहा था?**

उ. उदयपुर

(पं. शिवचरण जी मैनपुरी से पर्यूषण पर्व में हुई चर्चा)

(पु. विचार मंजूषा-पृ. 75)

**2136. महावीर स्वामी पर लिखे ग्रन्थ वर्धमान पुराण के लेखक कवि नवलशाह का जन्म कहाँ हुआ था?**

उ. भेलसी (जिला-टीकमगढ़, म.प्र.)

(जातिः गोलापूर्व, गोत्र-बड़ था)

**2137. महावीर स्वामी की जन्मनगरी वैशाली में संघ ने 'वैशाली रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ प्राकृत' जैनालॉजी एंड अहिंसा' की स्थापना किस सन् में हुई थी?**

उ. सन 1955

**2138. महावीर स्वामी के परम भक्त राजा श्रेणिक ने राज्य प्राप्त के कितने वर्ष बाद अभयकुमार को प्रधानमंत्री बनाया था?**

उ. 21 वर्ष बाद

(पु. मुक्ति की ओर पृ. 529)

**2139. महावीर स्वामी ने किनसे आज्ञा प्राप्त करके दीक्षा ली थी?**

उ. माता-पिता से

(जैन पुराण कोश, पृष्ठ-289)

**2140. महावीर स्वामी के नाना की उस पुत्री का नाम बताओ जो मोक्ष मार्ग पर आर्यिका के व्रत धारण कर चली थी?**

उ. चंदनबाला

**2141. महावीर स्वामी की स्तुति में ये पंक्तियाँ किस भक्ति से ली गई-**

**जयतु जिन वर्धमानस्त्रि,**
**भुवन हित धर्म चक्र नीरज बन्धुः।**
**त्रिदश पति- मुकुट-भासुर,**
**चूड़ामणि रश्मि रञ्जितारुण-चरणः॥**

उ. अर्हद् भक्ति

(आ. श्री पूज्यपाद कृत, छन्द नं.-11)

**2142. महावीर स्वामी के श्रीमाल नगर में आने का उल्लेख कहाँ के सन् 1277 ई. के एक स्तम्भ लेख जयकूप झील के उत्तरी किनारे पर लिखा है?**

उ. भीनमाल में

(यः पुरात्र महास्थाने श्री माले सुसभागतः। सदेव श्री महावीर...)

**2143. महावीर स्वामी की मूर्ति पूरे भारत में कहाँ पर जर्मन सिल्वर से निर्मित है?**

उ. लखनादौन (जिला-सिवनी, म.प्र.)

**2144. महावीर स्वामी के समवशरण में केवलियों की संख्या कितनी थी?**

उ. 700

**2145. महावीर स्वामी किस उपसर्ग स्थली पर शिव-लिंग में पार्श्वनाथ भगवान प्रकट हुए थे?**

उ. उज्जैन (म.प्र.)

(आ. सिद्धसेन, कुमुदचन्द्र द्वारा कल्याण मंदिर से)

**2146. महावीर स्वामी के 2600 वें जन्म कल्याणक महोत्सव को 6 अप्रैल 2001 से साल भर तक पूरे को 'अहिंसा वर्ष' किसने घोषित किया था?**

उ. अनंत कुमार (केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री)

**2147. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर की निर्वाण भूमि' नामक एक निबंध में निर्वाण फाजिलनगर सठियावा को लिखा था?**

उ. श्री डॉ. राजबली पाण्डेय

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-517)

**2148. महावीर स्वामी पर सन् 1952 में 'भगवान महावीर नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. कैलाशचंद्र शास्त्री

**2149 महावीर स्वामी का जीव पैंतीस भवों में आठवें भव में कौन सा विद्याधर बना था?**

उ. कनकोज्ज्वल विद्याधर

**2150. महावीर स्वामी के बारे में आ. श्री गुणभद्र स्वामी ने किस शती ई. में लिखा था?**

उ. 9वीं शती ई. (नवम् पर्व में)

**2151. महावीर स्वामी के 2600 वे जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'लोकनृत्य' के लिए किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. कु. अस्मिता काला (जयपुर)

**2152. महावीर स्वामी का पावापुर का जल मंदिर किस राजा ने निर्मित कराया था?**

उ. नंदिवर्धन राजा

(पु. तीर्थक्षेत्र पर्वादि वंदनाष्टक शतक पृष्ठ-37)

**2153. महावीर स्वामी पर 'वीर ही दुनिया यक्ता पेशवा पैदा हुआ' नामक कविता उर्दू में किसने लिखी थी?**

उ. पं. शुगन चन्द्र साहब 'रोशन'

(ए.एल.एल.बी. एडवोकेट)

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.552)

**2154. महावीर स्वामी की मूर्ति कहाँ पर सन् 2008 में ऊँचे फार्म पर 71 इंच की प्रतिमा विराजमान हुई?**

उ. चैतन्य धाम (गांधी नगर, गुजरात)

**2155. महावीर स्वामी की पावापुर में समवशरण मंदिर की चरण पादुका कितने वर्ष प्राचीन है?**

उ. सात-आठ सौ वर्ष (दसवी शताब्दी की) भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-518)

**2156. महावीर स्वामी के श्री भ. महावीर दि. जैन मंदिर, शंकरनगर एक्स. 51, दिल्ली की स्थापना कब हुई थी?**

उ. सन्1989

**2157. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ 'महावीर शोध संस्थान और बुन्देलखण्ड महावीर विश्व विद्यालय' बना है?**

उ. झाँसी

(शोध संस्थान का शिलान्यास 12.3.1972 को हुआ) उद्योगपति दानवीर साहू शांति प्रसाद जी के कर कमलों द्वारा।

**2158. महावीर स्वामी की मूर्ति श्री दि. जैन मंदिर नशियाँ जी भिण्ड में किस संवत् की है?**

उ. 1548 (वैशाख सुदी-3) सन् 1491 ई.

**2159. महावीर स्वामी पर 1600 के आसपास पद्म कवि ने कौन सा काव्य लिखा था?**

उ. महावीर काव्य

**2160. महावीर स्वामी का 'श्री वर्धमान स्तोत्र मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने सन् 2014 में कहाँ लिखा है?**

उ. रतलाम (म.प्र.)

**2161. महावीर स्वामी के ही जीवन काल में इनका मंदिर रानी चेलना के कहने पर किसने बनवाया था?**

उ. मगध सम्राट राजा श्रेणिक
(अनेकांत पत्रिका, भ. महावीर विशेषांक 1975 पृ. 194)

**2162. महावीर स्वामी का वर्धमान पुराण कवि नवल शाल कृत का हिंदी अनुवाद व संपादन कौन से दि. जैनाचार्य ने किया था?**

उ. आ. श्री देशभूषण जी महाराज
(आ.श्री को हिन्दी, मराठी, बंगाली, तमिल व कन्नड़ भाषा आती थी)

**2163. महावीर स्वामी पर सन् 1952 में 'महावीर' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. धीरजलाल शाह

**2164. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित हैं?**

**हमको वीर हरो भव पीर।**
**मैं भव दुखत दयामृत सर तुम,**
**लखि आयो तुम तीर॥**

उ. दौलतराम जी

**2165. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ जनता के सहयोग से 'तीर्थंकर महावीर हाई स्कूल' की स्थापना हुई थी?**

उ. वैशाली
(विहार प्रांत में जिला मुजफ्फरपुर में)

**2166. महावीर स्वामी पर 'भगवान महावीर शांति पुरस्कार' सन् 2018 को कर्नाटक सरकार द्वारा किसे दिया गया था?**

उ. स्वस्ति श्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी

**2167. महावीर स्वामी पर सन् 1972 में 'भगवान महावीर नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. राजकुमार अनिल

**2168. महावीर स्वामी की गुजरात के कच्छ से 35 कि.मी. की दूरी पर कहाँ पर श्वेताम्बर का प्राचीनतम तीर्थ है?**

उ. श्री भद्रेश्वर धाम (गांधीनगर)

**2169. महावीर स्वामी के बारे में ये वाक्य कहाँ पर लिखे हैं कि 'तीर्थंकरों की मान्यता अत्यंत प्राचीन है जैसा कि मथुरा के पुरातत्व से सिद्ध है। महावीर जो इस परम्परा के अंतिम रहे हैं, एक महान प्रचारक थे जिन्होंने अनेक अनुयायियों को आकर्षित किया है?**

उ. रिलियन्स ऑफ एन्सिस्ट इंडिया (पृष्ठ-111-112)

**2170. महावीर स्वामी पर सन् 1971 में 'पावा निर्णय' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. अनन्त प्रसाद जैन

**2171. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियाँ किनके द्वारा लिखित हैं-**

**महावीर तीर्थंकर जगत में,**
**शुद्धमति दाता कहे,**
**निज आत्मा को शुद्ध करके,**
**लोक मसतक पर रहें।**
**मुनि चार ज्ञानी भी सतत्,**
**वंदन करें संस्तव करें,**
**हम भक्ति से थापें यहां,**
**प्रभु पद कमल अर्चन करें॥**

उ. ग. आ. ज्ञानमती माता जी (हस्तिनापुर)

**2172. महावीर स्वामी पर 'वीर ही दुनिया में सच्चा रहनुमा पैदा हुआ' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. अज़शायर सीरी जबां बयान जनाब (मिस्टर बी.एल. साहब 'मंजू देहलवी) (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ. 552)

**2173. महावीर स्वामी पर सन् 195 में 'भ. महावीर और उनका मुक्तिमार्ग' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. ऋषभदास रांका

**2174. महावीर स्वामी पर 'बदलते सामाजिक मूल्यों में महावीर वाणी की भूमिका 'नामक विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. डॉ. उम्मेदमल मुणोल

**2175. महावीर स्वामी के नाम पर उ.प्र. में 'तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र (शोध केन्द्र) कहाँ बना है?**

उ. लखनऊ

**2176. महावीर स्वामी की ये पूजा की पंक्तियाँ किनके द्वारा लिखित है?**

**आह्वान हे जगत पूज्य! करो तुमारों,**
**हे वीर! तिष्ठ इह तिष्ठ यहां पधारो!**
**धारों सदा हृदय में तब पाद-पद्मा,**
**देवेन्द्र-वृंदगण, वंदित जास पद्मा॥**

उ. कविवर नन्दन लाल जी

**2177. महावीर स्वामी पर जिस समय महावीराष्टक लिखा गया था, उसी समय नवलराय खण्डेलवाल ने कौन सा चरित्र लिखा था?**

उ. वर्धमान चरित्र

**2178. महावीर स्वामी की दिल्ली में कौन सा मंदिर 6500 वर्ष प्राचीन है?**

उ. वैदवाड़ा

**2179. महावीर स्वामी पर कहाँ पर 'भगवान महावीर : जीवन एवं दर्शन' विषय पर 24-25 फरवरी 2002 को संगोष्ठी हुई थी?**

उ. इन्दौर (म.प्र.)
(मु. अतिथिः श्रीमती सुमित्रा महाजन (राज्यमंत्री)

**2180. महावीर स्वामी की प्रतिमा पर धर्मचक्र के नीचे एक स्त्री लेटी हुई एवं यक्षमातंग अंजलिबद्ध एवं यक्षी सिद्धियिका चंवरी लिए हुए कहाँ के संग्रहालय में विराजमान हैं?**

उ. रायपुर
(महन्त घासीराम स्मारक संग्रहालय, सूची पत्र-चित्रफलक 8 क्र.)

**2181. महावीर स्वामी मंदिर केरल और कर्नाटक के बॉर्डर पर कि स्थान पर बना है?**

उ. मानंदी वाड़ी

**2182. महावीर स्वामी पर सन् 1952 में वीरायण नामक एक महाकाव्य किसने लिखा था?**

उ. मूलदास मोहनदास नीमावत

**2183. महावीर स्वामी पर 'भरा है वीर की तालीम में वो कैफ मस्ताना' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. बाबू दिगम्बर प्रसाद साहब गौहर
(जनाब पैकाम साहब जौहरी, देहलवी)
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-553)

**2184. महावीर स्वामी का जीव तैतीस भवों में कितनी बार स्वर्ग गया?**

उ. बारह बार
(दूसरे स्वर्ग में, चौथे में ब्रह्म स्वर्ग में, छठवें में सौधर्म स्वर्ग, नौवें में सानत कुमार स्वर्ग में, ग्यारहवें माहेन्द्र स्वर्ग में, तेरह वें में माहेन्द्र स्वर्ग में, सत्तरह वें में चतुर्थ स्वर्ग में, 24वें में सिंहकेतु देव, छब्बीस वें में सप्तम स्वर्ग में, अट्ठाइसवें में महाशुक्र स्वर्ग में, तीसवें में सहस्रार स्वर्ग में सूर्यप्रभ देव, बत्तीस वें में अच्युत स्वर्ग के पुष्पोत्तर में)

**2185. महावीर स्वामी के बारे में कौन से इटली के डाक्टर ने कहा था कि-भगवान महावीर का जीवन अनंत वीर्य से ओतप्रोत है, अहिंसा का प्रयोग उन्होंने स्वयं अपने ऊपर किया और फिर सभी ओर अहिंसा के शाश्वत धर्म को सफल बनाया, जो काल को भी चुनौती देते हैं?**

उ. डॉ. पुर्नेडो बिल्लिनी फिलिथी
(संस्कार सागर, अप्रैल-2000, पृ.-49)

**2186. महावीर स्वामी पर सन् 1953 में 'तीर्थंकर वर्धमान' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. श्री चन्द्र रामपुरिया

**2187. महावीर स्वामी की मूर्ति सिद्धक्षेत्र सिद्धवर कूट के कौन-कौन से नं. के मंदिर में विराजमान हैं?**

उ. 4 नं., 7 नं.

**2188. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां कहाँ से ली गई हैं-**

**देवाधिदेव! परमेश्वर! वीतराग!**
**सर्वज्ञ! तीर्थंकर! सिद्धि! महानुभाव!**
**तैलोक्यनाथ! जिन पुगंव वर्धमान!**
**स्वामिन! गतोऽस्मि शरणं चरण द्वयं ते॥**

उ. प्रतिष्ठा पाठ
(विमल भक्ति संग्रह में, चैत्य भक्ति में)

**2189. महावीर स्वामी की पावापुर के जलमंदिर की चरण पादुका कितने वर्ष प्राचीन है?**

उ. 600 वर्ष
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ.-518)

**2190. महावीर स्वामी पर ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**

**आ जाओं वीर पुनः जग में,**
**फिर आज अहिंसा रोती है।**
**करुणामयी चीख पुकार रही,**
**हर ओर ये हिंसा रोती है॥**

उ. लक्ष्मीचंद्र जैन (लकी) खुरई
(संस्कार सागर, अप्रैल-2000, पृ.-9)

**2191. महावीर स्वामी की कर्नाटक के कहाँ पर 19 फीट की मूर्ति खुले में स्थापित है, यहां पर एक आ. श्री का जन्म व समाधि दोनों हुए हैं?**

उ. कोथली (शांतिगिरी)

**2192. महावीर स्वामी के कौन से सिद्धांत का 81 ई. मे भृगुकच्छ के श्रमणाचार्य ने एथेन्स में पहुंचकर प्रचार प्रचार किया था?**

उ. अहिंसा धर्म का
(तीर्थंकर महावीरः डॉ. देवेन्द्र शास्त्री नीमच पृ.-130)

**2193. महावीर स्वामी की निर्वाण भूमि पावापुरी (पावापुर) की प्राचीन नाम क्या था?**

उ. अपापपुर (पुण्य भूमि)
(यह तीर्थ बिहार प्रांत में, राजगृही से 24 किमी है)

**2194. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियाँ किसके द्वारा लिखित है?**

**महावीर अरु वर्धमान अति,**
**वीर व सन्मति वीर प्रभो,**
**सिद्धारथ पितु त्रिशला नंदन,**
**के उजियारे धीर प्रभो।**
**तुमरी महिमा है अपार,**
**तब भक्ती मे लवलीन प्रभो।**
**आह्वानन कर मन वच तन से,**
**पूजूं तुमको मैं नित्य विभों॥**

उ. आ.श्री अभयमती माताजी

**2195. महावीर स्वामी पर सं. 2016 में यति मोती हंस जी ने कौन सा महाकाव्य लिखा था?**

उ. तीर्थंकर श्री वर्धमान

**2196. महावीर स्वामी पर सन् 1953 में 'महावीर का अन्तस्तल' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. सत्य भक्त

**2197. महावीर स्वामी पर 'महावीर की साधना का रहस्य' और 'महावीर का स्वास्थ्य शास्त्र नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उ. आ. महाप्रज्ञ जी

**2198. महावीर स्वामी के नाम पर सन् 15 नवम्बर 2002 में कहाँ पर महावीर चौक का लोकार्पण हुआ था?**

उ. मेरठ (रेल्वे रोड, चोपाल पर)
(आ. श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सान्निध्य में)

**2199. महावीर स्वामी पर 'जयंती हो मुबारक वीर तेरी सबको सालाना' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. बाबू सम्पतराय साहब मस्कान हेड कलवी देहली (भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-553)

**2200. महावीर स्वामी का तमिलनाडु में वह जिनालय कहाँ पर है, जहां किसी समय जैनो के 84 मंदिर थे?**

उ. कांजीवरम् (जिनकांची)
(यह तीर्थ चैन्नई से 77 किमी है)

**2201. महावीर स्वामी के 2600वें जन्म जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'वन्य विशेषज्ञ' के लिए किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. एस. एम. जैन, कोटा

**2202. महावीर स्वामी के नाम कर्नाटक में कहाँ पर सन्मति होस्टल में महावीर मंदिर बना है?**

उ. धारवाड़

**2203. महावीर स्वामी पर 'पी.सी.राम चौधरी' ने अंगेजी भाषा में कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. जैनिज्म इन बिहार

**2204. महावीर स्वामी के 2500 वें निर्वाण महोत्सव के समय मैसूर से16 किमी की दूरी पर कहाँ की पहाड़ी पर धर्मशाला बनवाई गई थी?**

उ. गोम्मट गिरि
(यहां पर बाहुबली भगवान की साढ़े पांच मीटर की मूर्ति विराजमान है)

**2205. महावीर स्वामी का ईस्ट इण्डिया कंपनी ने एक भ. महावीर स्वामी का सिक्का किस सन् में निकाला था?**

उ. 1616
(संस्कार सागर, फरवरी 2002, पृ. 57)

**2206. महावीर स्वामी के बारे में 'महाकवि पुष्पदंत' ने वीर जिणंद चरिऊ' किस शती ई. में लिखा था?**

उ. 9वीं शती ई.
(भाषा- अपभ्रंश, पांचवी सन्धि, 1974 में प्रकाशित)

**2207. महावीर स्वामी सन् 1975 में डॉ. छैल बिहारी गुप्त 'राकेश' ने कौन सा महाकाव्य लिखा था?**

उ. तीर्थंकर महावीर

**2208. महावीर स्वामी पर सन् 1954 में 'भ. महावीर और विश्व शांति' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. ज्ञानमुनि

**2209. महावीर स्वामी के पावापुर का जल मंदिर किस पत्थर से बना है?**

उ. संगमरमर

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ.-518)

**2210. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखी हुई हैं?**

**दर्शन से जिनके कटते है पाप,**
**पूजन से मिटते है गुरु ग्रह ताप,**
**मूरत सुहानी है तेरी महावीरा,**
**छवी जग न्यारी है, महावीरा॥**

उ. आ. श्री चन्दना मती जी

**2211. महावीर स्वामी के अलावा विदेह क्षेत्र के कौन से तीर्थंकर का चिन्ह सिंह है?**

उ. श्री ऋषभानन जी

**2212. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ पर 'भगवान महावीर फाउंडेशन' की स्थापना है जो साहित्य पर दो लाख, एक लाख के पुरस्कार देता है?**

उ. चैन्नई (60005)

(संस्कार सागर फरवरी 2002, पृ.-19)

**2213. महावीर स्वामी के जीव ने स्वर्ग में कितनी पर्याय प्राप्त की थी?**

उ. 80 करोड़

(तीर्थंकर वर्द्धमान, संकलनः विशाश्री पृष्ठ-15)

**2214. महावीर स्वामी के नाम पर म.प्र. में कहाँ पर 'हरितिमा से युक्त 'महावीर उद्यान' बना है?**

उ. उज्जैन (तपोभूमि)

**2215. महावीर स्वामी के नाम पर कर्नाटक में कहाँ पर 'महावीर मटाड़ा बसदि' बनी है, यहां पद्मावती देवी का अतिशयकारी मंदिर बना है?**

उ. हुमचा (शिमोगा जिला)

**2216. महावीर स्वामी की जन्म स्थली आ. श्री सिद्धांत सागर जी महाराज ने कहाँ माना है?**

उ. कुंडलपुर (इंदौर में कहा था रमेश कासलीवार से)

**2217. महावीर स्वामी की मूर्ति महाराष्ट्र प्रांत में कहाँ के जैन मंदिर के शिखर में विराजमान है?**

उ. कारंजा

(वाशिम जिला, बलात्कार गण मंदिर)

**2218. महावीर स्वामी की मूर्ति पर 'श्री दि. जैन मंदिर बड़ा बाजार, गोहद् (जिला भिण्ड) पर क्या संवत् लिखा है?**

उ. 1783 (वैशाख सुदी 3) सन् 1729 ई.

**2219. महावीर स्वामी के नाम पर कर्नाटक प्रांत के किस तीर्थक्षेत्र पर 'महावीर कीर्ति स्तम्भ (धर्मचक्र) बना है?**

उ. श्रवण बेलगोला

**2220. महावीर स्वामी पर संवत् 2007 में 'विराग' नामक खण्डकाव्य किनने लिखा था?**

उ. धन्यकुमार जैन 'सुधेश'

**2221. महावीर स्वामी की ओसिया में कौन से परिहार नरेश का समय का ढाई फुट ऊंची प्रतिमा का मंदिर था?**

उ. नरेश वत्सराज

(कुंभारिया का महावीर मंदिर, श्री हरिहर सिंह श्रमण, नव, दिसम्बर 1974)

**2222. महावीर स्वामी पर सन् 1954 में 'महावीर देवनो ग्रहस्थाश्रम' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. न्याय विजय मुनि

**2223. महावीर स्वामी पर 'जियाय वीर से मामूर है हर दिल का कासाना' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. बाबू बलदेव सिंह साहब नगर देहलवी

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-554)

**2224. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावापुर में जल मंदिर तक जाने के लिए एक लाल पत्थर का पुल है वह कितने फुट लम्बा है?**

उ. 600 फुट

**2225. महावीर स्वामी को स्मरण करके यह कौन से जैन ग्रन्थ का मंगलाचरण है?**
**नमः श्री वर्धमानाय,**
**निर्धूत कलि लात्मने।**
**सालोकानां त्रिलोकानां,**
**यद-विद्या दर्पणायते॥1॥**

उ. रत्नकरण्ड श्रावकाचार

**2226. महावीर स्वामी के नाम पर कहाँ 28 फरवरी 2001 को 'महावीर द्वार' का शिलान्यास हुआ था?**

उ. इंदौर (सुदामा नगर)

(उपा. श्री निजानंद जी महाराज के सान्निध्य में)

**2227. महावीर स्वामी के नाम पर कर्नाटक की किस सांस्कृतिक नगरी में 'वर्धमान जैन बोर्डिंग' होम बना है? यह चंदन सिटी के नाम से मशहूर है?**

उ. मैसूर

**2228. महावीर स्वामी के 2500वें निर्वाण महोत्सव पर वह कौन सी पुस्तक थी जो हिन्दी, प्राकृत, संस्कृत एवं अंग्रेजी ऐसी चार भाषाओं में प्रकाशित हुई थी?**

उ. समणसुत्तं

**2229. महावीर स्वामी का समवशरण महाराष्ट्र प्रांत में कहाँ के पहाड़ पर आया था, यहां पार्श्वनाथ भगवान की सप्तफणी प्रतिमा भी विराजमान है?**

उ. गिरि पार्श्वनाथ

(झरी पार्श्वनाथ से 4 किमी की दूरी पर)

**2230. महावीर स्वामी के पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है?**

**गुण गण साधक हे महावीर,**
**हे वीतरागी सर्वत्र प्रभु।**
**सम्यक पथ चल उपदेश दिया,**
**आत्मोन्मुख हो जिनदेव विभो।**
**पावन पथ धर्म अहिंसा पर,**
**चल आतम को ही पाया है,**
**हे वीर प्रभो महावीर प्रभो,**
**यह भक्त शरण में आया है॥**

उ. आ.श्री स्वस्ति भूषण माता जी

**2231. महावीर स्वामी पर आ. विद्यानंद सूरि ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. भगवान महावीर

**2232. महावीर स्वामी पर सन् 1955 में वीर स्तवमंजरी नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. मोहनलाल वाडिया

**2233. महावीर स्वामी की मूर्ति विदेश में कहाँ पर 'सिद्धालय' में पांच मूर्तियों में बीच में विराजमान है?**

उ. न्यूजर्सी
(17 एकड़ में यह आश्रम सुशील मुनि द्वारा स्थापित 1983 को)

**2234. महावीर स्वामी की किस उपसर्ग स्थली पर चन्द्रगुप्त सम्राट की मुनि दीक्षा हुई थी?**

उ. उज्जैन (म.प्र.)
(आ.श्री भद्रबाहु स्वामी द्वारा)

**2235. महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावापुर में नीचे सामने वाली वेदी पर श्वेत वर्ण में महावीर स्वामी की मूल नायक वेदी है उसमें कुल कितनी प्रतिमाएं विराजमान हैं?**

उ. चौदह
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-518)

**2236. महावीर स्वामी का मंदिर कर्नाटक में कहाँ के विमानपुरा में एयरपोर्ट रोड पर स्थित है?**

उ. बेंगलूरू

**2237. महावीर स्वामी ने अगर 72 वर्ष की उम्र में निर्वाण प्राप्त किया तो गौतम बुद्ध ने कितने वर्ष की उम्र में परिनिवृत्त हुए?**

उ. 80 वर्ष की आयु में

**2238. महावीर स्वामी पर 'ये मलायक जिस ताका दौर या वो वीर का' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. हकीम मदन लाल साहब 'मदन'
(मैनेजरः स्वेदशी दवाखाना, देहली)
भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-554)

**2239. महावीर स्वामी पर कमल कुमार 'कुमुद' खुरई ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. महावीर

**2240. महावीर स्वामी की जन्म स्थली कुण्डलपुर से वैशाली कब बनी?**

उ. 23 अप्रैल 1956
(संस्कार सागर अप्रैल 2003, पृ.-8)

**2241. महावीर स्वामी का वह कौन सा अतिशय क्षेत्र है जहां पर हीरे पन्ने आदि की लगभग 200 प्रतिमा दर्शनीय है?**

उ. महावीर जी

(मूल मंदिर के नीचे ध्यान केन्द्र में)

**2242. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**

**सिद्धारथ है तात, मात त्रिशला सही,**
**अच्युततै चय आय, नगर-कुंडल कही।**
**हाथ सात परमान, अंक है मृगपति,**
**महावीर जिनदेव! तिष्ठ करुणा मती॥**

उ. कविवर बख्तावर सिंह

**2243. महावीर स्वामी श्वे. परम्परानुसार चम्पापुर के पास किस उद्यान में ठहरते थे?**

उ. पूर्णभद्र चैत्य

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-518)

**2244. महावीर स्वामी के कौन से अतिशय क्षेत्र पर 'जैन विद्या संस्थान' देश का प्रतिष्ठित शोध संस्थान बना है?**

उ. महावीर जी (राज.)

**2245. महावीर स्वामी पर सन् 1955 में 'महावीर का सर्वोदय तीर्थ' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. जुगलकिशोर मुख्तार

**2246. महावीर स्वामी के जन्मकल्याणा के समय जल कितने योजन की दूरी से आता है?**

उ. ढाई करोड़ योजन (क्षीरसागर से)

**2247. महावीर स्वामी की मूर्ति म.प्र. के खरगौन जिले में किस सिद्धक्षेत्र पर वी.सं. 2462 व सं. 1993 की विराजमान है?**

उ. पावागिरि

**2248. महावीर स्वामी पर सन् 1968 में 'महावीर चारित्र एवं आरती संग्रह' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. प्रकाश कुमार जैन

**2249. महावीर स्वामी का राजगृही के तीसरे पहाड़ उदयगिरि पर महावीर स्वामी की खड्गासान श्याम वर्ण की प्राचीन मूर्ति का मंदिर किसने बनवाया था?**

उ. श्रीमान् सेठ रामवल्लभ रामेश्वर (कोलकाता निवासी)

**2250. महावीर स्वामी पर महावीर इंटरनेशनल के वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर 30 अक्टूबर 1993 को कहाँ पर 'पर्यावरण संरक्षण महावीर की दृष्टि में' विषय पर संगोष्ठी हुई थी?**

उ. उदयपुर (राज.)

**2251. महावीर स्वामी पर 'ओ महावीर के अनुयायी' नामक कविता की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित हैं?**

उ. सुदेश जैन (खुरई)

(संस्कार सागर अप्रैल-2000, पृ.-9)

**2252. महावीर स्वामी पर सन् 1956 में भ. महावीर नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. जय भिक्खु

**2253. महावीर स्वामी पर 'फिर वही भाव हो अपना, फिर वही जमाना वीर का' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. पंडित शिवनारायण साहब, देहलवी

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृष्ठ-555)

**2254. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किसके द्वारा लिखित है?**

**सिद्धार्थ नृप के प्रिय नंदन,**
**श्री तीर्थंकर पद धारी हो,**
**हो त्रिशला देवी के प्यारे,**
**इस जग के तुम हितकारी हो।**
**प्रभुवर मैं पूजन करने को,**
**अब चरण कमल में आया हूं,**
**तिष्ठो-तिष्ठो हे सन्मति प्रभु,**
**शुभ भाव बनाकर लाया हूं॥**

उ. कवि कांति कुमार जी करुण, खिमलासा

**2255. महावीर स्वामी की प्रथम देशना भूमि राजगृह कौन से राजा से कौन से राजा तक उत्तर प्रदेश का शासन केन्द्र था?**

उ. महाराज वसु से राजा श्रेणिक तक

(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन, पृ.-520)

**2256. महावीर स्वामी की माता का नाम अगर त्रिशला था, तो गौतम बुद्ध की माता का क्या नाम था?**

उ. महामाया

**2257. महावीर स्वामी के 2600 वें जनम जयंती महोत्सव पर कोलकाता द्वारा 'गायन क्षेत्र में किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. कु. सारिका जैन (असम)

**2258. महावीर स्वामी पर लक्ष्मण सिंह चौहान 'निर्मम' सागर ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. हे निर्ग्रन्थ

**2259. महावीर स्वामी के जयपुर में कहाँ के जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की 300 वर्ष पुरानी प्रतिमा है?**

उ. काली डेरा मंदिर

(समीप-गोपाल जी का रास्ता, जौहरी बाजार)

**2260. महावीर स्वामी का मंदिर कर्नाटक में कहा पर बना है? जहां पार्श्वनाथ भगवान की तीन फुट ऊंची हजार फण वाली मूर्ति है?**

उ. बीजापुर, महेन्द्र गिरि

**2261. महावीर स्वामी पर 'रतन लाल जी दोसी' ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. तीर्थंकर चरित्र

**2262. महावीर स्वामी के शिष्य होने पर गौतम स्वामी की पूजा किसने की थी?**

उ. सौधर्मेन्द्र ने (जैन पुराण कोश, पृ.115)

**2263. महावीर स्वामी पर मुनि कन्हैयालाल ने किस नाम से चालीसा लिखा था?**

उ. महावीर चालीसा

**2264. महावीर स्वामी की मूर्ति तमिलनाडु के किस अतिशय क्षेत्र पर विराजमान है, यहां नन्दीश्वर द्वार व समवशरण की रचना की गई?**

उ. पैन्नूरमलै

**2265. महावीर स्वामी के बारे में नेपाली भाषा में 'महावीर क्या थे' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?**

उ. कोईराला (नेपाल के प्रधानमंत्री)

**2266. महावीर स्वामी को बौद्धों के कौन से ग्रन्थ में श्री ऋषभदेव के समान सर्वज्ञ तथा उपदेश दाता बताया है?**

उ. न्याय बिन्दु

**2267. महावीर स्वामी का जिनालय बड़ा मंदिर के नाम से जाना जाता है, यहां पाण्डवों के वनवास क समय यह नगर शरणस्थली रहा है, बताओ यह कौन सा स्थान है?**

उ. विराटनगर (बैराठ) राज.

**2268. महावीर स्वामी पर आ.श्री सन्मति सागर जी महाराज (बड़े गांव वालें ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?**

उ. वीर प्रभु की अन्तर्यात्रा

**2269. महावीर स्वामी का मंदिर कहाँ पर 'शेट्टर बसदि' के नाम से प्रसिद्ध है, जिसका निर्माण बंगोत्तर शेट्टी नामक श्रावक ने कराया था?**

उ. मूडबिद्रि (जैन काशी)
(प्रतिमा जी तीन फुट की हैं, क्षेत्र कर्नाटक प्रांत में है)

**2270. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**
**जय महावीर सन्मति दायक,**
**अतिवीर नाम है प्यारा।**
**जय वर्धमान त्रिशलानन्दन,**
**भव्यों का एक सहारा॥**
**वीर प्रभु का आस्वानन कर,**
**पर्व दिवाली लगती है।**
**ह्दयासन पर आ जाओ तो,**
**मुक्ति पास दिखती है॥**

उ. आ. श्री पूर्णमती माता जी

**2271. महावीर स्वामी का निर्वाण स्थान पावापुरी (बिहार) श्वेताम्बर सम्प्रदाय के कौन-कौन से ग्रंथों में आया है?**

उ. कल्पसूत्र, आवश्यक निर्युक्ति, परिशिष्ट पर्व, विविध तीर्थ कल्प

**2272. महावीर स्वामी का मंदिर दिल्ली में 'सरस्वती विहार' का शिलान्यास कौन से आ. श्री के सान्निध्य में हुआ था?**

उ. आ. श्री शांतिसागर जी महाराज (हस्तिनापुर वाले)
(24.4.1996 वैशाख सुदी-6, वी.सं. 2522 को)

**2273. महावीर स्वामी पर 'महावीर की विचार धारा में समता मूलक रचना' नामक विषय पर निबंध लिखा था?**

उ. डॉ. कुसुम पटोरिया

**2274. महावीर स्वामी पर सन् 1956 में 'महावीर युग और जीवन दर्शन' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उ. डॉ. हीरालाल जैन, डॉ. उपाध्याय

**2275. महावीर स्वामी के नाम पर एक पंचांग का नाम जो कि इन्दौर से प्रकाशित होता है?**

उ. तीर्थंकर वर्धमान जैन पंचांग

**2276. महावीर स्वामी के कौन से सिद्धांत के फिलिस्तीन के एस्सेन (ESSEN) लोग कट्टर थे?**

उ. अहिंसा (अहिंसावादी)

**2277. महावीर स्वामी पर 'मरतवा किसको है दुनिया में मोपस्सर वीर का' नामक कविता उर्दू भाषा में किसने लिखी थी?**

उ. जनाब लाला शम्भूदयाल साहब 'सरसार' सहारनपुरी
(भ. महावीर एवं त्रिकाल विश्व जैन तत्व दर्शन पृ.-555)

**2278. महावीर स्वामी पर मुनि श्री नवरमल ने दोहावली किस नाम से लिखी थी?**

उ. महावीर दोहावली

**2279. महावीर स्वामी को कहाँ के रत्नगिरि पहाड़ पर प्राचीन मंदिर में श्याम वर्ण की चरण पादुका विराजमान है?**

उ. राजगृह

**2280. महावीर स्वामी पर सन् 1956 में 'निर्गन्थ भ. महावीर' नामक पुस्तक लिखी है?**

उ. जय भिक्खु

**2281. महावीर स्वामी का 'कीर्ति स्तम्भ' महावीर ट्रस्ट द्वारा कहाँ पर लोकार्पण हुआ था?**

उ. इंदौर (म.प्र.)
(संस्कार सागर अक्टूबर-2011, पृ.-60)

**2282. महावीर स्वामी की जन्म भूमि वैशाली (कुण्डलपुर) में हुए उत्खनन में लगभग कितनी मुहरें पाई गई थी?**

उ. 12-15
(भ. महावीर की जन्मभूमि डॉ. वीर सागर दिल्ली, पृ.-24)

**2283. महावीर स्वामी पर सन् 1965 में 'भगवान महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. हरीलाल

**2284. महावीर स्वामी की मूर्ति 'श्री चन्द्रप्रभ दि. जैन मंदिर गोरमी (जि. भिण्ड) में किस संवत् की है?**

उ. 1803 (सन् 1746 ई. की)

**2285. महावीर स्वामी की मूर्ति कन्याकुमारी से 21 कि.मी. की दूरी पर कहाँ स्तम्भों पर पार्श्वनाथ व पद्मावती के साथ उत्कीर्ण है, ऐसा प्रतीत होता है कि पहले यह जैन मंदिर रहा होगा?**

उ. कोईल मंदिर (नागराज)

**2286. महावीर स्वामी की मौसी चंदनबाला को कौन से सेठ ने खरीदा था?**

उ. सेठ वृषभ सेन

**2287. महावीर स्वामी के जन्माभिषेक के समय एक कलश में कितने लीटर जल था?**

उ. 76 पद्म, 14 खरब, 9 अरब लीटर

**2288. महावीर स्वामी की विशाल मूर्ति 17 अगस्त 2012 को कहाँ पर खण्डित हुई थी, जिसका धरना 23 अगस्त 2012 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुआ था?**

उ. लखनऊ (महावीर पार्क)

**2289. महावीर स्वामी की उपासना का यह श्लोक किस वेद में लिखा है?**

**आतिथ्यं रूप मासरं, महावीरस्य नग्नहुः।**

**रूप मुप सदा मेतत्तिस्त्रो, रात्रीः सुरासुता॥**

**अर्थात्ः अतिथि स्वरूप पूज्य मासोपवासी नग्न स्वरूप महावीर की उपासना करो, जिससे संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय रूप तीन अज्ञान और धन मद, विद्या मद, की उत्पत्ति नहीं होती।**

उ. यजुर्वेद (अध्याय 19, मंत्र-14)

**2290. महावीर स्वामी पर सन् 1957 में 'महामानव महावीर' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. न्याय मुनि विजय

**2291. महावीर स्वामी का विधान आ. श्री विशद सागर जी महाराज का किस नाम से प्रकाशित है?**

उ. विध्न विनाशक श्री महावीर विधान

**2292. महावीर स्वामी के 2500 वें निर्वाण महोत्सव पर धर्मचक्र रथ जो चित्र लगे वह किसने तैयार किये थे?**

उ. कार्तिक चन्द्र दास
(धर्मचक्र एवं भगवान महावीर परिचय पृष्ठ-4)

**2293. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**

**श्री वर्धमानं भव पापहारी,**

**पूजूं सदा पाद सरोज भारी।**

**त्यागी रमा अच्युत नाक सारी,**

**बसे पुरी कुण्डल भव्य तारी॥**

उ. कविवर श्री लाल जी

**2294. महावीर स्वामी के जन्मदिन (महावीर जयंती) पर सन् 1999 को कौन से आचार्य श्री की मुनि दीक्षा हुई थी?**

उ. आ. श्री सुनील सागर जी
(20 अप्रैल 1999 को, बरुआ सागर जी (झांसी) में)

**2295. महावीर स्वामी को बौद्धों के किस ग्रन्थ में लिखा है कि निगंठ नातपुत्र भगवान महावीर सर्व दृष्टा ये, उनका ज्ञान अनंत था और वे प्रत्येक क्षण, पूर्ण सजग, सर्वज्ञ, रूप में ही स्थिर थे?**

उ. अंगुत्तर निकाय

**2296. महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित एक सुंदर म्यूजियम राजगृही नगरी में कहाँ बना है?**

उ. विरायतन (आ. चन्दना जी साध्वी की प्रेरणा से बना है)

**2297. महावीर स्वामी पर हिन्दी में प्रथम महाकाव्य बुन्देलखंड के किस कवि ने लिखा था?**

उ. कविवर नवलशाह

**2298. दसवीं शताब्दी महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर महावीर स्वामी की मूर्ति टीले से किस शताब्दी में प्रकट हुई थी ?**

उ. दसवीं शताब्दी

**2299. महावीर स्वामी पर आ. श्री संभव सागर जी महाराज की कौन सी पुस्तक है?**

उ. भगवान महावीर जैन सिद्धांत प्रदीपिका

**2300. महावीर स्वामी पर सन् 1956 में 'महावीर देवनु जीवन' नामक पुस्तक लिखी थी?**

उ. भद्रकर विजय

**2301. महावीर स्वामी की स्तुति में यह मंगलाचरण (टीकाकार) किस जैन ग्रन्थ का है?**
**दिव्येन ध्वनिना येन, सर्व प्राणि हितं कृतम।**
**दुष्षमे पंचम काले, तं वीरं प्रणमाम्पहम्॥**

उ. अध्यात्म अमृत कलश
(आ.श्री अमृतचन्द्र जी कृत)

**2302. महावीर स्वामी के 2600 वें जन्म जयंती महोत्सव पर 'रसायन वैज्ञानिक' (मधुमेह विशेषज्ञ) के लिए किसे सम्मानित किया गया था?**

उ. डॉ. संदीप नारद (इंदौर)

**2303. महावीर स्वामी के बारे में श्वेताम्बर जैन धर्म के अनुसार किस स्थान पर महावीर स्वामी के कान में कील ठोकने और नाखून निकलवाने की घटना हुई थी?**

उ. वामनवाड़ जी
(आबू रोड से 43 किमी एवं सिरोही रोड से 8 कि.मी. पर)

**2304. महावीर स्वामी की पूजा की ये पंक्तियां किनके द्वारा लिखित है?**
**आओ दर्श दिखाओ महावीर,**
**तुम्हें वंदना हमारी है।**
**मेरे हृदय विराजो अतिवीर,**
**प्रभु अर्चना तुम्हारी है॥**

उ. आ. पूर्णमती माताजी

**2305. महावीर स्वामी रामचरितमानस की शैली पर वीरायण नामक महाकाव्य किसने लिखा था?**

उ. कवि मूलदास
(स्थानकवासी मुनि श्री प्रेरणा से लिखा था)

